फाल्गुन, कृष्ण पक्ष 15, वर्ष 12, अंक 15, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

वाराणसी, सोमवार, 20 फरवरी, 2023



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : 25 हजारी बन 'किंग कोहली' ने रचा इतिहास



अंदर - नयी कहानी कहती यूपी इन्वेस्टर्स समिट

डाक/ नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# सदन संचालन में सहयोग करें दल : योगी

## विस अध्यक्ष ने राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान शांति बनाए रखने का किया आग्रह

**लखनऊ।** यूपी विधानमंडल का बजट सत्र आज से शुरू होगा और राज्य का बजट 22 फरवरी को पेश किए जाने की संभावना है। जिसके एक दिन पहले विधानसभा में रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कहा सदन में स्वस्थ चर्चा से प्रदेश का विकास और जनता की समस्याओं का समाधान होता है। उन्होंने कहा कि सभी दलों को सदन की कार्यवाही को सुचारु रूप से चलाने के लिए सहयोग करना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि वर्ष 2023 का प्रथम सत्र का आयोजन संसदीय मयार्दाओं के अनुरूप होगा। उन्होंने कहा कि सदन एक सार्थक चर्चा का माध्यम होता है। उन्होंने कहा कि यूपी ने कोराना काल में सदन का संचालन किया है। जिसे देश दुनिया सराहा गया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ चर्चा के लिए सभी दल सहयोग करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्टी के विधायक सदन में मौजूद रहकर सत्ता पक्ष की उपलब्धियों को बताएं साथ ही विपक्ष के आरोपों का मजबूती से जवाब दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने वैश्विक

### बैठक

**सदन में स्वस्थ चर्चा से प्रदेश का विकास और जनता की समस्याओं का होता है समाधान**

**पार्टी विधायकों को निर्देश, सदन में मौजूद रहकर सत्ता पक्ष की उपलब्धियों को बताएं**

**विपक्ष के आरोपों का मजबूती से जवाब दें, विधायकों को मोटे अनाज का भोज देंगे मंत्री**

निवेशक सम्मेलन का सफल आयोजन किया है। 33.50 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश क रार साइन हुए है। इससे 93 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार आगामी छह महीने में पहला भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन कराने की तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा जी-20 समिट की आगरा और लखनऊ में सफल बैठक आयोजित हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सदन के दौरान विधायक इन दोनों की सफलता को बताएं। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण और बजट पर चर्चा करते हुए सदन में मजबूती से अपना पक्ष रखें। उन्होंने कहा कि कानून



व्यवस्था की बेहतर स्थिति, किसानों की आय दोगुना करने के लिए उठाए जा रहे कदम और संकल्प पत्र के वादे पूरे करने जैसे मुद्दों पर विधायक मजबूती से बात रखकर विपक्ष को करारा जवाब दें। उन्होंने कहा कि सभी विधायक सदन की कार्यवाही के दौरान सदन में उपस्थित रहें। बैठक में तय किया गया कि विधानमंडल सत्र के दौरान सभी मंत्री अपने प्रभार वाले जिलों के विधायकों के साथ उनके क्षेत्र के विकास और समस्याओं के समाधान को लेकर बैठक करेंगे। बैठक के बाद उन्हें मोटे अनाज का भोजन कराएंगे। भाजपा विधानमंडल दल की बैठक में अपना दल के विधायक स्वर्गीय राहुल प्रकाश कौल और भाजपा एमएलसी बनवारीलाल दोहरे के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी दलों से अभिभाषण के दौरान शांति बनाए रखने का आग्रह किया।

महाना ने कहा कि सदस्य सदन में केवल हाजिरी न लगाए बल्कि सदन में उपस्थिति भी रहें जिससे प्रदेश का विकास हो सके। सदन में जनहित में सामूहिक चर्चा करनी चाहिए। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि सुशासन के कारण ही सरकार दोबारा चुनकर आई है। उन्होने कहा कि सदन चलने पर ही सभी समस्याओं का निदान होता है। इस अवसर पर अपना दल के रामनिवास वर्मा, लोकदल के राजपाल बालियान, सुभासपा के ओमप्रकाश राजभर, निषाद पार्टी के अनिल कुमार त्रिपाठी, कांग्रेस की आराधाना मिश्रा मोना, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के रघुराज प्रताप सिंह मौजूद थे। सपा विधायक दल की बैठक में मुख्य सचेतक मनोज कुमार पांडेय ने कहा कि सदन में विभागवार अनुदान मांगों पर चर्चा की परंपरा खत्म होती जा रही है। इस बार सदन में सभी विभागों की अनुदान मांगों पर विस्तृत चर्चा होनी चाहिए। विधायक लालजी वर्मा ने कहा कि सदन को 31 मार्च तक संचालित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण पर छह दिन और बजट पर पांच दिन चर्चा कराई जाए।

बसपा विधायक दल के नेता उमाशंकर सिंह ने कहा कि प्रश्नकाल के दौरान जिस विभाग का प्रश्न होता है उसके अपर मुख्य सचिव या प्रमुख सचिव मौजूद नहीं होते हैं। विधानसभा के मंडप में भी सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनके विधायक चाचा शिवपाल यादव साथ साथ नजर आएंगे।

## सीएम योगी ने किया यूपी विधानसभा की डिजिटल गैलरी का उद्घाटन

लखनऊ। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कुछ देर पहले उत्तर प्रदेश विधानसभा की विधायी वीथिका, डिजिटल गैलरी का उद्घाटन किया। इस डिजिटल गैलरी में उत्तर प्रदेश की संस्कृति और भौगोलिक धरोहरों के आलावा विधानसभा के दोनों सदनों से जुड़ी जानकारी और कार्यवाही के बारे में लोगों को जानकारी मिलेगी। विधानभवन के गेट नंबर 1 के पास इस डिजिटल गैलरी का उद्घाटन सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया है। सीएम ने कहा कि यूपी के विधानमंडल के पूरे इतिहास के बारे में साल 1887 से लेकर अब तक कब कौनसी महत्वपूर्ण घटना घटित हुई थी और अनेक उतार-चढ़ाव देखकर आज देश के सबसे बड़े राज्य के सबसे बड़े विधानमंडल के रूप में जो गौरव यूपी विधानसभा को प्राप्त हुआ है उसके बारे में जानकारी इस माध्यम से ली जा सकेगी। सीएम ने कहा कि इस डिजिटल गैलरी के माध्यम से लखनऊ आने वाले सभी अतिथियों के लिए, हमारी वर्तमान पीढ़ी के लिए, छात्रों के लिए ये एक नई प्रेरणा भी है। इस दौरान उनके साथ विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य, विधायक रघुराज प्रताप सिंह समेत कई दलों के नेता मौजूद रहे। गौरतलब है कि लोकसभा की डिजिटल गैलरी की तर्ज पर यूपी विधानसभा में डिजिटल गैलरी की शुरूआत की गयी है।

# होली से पहले लाखों केंद्रीय कर्मचारियों की होगी बल्ले-बल्ले!

**नई दिल्ली।** लाखों केंद्रीय कर्मचारियों को होली से पहले गुड न्यूज मिल सकती है। दरअसल, मार्च के पहले हफ्ते में कैबिनेट बैठक में कर्मचारियों के महंगाई भत्ते को लेकर बड़ा फैसला लिया जा सकता है। इसके तहत, डीए को चार फीसदी तक बढ़ाया जा सकता है। अगर केंद्र सरकार डीए को बढ़ाने का फैसला करती है, तो उससे लाखों कर्मचारियों को 15 दिनों के बाद ही बड़ा तोहफा मिलेगा। हालांकि, इसको लेकर सरकार का कोई ऑफिशियल बयान सामने नहीं आया है, लेकिन सूत्रों के अनुसार कैबिनेट बैठक में डीए को बढ़ाया जा सकता है। चार फीसदी डीए बढ़ने के बाद लाखों कर्मचारियों की सैलरी में बढ़ोतरी होगी। वर्तमान में केंद्रीय कर्मचारियों का डीए 38 फीसदी है, जिसे चार फीसदी बढ़ाकर 42 फीसदी किया जा सकता है। केंद्रीय कर्मचारियों के जनवरी 2023 से बढ़े डीए का भुगतान मार्च की सैलरी में किया जा सकता है। केंद्र हर साल सरकारी कर्मचारियों के डीए और पेंशनरों के डीआर में दो बार बढ़ोतरी करता है। पहले जनवरी में और फिर जुलाई में एआईसीपीआई के आंकड़ों के मुताबिक आंकड़े दिसंबर 2022 तक के आए हैं। इस हिसाब से डीए में 4 फीसदी की बढ़ोतरी लगभग तय मानी

### खुशखबरी

**बढ़ सकती है सैलरी, जल्द होगा ऐलान**

जा रही है। दिसंबर 2022 तक सीपीआई (आईडब्ल्यू) का आंकड़ा 132.3 पर बना हुआ है। आंकड़ों से साफ है कि महंगाई भत्ते में 4 फीसदी की बढ़ोतरी होगी।

4 फीसदी महंगाई भत्ता बढ़ने के बाद कुल डीए 42 फीसदी हो जाएगा। अब 18,000 रुपये के मूल वेतन पर हर महीने 720 रुपये की बढ़ोतरी होगी। मौजूदा समय में 38 फीसदी पर कर्मचारियों को 6.840 रुपए मंहगाई भत्ता मासिक मिलता है। बढ़ोतरी के बाद कर्मचारियों को प्रति माह 7.560 रुपये मिलेंगे। वर्तमान में एक करोड़ से अधिक केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को 38 प्रतिशत महंगाई भत्ता (डीए) मिल रहा है। डीए में पिछला संशोधन 28 सितंबर 2022 को किया गया था, जो 1 जुलाई, 2022 से प्रभावी था। केंद्र ने जून, 2022 को समाप्त अवधि के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के 12 मासिक औसत में प्रतिशत वृद्धि के आधार पर डीए को चार प्रतिशत अंक बढ़ाकर 38 प्रतिशत कर दिया था।




# लोकनिर्माण विभाग में तबादला घोटाला, मनोज गुप्ता पर ऐक्शन

**लखनऊ।** सीएम योगी की जीरो टॉलरेंस नीति के चलते भ्रष्टाचार के खिलाफ यूपी सरकार का एक्शन लगातार जारी है। लोक निर्माण विभाग में तबादला घोटाले में पूर्व विभागाध्यक्ष मनोज गुप्ता के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। पिछले साल ट्रांसफर सत्र के दौरान लोक निर्माण विभाग में बड़े स्तर पर ट्रांसफर-पोस्टिंग घोटाला हुआ था। इसकी जांच के बाद पूर्व विभागाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता सहित कई लोगों को निलंबित कर दिया गया था। अब इनके खिलाफ एक और कड़ी कार्रवाई की गई है, सरकार ने पूर्व विभागाध्यक्ष मनोज गुप्ता की पेंशन से 5 फीसद की कटौती जीवनभर किए जाने के आदेश दिए हैं। मनोज कुमार गुप्ता के लोक निर्माण विभाग के विभागाध्यक्ष रहते हुए अधिशासी अभियंता सहित कई अभियंताओं के ट्रांसफर और पोस्टिंग में बड़े स्तर पर घोटाला हुआ था। पूरा मामला जब शासन और मुख्यमंत्री के संज्ञान में आया तो जांच कमेटी गठित की गई। पिछले साल नवंबर महीने में पूर्व विभागाध्यक्ष मनोज गुप्ता सेवानिवृत्त भी हो चुके हैं। इसके बाद अब उनकी पेंशन से 5 फीसद की कटौती जीवन भर किए जाने के आदेश दिए गए हैं।



जीवनभर होगी पेंशन से 5 फीसदी कटौती




## ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे का 27 को बलिया में नितिन गडकरी करेंगे शिलान्यास

**लखनऊ।** बलिया से लखनऊ, दिल्ली और बिहार तक कनेक्टिविटी मजबूत करने के लिए ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे का निर्माण मात्र 18 माह में ही हो जाएगा। 27 फरवरी को केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी बलिया के चितबड़ागांव में इसका शिलान्यास करेंगे। समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल हो सकते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भाजपा ने ताकत झोंक दी है। इसे लेकर रविवार को भाजपा कार्यालय पर बैठक हुई। नेताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। जिला प्रभारी एवं प्रदेश सरकार के मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा कि सड़क के निर्माण से विकास का रास्ता खुलता है। आज पूरे प्रदेश में छह एक्सप्रेस-वे हैं। यूपी को एक्सप्रेस-वे का प्रदेश कहा जा रहा है। ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे बलिया के विकास में मिल का पत्थर साबित होगा। कार्यकर्ताओं से अधिकाधिक संख्या में पहुंचने का अपील की।

# शिवाजी का साहस हमें प्रेरित करता है: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका साहस और सुशासन पर जोर हमें प्रेरित करता है। 1630 में जन्मे शिवाजी को उनकी वीरता, सैन्य प्रतिभा और नेतृत्व के लिए जाना जाता है। मोदी ने ट्वीट कर कहा, मैं छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देता हूं। उनका साहस और सुशासन पर जोर हमें प्रेरित करता है। उन्होंने मराठी में भी ट्वीट कर श्रद्धांजलि दी।

छत्रपति शिवाजी महाराज यांच्या जयंतीनिमित्त मी त्यांना अभिवादन करतो। त्यांचे शौर्य आणि सुशासनावरील भर आपल्यासाठी प्रेरणादायी आहे। प्रधानमंत्री ने वर्षों से शिवाजी को श्रद्धांजलि देते हुए एक ऑडियो और वीडियो असेंबल को टैग किया। छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी ट्वीट कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने लिखा, छत्रपति शिवाजी महाराज शौर्य, साहस एवं पराक्रम की प्रतिमूर्ति होने के साथ-साथ एक ऐसे प्रजापालक शासक थे, जो लोक कल्याण और सुशासन के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध थे। आज उनकी जयंती के अवसर पर मैं उन्हें स्मरण करते हुए नमन करता हूँ। इस दौरान उप्र के सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी शिवाजी महाराज की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने ट्वीट कर लिखा, बर्बर मुगल आक्रांताओं को भयाक्रांत करने वाले महान योद्धा, धर्मध्वज के रक्षक, 'हिन्दवी स्वराज' के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि!

### याद

**मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर प्रधानमंत्री मोदी सीएम योगी सहित अन्य नेताओं ने अर्पित की श्रद्धांजलि**



## लद्दाख में लोगों का जीवन आसान बनाने में केन्द्र सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी: पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार लद्दाख के लोगों का जीवन आसान बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने लद्दाख के सांसद जामयांग त्सेरिंग नामग्याल के टैग करते हुए एक ट्वीट भी शेयर किया है। दरअसल, केन्द्र सरकार ने शिंकुन ला सुरंग बनाने की मंजूरी दे दी है, जिससे वहां के पर्यटन को काफी बढ़ावा मिलने वाला है। केंद्र सरकार ने लद्दाख को सभी मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए 2025 तक पूरी होने वाली 4.1 किलोमीटर लंबी शिंकुन ला सुरंग के निर्माण के लिए 1681.51 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। इसको लेकर केंद्र शासित प्रदेश के लोकसभा सांसद जामयांग त्सेरिंग नामग्याल ने कहा, लद्दाख के सबसे पिछड़े क्षेत्र जांस्कर की लुंगनाक घाटी के निवासियों ने इस फैसले के लिए मोदी जी का स्वागत और धन्यवाद किया।

# सात साल बाद पार्टी कार्यालय पहुंचे शिवपाल

## अखिलेश की गैरमौजूदगी में संभाली कमान,सरकार को घेरने की बनाई रणनीति



**लखनऊ।** सपा विधायक शिवपाल सिंह यादव रविवार को विधानमंडल दल की बैठक में शामिल होने के लिए लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय पहुंचे। जहां मौजूद पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल सहित सभी विधायकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। बताया जा रहा है कि बैठक में तय किया जाएगा कि विधानसभा सत्र के दौरान पार्टी किन मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगी। हालांकि अभी तक कानपुर प्रकरण को जोड़ते हुए कानून व्यवस्था, जातीय जनगणना आदि मुद्दों को प्रमुखता के तौर पर उठाने की रणनीति है। सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव करीब 7 साल बाद रविवार को पार्टी कार्यालय पहुंचे हैं। 2017 में हुए विवाद के बाद वह पार्टी दफ्तर छोड़ दिए थे। उन्होंने विधायकों से कहा कि अब आजीवन समाजवादी पार्टी के लिए ही काम करूंगा। हम सबको मिलकर 2024 का चुनाव मजबूती से लड़ना है। लोकसभा चुनाव में सपा जीतेगी। इस दौरान हिदायत दी कि रामचरितमानस पर कोई भी नेता बयान नहीं देगा। बैठक में अखिलेश यादव मौजूद नहीं रहे।

### हुआ स्वागत

**सपा विधानमंडल दल की बैठक में शामिल हुए शिवपाल**

# लखनऊ में बड़ा सड़क हादसा, तीन की मौत

**लखनऊ।** लखनऊ में भीषण सड़क हादसा हो गया है। जहां तेज रफ्तार बोलेरो रेलिंग तोड़ते हुए पॉलिटेक्निक फ्लाईओवर से 30 फीट नीचे गिर गई। इस दौरान हादसे में तीन युवकों की जान चली गई। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। सभी बोलेरो सवार अयोध्या से शादी समारोह से लौट रहे थे। जानकारी के अनुसार बोलेरो की रफ्तार इतनी तेज थी कि वह फ्लाईओवर के डिवाइडर से टकरा के नीचे गिर गई। गाड़ी में सवार चार लोग उसी में दब गए। राहगीरों ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से गाड़ी को सीधा किया। इसके बाद रेस्क्यू आपरेशन शुरू कर सभी को बाहर निकाला गया। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा है। पुलिस मृतकों व घायल के परिवारजन से संपर्क करने का प्रयास कर रही है। कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। इसमें गाड़ी का चालक बुरी तरह से फंस गया था। वहीं, डीसीपी उत्तरी का कहना है कि रात एक बजे एक बोलेरो बेकाबू होकर फ्लाईओवर से नीचे गिर गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से बोलेरो का दरवाजा तोड़कर चारों युवकों को बाहर निकाला गया। इसके बाद लोहिया अस्पताल में भर्ती करवाया। डीसीपी ने बताया कि जहां एक युवक की मौत हो गई। जबकि तीन युवकों की हालत गंभीर होता देख डॉक्टरों ने ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। जहां दो अन्य युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान प्रांशु शुक्ला, अमित कुमार और राजकुमार के रूप में हुई है। जबकि घायल की पहचान हर्ष शुक्ला के रूप में हुई। सभी लोग लखनऊ के रहने वाले है। बताया जा रहा है कि घटना के वक्त गाड़ी की स्पीड काफी ज्यादा थी। जिसे ड्राइवर से कंट्रोल ना होने की वजह से डिवाइडर पर चढ़ी। जिसके बाद ये हादसा हुआ है। वहीं, सीएम योगी ने हादसे में मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने घायलों को समुचित इलाज कराने के निर्देश दिए हैं।

### दुखद

**तेज रफ्तार बोलेरो पॉलीटेक्निक पुल से नीचे गिरी**

# बजट सत्र में हावी रहेगा कानपुर कांड

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल का आगामी बजट सत्र कानपुर देहात जिले में मां-बेटी की हाल में हुई मौत, कानून-व्यवस्था और महंगाई समेत अन्य मामलों को लेकर हंगामेदार रहने की संभावना है। विपक्ष ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार को घेरने की योजना बनाई है। वहीं, राज्य सरकार ने स्पष्ट रूप से कहा है कि विपक्ष के पास सदन के पटल पर उसे घेरने के लिए कोई मुद्दा नहीं है। यूपी विधानमंडल का बजट सत्र 20 फरवरी से शुरू होगा और राज्य का बजट 22 फरवरी को पेश किए जाने की संभावना है। समाजवादी पार्टी (सपा) ने 15 फरवरी को कहा था कि वह उत्तर प्रदेश विधानसभा में कानपुर देहात जिले में एक अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान कथित तौर पर आत्मदाह के कारण एक महिला और उसकी बेटी की मौत का मुद्दा उठाएगी। सपा नेताओं ने कहा कि सोमवार से शुरू होने वाले विधानसभा के बजट सत्र में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए इस मामले पर प्रमुखता से चर्चा की मांग होगी। उल्लेखनीय है कि 13 फरवरी की शाम कानपुर देहात जिले के रूरा थाना इलाके के मडौली गांव में अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान प्रमिला दीक्षित (45) और उनकी बेटी नेहा दीक्षित (20) ने कथित तौर पर अपनी झोपड़ी में खुद को आग लगा ली थी, जिससे दोनों की मौत हो गयी। उनकी झोपड़ी कथित रूप से ग्राम समाज की जमीन पर बनी थी। दोनों का बुधवार को पुलिस की मौजूदगी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यहां अंतिम संस्कार किया गया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को दोनों महिलाओं की मौत के मामले में मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए। पुलिस ने 13 फरवरी की घटना के बाद एक उप जिलाधिकारी, चार राजस्व अधिकारियों, एक थाना प्रभारी और अज्ञात पुलिसकर्मियों सहित 39 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। यूपी विधान परिषद में सपा के सदस्य आशुतोष सिन्हा, महराजगंज जिले की फरेंदा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक वीरेन्द्र चौधरी समेत विपक्ष के कई नेताओं ने अलग अलग बातचीत में बताया कि कानपुर देहात का मामला सदन में प्रमुखता से उठाया जाएगा और महंगाई, बेरोजगारी एवं कानून-व्यवस्था के मसले पर भी चर्चा की मांग होगी।

### तैयारी

**कानून-व्यवस्था और महंगाई समेत अन्य मामलों को लेकर बजट सत्र हंगामेदार रहने की संभावना**

## इंदौर में कांपी धरती 3.0 मापी गई तीव्रता

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के इंदौर में रविवार दोपहर को भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता तीन मापी गई। जानकारी के मुताबिक, भूकंप के झटके दोपहर 12 बजकर 54 मिनट पर महसूस किए गए। इसका केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर गहराई में था। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 3.0 के करीब मापी गई। धार, बड़वानी और अलीराजपुर में भी झटके महसूस किए गए। हालांकि, अब तक किसी भी प्रकार के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। लोगों ने अपने घरों में चीजों को हिलते हुए देखा तो उन्हें पता चला कि ये भूकंप के झटके हैं। इसके बाद लोग अपने घरों से बाहर आ गए। कुछ देर के लिए लोगों के बीच दहशत देखी गई। बाद में जब किसी भी तरह का नुकसान नहीं हुआ तो लोगों ने राहत की सांस ली।

# निबंधन विभाग की दमनकारी नीति पर आक्रोश

## मुख्यमंत्री को बताये बिना की गई कार्रवाई पर सबने जतायी चिंता

**लखनऊ।** निबंधन विभाग की ओर से नियम विरुद्ध तरीके से किये जा रहे अधिकारियों के निलंबन के खिलाफ रविवार को लखनऊ में निबंधन भवन में उत्तर प्रदेश स्टॉम्प एवं निबन्धन अधिकारी संघ की बैठक आयोजित की गयी।

संघ के अध्यक्ष पुष्पेन्द्र कुमार व सचिव धीरेन्द्र कुमार सैनी के नेतृत्व में आयोजित बैठक में विभाग के खिलाफ सभी ने कई मुद्दे पर चर्चा की। इसमें कहा गया कि विभाग की ओर से लगातार अधिकारियों की प्रताड़ना की जा रही है, जो नियम विरुद्ध हैं। बैठक में गोण्डा एवं गाजियाबाद जिले में निबंधन विभाग के अधिकारियों को बिना समुचित जांच कराये निलंबित किये जाने की निःदा की गयी। इसके साथ ही कहा गया कि काल्पनिक आरोपों के आधार पर अधिकारियों को निलंबित एवं सम्बद्ध कर उनका उत्पीड़न किया जाना उचित नहीं, निलंबित अधिकारियों के तैनाती स्थानों पर मध्यसत्र में बिना मुख्यमंत्री के अनुमोदन लिये जनपद एवं मण्डल के बाहर के अधिकारियों को नियम विरुद्ध तरीके से सम्बद्ध किया जाना स्थानान्तरण नीति का सीधा उल्लंघन है। बैठक में कहा गया कि बीते 50 वर्षों में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर निलंबन एवं संबद्धीकरण की कार्यवाही की गई है। इन कार्यवाहियों का कोई विधिक आधार नहीं है सभी कार्यवाहिया मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाए बिना एवं उनको विश्वास में लाए बिना किया जा रहा है। किसी विधिक प्रक्रिया का पालन किए बिना सब-रजिस्ट्रार, एआईजी एवं डीआईजी को सम्बद्ध एवं निलम्बित करने के विभागीय अधिकारियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। जिन मुख्तारनामों को नियम विरुद्ध तरीके से निबंधित करना बताया जा रहा है वे सभी स्टाम्प अधिनियम, रजिस्ट्रेशन अधिनियम और अटार्नी सुसंगत प्रावधानों का पालन करते हुए निबंधित किये गये हैं। ये सभी निबंधन समय-समय पर माननीय उच्च एवं उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए निदेर्शों अनुरूप हैं तथा स्थापित विधि व्यवस्था से भी समर्थित हैं। बैठक में संघ ने मांग कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद रिट याचिका संख्या 8408/2022 में पारित आदेश सात फरवरी का अनुपालन करते हुए प्रक्रिया पूर्ण की जाए तत्पश्चात ही कोई दंडात्मक कार्यवाही संपादित की जाए।

### बैठक

**बैठक में उच्च न्यायालय इलाहाबाद रिट याचिका संख्या 8408/2022 में पारित आदेश अनुपालन प्रक्रिया पूर्ण के तत्पश्चात कार्रवाई की उठी मांग**

# चार शातिर चोर बिहार से गिरफ्तार

**धराए**

## पॉश कॉलोनियों को बनाते थे निशाना, लगेगा गैंगस्टर

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** सिगरा पुलिस, क्राइम ब्रांच और सर्विलांस की टीम ने बिहार में छापेमारी कर चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार सभी वाराणसी शहर में चोरी की घटना को अंजाम देते थे। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से नकदी समेत चोरी में प्रयुक्त इनोवा कार बरामद किया और आगे की कार्रवाई में सभी को जेल भेजा गया। चोरों की पहचान मोहम्मद शाहबान अंसारी, टीपू सुल्तान, रियाज ये तीनो पटना के तो वहीं अफजाल अंसारी दिल्ली के तौर पर हुई।

चोरी की घटना का पर्दाफाश एडीशनल पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने किया। उन्होंने बताया कि ये पॉश कॉलोनियों को निशाना बनाते हैं और दिन में ही चोरी की वारदात को अंजाम देते हैं। अभियुक्तों के पास से 1.88 लाख नकदी, पीली और सफेद ज्वेलरी बरामद हुई जो 15 फरवरी को सिगरा क्षेत्र स्थित अन्नपूर्णा नगर कॉलोनी से विमलेश कुमार शर्मा के घर से चोरी की गईं थीं। रपट दर्ज होने के बाद पुलिस और क्राइम ब्रांच संग स्वॉट टीम को लगाया गया था। गहन जांच में पहला सुराग टोल प्लाजा में फास्ट टैग से मिला यहां चोरों का मोबाइल नंबर प्राप्त हुआ। इसके बाद वाराणसी से 80 किलोमीटर दूर बिहार टोल प्लाजा पर इन लोगों की कार ट्रेस हुई। वहां पर फास्ट टैग की वजह से इन लोगों का मोबाइल नंबर मिल गया। सर्विलांस और स्वाट टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए कुछ ही दूरी पर चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।



चोरों को मीडिया के सामने पेश करते अधिकारी

### सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, आठ हिरासत में

**वाराणसी।** भेलूपुर पुलिस ने महमूरगंज स्थित एक फ्लैट से देह व्यापार करने वाले आठ लोगों को हिरासत में लिया। सेक्स रैकेट में वेस्ट बंगाल और मध्य प्रदेश की चार लड़कियां और बाकी चार लड़के हैं पुलिस पूछताछ कर रही है। महमूरगंज चौकी अंतर्गत नेवादा के विश्वनाथ पुरी कॉलोनी में पुलिस द्वारा एक मकान में यह रेड की गई है। विश्वनाथ पुरी के लोकल लोगों की गोपनीय सूचना पर भेलूपुर पुलिस ने यह रेड डाली है। बताया जा रहा है कि यहां पर काफी समय से सेक्स रैकेट चल रहा था। गिरफ्तार हुए लोगों से पुलिस पूछताछ कर रही है। भेलूपुर थाना के इंस्पेक्टर रमाकांत दुबे ने कहा कि सेक्स रैकेट के भंडाफोड़ के साथ ही मौके से कई आपत्तिजनक सामान भी बरामद किए गए हैं। जांच का काम पूरा करके मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## छात्रवृत्ति घोटाले का आरोप लगाकर छात्रों ने निकाला विरोध मार्च

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** फीस वृद्धि और छात्रवृत्ति घोटाले के आरोप में रविवार को छात्र संगठन एनएसयूआई ने बीएचयू परिसर से सिंह द्वार तक विरोध मार्च निकाला। इस दौरान छात्रों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जनकर नारेबाजी की। सिंह द्वार पर एनएसयूआई के छात्रों और पुलिस में हल्की नोकझोंक भी हुई। विरोध-प्रदर्शन को देखते हुए मौके पर लंका थाने की फोर्स मौजूद रही। एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष बीएचयू प्रभारी हरिकेश सैनी ने कहा यह सरकार छात्रों पर हमला कर रही है। आरोप लगाया कि छात्रवृत्ति में 76 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ है। गांव में फर्जी खाते खुलवा करके छात्रों का उत्पीड़न किया गया। बेतहाशा फीस वृद्धि के साथ-साथ छात्रवृत्ति में घोटाले से छात्रों के साथ गलत हो रहा है। बीएचयू सिंह द्वार पर हुए इस विरोध प्रदर्शन में बीएचयू, प्रयागराज यूनिवर्सिटी, संपूर्णानंद और काशी विद्यापीठ के छात्र मौजूद रहे।

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2010 अनुक्रमांक 2893042 का मूल प्रमाण पत्र खो गया है। कु0 पूजा भारती पुत्री हरिन्द्र राम, ग्राम-गुरगुजपुर, जिला-बलिया, उप्र।

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है**–वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संबद्ध श्री अभिमन्यु यादव महाविद्यालय लपरी जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनातंर्गत स्नातक कलासंकाय में अंग्रेजी, मनोविज्ञान एक-एक पद व स्नातकोत्तर स्तर पर कलासंकाय में शिक्षाशास्त्र ,राजनीतिशास्त्र विषयों में दो-दो पद प्रवक्ताओं की। योग्यता वेतनमान यूजीसी एव विश्वविद्यालय शासन परिनियमावली अनुसार। अभ्यर्थी 21 दिन के अंदर शैक्षणिक प्रमाण पत्र फोटो के साथ आवेदन भेजे।
प्रबंधक, मो0-8423455767

**आवश्यकता है**– :शारदा ओमजी ला कालेज, कडेरेपुर बदलापुर, जौनपुर (संबंध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर) मे ला विभाग हेतु स्ववित्तपोषित योजना अंतर्गत प्राचार्य एक पद व प्रवक्ताओं की। योग्यता यूजीसी एवं विश्वविद्यालय परनियमावली अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपना समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र पासपोर्ट साइज फोटो लगाकर 21 दिन के अंदर महाविद्यालय के पते पर प्रेषित करें साक्षात्कार की सूचना बाद में दी जाएगी।
प्रबंधक : ठाकुर संजय सिंह
मोबाइल-94151722 66

**आवश्यकता है**– रेनबो महिला संस्थान, नन्दगंज, गाजीपुर में स्ववित्तपोषित योजनातर्गत स्नातक स्तर पर अतिरिक्त विषय-प्राचीन इतिहास, राजनीति शास्त्र एवं स्नाकोत्तर स्तर पर-हिंदी, अंग्रेजी, भूगोल, गृहविज्ञान, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र मे प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यता वेतनमान यू0जी0सी0 / विश्वविद्यालय परीनियमावलीनुसार इच्छुक अभ्यर्थी 21 दिनों के अंदर आवेदन दो प्रतियों में रजिस्टर्ड पोस्ट/स्वयं उपस्थित होकर प्रेषित करें।
प्रबंधक-9415863393

**आवश्यकता है**– वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर से सम्बद्ध रामजीत संस्थान टडवॉ, खानपुर, गाजीपुर में स्ववित्तपोषित योजना अंतर्गत बी0 एड0 विभाग में कला संकाय के अन्तर्गत प्रवक्ताओं की। योग्यता NCTE, UGC शासनादेश एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी 02 पासपोर्ट फोटो के साथ अपना आवेदन 21 दिनों के अन्दर महाविद्यालय के पते पर भेजें।
प्रबन्धक
मो0-9838166140

**आवश्यकता है**– स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत बी0सी0आई0 से मान्यता प्राप्त एवं महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी से सम्बद्ध रामललित सिंह विधि महाविद्यालय कैलहट, चुनार, मिर्जापुर में स्नातक स्तर पर संचालित LL.B. त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम में प्राचार्य एवं प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यता/वेतनमान यू0जी0सी0/विश्वविद्यालय नियमावली एवं परिनियमावली के अनुसार। योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर समस्त शैक्षिक प्रमाणपत्रों की छायाप्रति 2 फोटो सहित आवेदन करें।
प्रबन्धक
मो0-9415230724

**आवश्यकता है**

स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत कालिन्दी सिंह महाविद्यालय ईशोपुर, माहपुर, गाजीपुर में शिक्षा संकाय के अन्तर्गत बी0 एड0 विभागाध्यक्ष पद-01, कला संकाय के अन्तर्गत बी0 ए0 में भूगोल प्रवक्ता-01 एवं विज्ञान संकाय के अन्तर्गत बी0 एस0 सी0 में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान के प्रवक्ताओं की। योग्यता यूजीसी व विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 21 दिन के भीतर सम्पर्क करें।
प्रबंधक-संजीव कुमार सिंह
मो0-9935227210

**किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय**
रकसा, रतसर, बलिया
(सम्बद्ध जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया)

**आवश्यकता है**–स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर राजनति विज्ञान व शिक्षा संकायान्तर्गत बी0एल0एड0 पाठ्यक्रम में प्रवक्तागण की। वेतन व अर्हताएँ यू0जी0सी0/उ0प्र0 शासन/विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुरुप। इच्छुक अभ्यर्थीगण अपने आवेदन पत्र समस्त शैक्षिक अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां, फोटोग्राफ, आधार व पैन कार्ड सहित दो प्रतियों में विज्ञापन तिथि से 15 दिन के अन्दर महाविद्यालय कार्यालय में उपलब्ध करायें। पीएच-डी0 अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। साक्षात्कार की सूचना यथासमय दूरभाष के माध्यम से दी जायेगी।
डा. अभय नाथ सिंह, प्राचार्य
लल्लन सिंह, प्रबन्धक
मो.-9935594343
कार्यालय-9415254779

## न्यायिक अधिकारियों ने अधिवक्ताओं को हराया

**वाराणसी।** यूपी कालेज क्रिकेट ग्राउंड्री पर खेले गए मैत्री क्रिकेट मैच में न्यायिक अधिकारियोंकी टीम ने अधिवक्ताओं की टीम को रोमांचक मैच में सात रन से पराजित कर दिया। न्यायिक अधिकारीगण की टीम के कप्तान केपी सिंह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। सिविल जज (नवम) अंबेश पांडेय के 69 रनों कि बदौलत सभी विकेट खो कर 23 ओवरों में 181 रन बनाया। 25 ओवर के मैच में अधिवक्ताओं के टीम की तरफ से ओपनिंग बैटिंग करने शशिकांत राय एवं अमित सिंह ने तेज शुरूआत की,वरुण सिंह ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन 174 रन पर ही पूरी टीम आउट हो गई।मैच का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया था। उद्घाटन परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश एके श्रीवास्तव और हरिशंकर सिंह सदस्य व पूर्व चेयरमैन वर्तमान उत्तर प्रदेश बार काउंसिल ने किया।



# मिला मोबाइल व बैग तो बोले, शुक्रिया



गुम हुए मोबाइल को पाकर खिले लोगों के चेहरे



छूटा बैग मिलने के बाद खुश हुई विदेशी महिला

**चेहरे पर खुशी**

**जीआरपी कैंट की ओर से मिले छूटे बैग व गुम मोबाइल पर खिले लोगों के चेहरे**

**वाराणसी।** चलती ट्रेनों व स्टेशनों पर यात्रियों के खोये कीमती वस्तुओं को उन तक पहुंचाते हुए जीआरपी कैंट ने सभी के चेहरे पर मुस्कान ला दी। सभी ने शुक्रिया करते हुए कहा कि खोयी वस्तु मिलनी किसी सौगात से कम नहीं।

जानकारी के अनुसार उरुग्वे (दक्षिण अमेरिका) की फ्लेविया मुगा मचातो और वैलेरिया चारवायोनियर गाड़ी संख्या -19407 अहमदाबाद - वाराणसी एक्सप्रेस के बी-2 में सफर कर रही थी। कैंट स्टेशन पर उतरने की जल्दबाजी में वह अपना बैग ट्रेन की सीट पर ही भूल गई। बैग में कीमती वस्तुओं के साथ ही नगदी भी थी, उन्होंने जीआरपी इंस्पेक्टर हेमंत कुमार सिंह से सम्पर्क किया। पूछताछ के बाद हेड कांस्टेबल सुधीर सिंह और रोशन त्रिपाठी को बैग खोजने की जिम्मेदारी दी गई। जीआरपी ने यार्ड में पहुंच कर बैग को खोज निकाला।

अपना खोया कीमती सामान पाकर अभिभूत महिलाओं ने जीआरपी की प्रशंसा की। ट्वीट कर अपने अनुभवों को साझा किया।

### सात लोगों को सौंपा मोबाइल

कैंट स्टेशन व आसपास के स्टेशनों पर खोये मोबाइल की दर्ज गुमशुदगी के आधार पर सर्विलांस टीम के सहारे कैंट जीआरपी ने कुल 50 मोबाइल को विभिन्न क्षेत्रों से बरामद किया, नाम पता के मिलान के बाद रविवार को कुल सात लोगों को उनका मोबाइल सुपुर्द किया गया। खोया मोबाइल पाकर सभी के चेहरे खिल उठे। सभी ने जीआरपी का शुक्रिया अदा करते हुए उनके इस कार्य की सराहना की।

# निकली भगवान श्रेयांसनाथ की शोभायात्रा

## विधि विधान से की गई भगवान की पूजा-अर्चना

**वाराणसी।** श्री दिगम्बर जैन समाज काशी के तत्वावधान में जैन धर्म के 11वें तीर्थंकर श्री 1008 श्रेयांस नाथजी का जन्म कल्याणक सिंहपुरी में रविवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जैन धर्मावलम्बियों ने भगवान के विग्रह की शोभायात्रा निकाली जो विभिन्न मार्गो से होती हुई धर्मशाला परिसर स्थित मन्दिर पहुंची।

भगवान श्रेयांसनाथ की जन्म स्थली सिंहपुरी सारनाथ स्थित जैन मन्दिर मे अपराहन से पंचकलयाणक पूजा के साथ गर्भ, जन्म, तप,और ज्ञान कल्याणक की पूजा विधि विधान से की गई। दोपहर 12 बजे से पूजा- पाठ अनुष्ठान प्रारंभ हुआ जो अपराह्न तीन बजे तक चला। पूजन के बाद भगवान श्रेयांस नाथ जी की शोभायात्रा मन्दिर परिसर से निकाली गई। भगवान श्रेयांस नाथ जी को नालकी के अन्दर कमल सिंहासन पर विराजमान कराया गया था। आगे बैंड बाजा के साथ जैन समाज का बैनर लिए धर्मावलम्बी महिलाए, पुरूष भजन करते हुए जयकारा लगाते व भक्त रजत नालकी को अपने कन्धे पर लेकर चल रहे थे। शोभायात्रा मन्दिर परिसर से निकल कर मुख्य मार्ग से होते हुए खंडहर, संग्रहालय होते हुए धर्मशाला स्थित मन्दिर पहुंची। वहां स्थापित भगवान श्रेयांस नाथ की 11 फुट उंची मूर्ति का दुग्ध, घृत, केशर से पनचाभिषेक किया गया। आयोजन में प्रमुख रूप से उपाध्यक्ष राजेश जैन ,प्रधान मन्त्री अरूण जैन, विनय जैन, विनोद जैन, सौरभ जैन अनिल जैन, कमलेश जैन,विजय जैन श्रीमती आशा रानी जैन शामिल थीं।



## आर्य महिला पीजी कॉलेज का महिला क्रिकेट ट्रॉफी पर कब्जा

**वाराणसी।** विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद-बीएचयू की तरफ से चल रहे इंटर कॉलेज/इंटर हॉस्टल/महिला क्रिकेट प्रतियोगिता रविवार को सम्पन्न हो गयी। इसमें आर्य महिला पीजी कॉलेज की टीम ने ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।



आर्य महिला पीजी कॉलेज ने पहले बैटिंग करते हुए 63 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोदावरी हॉस्टल केवल 52 रन ही बना पायीं। विजेता टीम की खिलाड़ी अर्चना को मैन ऑफ द मैच और उप विजेता टीम की वेंती प्रिया को मैन ऑफ द सीरीज का अवार्ड दिया गया। न्यू पीजी कॉलेज टग आफ वार प्रतियोगिता की विजेता बनीं। महिला टग ऑफ वार प्रतियोगिता के फाइनल मैच में न्यू पीजी कॉलेज ने महिला पीजी कॉलेज को 2-0 से पराजित किया। मुख्य अतिथि छात्र अधिष्ठाता प्रो. एके नेमा ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी प्रदान किया। इस अवसर पर क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. एसबीएस राजू, महासचिव प्रो. बीसी कापरी, सचिव डॉ. अर्चना सिंह व डॉ. राजीव सिंह के अलावा डॉ. कविता वर्मा, प्रियंका यादव, डॉ. खुर्शीद अहमद, डॉ. प्रदीप खालको, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. धीरेंद्र तिवारी, डॉ. वैभव राय, रॉबिन सिंह, डॉ. हरिराम यादव आदि थे।

## चंद्रमा ललाट पर सोहे भुजंग गल...

### दरभंगा घराने के विवेक विशाल ने गायन से किया मुग्ध



**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** दीनदयाल हस्तकला संकुल, बड़ालालपुर, में कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) एवं सुबह- ए- बनारस आनंद कानन के संयुक्त तत्वावधान में 'सांस्कृतिक संध्या' का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक संध्या में प्रयागराज से आये युवा कलाकार विवेक विशाल का गायन हुआ। दरभंगा घराने के युवा स्वर साधक ने राग यमन में झपताल से भगवान शिव विषयक बंदिश से कार्यक्रम प्रारंभ किया। जिसके बोल थे- चंद्रमा ललाट पर सोहे भुजंग गल। मध्य लय तीनताल की रचना के बोल थे दर्शन देहो शंकर महादेव। द्रुत एक ताल की रचना की खूब प्रशंसा हुई जिसके बोल थे आदि देव महादेव। विवेक ने राम और हनुमान भजन प्रस्तुत किया जिसके बोल थे-जो राम नाम नही गाते। उन्होंने कबीर वाणी सुनायी- बोल थे- हंसा ये पिंजरा नही तेरा और दाग कहा से लागल। होली की राग खमाज में दो रचनाएं प्रस्तुत की जिसके बोल थे होली खेलने कैसे जाऊं और पिचकारी न मारो नंद लाला रे। कलाकारों को प्रमाण पत्र संग्रहालय के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने प्रदान किया । संचालन किया डॉ प्रीतेश आचार्य व कार्यक्रम की संकल्पना और संयोजन डॉक्टर रत्नेश वर्मा का रहा।

# महामना कैंसर संस्थान में बीएचयू के कैंसर पीड़ितों को जांच की सुविधा

**जनसंदेश न्यूज**

**अच्छी खबर**

**बिना पैसे के करा सकेंगे जांच मरीजों व तीमारदारों के ठहरने के लिए कैंसर संस्थान में धर्मशाला भी बनवाई जा रही**

**वाराणसी।** बीएचयू अस्पताल में आने वाले कैंसर पीड़ितों के लिए सुंदरपुर स्थित महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर संस्थान का दरवाजा खोला जा रहा है। अब पॉजिट्रॉन एमिशन टोमोग्राफी (पीईटी) सीटी स्कैन सहित अन्य जांच वे यहां करा सकेंगे। इसके लिए दोनों चिकित्सा संस्थानों के बीच समझौता हुआ है। तय पाया कि बीएचयू में जो भी कैंसर पीड़ित आएंगे, वे चिकित्सक की सलाह पर सभी जांच करा सकेंगे, जो बीएचयू में संभव नहीं है। इसके लिए वे संबंधित विभाग से फार्म भरवाकर एमएस ऑफिस भेजेंगे। एमएस ऑफिस से इसे अग्रसारित करके कैंसर संस्थान भेजा जाएगा। इससे निर्धारित शुल्क पर ही जांच की सुविधा मिल सकेगी।

दोनों संस्थानों के बीच समझौते के बारे में कुलपति जैन ने बताया कि कैंसर पीड़ितों के अलावा दूसरे मरीज भी महामना कैंसर संस्थान में उपलब्ध सभी जांच किफायती दाम पर करा सकेंगे, जो बीएचयू में नहीं होती हैं। इसमें टाटा मेमोरियल सेंटर मुंबई के निदेशक डॉ. आरए बडवे और होमी भाभा कैंसर अस्पताल के निदेशक डॉ. सत्यजीत प्रधान ने भी हिस्सा लिया। निदेशकों ने बताया कि कैंसर पीड़ितों की सुविधा के लिहाज से कई कदम उठाए जा रहे हैं। बीएचयू प्रशासन को भी साथ लिया गया है। जल्द ही सारी औपचारिकताएं पूरी कराई जाएंगी।



डॉ. बडवे का कहना था कि दूर दराज से आने वाले कैंसर पीड़ितों के लिए सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। फोन पर फीडबैक भी लिया जा रहा है। अगर कोई कमी मिलती है तो उसे दूर कराया जाता है।डॉ. सत्यजीत प्रधान ने बताया कि महामना कैंसर संस्थान परिसर में एक धर्मशाला भी बन रहा है। जहां 5-5 बेड वाली 40 डारमेट्री, 52 डबल बेड वाले कमरे भी है। जरूरत के हिसाब से नियमानुसार मरीजों, परिजनों को इसका आवंटन किया जाएगा। इसके अलावा किफायती दाम पर भोजन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

## संक्षेप

### कोचिंग के लिए निकला छात्र लापता

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के लेडुवाई गांव निवासी विशाल भारती (16) शनिवार की शाम चार बजे घर से कोचिंग के लिए निकला और लापता हो गया। वापस न आने पर परिजनों के खोजबीन की। सगे संबन्धियों को फोन किया लेकिन छात्र का पता नही चला। शनिवार की देर रात मिर्जामुराद थाने पहुंच पिता रमेश कुमार ने बेटे के गायब होने की तहरीर दी। मिर्जामुराद पुलिस खोजबीन में जुट गयी है।

### रास्ता रोकने के विवाद में मारपीट

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के बिहड़ा गांव निवासिनी महिला मुन्नी देवी ने शनिवार को थाने में तहरीर दी और रास्ते रोकने की बातकहर कुछ लोगों द्वारा मारपीट करने का आरोप लगाया। महिला की तहरीर पर जहेन्दर, रविंद्र, कन्हैया, बबलू के खिलाफ रपट दर्ज हुई। महिला का आरोप है कि आरोपी उसका रास्ता रोक रहे थे इस बात का विरोध करने पर लामबंद होकर लाठी डंडे से मारना पीटना शुरु कर दिया। बचाव में आये पति मुरलीधर को भी हमलावरों ने पीटा।

### लंका, कोतवाली समेत चार थाने के प्रभारी बदले

**वाराणसी।** पुलिस कमिश्नरेट के लंका, कोतवाली, बड़ागांव और रामनगर थाने के प्रभारी निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। पुलिस आयुक्त मुथा अशोक जैन ने शनिवार को इसका आदेश जारी किया। बड़ागांव इंस्पेक्टर अश्वनी कुमार चतुर्वेदी को कोतवाली थाने की कमान दी गई है। लंका थाने के बृजेश कुमार सिंह को बड़ागांव भेजा गया है। रामनगर से अश्वनी कुमार चतुर्वेदी को लंका भेजा गया है। वहीं, कोतवाली के भरत कुमार उपाध्याय को रामनगर थाना प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है।

### पिटाई करने वाले को पुलिस ने हिरासत में लिया

**वाराणसी।** बीएचयू स्थित केंद्रीय विद्यालय में पढ़ने वाले दसवीं कक्षा के छात्र मयंक तिवारी की पिटाई करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों को रविवार को दोबारा हिरासत में लिया। जबकि इसके पहले पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर शुक्रवार को शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया था। इस बाबत इंस्पेक्टर क्राइम सहजानंद श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ अपहरण की धारा बढ़ने के कारण उनको फिर से हिरासत में लेकर पुलिस तफ्तीश कर रही है। तफ्तीश के बाद ही पुलिस आगे की कार्रवाई के खिलाफ करेगी।

### पांच रुपये के चक्कर में गंवाये एक लाख

**वाराणसी।** कैंट थाना क्षेत्र के अर्दली बाजार निवासी एक युवक को कुरियर आने की बात कहकर झांसे में लिया और पांच रुपये एडवांस भेजने की बात कही, जैसे ही पैसा उक्त युवक ने जालसाज के बताये ऑपशन से दिया उसके खाते से एक लाख की निकासी हो गयी। तहरीर के अनुसार शाहिद हुसैन, निवासी अर्दली बाजार ने बताया कि उसके यूबीआई बैंक खाते से 18 जनवरी को एक लाख निकाला गया। 17 जनवरी को उसे साइबर ठग का फोन आया था। फोन करने वाले ने कहा कि कुरियर होल्ड पर है, अगर डिलेवरी लेना चाहते हैं तो पांच रुपये बताये लिंक को डाउनलोड कर भुगतान करे। उक्त लिंक पर को पांच रुपये भेजा इसके बाद करीब एक लाख की निकासी हो गयी। इतना ही नहीं दूसरे बैंक की शाखा के खाते से भी 14 हजार कट गये। गए। पुलिस ने साइबर एक्ट में रपट दर्ज की।

### चोरों ने चार घरों को बनाया निशाना

**वाराणसी।** लालपुर-पाण्डेयपुर थाना अंतर्गत हुकुलगंज नईबस्ती में शनिवार की रात एक साथ चार मकानों का ताला चोरों ने चटकाया और नकदी समेत आभूषण पर हाथ साफ किया। पीड़ितों की तहरीर पर लालपुर पांडेयपुर पुलिस रपट दर्ज कर छानबीन में जुट गयी है। मकान मालिक विजय चौहान ने बताया कि उनके यहां पांच हजार नकदी समेत अन्य सामान चोर उठा ले गये। ऑटो चालक छोटेलाल सोनकर के घर 25 हजार नकदी समेमत पीतल के बर्तन पर चोरों ने हाथ साफ किया। दुलारी देवी और राजेश गुप्ता के घरों का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। यहां सीसीटीवी कैमरे में ताड़ा तोड़ते वक्त रिकार्डिंग पुलिस के पास है।

### छात्र ने दलदल में फंसे बछड़े को निकाला

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के राने चट्टी नहर मार्ग पर रोड के किनारे एक दलदल में शनिवार की शाम गाय का बछड़ा फंस गया। लाख प्रयास के बाद भी जब बछड़ा बाहर नहीं निकल पाया तो उधर एक छात्र विश्वास कुमार त्रिपाठी की नजर पड़ी। उसने 112 पर कॉल कर मामले की जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिसकर्मी ने छात्र की मदद से बछड़े को मशक्कत के बाद बाहर निकाला।

### नशे में धुत होकर किशोर को पीटा

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना के रखौना में रविवार की शाम आरिफ दरवाजे पर बैठा था। वहां नशे में धुत शराबी निखिल राजभर उसे मां बहन की गालियां देने लगा। मना करने पर विवाद करने लगा और अपने पिता के साथ मिलकर आरिफ को मारपीट कर घायल कर दिया। घायल के भाई अली मोहम्मद ने राजू राजभर, शंम्भू राजभर, निखिल राजभर, आकाश व अंजू देवी के खिलाफ मारपीट की तहरीर दी।

### छात्रों को मिला प्रतिभा सम्मान व पुरस्कार

**वाराणसी।** केशव बाल पुस्तकालय द्वारा बीते साल 12 नवंबर को संस्कृति एवं सामान्य ज्ञान विषय पर 25 केंद्रों पर प्रतियोगिता आयोजित हुई थी। जिसमें 8000 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया था। प्रतियोगिया में प्रथम से पंचम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रतिभा सम्मान व पुरस्कार वितरण के लिए रविवार को इंग्लिशियालाइन स्थित भारतीय शिक्षा मंदिर में समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि पद्मश्री राजेश्वर आचार्य ने संस्कृति सभ्यता से संबोधित जानकारी देते हुए पुस्तकालय के पदाधिकारियों को साधुवाद दिया। इस दौरान प्रो. रामनारायण द्विवेदी, पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. हरेंद्र कुमार राय, संरक्षक डॉ. चंद्रमणि सिंह, गोविंद नारायण सिंह, डॉ. गंगाधर राय आदि मौजूद रहे।



### मोनू-जहीर की कुश्ती बराबरी पर छूटी



**सारनाथ।** चतुरी खलीफा व्यामशाला के तत्वावधान में सारनाथ स्थित महाबोधि इंटर कॉलेज के मैदान पर रविवार को आयोजित अंतरराष्ट्रीय कुश्ती दंगल में ईरान व भारत के पहलवानों ने 20 मिनट की कुश्ती बराबरी पर रही। कुश्ती दंगल में दर्जनों पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया। सबसे बड़ी कुश्ती ईरान के जावेद हुसैन व दिल्ली के मोनू पहलवान के बीच 20 मिनट व ईरान के हामिद व भारत के किशन के बीच 15 मिनट की कुश्ती बराबरी पर रही। वही चारों खिलाड़ियों को एक एक लाख रुपया देकर पुरस्कृत किया गया। कानपुर के अभिनायक चौहान हरियाणा के धर्मेंद्र को 11 मिनट में पट दांव देकर चित्त कर विजय हुए। सारनाथ के सुनील ने दिल्ली के सुदेश को 8 मिनट में मुल्तानी दाव दे कर पटखनी दी। जौनपुर के लालू ने कोरवौत के अर्जुन बीच कुश्ती में लालू विजय हुए। नैपुरा के अभिषेक ने जौनपुर के आलोक को 6 मिनट में पट दांव कर विजई हुए। लगभग 22 कुश्तियां बराबरी पर रही। इस दौरान मुख्य अतिथि बिहार के पूर्व मंत्री ददन पहलवान थे। निर्णायक के रूप में उस्ताद संतोष पाल व प्रमोद रहे। इस दौरान भैया लाल पाल, लाल बहादुर, विनोद पाल सहित देश के नामचीन पहलवान व रेफरी मौजूद थे।

### चार हजार की इनामी कुश्ती बराबरी पर छूटी

**वाराणसी।** बनियापुर स्थित स्व. केदार पहलवान स्मृति कुश्ती दंगल रविवार को शिवरात्रि के दुसरे दिन आयोजित हुआ। दंगल के संयोजक शिव धनी पहलवान थे। चार हजार की इनामी कुश्ती पर राहुल, शिवजीत की बराबरी रही, बासु मुर्दहा को बनियापुर मुलायम ने हराया। बड़ी 10 हजार की इनामी कुश्ती सौरभ, अभिषेक की बराबरी रही। जिसके निर्णायक अशोक पहलवान थे। कुश्ती दंगल के मुख्य अतिथि चंदौली के पूर्व सांसद रामकिशुन यादव रहे, उन्होंने कहा कि केदार पहलवान कुश्ती परंपरा को सच्चे संवाहक थे। कार्यक्रम के संचालक रामसेवक यादव रहे और लोगों का स्वागत लालजी यादव उर्फ झगडु भइया ने किया। इस मौके पर डॉ. उमाशंकर यादव, बृजेश राय, सतीष मिश्रा, अवधेश पांडेय, लालजी पहलवान, पूर्व प्रधान सुरेंद्र इमलिया आदि मौजूद रहे।





# वाराणसी



# फर्जी पते पर बना लिया फर्म, डकार गए करोड़ों

**वाराणसी।** केंद्र और राज्य सरकार जहां टैक्स कलेक्शन पर जोर दे रही है और इसके लिए उद्यमियों व कारोबारियों पर लगातार शिकंजा कस रही है। अपंजीकृत कारोबारियों के पंजीयन पर भी जोर देते हुए बराबर अभियान चला रही है, ताकि राजस्व में वृद्धि हो। परंतु इसकी काट भी कारोबारियों ने निकालते हुए फर्जी पते पर फर्मों का पंजीकरण कराया। लंबा कारोबार किया और टैक्स मद में करोड़ों की चोरी करते हुए चलते बने। राज्य कर विभाग ने बकाये टैक्स की वसूली के लिए जब फर्मों के पंजीयन स्थल पर धावा बोला तो अवाक रह गए। वहां न तो फर्म का बोर्ड मिला और न हीं फर्म का प्रतिष्ठान। फर्जीवाड़े की पोल खुलते ही अफसर सन्न रह गए और जांच प्रक्रिया तेज कर दी। फिलहाल, इस मामले में कोई भी अफसर कुछ बोलने से कतरा रहे हैं। उच्चाधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही इस मसल पर कुछ कहा जा सकता है।

विभागीय सूत्रों की मानें तो मामला एक-दो साल का नहीं, कई साल का है। वैट लागू होने के बाद से लेकर अब तक करीब 500 से अधिक फर्में ऐसी मिली है, जिन्होंने विभाग में कारोबार के लिए पंजीयन कराया और टैक्स अदा किये बिना ही फरार हो गयी। राज्य कर विभाग के दोनों जोन को मुख्यालय से ऐसी फर्मों की सूची जब विभाग को मिली तो अफसर सन्न रह गए। सूची के आधार पर जब अफसर टैक्स वसूली के लिए इन फर्मों के कारोबार स्थल पर पहुंचे तो मौके पर कुछ नहीं मिला। आसपास के लोगों से बातचीत में अफसरों को पता चला कि ऐसी फर्में तो कभी यहां खुली ही नहीं थी। ये सुनते ही अफसर चकरा गए।

विभागीय सूत्रों की मानें तो बोगस फर्मों ने फर्जी पते पर पंजीयन कराकर लोहा, बालू, गिट्टी, कोयला, इलेक्ट्रानिक उत्पाद, गारमेंट्स, ड्राई फ्रूट आदि का कारोबार की। इसमें कोयला, बालू, गिट्टी वाली बोगस फर्में अधिक है। बोगस फर्मों की आड़ में कारोबारियों ने सिर्फ बनारस में ही नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के अलावा बिहार, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों में जमकर कारोबार किया। दिलचस्प बात यह कि बोगस फर्मों की तरफ से रिटर्न तक दाखिल नहीं किये गये।

इस पर विभाग ने कई बार नोटिस भी जारी किया, लेकिन एक का भी जवाब नहीं मिला। जब विभाग की विशेष अनुसंधान शाखा (एसआईबी) टीम ने फर्मों के अभिलेखों के आधार पर भौतिक सत्यापन किया तो यह बात सामने आयी कि बोगस फर्मों के संचालकों ने सिर्फ फर्जी पते का ही इस्तेमाल नहीं किया, बल्कि ई-मेल, पैन कार्ड आदि भी फर्जी ही लगाया।

**फर्जीवाड़ा**

**राज्य कर विभाग ने टैक्स बकाये पर किया फर्मों का सत्यापन तो खुली पोल**

**बोगस फर्मों की आड़ में हुआ कोयला, इलेक्ट्रानिक गारमेंट्स आदि का कारोबार**





## कागजों पर होता रहा लेन-देन

विभागीय सूत्रों की मानें तो बोगस फर्मों ने कई व्यापारियों और प्रतिष्ठानों के लिए बिल काटे। यह सब खेल कागजों पर ही चला। कागजों पर ही करोड़ों का लेन-देन होता रहा। कहने का आशय यह कि कोई भी फर्म न कोई माल लेती थी और न ही सप्लाई करती थी। उच्चाधिकारियों का कहना है कि सिर्फ वाराणसी के दोनों जोन में ही नहीं समूचे प्रदेश में ऐसी बोगस फर्मों के खिलाफ सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। ऐसी फर्मों को काली सूची में डालने का काम किया जा रहा है। साथ ही शीघ्र ही सभी फर्मों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा, ताकि असली और नकली का खेल पकड़ा जा सके।

## शिव नगरी में स्वयंसेवकों ने किया घोष वादन

**वाराणसी।** अखिल भारतीय घोष दिवस के अवसर पर रविवार को काशी महानगर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के घोष विभाग की ओर से नमो घाट पर स्वयंसेवकों ने घोष वादन किया। स्वयंसेवकों ने घोष वादन करते हुए बंशी पर तिलंग भूप और शिवरंजनी रचना प्रस्तुत की। शंख पर श्रीराम किरण और सोनभद्र रचना प्रस्तुत की गई। प्रारंभ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का भगवा ध्वज लगाया गया।

तत्पश्चात 50 स्वयंसेवकों ने विभिन्न रचनाएं प्रस्तुत की। इस अवसर पर काशी प्रांत के शारीरिक शिक्षण प्रमुख संतोषजी ने कहा कि संघ की स्थापना के समय ही डॉक्टर साहब का मन अपने अलग घोष दल की स्थापना करने के लिए था। मार्कंडेय राव और हरी विनायक दातेयजी का नाम संघ के प्रारंभिक घोष वादकों में आता है। बताया कि राष्ट्रीय संघ सेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष में अयोध्या में 10000 स्वयंसेवकों के साथ घोष वादन करेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से काशी उत्तर भाग के मा. संचालक हेमंत गुप्ता, सुरेंद्र, प्रभात आदि उपस्थित थे। संचालन जितेंद्र एवं धन्यवाद ज्ञापन विपिन ने दिया।

# मालगाड़ी बेपटरी मामले में जांच टीम ने सौंपी रिपोर्ट

**ऐक्शन**

**एडीआरएम ने रविवार को यार्डो के निरीक्षण के दौरान संबंधितों को सुरक्षित कार्य का दिया निर्देश**

**जांच टीम की रिपोर्ट में इलेक्ट्रिकल टीआरडी विभाग से संबंधित लोगों की दिखी लापरवाही**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) के प्लेटफार्म नंबर नौ से ट्रेनों का परिचालन पूरी तरह से बहाल हो गया। शनिवार की शाम प्लेटफार्म नंबर नौ पर बेपटरी हुई मालगाड़ी को पटरी पर लाने व परिचालन दुरुस्त करने को लेकर देर रात तक दुर्घटना राहत दल की ओर से कार्य किया जाता रहा। इसके बाद देर रात ट्रेनों का परिचालन बहाल कर दिया गया। रविवार को इस लाइन पर अप व डाउन की कई ट्रेनों को संचालित किया गया।



एडीआरएम लालजी चौधरी

## रविवार को किया निरीक्षण

यात्रियों की सुरक्षा व संरक्षा के मद्देनजर रविवार को एडीआरएम ने कैंट स्टेशन के गूलर यार्ड से लगायत प्लेटफार्म नंबर नौ तक का निरीक्षण किया। ट्रेन के पटरी से उतरने, सिग्नल पासिंग एट डेंजर (एसपीएडी) और अन्य प्रकार की दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उन्हें जानकारी दी। कार्य स्थल की सुरक्षा, शॉर्ट-कट आदि की रोकथाम पर विशेष बल दिया गया।

## इलेक्ट्रिकल टीआरडी विभाग जिम्मेदार

बेपटरी हुई मालगाड़ी की जांच के लिए एडीआरएम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच टीम का गठन शनिवार को ही कर दिया, देर रात तक टीम के लोगों ने जांच करते हुए एडीआरएम वाराणसी लालजी चौधरी को रिपोर्ट सौंप दी, एडीआरएम लालजी चौधरी ने बताया कि इस मामले में इलेक्ट्रीकल टीआरडी विभाग के सुपरवाइजर सहित ठेकेदार की लापरवाही उजागर हुई है कार्रवाई के लिए विभाग को रिपोर्ट भेज दी गयी है।

## मीरघाट का नाम विशालाक्षी घाट रखने का दिया प्रस्ताव

**वाराणसी।** जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की प्रथम बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में परिषद के सदस्य और स्वागतम काशी फाउंडेशन के संयोजक अभिषेक शर्मा ने मीरघाट नाम बदलकर मां विशालाक्षी घाट रखने का प्रस्ताव दिया। जिसमें जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त को कार्रवाई करने का आदेश दिया। जल्द ही एक नये नाम के रूप में घाट घोषित करने को कहा। मां विशालाक्षी 51 शक्ति पीठ में इनका प्रमुख स्थान हैं और दक्षिण भारत के लोगों के लिए यह आराध्य देवी हैं। चेन्नई कांची कामाक्षी और मदुरई मीनाक्षी और काशी में विशालाक्षी का प्रमुख स्थान है। इस स्थान को बाबा विश्वनाथ का विश्राम स्थल भी माना जाता है। मंदिर दक्षिण भारतीय शैली में बना हुआ है।

# बाबा विश्वनाथ दरबार में बना नया रेकार्ड



जनसंदेश न्यूज

**महाशिवरात्रि**

**चारों प्रहर की आरती तक सात लाख भक्तों ने किया दर्शन**

**वाराणसी।** महाशिवरात्रि पर्व पर इस बार बाबा विश्वनाथ दरबार में दर्शन को लेकर एक नया रेकार्ड बन गया। इस बार चारों प्रहर की आरती तक सात लाख श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ का दर्शन-पूजन किया। पिछले वर्ष छह लाख श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ का दर्शन-पूजन किया था। इस बार बाबा का दर्शन-पूजन करने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ लगी थी। महाशिवरात्रि पर देश विदेश से लाखों श्रद्धालु बाबा के दरबार में पहुंचे थे। उन्होंने बाबा का जलाभिषेक कर जीवन मंगल की कामना की और रात में होने वाली चारों प्रहर की आरती के साक्षी बने। वैसे तो बाबा विश्वनाथ मंदिर में रोजाना ही श्रद्धालुओं की भीड़ हो रही है। बाबा का दर्शन-पूजन करने के लिए धाम में लगातार दर्शनार्थियों की भीड़ बढ़ती ही जा रही है। जैसा कि पूर्व में ही यह अनुमान था कि इस बार महाशिवरात्रि पर दर्शनार्थियों की संख्या में इजाफा होगा। अनुमान के अनुसार यह आंकड़ा गत वर्ष की तुलना में ज्यादा ही रहा।

## वाराणसी परिक्षेत्र को मिलेंगी 54 नई बसें

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने पुरानी बसों को बदले की कवायद शुरू कर दी है। वर्ष 2023 के अंत तक प्रदेश में निगम के बेड़े में तीन



हजार नई बसों को शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें वाराणसी परिक्षेत्र 54 बसें भी शामिल है। यात्रियों को सुविधा देने के लिए तत्पर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के एमडी ने दो दिन पूर्व बैठक कर नई बसों को निगम के बेड़े में शामिल करने की जानकारी दी थी। इसके लिए रोडवेज के सभी परिक्षेत्र में नीलाम होने वाली बसों के आधार पर उस परिक्षेत्र को उतनी ही नई बसें देने का खाका तैयार किया गया है।

### नीलाम की जाएंगी 54 बसें

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के जनसम्पर्क अधिकारी अजीत सिंह ने बताया कि वाराणसी परिक्षेत्र में आने वाले आठो डिपो से साल 2023 में कुल 54 बसों को नीलाम किये जाने की रिपोर्ट बनायी गयी है, इसी के आधार पर नई बसें भी इस क्षेत्र को दी जायेंगी।

# रवीना टंडन ने गंगा घाटों को निहारा

**मुग्ध**

**बाबा दरबार, संकटमोचन में किया दर्शन, कहा- इससे अच्छा और कुछ नहीं**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** बालीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन महाशिवरात्रि पर बनारस में थीं। इस दौरान उन्होंने बाबा विश्वनाथ का दर्शन-पूजन किया। इसके बाद नाव पर सवार होकर गंगा घाटों का नजारा लिया।

रवीना टंडन नाव पर सवार होकर अस्सी घाट से लेकर राजघाट तक गईं। इसके साथ ही दशाश्वमेधघाट पर होने वाली गंगा आरती का भी नजारा नाव पर बैठ कर लिया।



इसके साथ ही सेल्फी भी ली। रवीना टंडन काशी के गंगा घाटों की सुंदरता को देख कर अभिभूत रहीं। कहा कि इससे सुंदर और कुछ भी नहीं है। काशी में आने की तस्वीरें रवीना टंडन ने ट्विटर पर शेयर की। उन्होंने काशी के दशाश्वमेधघाट पर दीपदान भी किया। उन्होंने अपने पिता के जन्मदिन पर उनका भी स्मरण किया। रवीना टंडन ने संकटमोचन दरबार में भी जाकर हनुमत का दर्शन-पूजन किया।

## राइजिंग इंडिया स्कूल में शैक्षणिक महोत्सव



**वाराणसी।** राइजिंग इंडिया स्कूल में शैक्षणिक महोत्सव का आयोजन किया गया। बच्चों ने अथक परिश्रम किया अपने शिक्षकों के सहयोग से बच्चों के और शिक्षक के परिश्रम को सभी दर्शकों द्वारा प्रोत्साहन मिला और उन्होंने हम सभी को एक कदम और आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। मैं अपने सहकर्मियों के साथ सबका अभिनन्दन करता हूं। और उनके सुझाव व्यक्त करता हूं।

# सनातन धर्म और संस्कृति को समझाने की दरकार

**बोले प्रो. जीसी त्रिपाठी**

**कहा-मुगलकाल में भी नहीं जलाई गई रामचरित मानस की प्रतियां**

**महमूरगंज स्थित पूजा रेजीडेंसी में नवसंवत्सर दिग्दर्शिका-2023 लोकार्पित**

**वाराणसी।** मुगलकाल में भी रामचरितमानस की प्रतियां नहीं जलाई गई, लेकिन आज कुछ लोग अज्ञानता और अहंकार के वशीभूत होकर ऐसी चर्चा कर रहे हैं। उन्हें सनातन धर्म और संस्कृति को समझाने की आवश्यता है। सनातन की दृष्टि है सत्य से समाज को अवगत कराना न कि अहंकार का प्रदर्शन करना। उक्त बातें बीएचयू के पूर्व कुलपति प्रो. जीसी त्रिपाठी ने नवसंवत्सर दिग्दर्शिका-2023 का लोकार्पण करते हुए कहीं।

रविवार को महमूरगंज स्थित पूजा रेजीडेंसी के बैंक्वेट हाल में आयोजित लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्रो. जीसी त्रिपाठी ने कहा कि हमें अपनी संस्कृति और परम्परा का प्रचार-प्रसार करने के साथ ही दूसरे की भावनाओं को समझना भी जरूरी है। बिना दूसरों को समझे उन्हें अपनी बात समझाना मुश्किल है। हमें संवाद और सरोकार की सनातन परंपरा को जीवंत रखना होगा।

मुख्य अथिति उप्र भाजपा के सह प्रभारी सुनील ओझा ने नवसंवत्सर दिग्दर्शिका के प्रकाशन की सराहना करते हुए कहा कि दिग्दर्शिका नई पीढ़ी के लिए ज्ञानवर्धक साबित होगी। समारोह को विशिष्ट अतिथि सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्विद्यालय के कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी, पद्मभूषण आचार्य देवी प्रसाद द्विवेदी, वरिष्ठ महिला चिकित्सक डॉ. विभा मिश्रा तथा विद्वत परिषद के महामंत्री प्रो. रामनारायण द्विवेदी ने भी सम्बोधित किया। अतिथियों का स्वागत करते हुए पूर्व महापौर और कार्यक्रम संयोजक रामगोपाल मोहले ने कहा कि भारतीय सनातन परंपरा वसुधैव कुटुम्बकम की रही है। हमें पहले भारतीय संस्कृति को स्वयं आत्मसात करना होगा, तभी भारत विश्व गुरु के रूप में पुनः प्रतिष्ठित हो सकेगा। नवसंवत्सर दिग्दर्शिका इसी दिशा में छोटा सा प्रयास है । समारोह का शुभारंभ स्व. कुसुम मोहले के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। दिग्दर्शिका का प्रकाशन कुसुम मोहले स्मृति न्यास द्वारा किया गया है। समारोह में प्रो. सुरेंद्र प्रताप, आरके चौधरी, सतीश मिश्रा, धर्मेंद्र सिंह, अजय गुप्ता, प्रह्लाद तिवारी, अनुज डिडवानिया, डॉ. अनिल ओहरी, नीलम ओहरी, वाचस्पति त्रिपाठी, प्रदीप अग्रहरि, सुधीर मिश्रा समेत बड़ी संख्या में नगर के प्रबुद्धजन मौजूद रहे।





नवसंवत्सर दिग्दर्शिका-2023 का लोकार्पण करते मंचासीन अतिथि

## ब्राह्मणों ने मोहन भागवत के बयान के खिलाफ निकाली पदयात्रा

**नाराजगी**

**पुलिस प्रशासन ने रोका, दिया धरना, किया हरि कीर्तन**

**वाराणसी।** सर्व ब्राह्मण समन्वय समिति की ओर से रविवार को संघ प्रमुख मोहन भागवत के बयान के खिलाफ विरोध मार्च पदयात्रा निकाली। पदयात्रा दुर्गाकुंड स्थित धर्मसंघ से स्वामी करपात्री महराज की मूर्ति पर माल्यार्पण व वेद मंत्रोच्चार व शंखनाद के साथ निकाली गई। विश्वनाथ मंदिर के पूर्व महंत पं. राजेन्द्र तिवारी ने इसका शुभारंभ किया। विरोध मार्च पदयात्रा में ब्राह्मण समाज के विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी, बटुक, साधु-संन्यासी, महात्मा समेत हजारों की संख्या में लोग शामिल थे। पदयात्रा जैसे ही धर्मसंघ से आगे बढ़ी स्थानीय पुलिस ने यात्रा को रोक दिया। इस पर संयोजक कर्नल रंजीत उपाध्याय के निर्देशन में सभी वहीं धरने पर बैठ कर हरि कीर्तन करने लगे। बाद में वहीं पर एक सभा भी हुई जिसमें वक्ताओं ने कहा कि ब्राह्मण समाज ऐसे किसी भी अपमान को बर्दाश्त नहीं करेगा। पदयात्रा व सभा में कर्नल रंजीत उपाध्याय, राजेन्द्र तिवारी, शीतला प्रसाद पांडेय, दिनेश तिवारी, वीरेन्द्र मिश्र, बड़ागणेश मंदिर महंत पं. राजेश तिवारी,ओमप्रकाश ओझा, ओंकारनाथ उपाध्याय, मनीष मोरोलिया, राजेश त्रिपाठी समेत भारी संख्या में लोग शामिल थे।

# जयशंकर प्रसाद की 'ध्रुवस्वामिनी' का मंचन



ध्रुवस्वामिनी का एक भावुक दश्य



दीप जलाकर नाट्योत्सव की शुरूआत की गई

**काशी विद्यापीठ**

**महाकवि की जयंती पर तीन दिवसीय नाट्योत्सव एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी**

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में महाकवि जयशंकर प्रसाद की जयंती पर तीन दिवसीय नाट्योत्सव एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। जिसके शुभारंभ के पहले दिन रविवार को गांधी अध्ययन पीठ के सभागार में जयशंकर प्रसाद की रचना ध्रुवस्वामिनी नाटक का मंचन किया गया। विश्वविद्यालय में यथार्थ क्रिएशन सोसाइटी की ओर से आयोजन नाटक ध्रुवस्वामिनी में कलाकारों की प्रस्तुति देखने लायक थी। दर्शकों ने कलाकारों की खूब प्रंशसा करते हुए ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन समय-समय पर कराने की सलाह दी। बता दें कि जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध हिंदी नाटक ध्रुवस्वामिनी उनकी अंतिम कृति है। जो गुप्तकाल से संबंद्ध और शोध द्वारा इतिहास से ली गई है। आयोजन का शुभारंभ काशी विद्यापीठ के कुलपति आनंद कुमार त्यागी ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

इस दौरान निर्देशक प्रो. अरुण जैन, कुलानुशासक प्रो. अमिता सिंह सहित विश्वविद्यालय के अध्यापक और छात्र मौजूद रहे।

जनसंदेश टाइम्स मेडिकल डायरेक्ट्री

डॉ0 विनीता श्रीवास्तव
स्तन रोग विशेषज्ञ
सम्पर्क : 9335499180, 0542-227778
आवास : 104, नीलकण्ठपुरम्, कन्दवा-चुनार रोड वाराणसी-221006,
फोन: 0542-2300795 प्रतिदिन प्रातः 8.00 से 9.00 बजे तक

सृजन काशी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल प्रा. लि.
डॉ. अमित कुमार सिंह जनरल फिजिशियन
डॉ. प्रतिमा सिंह स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
समस्त प्रकार के कैंसर का इलाज ICU, BIPAP, NICU, CPAP PICU
•मेडिसिन विभाग •सर्जरी विभाग •बाल रोग विभाग •स्त्री रोग विभाग
•आपातकालीन और एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
मो0 नं0-9936440494 9622125887

सार्थक सर्जिकल सेन्टर
लेप्रोस्कोपिक, मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
अत्याधुनिक लिथोट्रिप्सी मशीन द्वारा गुर्दे की पथरी का बिना आपरेशन सफल इलाज
डा. विनोद कुमार
सा. 6/174 ए-बी, अकथा, गाजीपुर रोड, पहड़िया, वाराणसी
मो0: 9415273558, टेलीफोन : 0542-2586160
www.sarthaksurgicalcentre.co.in

जनसंदेश टाइम्स मिनी डिस्प्ले
एलीगेंट अप्लायंसेज
OKAYA
टी0 वी0, फ्रीज, वाशिंग मशीन बिल्कुल मुफ्त

शिव रुद्राक्ष अनुसंधान केन्द्र (प्रा. लि.)

# संस्कृत विवि से संबद्ध कॉलेजों के छात्रों को मिलेगा वजीफा

**स्कीम डेवलपमेंट**

**भारत सरकार की पहल पर देने पर बनी सहमति : प्रो. हरेराम त्रिपाठी**

**शास्त्री को आठ व आचार्य को दस हजार रुपए मिलेंगे**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों के सभी विद्यार्थियों को केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के द्वारा स्कीम डेवलपमेंट के अंतर्गत प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति प्राप्त होगी। जिसमें शास्त्री को 8 हजार और आचार्य को 10 हजार रुपए प्रतिवर्ष दिए जाएंगे।

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में स्कीम डेवलपमेंट के अंतर्गत एक बैठक में बतौर सदस्य कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी उपस्थित रहे। जहां बताया गया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पहल पर अनवरत संस्कृत शिक्षा को वैश्विक परिवेश पर ले जाने के क्रम में नई शिक्षा निति 2020 के अंतर्गत कौशल विकास के लिए भारत के शिक्षा मंत्रालय ने 102 करोड़ रुपये धनराशि स्वीकृत किया है। जो कि केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली को स्कीम डेवलपमेंट के अंतर्गत दिया गया। कुलपति प्रो हरेराम त्रिपाठी ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री, कुलाधिपति, शिक्षामंत्री और मुख्यमंत्री सदैव देववाणी विद्या संस्कृत के पोषण,



वीसी प्रो. हरेराम त्रिपाठी

संवर्धन के लिए सतत प्रयास है उसी कड़ी में इस विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति देने की सहमति प्राप्त हुई है। जिसमें महाविद्यालय के प्रवेशित, पंजीकृत शास्त्री के विद्यार्थियों को 08 हजार ,आचार्य के विद्यार्थियों को 10 हजार रुपए और विद्यावारीधि के विद्यार्थियों को 35 हजार रुपए प्रतिवर्ष दिये जायेंगे। इससे संस्कृत के विद्यार्थियों को आर्थिक सहयोग और उत्साह प्राप्त होगा। साथ ही संस्कृत पढ़ने के प्रति रुचि बढ़ेगी, छात्रों की संख्या में भी वृद्धि होगी।

**सीधे खाते में जाएगी छात्रवृत्ति**

संस्कृत विद्या को बढ़ाने एवं भारतीय ज्ञान परम्परा की अभिवृद्धि की दृष्टि मे उक्त बैठक में विश्वविद्यालय परिसर के शास्त्री के विद्यार्थियों को आठ हजार रुपये, आचार्य के विद्यार्थियों को 10 हजार रुपये एवं विद्यावारीधि (पीएचडी) के विद्यार्थियों को 35 हजार रुपये छात्रवृत्ति के रूप में प्रतिवर्ष दिया जायेगा। एक सेल के माध्यम से यह छात्रवृत्ति सीधे प्रवेशित विद्यार्थियों के खाते में जाएंगे।

## रैली निकालकर मानव एकता के लगाए नारे

**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन गायत्री शक्तिपीठ नगवां में आयोजित कार्यक्रम में रविवर को स्वयं सेविकाओं ने अपने अपने कार्यस्थल सामने घाट,भगवानपुर एवं छित्तूपुर जाकर मानव एकता पर नारे लगाते हुए रैली निकाली। मध्यान्ह भोजन उपरांत बौद्धिक चर्चा में डॉ. रीता जायसवाल ने कहा कि प्राचीन समय से लेकर वर्तमान समय तक समाज में हो रहे बदलाव एवं मोबाइल फोन इत्यादि मशीनों पर आधारित होती व्यक्तिगत दिनचर्या जिससे समाज में समावेशिता की कमी होती जा रही है। बढ़ते गैजेट पर निर्भरता व्यक्तिगत एवं सामाजिक जीवन के लिए अत्यंत घातक है इसलिए इसका सीमित प्रयोग कर हमें समाज को एवं परिवार को अधिक से अधिक समय देना चाहिए। नारी सृजन समिति की अध्यक्ष डॉ. विमला चतुर्वेदी एवं सचिव सीमा सिंह हमारे बीच उपस्थित रही, संचालन डॉ. अनीता, स्वागत प्रो. नंदिनी सिंह, धन्यवाद ज्ञापन डॉ. नीरज धनकड़ ने किया। शिविर में 150 स्वयं सेविकाओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी प्रो. नंदिनी सिंह, डॉ. अनीता, डॉ. नीरज धनकड़ के साथ स्वयं सेविकाएं उपस्थित रही।

# रामजनम ने प्रदीप को कालाजंग से पटका

**कुश्ती**

**अखिल भारतीय विराट कुश्ती दंगल संपन्न**

जनसंदेश न्यूज



कुश्ती में दांव लगाने के फेर में मल्ल

**चोलापुर।** बावनबीघा (बनियापुर) स्थित केदार पहलवान व्यायामशाला में स्व. केदार पहलवान की स्मृति में अखिल भारतीय विराट कुश्ती दंगल रविवार को संपन्न हुआ। विराट कुश्ती दंगल में दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, रेलवे और सेना के सैकड़ों पहलवानों ने जोर आजमाइश किया। दीपक डीएलडब्ल्यू व अहरक के पहलवान धीरज की कुश्ती बराबरी पर छूटी।

इंदल पहलवान बनियापुर और राहुल पहलवान अजगरा की कुश्ती भी बराबरी पर छूटी। शुभम महनाग व शमशेर चमाव की कुश्ती भी बराबरी पर रही। दंगल में सबसे बडी कुश्ती ग्यारह बार नेशनल में गोल्ड विजेता जोंटी पहलवान गुरु हनुमान अखाड़ा दिल्ली व उतर प्रदेश केशरी गोपाल पहलवान डीएलडब्ल्यू की हुई। जिसमें लगातार 15 मिनट के चले रोमांचक मुबारक मुकाबले में अंत में कुश्ती बराबरी पर छूटी। अखाड़ा केदार पहलवान के पहलवान रामजनम ने दिल्ली के पहलवान प्रदीप को कालाजंग दाव पर जोरदार पटखनी दी। चमांव के पहलवान बृजेश ने जौनपुर के पहलवान अजय को पटखनी दी। गोरखपुर के पहलवान संदीप यादव ने चंद सेकंड मे ही बनियापुर के चंदन कुमार को कालाजंग दाव से मात दे दिया। बनियापुर के विवेक पहलवान और नयापुरा के सौरभ पहलवान की कुश्ती अत्यंत रोमांचक रवि जो की आखिरी में बराबरी पर छूटी। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामकिशन यादव व हिंद केशरी लालजी पहलवान रहे। कुश्ती दंगल का संचालन लालजी यादव उर्फ झगड़ू भइया तथा रामसेवक यादव ने किया। रेफरी शिवधनी पहलवान, सुभाष पहलवान व अशोक पहलवान रहे। इस मौके पर डा. उमाशंकर यादव, बृजेश राय, सतीश मिश्र,पूर्व प्रधान सुरेन्द्र समेत काफी लोग मौजूद थे।

# करुणा से मानव सभ्यता बचेगी : प्रो. गेशे नवांग

**संबोधन**

**तिब्बती संस्थान में वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में करुणा विषय पर संगोष्ठी का आयोजन**

**वाराणसी।** पद्मश्री प्रो. रामशंकर त्रिपाठी की चतुर्थ पुण्यतिथि पर रविवार को तुषिता फाउंडेशन और केंद्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान सारनाथ के की ओर से ३वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में करुणा३ विषय पर एक परिसंवाद गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें शहर के जाने-माने विद्वानों ने सहभागिता की। अध्यक्षता संस्थान के कुलपति पद्मश्री प्रो. गेशे नवांग समतेन ने की। कार्यक्रम में प्रो. रामशंकर त्रिपाठी को याद करते हुए वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। प्रो. डब्ल्यूडी नेगी ने कहा कि प्रो. रामशंकर त्रिपाठी एक व्यक्ति नहीं अपितु एक संस्था थे जिनके भीतर अथाह करुणा सागर प्रवाहित होता था। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान के कुलपति ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में करुणा ही मानव सभ्यता को बचा सकती है। करूणा से विश्व शांति की स्थापना हो सकती है। संचालन डॉ. अनुराग त्रिपाठी व धन्यवाद ज्ञापन दीपंकर त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में प्रो. प्रद्युम्न दुबे, प्रो. धर्मदत्त चतुर्वेदी, प्रो. हरिप्रसाद अधिकारी, प्रो. पेमा तेंजिन, प्रो. रमेश प्रसाद, प्रो. लालजी श्रावक, डॉ. हिमांशु पांडेय ने भी विचार व्यक्त किया।



# मानव का प्रशिक्षण नहीं किया जा सकता



राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के कार्यक्रम में सम्मानित शिक्षक

**बोले प्रो. मनोज दीक्षित**

**राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश काशी संभाग का कर्त्तव्य बोध कार्यक्रम**

**वाराणसी।** डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं भारतीय शिक्षण मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रो. मनोज दीक्षित ने कहा कि मानव का प्रशिक्षण नहीं किया जा सकता। सरकार पर शिक्षा को निर्भर ना होकर शिक्षक की सृजनात्मकता पर निर्भर होना चाहिए। स्वाध्याय आधारित व्यवस्था शिक्षा की श्रेष्ठतम व्यवस्था मानी जाती है। वह राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश काशी संभाग की तरफ से रविवार को लालपुर स्थित एक निजी कॉलेज सभागार में आयोजित कर्तव्य बोध दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे।

मुख्य वक्ता प्रज्ञा प्रवाह के क्षेत्रीय संगठन मंत्री रामाशीष ने कहा कि जिस प्रकार एक दीपक से अनेकानेक दीपक जलाए जा सकते हैं। उसी प्रकार एक शिक्षक भी सही मायने में अपने कर्तव्य का पालन करे तो अशिक्षा रूपी अंधेरा को समाप्त किया जा सकता है। अध्यक्षता करते हुए जेपी विश्वविद्यालय छपरा-बिहार के पूर्व कुलपति प्रो. हरिकेश सिंह ने कहा कि सर्वश्रेष्ठ शिक्षक वह होता है, जो अपने स्वभाव, विचार और आचार से लोगों को प्रभावित करें। विषय प्रवर्तन संगठन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दीनानाथ सिंह ने किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य के लिए 36 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। संचालन संयोजक सचिव प्रो. अंजू सिंह ने किया। धन्यवाद संयोजक प्रो. बीके निर्मल ने दिया। इस अवसर पर डॉ. जगदीश सिंह दीक्षित, नागेश्वर सिंह आदि उपस्थित थे।

## अनुरागी बने बिना भक्ति संभव नहीं : मारकण्डे महराज

**जंसा।** भक्त -भगवान से दुनिया की वस्तुए नहीं चाहते। भक्त तो केवल भगवान की भक्ति चाहते हैं । हम रोज भगवान के दरवाजे पर मांगने जाते हैं ,भगवान कहते हैं कि मागने नहीं मिलने आया करो। ये सच है जिस दिन हम भगवान से मांगने नहीं भगवान से मिलने जायेंगे। भगवान की कृपा अवश्य मिलेगी । उक्त बातें पंचकोशी मार्ग पर स्थित रामेश्वर में रविवार को आयोजित एक दिवसीय शिव कथा महापुराण में कथा वाचक मारकण्डेय त्रिपाठी ने भक्तों के बीच कहीं। उन्होंने कहा कि बिना सत्संग के जीवन में विवेक नही होता । जब जीवन में भागवत कथा का आगमन होता है तो मनुष्य के समस्त पाप समाप्त हो जाते हैं। इस मौके पर संयोजक राजबली त्रिपाठी, आयोजन राकेश त्रिपाठी,पूर्व प्रधान राम गोपाल चौरसिया, जगापट्टी ग्राम प्रधान घनश्याम सिंह यादव , दिलीप सिंह, सोनू यादव सहित तमाम सम्मानित जन मौजूद थे।

# भाजपा का डाटा प्रबंधन पर जोर

**मिशन-2024**

**काशी क्षेत्र के हर जिले में डाटा एकत्रित करने के लिए बनाई गयी टीमें**

**लोकसभा चुनाव की तैयारियों को जमीन पर उतारने के लिए कवायद शुरू**

**बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं के मोबाइल में इंस्टाल कराये जा रहे सरल ऐप**

**वाराणसी।** भाजपा का पूरा जोर मिशन-2024 है। इसके लिए बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय कार्यकर्ता तक को एक सूत्र में पिरोने का काम किया जा रहा है। पार्टी की प्रदेश इकाई आगामी लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश को शत-प्रतिशत फतह करने के लिए डाटा प्रबंधन पर जोर दे रही है। इसके लिए पिछले दिनों लखनऊ में आयोजित कार्यशाला में आईटी सेल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित भी किया गया था।

पार्टी सूत्रों की मानें तो काशी क्षेत्र के हर जिले में डाटा एकत्रित करने के लिए अलग-अलग टीमें बनायी गयी है। इसके तहत बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं के मोबाइल में 'सरल' ऐप इंस्टाल कराये जा रहे हैं। पार्टी के सोशल मीडिया विभाग और आईटी विभाग को यह जिम्मेदारी सौंपी गयी है कि 28 फरवरी के पहले-पहले भाजपा के सरल ऐप (मोबाइल ऐप) को बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक के सभी कार्यकर्ताओं के मोबाइल में इंस्टॉल करा दिया जाए। प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गयी है। पार्टी के शीर्ष पदाधिकारियों का मानना है कि मतदाता के बारे में जितनी अधिक जानकारी कार्यकर्ताओं के पास होगी, उतनी आसानी से मतदाता तक पहुंचा जा सकेगा। पार्टी का लक्ष्य है कि प्रत्येक जिले में अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ना। इसके लिए आवश्यक है कि लोगों से मिलना और उनकी जानकारी एकत्रित करना है। प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं को बताया गया है कि बूथ से लेकर जिला स्तर तक के कार्यकर्ताओं के मोबाइल में 'सरल' ऐप इंस्टाल कराने के साथ ही मतदाताओं से जुड़ी जानकारी उसमें फीड करेंगे। क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी ने बताया कि पार्टी की तरफ से निर्धारित की गयी तिथि तक कार्यकर्ताओं के मोबाइल में 'सरल' ऐप इंस्टाल कराने का कार्य युद्धस्तर पर चलाया जा रहा है।

## फेडरेशन कप कैरम 26 से 29 मार्च तक

**वाराणसी।** इंटरनेशनल कैरम फेडरेशन और ऑल इंडिया कैरम फेडरेशन की ओर से 27वीं फेडरेशन कप कैरम प्रतियोगिता का आयोजन 26 से 29 मार्च तक बड़ालालपुर स्थित जीवनदीप शिक्षण संस्थान में हो रहा है। इस बात की जानकारी मलदहिया स्थित सिंह निकेतन में रविवार को प्रेसवार्ता के दौरान इंटरनेशल कैरम फेडरेशन के सेकेटरी जनरल वीडी नारायण ने बताई।



बताया कि इस खेल में भारत के 25 राज्यों और 14 महत्वपूर्ण सरकारी संस्थानों व प्रतिष्ठान से 260 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। इसके अलावा प्रतियोगिता में लगभग 50 राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के पुरुष और महिला खिलाड़ी भाग लेंगे। जिसमें वर्तमान महिला विश्व चैंपियन रश्मी कुमारी, विश्व नंबर दो काजल कुमारी भी भाग लेंगी। साथ ही पूर्व विश्व चैंपियन योगेश परदेसी, एस. अपूर्वा जैसे नामी गिरामी स्टार खिलाड़ी भी खेलते हुए दिखाई देंगे। इसमें 18 से 22 टीमें हिस्सा लेंगी। प्रेसवार्ता में ऑल इंडिया कैरम फेडरेशन की जनरल सेकेटरी भारती नारायण, जीवनदीप शिक्षण संस्थान के निदेशक डॉ. अशोक सिंह, उत्तर प्रदेश कैरम एसोसिएशन के अध्यक्ष व आयोजन समिति के सचिव बैजनाथ सिंह आदि मौजूद रहे।

# ...ताकि देश के पिछड़े जनपदों को मिले तरक्की

**पत्रकारवार्ता**

**सात दिनी 'आदिवासी युवा आदान प्रदान' कार्यक्रम आज से बीएचयू में जुटेंगे देश के चिह्नित जिलों के आदिवासी**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** देश के सबसे पिछड़े जनपदों के बेहद पिछड़े युवाओं के लिए सात दिनी कार्यशाला बीएचयू में सोमवार से आरंभ होगा। 26 फरवरी तक चलने वाले इस आयोजन में प्रतिभागियों को शासन की योजनाओं की जानकारी देने समेत मूलभूत समस्याओं का समाधान ढूंढ़कर उन्हें प्रशिक्षित किया जाएगा। 'आदिवासी युवा आदान प्रदान' का यह आयोजन गृह मंत्रालय व खेल मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में वाराणसी के नेहरू युवा केंद्र संगठन यानि एनवाईकेएस की ओर से होगा।

सर्किट हाउस सभागार में रविवार को यह जानकारी एनवाईकेएस के उप निदेशक अनिल कुमार सिंह ने पत्रकारवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि देश में आदिवासी युवा आदान-प्रदान का यह 14वां आयोजन है। कार्यक्रम काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के शताब्दी सभागार में होगा। इसमें छह प्रदेशों के दस जनपदों के आदिवासी युवाओं समेत सीआरपीएफ, एनडीआरएफ, आईटीबिपी के 200 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। उसमें छत्तीसगढ़ के सुकमा, राजनादगांव एवं कांकेर, ओडीशा के काला हाड़ी, झारखंड के गुम?ला, लोहरदगा और पश्चिम सिंहभूमि, तेलंगाना के भद्रादी, महाराष्ट्र के गढ़ चीरौली एवं आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम आदि के कलाकार जुटेंगे। वह शैक्षणिक सत्रों में शामिल होने व भ्रमण करने के अतिरिक्त अपने-अपने गौरवशाली परंपरागत लोककलाओं पर आधारित प्रस्तुतियां भी देंगे। उन्होंने बताया कि 'एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम' के क्रम में इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को उनके जिलों का पिछड़ापन दूर करने के लिए मार्ग-दर्शन दिया जाएगा। ताकि वह यहां से लौटकर अपने जनपद की तरक्की के लिए योगदान दे सकें। विभाग के जिला युवा अधिकारी निखिल गुप्ता ने बताया कि प्रतिभागियों को बीएचयू में संचालित सुपर कंप्यूटर सेंटर से भी रूबरू कराएंगे। प्रेसवार्ता में महकमे की जिला युवा अधिकारी मऊ राशि मिश्रा, डीओपी नमामी गंगे ऐश्वर्या मिश्रा एवं एपीए सुभाष चंद्र प्रसाद भी रहे।



एनवाईकेएस के उप निदेशक अनिल कुमार सिंह और जिला युवा अधिकारी निखिल गुप्ता ने रविवार को प्रेसवार्ता की

**यह है एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम**

भारत सरकार ने जनवरी 2018 में एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम आरंभ कर उसमें देश के 112 पिछड़े जिलों को चिह्नित किया था। यूएनडीपी के मानव विकास सूचकांक 2016 के अनुसार 188 देशों की सूची में भारत को 131वें स्थान पर रखा गया था। इस प्रोग्राम का उद्देश्य है कि पिछड़े जनपदों को बेहतर बनाया जाय ताकि वहां के लोगों का जीवन स्तर को सुधारना संभव हो। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से हेल्थ एंड न्यूट्रीशन, एजुकेशन, एग्रीकल्चर एंड वॉटर रिसोर्सेज, फाइनेंशियल इन्क्लूजन एंड हैवी डेवेलपमेंट और बेसिक इंफ्रा स्ट्रक्चर सम्मिलित हैं।

## हुकुलगंज में विशाल भंडारा



**वाराणसी।** हुकुलगंज स्थित प्राचीन सर्वेश्वर महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि के अवसर पर अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ के विश्राम पर रविवार को मंदिर परिसर की भव्य सजावट एवं प्रसाद वितरण एवं भंडारा का आयोजन किया गया। मंदिर में भव्य श्रृंगार एवं भंडारा में प्रसाद लेने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी। आयोजन में क्षेत्रीय पार्षद बृजेश चंद्र श्रीवास्तव के साथ मंदिर समिति के सर्वश्री रमेशचंद्र श्रीवास्तव, संदीप सिंह बबलू, रितेश श्रीवास्तव, शीबू संतोष सेठ. राजू बाबू, कुलदीप गौड़, कृष्ण कुमार सोनकर, सोनू दिनेश मौर्य अनिल सेठ मनीष सिंह प्रशांत श्रीवास्तव टिंकू आदि मौजूद थे।

# शिक्षा भविष्य की कुंजी बच्चों को शिक्षित करें

**बैठक**

**भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय पर अनुसूचित मोर्चा की जिला इकाई ने किया आह्वान**

**रोहनिया।** भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय पर रविवार को आयोजित अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला कार्यसमिति की बैठक में आह्वान किया गया कि शिक्षा भविष्य की कुंजी है। ऐसे में मोर्चा के लोग अपने बच्चों को अवश्य शिक्षित करें।

मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत रावत ने कहा कि सरकार की योजनाओं, विकास कार्यों, वर्ष 2023-24 के बजट, अनुसूचित जाति और दलित वंचित व्यक्ति के उत्थान व विकाश के लिए सरकार की तरफ से चलायी जा रही योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाए। मोबाइल पर सरल एप्लीकेशन के बारे में भी उन्होंने विस्तार से बताया। इस दौरान कार्यकर्ताओं को सरल ऐप डाउनलोड करवाया गया।



भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक को संबोधित करते वक्ता

बैठक में बूथ स्तर पर समिति गठित करने का निर्देश दिया गया। बैठक को भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा ने भी संबोधित किया। संचालन शशि कांत सेहरा ने किया। बैठक में संजय सोनकर, जय कुमार जैसल, सुधीर वर्मा, शशि सोनकर, रवि वर्मा, रजनीश कन्नौजिया, शशिकांत सेहरा, अजय शास्त्री, सुरेंद्र प्रताप, रविंद्र, संजय सोनकर आदि उपस्थित रहे।

## प्रतिभा सम्मान में विशिष्टनों को किया सम्मानित

**वाराणसी।** सोसायटी फार सोशल एक्शन एण्ड रिसर्च की ओर से रविवार को पराड़कर स्मृति भवन के सभागार में प्रतिभा सम्मान समारोह में विशिष्ट जनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास अध्यक्ष प्रो. नागेन्द्र पांडेय व दीनदयाल थे। इस वर्ष आचार्य ब्रजवल्लभ द्विवेदी स्मृति काशी गौरव सम्मान डा. केवीपी सिंह (चिकित्सा सेवा), विपिन अग्रवाल (समाज कल्याण), डा. एके गौड़ (शिक्षा) में दिया गया। संस्था के संरक्षक प्रो. रामसुधार सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रो. नागेन्द्र पांडेय ने कहा कि प्रतियोगिता बच्चों के मानसिक स्तर को बढ़ाती है। उन्हें आगे बढ़ाने को प्रेरित करती है। इस मौके पर राहुल सिंह, प्रो. बीडी पांडेय, अनिता चौधरी, संजय कुमार शर्मा, गांधीवादी विचारक रामप्रकाश द्विवेदी, श्यामधर तिवारी व रामधीरज भाई ने भी विचार व्यक्त किये।

# शासन की सद्बुद्धि के लिए 'बुलडोजर आहुति यज्ञ'

**आक्रोश**

**कानपुर देहात की घटना के लिए 'आप' ने सरकार और वहां के प्रशासन को ठहराया जिम्मेदार**

**प्रकरण की हाईकोर्ट की निगरानी में सीबीआई जांच समेत पीड़ित परिवार को राहत देने की मांग**

जनसंदेश न्यूज




कानपुर देहात में मां-बेटी की जलकर हुई मौत के मामले को लेकर 'आप' वर्करों ने रविवार को 'बुल्डोजर आहुति यज्ञ' का आयोजन किया

**वाराणसी।** कानपुर देहात में मां-बेटी की जलकर मौत की घटना पर आम आदमी पार्टी यानि 'आप' के कार्यकर्ताओं ने रविवार को सीएम योगी आदित्यनाथ को जिम्मेदार ठहराते हुए सरकार की सद्बुद्धि के लिए 'बुलडोजर आहुति यज्ञ' का आयोजन किया।

इस मौके पर उन्होंने उस घटना के लिए शासन-प्रशासन को दोषी करार देते हुए मांग की कि हाईकोर्ट की निगरानी में प्रकरण की जांच सीबीआई करे। पीड़ित परिवार को पक्का मकान, एक करोड़ रुपये का मुआवजा और मृतका के दोनों बेटों को सरकारी नौकरी दी जाए। मड़ौली क्षेत्र में इस यज्ञ का आयोजन पार्टी के काशी प्रांत अध्यक्ष पवन तिवारी, जिलाध्यक्ष रमाशंकर पटेल, प्रदेश प्रवक्ता मुकेश सिंह और देवकांत वर्मा आदि के संयोजन में था। इस मौके पर उन्होंने आरोप लगाया कि कानपुर देहात में मां-बेटी की जलकर हुई मौत के लिए शासन-प्रशासन पूरी तरह जिम्मेदार है। यह तालिबानी कृत्य है जो भारत में स्वीकार्य नहीं है।

कानपुर में मृतका प्रमिला देवी के पुत्र शिवम दीक्षित ने 'आप' नेताओं को पूरे मामले की जानकारी देते हुए अफसरों पर उदासीनता का आरोप लगाया है। 'आप' नेताओं ने कहा कि क्या अधिकारी किसी भी घर को असंवैधानिक रूप से गिरा देंगे?

उस घटना ने जब तूल पकड़ा को सरकार ने प्रशासन से मामले की जांच कराने की बात कही जबकि प्रशासन स्वयं उस घटना के लिए उत्तरदायी है।

# बलिया में बहुत तेजी से होगा विकास कार्य

**बोले दयाशंकर मिश्र दयालु**

## 27 को ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे की रखी जायेगी आधारशिला

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** भाजपा कार्यालय में रविवार को आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा कि ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे का निर्माण पूर्ण होने के बाद बलिया को विकास में बेहतर प्लेटफार्म मिलेगा। बलिया विकास के नाम से भी जाना जाएगा। बाईपास, ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे और अन्य योजनाओं पर बहुत तेजी से काम होगा।

कहा कि इसकी शुरूआत ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे से 27 फरवरी को होने जा रही है। इसमें केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी शामिल होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि इस कार्यक्रम को वृहद रूप दें और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाए।



बैठक को संबोधित करते मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु

इस दौरान पार्टी कार्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया गया। इस अवसर पर सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त, राज्यसभा सांसद नीरज शेखर, राज्यसभा सांसद सकलदीप राजभर, पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी, पूर्व विधायक संजय यादव, विनोद शंकर दुबे, प्रदीप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू के अलावा सुरेंद्र सिंह, रंजना राय, नीतू पांडेय, अभिषेक सोनी, राजेश गुप्ता, संजीव कुमार डंपू, गणेश सोनी, पियूष चौबे, भोला सिंह बघेल, अनिल पांडेय, गुड्डू राय, नकुल चौबे आदि मौजूद रहे।

### नई बलिया बनाने की तैयारी: दयाशंकर



**बलिया।** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि बलिया विकसित होगा। नई बलिया को बनाने के लिये हमारा प्रयास होगा कि शासन से अधिक से अधिक धन बलिया में खर्च करके यहां कायाकल्प किया जाएं। वैसे भी बलिया में ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे बनने जा रहा है। बाईपास भी बनेगा, जिससे जाम से निजात मिलेगी। आने वाले दिनों में बलिया विकास के नाम से जाना जाएगा। हर क्षेत्र में बलिया विकास की तरफ बढ़ेगा। यहां छोटे-छोटे उद्योग-धंधे लगेंगे। यहां मेडिकल कालेज भी बनेगा।

### तेजी से होगा काम: मस्त



**बलिया।** सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने कहा कि 27 फरवरी को ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे की आधारशिला रखने के बाद बहुत तेजी से काम होगा। इसके लिये सबकुछ फाइनल हो चुका है। आधारशिला रखने के बाद काम तेजी से होगा।

### बलिया का होगा बेहतर विकास: नीरज



**बलिया।** राज्यसभा सांसद नीरज शेखर ने बलिया की जनता को भरोसा दिलाया कि बलिया में विकास से संबंधित कार्य होंगे। बलिया विकास से जुड़ेगा। यहां विकास बेहतर होंगे। बलिया के विकास में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विशेष रूचि ले रहे है।

# बिना फिटनेस चल रहे स्कूली वाहन

**जोखिम में छात्र**

## 136 वाहनों ने अभी तक नहीं कराया अपना फिटनेस

**बलिया।** छात्र-छात्राओं की जान जोखिम में डालकर विद्यालय पहुंचाने वाले खटारा वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग सख्त है। ऐसे में बसों का फिटनेस चेक नहीं करने वाले विद्यालयों को परिवहन विभाग ने नोटिस भेजकर तत्काल जवाब मांगा है। छात्रों को स्कूल पहुंचाने और वापस लाने के लिए जिले में 786 स्कूली वाहन लगाए गए हैं। इन वाहनों की छह माह पर फिटनेस कराने का प्रावधान है। जिले भर के 136 स्कूली वाहन ऐसे हैं, जिनकी 2020 से फिटनेस नहीं हुई है।

सूत्रों के अनुसार परिवहन विभाग ने संबंधित प्रबंधकों को नोटिस भेजकर जल्द फिटनेस कराने को कहा है। स्कूल प्रबंधकों की लापरवाही के चलते अक्सर सड़क दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं। बावजूद इसके विद्यालय संचालक घटनाओं से सबक लेने की बजाय उसे नजरअंदाज कर देते हैं। बिना फिटनेस चल रहे 136 स्कूली वाहनों से प्रतिदिन सैकड़ों छात्र जान जोखिम में डालकर सफर करने को विवश हैं। दरअसल विद्यालय वाहन फिटनेस के मानक पूरे नहीं करते। यही वजह है कि संचालक इनकी फिटनेस करने से कतराते हैं। परिवहन विभाग के आरआई राजभूषण चौधरी ने बताया कि इन सभी वाहन स्वामियों को तीन बार नोटिस भेजा है। इसके बावजूद भी वाहनों की फिटनेस नहीं कराई गई।

विभाग अब इनके पंजीयन को निरस्त करने की कार्रवाई करने की तैयारी में है। जांच के दौरान पांच स्कूली वाहन बिना फिटनेस सड़क पर फर्राटा भरते मिले थे। प्रवर्तन दल ने इनका चालान करते हुए फिटनेस कराकर संचालित करने का निर्देश दिया है। वाहनों की फिटनेस करने के लिए स्कूल वाहन पीले रंग से रंगा होना चाहिए। वाहन के दोनों तरफ स्कूल का नाम, आगे और पीछे स्कूल बस लिखा होना चाहिए। सभी खिड़कियों के बाहर लोहे की ग्रिल लगी होना अनिवार्य है। वाहन में आग बुझाने के लिए अग्निशमन यंत्र होना चाहिए। चालक के साथ एक सहायक की तैनाती आवश्यक है।

स्कूली वाहनों के दरवाजे में मजबूत लाक होना चाहिए। वाहनों में प्राथमिक उपचार बाक्स उपलब्ध व बस में स्पीड गवर्नर होना आवश्यक है। स्कूली वाहनों की रफ्तार 40 किमी प्रति घंटे से अधिक न हो।

### फिटनेस न कराने वाली बस होगी रद्द

**बलिया।** इस संबंध में एआरटीओ प्रशासन बलिया अरूण कुमार राय ने बताया कि स्कूलों के नाम पर दर्ज 136 वाहनों को नोटिस भेजकर फिटनेस कराने के लिए कहा गया है। जल्द फिटनेस न कराया तो वाहन का पंजीयन रद्द किया जाएगा। एक बार सभी को अंतिम अवसर दिया गया है। इसके बाद यदि वाहन सड़क पर मिले तो वाहन सीज किया जाएगा। बताया कि बस के अंदर सीसीटीवी कैमरे लगा होना आवश्यक है। चालक का पांच वर्ष का भारी वाहन चलाने का अनुभव होना चाहिए।

# घर में घुसकर मारपीट का वीडियो वायरल

## पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर दर्ज किया मुकदमा

जनसंदेश न्यूज

**चितबड़ागांव।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें मारपीट हो रही है और महिलाएं चिल्ला रहीं हैं। नगर पंचायत चितबड़ागांव के वार्ड नंबर छह पटेल नगर सतकुईंया मोहल्ला निवासी उमाशंकर वर्मा ने आरोप लगाया है कि कस्बे के हाता मोहल्ला निवासी लगभग आधा दर्जन लोग लाठी-डंडे से लैस होकर घर में घुसे और महिलाएं, बच्चों, पुरुष एवं बुजुर्ग सभी को पीट-पीटकर लहूलुहान कर दिये।

बताया जाता है कि गत शुक्रवार की शाम देर शाम चितबड़ागांव बाजार से शराब पीकर अरविंद वर्मा अपना टेंपो लेकर घर जा रहा था कि रास्ते में हाता मोहल्ला निवासी सुरेंद्र सिंह (50) को धक्का मार दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मौके पर गाली-गलौज और तू-तू, मैं-मैं हुआ। लोगों के हस्तक्षेप के बाद दोनों अपने घर चले गए। पीड़ित पक्ष का कहना है कि लगभग आधे घंटे बाद लाठी-डंडे से लैस होकर लोग पहुंचे। टेंपो को पलट दिया और शीशा तोड़ दिया।

दरवाजा तोड़ दिया और घर में घुसकर उमाशंकर वर्मा (75), रामजी वर्मा (34), अरविंद वर्मा (32), धीरू मौर्य, सुमन (28), सोनी (20) और रागिनी (05) को बुरी तरह पीटा। मौके पर जब तक पुलिस पहुंची, हमलावर भाग चुके थे। इस संबंध में चितबड़ागांव थाना के प्रभारी निरीक्षक आरएस नागर का कहना है कि दोनों पक्षों से तहरीर प्राप्त हुई है। मुकदमा कायम कर दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। शीघ्र ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

### राहुल की रेलवे में जेई पद पर नियुक्ति से हर्ष

**नगरा।** स्थानीय कस्बा के पंचफेड़वा निवासी पत्रकार देवनारायण प्रजापति उर्फ देवा भाई के पुत्र राहुल कुमार का रेलवे में जेई के पद पर नियुक्ति होने से परिजनों में हर्ष व्याप्त हैं। शुभचिन्तकों ने मिष्ठान खिलाकर प्रसन्नता व्यक्त की है। युवक के नौकरी ज्वाइन करने के उपरांत पहली बार घर आने पर माता-पिता सहित अन्य परिजनों ने माल्यार्पण के साथ आरती उतार कर स्वागत किया। नगर पंचायत नगरा के पंचफेड़वा निवासी पत्रकार देवनारायण प्रजापति उर्फ देवा भाई का पुत्र राहुल कुमार बचपन से ही पढ़ने में होनहार था। पैतृक गांव से शिशु मन्दिर में मिडिल तक, जनता इण्टर कालेज से हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट करने के बाद राहुल ने गोरखपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा प्राप्त की। इसके बाद राहुल ने आरआरबी में जेई के पद के लिए आवेदन किया तथा पहले ही प्रयास में सफलता हासिल की। राहुल को रेलवे ने गोरखपुर जोन में जेई के पद पर तैनाती दी है। राहुल की इस सफलता पर परिजनों सहित क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। दो भाईयों मे छोटे भाई रोहित भी सिविल डिप्लोमा के पश्चात बीटेक हैं।

# प्रसूता की मौत पर परिजनों का हंगामा

## रसड़ा-कासिमबाद मार्ग पर शव रखकर किया जाम

जनसंदेश न्यूज

**रसड़ा।** प्रसूता की मौत के बाद परिजनों एवं ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। इस दौरान लगभग दो घंटे तक रसड़ा-कासिमाबाद मार्ग जाम रहा। मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी एवं कोतवाल ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया।

रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के नराक्ष गांव निवासी रंभा देवी (25) पत्नी संजय राम की शुक्रवार को रोशन बाबा रोड के समीप एक प्राइवेट क्लीनिक में नार्मल डिलीवरी हुई थी। रंभा देवी शुक्रवार की शाम अपने घर चली गई। शनिवार को रंभा देवी की बच्चेदानी से खून गिरने लगा। इसके बाद परिजन उनको लेकर क्लीनिक पर पहुंचे, जहां इलाज के बाद भी कोई सुधार नहीं हुआ। इसके बाद उक्त क्लीनिक के लोगों ने अखनपुरा गांव के प्राइवेट हास्पिटल में ले जाने की बात कही। इसके बाद परिजन उसे अखनपुरा स्थित प्राइवेट अस्पताल ले गये। वहां भी उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ। रविवार को महिला की हालत गंभीर होने पर प्राइवेट हास्पिटल के डाक्टर ने उसे मऊ ले जाने की बात कही। मऊ ले जाते समय महिला की रास्ते में ही मौत हो गई। इससे आक्रोशित परिजनों एवं ग्रामीणों ने अखनपूरा कृषि मंडी के समीप सड़क पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। इधर, सूचना पर प्राइवेट अस्पताल के लोग फरार हो गये। सूचना पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी मोहम्मद फहीम, कोतवाल हिमेंद्र सिंह ने लगभग दो घंटे बाद समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया। इस मौके पर पूर्व विधायक रामइकबाल सिंह, छात्रनेता प्रकाश भारती आदि मौजूद रहे।



पूर्व विधायक रामइकबाल सिंह से बात करते सीओ एवं कोतवाल

# 1942 की क्रांति पर बनेगी बड़ी फिल्म

**बोली डॉ. जेनिस**

## बलिया की क्रांति से हिल गई थी ब्रिटिश सरकार

## बलिया पहुंचीं तत्कालीन डीएम जे निगम की नातिन

**बलिया।** सन् 1942 में स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान कुछ दिनों के लिए स्वतंत्र हुए बलिया के इतिहास पर अंतरराष्ट्रीय फिल्म बनेगी। इसकी घोषणा मोन्टीनिग्रो की राजदूत और बलिया के तत्कालीन जिलाधिकारी रहे जे निगम जी की नातिन डॉ. जेनिस दरबारी ने शनिवार देर शाम को की। उन्होंने अपने नाना जे निगम पर केंद्रित किताब द एडमिनिट्रेटर लिखी है। लोक निर्माण विभाग के डाक बंगले में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में दरबारी ने कहा कि बलिया का इतिहास क्रांतिकारी रहा है। देश की आजादी से पांच वर्ष पहले ही 1942 में 19 अगस्त को बलिया ब्रिटिश हुकूमत से आजाद हो गया था। यह पूरी दुनिया में सत्ता के शांतिपूर्वक हस्तांतरण की अनोखी मिसाल है। तब चालीस हजार की भीड़ के सामने बिना एक बूंद खून बहे जे निगम द्वारा सत्ता का हस्तांतरण हुआ था।



शूटिंग के लिए स्थल का निरीक्षण करती डॉ. जेनिस दरबारी

कहा कि बलिया में जो हुआ, उससे ब्रिटिश सरकार हिल गई थी। वह ट्रांसफर आफ पावर ब्रिटिश सरकार के लिए एक केस प्रोसिडिंग बन गई थी। कहा कि यहां का महान इतिहास है। बोलीं, बलिया से मेरा भावनात्मक लगाव है। मैं सन 1942 के अंग्रेजों भारत छोड़ो का इतिहास जानती हूं। क्योंकि उनके नाना के पिता कोर्ट में रीडर थे। उनके साथ वे कोर्ट में देखते थे कि आखिर भारतीय लोगों के साथ कोर्ट में किस प्रकार से भेदभाव होता था। कहा कि मेरे नाना ने अपनी पढ़ाई स्ट्रीट लाइट में की थी। बाद में इलाहाबाद विवि में पढ़ाई की। वहीं महात्मा गांधी से मुलाकात हुई। बाद में आईसीएस अफसर बने। उनके मन में ब्रिटिश सरकार के दौरान होने वाले अत्याचार को बदलना था। उन्होंने बलिया में इसे बखूबी निभाया। इसका नतीजा था कि उन्होंने शक्ति का शांतिपूर्ण हस्तांतरण किया। इससे ब्रिटिश सरकार भी हिल गई। ब्रिटिश सरकार को सूझ नहीं रहा था कि जे निगम को कैसे बर्खास्त किया जाए। क्योंकि उस वक्त आईसीएस अधिकारियों को बर्खास्त करने का प्रावधान नहीं था। लेकिन जे निगम को विशेष मीटिंग बुलाकर ब्रिटिश सरकार ने बर्खास्त किया। जेनिस दरबारी ने कहा कि आज विश्व में शांति की जरूरत है। बलिया में वह शक्ति है, जो विश्व की शांति के लिए काम आ सकता है। बोलीं कि मैं बलिया उस इतिहास को आगे लाने की कोशिश कर रही हूं, जो आज भी अनदेखा है। हालांकि, इस किताब में मैंने बहुत कुछ समेटने का प्रयास किया है। हम लोग इसी को आधार बनाकर बलिया के इतिहास पर फीचर फिल्म बनाएंगे। इसे विश्व स्तर पर दिखाई जाएगी। इससे दुनिया जानेगी कि बलिया का क्या जुनून था।

### अध्यक्ष पद पर श्रीकृष्ण कुमार भारती को किया गया नियुक्त

**बलिया।** बहुजन समाज पार्टी बलिया, आजमगढ़ मण्डल के मुख्य जोन कोआर्डिनेटर ओमकार शास्त्री के निर्देश पर बलिया नगर विधानसभा के संगठन को मजबूता व धारदार बनाने के लए नगर विधानसभा का विधानसभा अध्यक्ष पद पर श्रीकृष्ण कुमार भारती को नियुक्त किया गया। उक्त आशय की सूचना जिलाध्यक्ष बसपा बलिया ओमप्रकाश भारती ने दिया।

### पत्रकार की भाभी के निधन पर शोक

**मझौवां।** हल्दी थाना क्षेत्र के गंगापुर-रामगढ़ निवासी पत्रकार अर्जुन साह की भाभी मुनि देवी (38) पत्नी भीम साह का अचानक निधन हो गया। बताया जाता है कि अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिजन उनको इलाज के लिए डा. डी राय के पास ले गये, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। इससे परिजनों को गहरा सदमा पहुंचा है। उनके निधन की सूचना मिलते ही घर परिवार में कोहराम मच गया। उनके बड़े पुत्र आशुतोष कुमार की तबीयत बिगड़ गया। उनको आनन-फानन में इलाज हेतु ले जाया गया। वही, छोटा पुत्र सात वर्षीय ऋतुराज केवल अपनी मां के बारे में पूछता रहा। यह देख उपस्थित लोगों की आंखों से आंसू टपक पड़ा।

# बिहार पहुंचायी जा रही शराब की खेप

## होली पर्व के मद्देनजर सक्रिय हुए शराब माफिया

**बैरिया।** होली पर्व में अब सिर्फ एक पखवारा शेष रह गया है। ऐसे में क्षेत्र के शराब माफिया सर्वाधिक धन कमाने को लेकर सक्रिय हो गए है। आलम यह है कि रेवती थाना क्षेत्र के सुरेमनपुर दियरांचल के रामबालक बाबा सेतु एवं डुमाईगढ़ घाट सरयू नदी के रास्ते अवैध शराब की खेप पहुंच रहा है। यही नही, इस दियरांचल के मानगढ़, बशिष्ठनगर, गोपालनगर, शिवाल मठिया में अवैध शराब की दर्जनों दुकानें संचालित हो रही है।

सबसे बड़ी बात तो यह है कि गोपालनगर चौकी अंतर्गत डुमाईगढ़ घाट पर घाघरा नदी के किनारे रोज अपराह्न लगभग तीन बजे से अवैध शराब की दुकानें लगती है। उक्त दुकानों पर बिहार राज्य के आधा दर्जन गांवों के सैकड़ों लोग नाव से नदी पार कर शराब पीने पहुंचते है। यहां शराब पीने के लिए मेला लग जा रहा है। रेवती थाना क्षेत्र के उत्तरी दियरांचल इन दिनों अवैध शराब कारोबारियों का गढ़ बन गया है। गोपालनगर, बशिष्ठनगर, मानगढ़ व शिवाल में बेरोकटोक अवैध कच्ची शराब बिक रही है। यही नही, गोपालनगर डुमाईगढ़ घाट के रास्ते हरियाणा, पंजाब, गोवा व देशी शराब की खेप नाव द्वारा बिहार पहुंचाई जा रही है। घाघरा नदी के किनारे रोज शाम को अवैध शराब की दुकानें सजती है।

बिहार राज्य के सारण व सिवान जिला अंतर्गत फुलवरिया, मटियार, जईछपरा के सैकड़ों लोग नाव के सहारे शराब पीने पहुंचते है। दियरांचल वासियों की माने तो रोज शाम को घाघरा नदी के किनारे मेला सा दृश्य रहता है।

ऐसा नही है कि इस माजरे से पुलिस अनभिज्ञ है। गोपालनगर चौकी पुलिस को सब कुछ मालूम है।

> मामला मेरे संज्ञान में नही है। शराब बनने की शिकायत मिलती है। अभी तो एक दिन पूर्व ही डुमाईगढ़ घाट सरयू नदी के उस पार जाकर शराब से सम्बंधित करीब 20 ड्रम उठाकर लाया हूं। हर हाल में शराब नही बिकने दिया जाएगा।
>
> **धर्मेन्द्र दत्त, चौकी प्रभारी**

# अखंडानंद सिंह ने ईमानदारी से की जनता की सेवा

**बोले डॉ. डी राय**

## पूर्व ब्लॉक प्रमुख की पुण्यतिथि पर लगा स्वास्थ्य मेला

**रतसर।** अक्सा एजुकेशनल एण्ड सोशल वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में रतसर इण्टर कालेज के मैदान में रविवार को पूर्व ब्लॉक प्रमुख अखंडानंद सिंह की पुण्यतिथि पर स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इसमें बीएचयू के विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ ही मऊके प्रसिद्ध चिकित्सक डा. संजय सिंह, डा. अल्का राय, डा. डी राय आदि ने लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरण किया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि आईएमए के अध्यक्ष डा. डी राय ने फीता काटकर किया। तत्पश्चात उपस्थित लोगों ने अखण्डानन्द सिंह के चित्र पर माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि दी। डा. डी राय ने कहा कि पूर्व ब्लाक प्रमुख अखंडानंद सिंह सच्चे समाजसेवी थे। उन्होंने जनता की सेवा ईमानदारी एवं कर्मठता के साथ किया। उनके सिद्धांतों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते डा. डी राय

स्वास्थ्य मेला में एलोपैथिक विभाग से डा. अल्का राय, डा. एसएन राय, डा. अमरेश यादव, बीएचयू से डा. रजनीश, डा. आनंद मोहन सिंह, डा. प्रियेश गुप्ता, डा. अमित वर्मा, डा. संदीप श्रीवास्तव, आयुर्वेद विभाग से स्वर्णिमा मिश्रा, होम्योपैथिक विभाग से डा. अमित कुमार, डेंटल सर्जन डा. रविकेश कुमार सिंह, पशु पालन विभाग से डा. वेद प्रकाश आदि मौजूद रहे।

इस अवसर पर निवर्तमान प्रधान स्मृति सिंह, प्रबंधक मुक्तानन्द सिंह अतुल, तृप्ती सिंह, दिप्ती सिंह, भानु प्रकाश सिंह, श्वेता राय, अनिल सिंह आदि मौजूद रहे।

# ऑनलाइन हाजिरी से घटी मजदूरों की संख्या

## पूर्वांचल के 10 जिलों में मजदूरों की तादाद में आयी 62 प्रतिशत की कमी

**बलिया।** मनरेगा मजदूरों की ऑनलाइन हाजिरी व्यवस्था शुरू होने से जाब कार्डधारकों की संख्या घट गई है। आंकड़े बताते है कि पूर्वांचल के तीन मंडलों आजमगढ़, वाराणसी एवं मिर्जापुर के 10 जिलों में मजदूरों की तादाद में 62 प्रतिशत तक की कमी आयी है।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के शुरूआत में सरकार ने 20 या इससे अधिक मनरेगा जाब कार्डधारकों से काम कराने पर प्रधान, सचिव एवं रोजगार सेवकों को ऑनलाइन हाजिरी कार्यस्थल से (एनएमएमएस मोबाइल एप) करने का निर्देश दिया था। नई व्यवस्था लागू होने के साथ ही मनरेगा मजदूरों की संख्या घटनी शुरू हो गई थी। हालांकि उससमय रफ्तार थोड़ी कम हुई थी। इसके बाद जब एक जनवरी 2023 से एकल ऑनलाइन हाजिरी शुरू हुई तो मनरेगा मजदूरों की संख्या में तेजी से गिरावट आयी। पूर्वांचल के 10 जिलों में दिसम्बर 2022 की अपेक्षा जनवरी 2023 में मजदूरों की संख्या में 20 लाख की कमी आ गई। आशंका जतायी जा रही है कि कार्यस्थल से सुबह-शाम पोर्टल पर हाजिरी अपडेट करने से फर्जीवाड़े पर लगाम लगा है। यही कारण है कि अचानक 60 फीसदी तक मनरेगा मजदूरों की संख्या घटी है।

| जिला | दिसम्बर 2022 | जनवरी 2023 |
|---|---|---|
| आजमगढ़ | 356435 | 201885 |
| बलिया | 272285 | 503996 |
| मऊ | 348941 | 74345 |
| गाजीपुर | 485400 | 297912 |
| जौनपुर | 775009 | 205781 |
| मिर्जापुर | 318945 | 130778 |
| सोनभद्र | 287862 | 148622 |
| चंदौली | 209795 | 50574 |
| वाराणसी | 152820 | 66856 |
| भदोही | 130110 | 48569 |

### अमृत सरोवर समेत अन्य योजनाओं पर लगा ग्रहण

**बलिया।** मनरेगा मजदूरों की घटती संख्या के चलते अमृत सरोवर समेत कई योजनाओं पर ग्रहण लगाना शुरू हो गया है। 15 अगस्त को आजादी का अमृत महोत्सव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले से देश के प्रत्येक जिलों में 75 अमृत सरोवर बनवाने की घोषणा किया था। प्रदेश सरकार ने प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक-एक अमृत सरोवर बनाने की घोषणा की। बलिया जिले में कुल 1880 तालाब चिन्हित हुए। इसमें से सिर्फ 258 तालाबों की खुदाई, जीर्णोद्धार का ही कार्य हुआ है।

### कम मजदूरी बन रही कारण

**बलिया।** सरकार मनरेगा के अकुशल मजदूरों को प्रतिदिन 1.38 घनमीटर मिट्टी कटाई या चकरोड पर मिट्टी फेंकने की एवज में 213 रुपये तथा कुशल मजदूरों को प्रतिदिन 365 रुपये मजदूरी देती है। निजी कार्यों में काम करने वाले अकुशल मजदूरों को 350 रुपये तथा कुशल मजदूरों को 500 रुपये के साथ खाना-पीना भी मिल रहा है। इस कारण मनरेगा कार्यों से मजदूरों का मोह भंग हो रहा है।

> शासन से जो भी पैसा निर्धारित है, दिया जाता है। ऑनलाइन उपस्थिति में नेटवर्क आदि की समस्या से दिक्कत हो रही थी। इससे कुछ काम करने वालो की संख्या घटी थी। अब तकनीकी दिक्कत ठीक हो गई है। इससे मजदूरों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है।
>
> **दिग्विजय नाथ पांडेय, डिप्टी कमिश्नर, मनरेगा बलिया**

> ऐप से हाजिरी की व्यवस्था लागू होने के बाद कुछ दिनों तक पोर्टल में दिक्कत थी। इसकी वजह से हाजिरी लगाने में व्यवधान आ रहा था। अब पोर्टल की दिक्कतें दूर कर दी गई है।
>
> **रेनू तिवारी, मनरेगा आयुक्त**

## संक्षेप

### युवक के निधन से मचा कोहराम



**मझौवां।** हल्दी थाना क्षेत्र के मझौवां निवासी सूर्यजीत सिंह (32) की दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। सूर्यजीत सिंह पिछले कुछ समय से किसी गंभीर रोग से पीड़ित थे। दो-तीन दिन पहले ज्यादा परेशानी बढ़ने पर उन्हें दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती करवाया गया। सूर्यजीत सिंह दिल्ली में किसी प्राइवेट कंपनी में काम करते थे। सूर्यजीत की शादी अभी पिछले वर्ष जून में ही हुई थी। उनकी मृत्यु के बाद उनकी पत्नी पूजा सिंह का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। सूर्यजीत के मृत्यु की खबर उनके घर मझौवां पहुंचते ही परिवार के लोगों का बुरा हाल हो गया। सूर्यजीत तीन भाईयो में सबसे छोटे थे। सूर्यजीत से बड़े दो भाई अजय सिंह एवं रंजीत सिंह है। उनका अन्तिम संस्कार रविवार की सुबह गंगा घाट हुकुमछपरा पर किया गया। उनके उनके बड़े भाई अजय सिंह ने मुखाग्नि दी।

### सेवानिवृत्त होमगार्डों को दी विदाई



**बेल्थरारोड।** उभांव थाना क्षेत्र के छह होमगार्डों का रविवार को रिटायर होने पर भावभीनी विदाई दी गई। उभांव थाने के इस्पेक्टर राजीव कुमार मिश्र ने रिटायर होमगार्ड ओमकार शर्मा, विजय मलराम, रमेश चंद्र प्रसाद, रामबदन यादव, राम बच्चा सिंह, रामू यादव के योगदान की चर्चा की और रामचरितमानस देकर सम्मानित किया गया। वहीं, होमगार्डों ने अपने अनुभव साझा किया। इस मौके पर कंपनी बीओ ओमकार यादव, प्लाटून कमांडर शिवनाथ सिंह, दिग्विजय नाथ दुबे, शिवानंद राम, सत्येंद्र सिंह, अमरनाथ, उदयभान वर्मा, चंद्र प्रताप आदि मौजूद रहे।

### पदाधिकारियों को माला पहनाकर दी बधाई




**रसड़ा।** स्थानीय सीएचसी में रविवार को डिप्लोमा फार्मेसिस्ट राजपत्रित एसोसिएशन बलिया का अधिवेशन संपन्न हुआ। इसके मुख्य अतिथि प्रांतीय संगठन मंत्री राजकुमार राय, मंत्री राम सुरेश चौरसिया रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि संगठन में बहुत बड़ी शक्ति होती है। संगठन जब एक रहेगा तो हम किसी भी लड़ाई को एक साथ मिलकर जीत सकते है। इसके सर्वसम्मति से चुनाव कराया गया। चुनाव अधिकारी रामसुरेश चौरसिया की देखरेख में हुए चुनाव में अध्यक्ष डा. अनिल राय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश राम, उपाध्यक्ष प्रदीप पाठक, मंत्री अंजनी राम, संयुक्त मंत्री संतोष शर्मा, संगठन मंत्री पंकज राज, सम्पेक्षक बब्बन यादव, कोषाध्यक्ष किशोरीलाल को चुना गया। तत्पश्चात सभी पदाधिकारियों को माला पहनाकर बधाई दी गई।

### बराबरी पर छूटा सर्वेश व सुनील का मुकाबला



**रसड़ा।** नगरा ब्लाक के सलेमपुर गांव स्थित मां चंदेश्वरी परिसर में महाशिवरात्रि पर्व पर भव्य कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सुभासपा प्रदेश महासचिव शिवेंद्र बहादुर सिंह ने कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ पहलवानों का हाथ मिलाकर किया। कुश्ती प्रतियोगिता में जिले के अलावा पूर्वांचल के गाजीपुर, मऊ जौनपुर, आजमगढ़, चंदौली, वाराणसी के कई जनपदों के बड़े-बड़े पहलवानों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला बलिया के जिला केसरी सर्वेश यादव और वाराणसी के पूर्व केसरी सुनील के बीच हुआ, जिसमें दोनों पहलवानों ने एक से बढ़कर एक दांव पेच प्रस्तुत किया। अंत में दोनों जिला केसरी की कुश्ती बराबरी पर छूटी। इस मौके पर रामचंद्र जायसवाल, जयप्रकाश पासवान, कृष्णा राय, चंदन जयसवाल, रुद्र प्रताप सिंह, दिनेश राजभर, अंशु राजभर, वीरेंद्र यादव, यशवंत सिंह आदि मौजूद रहे।

### मेले में 80 रोगियों का किया गया उपचार



**बैरिया।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोटवां (बैरिया) में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन चिकित्साधिकारी डा. सफगुल्ला की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान कुल 80 रोगियों का निःशुल्क उपचार किया गया। दो रोगियों की स्थिति गम्भीर देखते हुए उन्हें सदर अस्पताल रेफर किया गया। डा. सफगुल्ला ने बताया कि प्रत्येक रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन होता है। आमजन को इसका लाभ उठाना चाहिए। इस अवसर पर फार्मासिस्ट वसन्त लाल, सुरेन्द्र कश्यप, लक्ष्मण भारतीय आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। वही, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मुरली छपरा में भी मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन हुआ, जिसमे 50 रोगियो को उपचार किया गया। इस अवसर पर डा. देवनीति सिंह, डा. सुमन मिश्र, डा. एसएन पाण्डेय, डा. आनन्द शर्मा आदि मौजूद रहे।

### शिवमंदिर में हुआ भव्य भण्डारा



**बलिया।** जिला कारागार परिसर के अन्दर शिव मंदिर पर शनिवार को आस-पास के पड़ोसियों और पुलिस परिवार के महिला-पुरूषों ने जलाभिषेक किया और 24 घण्टा संकीर्तन हुआ। रविवार को महाआरती कर भव्य भण्डारा किया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं टैगोर नगर स्थित कंकणेश्वर शिव मंदिर पर भव्य भण्डारा किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कंकणेश्वर समिति के सदस्यों में आशीष कुमार गुप्ता, राजन कुमार ने श्रद्धालुओं को प्रसाद घर ले जाने के लिए भी दिया।

# परिवहन मंत्री ने लगाई सीएमओ की जमकर क्लास, कहा कर दूंगा सस्पेंड

## मामला: वसुधरपार गांव में बंद है सीएचसी, नहीं मिला कोई

**बलिया।** नगर विधान सभा क्षेत्र के स्व0 विक्रमादित्य पाण्डेय पूर्व नगर विकास मंत्री के गांव वसुधरपार में बंद पड़े सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को देख भड़के परिवहन मंत्रीदयाशंकर सिंह ने सीएमओ डॉ0 जयंत कुमार को फोन से यह जानकारी दी थी कि इस गांव की सीएचसी बंद पड़ा हुआ है। यहां न तो कोई डॉक्टर है न ही कोई फार्मासिस्ट नहीं है आखिर वजह क्या है।

सीएमओ ने मंत्री को जानकारी दी थी की यहां कुल सात लोग कारगर है। मंत्री ने उन सातों डॉ0 व कर्मचारियों को निलम्बित करने की बात कही थी, इसके बावजूद भी सीएमओ ने कोई कार्रवाई नहीं की। यह वाक्या विगत कई दिनों की है। यह बात तब सामने आई जब रविवार को कलेक्टेट सभागार में अधिकारियों के साथ बलिया के विकास व जनसमस्याओं को लेकर बैठक चल रही थी। बैठक में प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु व सांसद नीरज शेखर, सकलदीप राजभर, अध्यक्ष जयप्रकाश साहू, जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक राजकरन नैयर, मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा,



सीएमओ डॉ0 जयंत कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

उस दौरान परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने सीएमओ की क्लास लेते हुए कहा कि वसुधरपार गांव में मैं गया था, वहां की सीएचसी बंद थी, वहां पर कार्यरत डॉक्टर व अन्य लोगों की निलम्बर की बात कही थी मैंने, लेकिन आप ने किया।

उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि अस्पतला जनता के लिए है और जिस अस्पताल में जनता को कोई सुविधा न मिले और सीएचसी पर ताला लटकता हो इससे सरकार की छवि खराब हो रही है। इसके बावजूद भी आप ने कोई कार्रवाई नहीं की। कहा कि यदि आप कोई कार्रवाई नहीं करते है तो आप पर कार्रवाई तय है। कहा कि मैं स्वयं मंत्री के नाते वहां मैं गया था, वहां का अस्पताल बहुत खूबसूरत है लेकिन वहां पर न तो कोई डाक्टर ड्यूटी करता है न कोई स्टाप।

ऐसे में सरकार से वेतन लेकर घर बैठे लोगों पर कोई कार्रवाई सीएमओ द्वारा नहीं होती है तो ऐसे में आपकी जवाबदेही बनता है। गौरतलब हो कि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह का विधानसभा क्षेत्र में वसुधरपार गांव का सीएचसी पड़ता है और यहां बार-बार जनता की शिकायत मंत्री के सामने होती रही है।

### शिक्षा व्यवस्था वही श्रेष्ठ जो हमें तार्किक, आध्यात्मिक दृष्टि देकर मुक्ति दे :आचार्य योगेश

**मऊ।** रविवार को आर्य समाज का 119 वां वार्षिकोत्सव प्रारंभ, हो गया है प्रातः काल भजन उपदेश का कार्यक्रम हुआ। यज्ञ के यजमान प्रतीक जायसवाल सपत्नीक उपस्थित रहे और यज्ञ ब्रह्मा पंडित हरिशंकर मिश्र तथा मनीष आर्य रहे। मुख्य वक्ता आचार्य योगेश भारद्वाज ने बताया कि बिना व्यवस्थापक के कोई व्यवस्था नहीं चल सकती सृष्टि का निर्माण सब कुछ परमपिता परमेश्वर करता है वह निराकार, सर्वशक्तिमान, न्याय कारी, दयालु, अजन्मा है हम सबको उसकी उपासना करनी चाहिए। कार्यक्रम के मध्य में भजन उपदेशक पंडित नरेश दत्त आर्य ने भजन जिस दिन घमंड अपने सर से उतार देगा उस दिन तुझे विधाता अनमोल प्यार देगा संगीत की पंक्तियों को गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं कार्यक्रम के उत्तरार्ध में स्वामी केवलानंद सरस्वती ने भक्तों के चार प्रकार जैसे ज्ञानी, जिज्ञासु, अर्थार्थी और आर्त पर प्रकाश डालते हुए सत, रज और तम गुण युक्त इस संसार की कर्मफल व्यवस्था, भाग्य, पुनर्जन्म, वैशिष्ट्य और वैविध्य पर चर्चा की। इस अवसर पर पंडित हरिशंकर मिश्र, संयोजक अजय आर्य, प्रशांत रत्नम सिंह, अजय सर्राफ, सुमित राय, प्रहलाद वर्मा, अशोक राय, ओम प्रकाश गुप्ता, सुरेंद्र आर्य, बब्बन प्रसाद वर्मा उदय प्रताप आर्य, कमला सिंह, शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ-साथ सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# गरीबों की झोपड़ियों पर चल रहा सरकार का बुलडोलर

**बोले अंकित कुमार राव**

### आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दी बुलडोजर की आहूति



आप के बांसडीह स्थित कार्यालय पर यज्ञ में आहूति देते कार्यकर्ता

**बलिया।** आम आदमी पार्टी बलिया इकाई द्वारा रविवार को बांसडीह स्थित पार्टी कार्यालय पर बुलडोजर आहुति यज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने यज्ञ कर बुलडोजर की आहुति दी। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी एवं पूर्वांचल प्रांत के उपाध्यक्ष अंकित कुमार राव ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बुलडोजर आतंक मचाये हुए है।

कहा कि कानपुर की घटना में ब्राह्मण मां-बेटी को आग लगाकर मार दिया गया। बुलडोजर चला कर घर गिरा दिया गया। इससे जनता में रोष व्याप्त है। अंकित कुमार राव ने कहा कि बुलडोजर विनाश का प्रतीक है। उत्तर प्रदेश में बुलडोजर गरीबों की झोपड़ियों को उजाड़ने का काम कर रहा है। इसको रोकना अति आवश्यक है। इसलिए आम आदमी पार्टी पूरे प्रदेश में बुलडोजर आहुति यज्ञ का कार्यक्रम कर रही है। जिलाध्यक्ष सुशांत राज भारत ने कहा कि आम आदमी पार्टी योगी सरकार की बुलडोजर चलाने की नीति का पुरजोर विरोध करती है। क्योंकि यह बुलडोजर आम आदमी पर चल रहा है, ना कि भाजपा से जुड़े हुए विधायकों, सांसदों और उनके फार्म हाउस पर चल रहा है। जो भाजपा में है, उनका सब माफ है। जो गरीब एवं कमजोर लोग हैं, उनका घर उजाड़ने का काम योगी सरकार का बुलडोजर कर रहा है। इस अवसर पर राजकुमार मौर्य, मुकेश सोनी, बिहारी लाल यादव, राजकुमार पांडेय, छोटे लाल शर्मा, नंदलाल जी, केशव गुप्ता, अनीश सिंह रावत, बलवंत पांडे, सुशील चौधरी, चौहान जी, कृष्ण कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

# विद्या भारती के विद्यालयों में होता है बच्चों का सर्वांगीण विकास

**बोले हेमचंद्र**

### नागाजी सरस्वती विद्या मंदिर में 'अमृतम् गमय' लघु प्रदर्शन संपन्न



दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हेमचंद्र एवं सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त

**बैरिया।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान जीवन की वर्तमान चुनौतियों का सामना करने वाली युगानुरूप शिक्षा के साथ-साथ भारतीय जीवन मूल्यों की शिक्षा संस्कारक्षम वातावरण में देने के कार्यक्रम में सतत् प्रयासरत है। विद्या भारती के विद्यालयों में छात्र के सर्वांगीण विकास हेतु समय-समय पर अनेक पाठ्येत्तर क्रिया-कलापों को सम्पन्न कराया जाता है।

उक्त बातें नागाजी सरस्वती विद्या मंदिर भोजापुर में रविवार को आयोजित 'अमृतम् गमय' लघु प्रदर्शन का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि क्षेत्रीय संगठन मंत्री, पूर्वी उत्तर प्रदेश हेमचंद्र ने व्यक्त किया। विशिष्ट अतिथि सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त ने कहा कि विद्या भारती के विद्यालयों में शारीरिक शिक्षा, संगीत शिक्षा, नैतिक शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा के द्वारा छात्रों को देशभक्त नागरिक बनाने का कार्य निरन्तर चल रहा है।

अतिथियों के स्वागत के पश्चात् विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. राजेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि परिश्रम और मेहनत की बदौलत नागाजी भोजापुर ऊंचाईयों को छू रहा है। परिश्रम करने से हम जिन्दगी में सफलता जरूर प्राप्त कर सकते है। परिश्रम करने से असंभव कार्य भी संभव हो सकता है। अतः हमें परिश्रम और अनुशासन निरंतर बनाये रखना चाहिये। कार्यक्रम मां सरस्वती की वन्दना से प्रारम्भ होकर राष्ट्रगीत वन्देमातरम् से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में एकल गीत, समूह गीत, समूह नृत्य, अभिनय आदि का सफल मंचन हुआ। इस अवसर पर रामय जी, अनिल कुमार सिंह, रामकुमार तिवारी, संजय कुमार कश्यप, रामनाथ गुप्त, अरविंद सिंह चौहान, उमा सिंह, गोविन्द आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता रामकुमार तिवारी एवं संचालन आदित्य पराशर ने किया।

# आयुष्मान भारत मेला में 906 लाभार्थियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण, 61 लाभार्थियों का होगा उपचार

## जनपद में कुल 421928 गोल्डन कार्ड धारक, पिछले 6 महीनों में कुल 258172 गोल्डन कार्ड बने

**मऊ।** जिलाधिकारी अरुण कुमार के निर्देश पर प्रत्येक रविवार को लगने वाले मुख्यमंत्री आरोग्य मेला के साथ ही गोल्डन कार्ड धारकों के उपचार की सुविधा हेतु लगने वाले आयुष्मान भारत मेला में आज जनपद के सभी 40 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कुल मिलाकर 906 लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिनमें से 61 लाभार्थियों को उपचार की सुविधा प्रदान करने हेतु निकटतम सरकारी एवं संबद्ध प्राइवेट अस्पतालों हेतु चिन्हित किया गया।

यह व्यवस्था अब प्रत्येक रविवार को लगने वाले आयुष्मान भारत मेला द्वारा लागू रहेगी तथा आवश्यकतानुसार उपचार हेतु लाभार्थियों का निकटतम सरकारी अथवा संबद्ध अस्पतालों में इलाज की सुविधा प्रदान की जाएगी। शीघ्र ही इस व्यवस्था द्वारा अधिक से अधिक लाभार्थियों को उपचार की सुविधा प्राप्त होने लगेगी। जनपद में पहले सरकारी अस्पतालों के साथ ही 12 प्राइवेट हॉस्पिटल गोल्डन कार्ड धारकों के इलाज हेतु संबद्ध थे, परंतु जिला प्रशासन के प्रयास से अब 24 प्राइवेट अस्पतालों में गोल्डन कार्ड धारकों को इलाज की सुविधा मिलेगी। जनपद में कुल 1 लाख 86 हजार 404 अंत्योदय कार्ड धारक हैं।

जिला प्रशासन के प्रयासों से वर्तमान में 1लाख 50 हजार 639 अंत्योदय कार्ड धारकों का गोल्डन कार्ड बन गया है, जो कुल संख्या का लगभग 81 प्रतिषत है। वर्तमान में जनपद में कुल 4 लाख 21 हजार 928 गोल्डन कार्ड धारक हैं,जिनमें से 2 लाख 58 हजार 172 लाभार्थियों के कार्ड पिछले 6 महीनों में ही बनाए गए हैं। जिला प्रशासन शीघ्र ही गोल्डन कार्ड धारकों को टेली कंसल्टेंसी के माध्यम से भी



उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने जा रहा है। इसके लिए विभिन्न ऐप विकसित किए गए हैं, जिनमें ई-संजीवनी, सेहत ओपीडी एवं आरोग्य सेतु प्रमुख है। टेली कंसल्टेंसी में संबंधित क्षेत्र के आशा एवं एएनएम द्वारा गोल्डन कार्ड धारकों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से डॉक्टर से संपर्क स्थापित करा कर आवश्यकतानुसार उनके उपचार की व्यवस्था की जाएगी। टेली कंसल्टेंसी द्वारा गोल्डन कार्ड धारकों को इलाज की सुविधा प्रदान करने हेतु सरकारी एवं प्राइवेट अस्पतालों के कुल 43 डॉक्टरों ने अपनी सहमति प्रदान कर दी है।

जिला प्रशासन का प्रयास है कि अधिक से अधिक योग्य डाक्टरों की सहमति लेकर टेली कंसल्टेंसी के माध्यम से गोल्डन कार्ड धारकों को इलाज की सुविधा प्रदान की जाए। जिला प्रशासन का पूरा प्रयास है कि शासन की मंशा अनुरूप गोल्डन कार्ड धारकों को उपचार की दी जाने वाली सुविधा का लाभ दिया जाए, इसके लिए आयुष्मान भारत मेला एवं टेली कंसल्टेंसी जैसी व्यवस्था के माध्यम से लाभार्थियों को उपचार की सुविधा की व्यवस्था की जा रही है।

### यूपीसीए खिलाड़िओं का पंजीकरण 19 से

**मऊ।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन आगामी वित्तीय वर्ष 2023- 2024 के लिए खिलाड़िओ के पंजीकरण की तिथि 19 फरवरी 2023 घोषित की गयी है। प्रेसवार्ता में ये जानकारी मऊ क्रिकेट संघ के अध्यक्ष डॉ संजय सिंह ने दी। गाजीपुर मंडल के लिए सभी फॉर्मेट बालक/बालिका ( अंडर-14, अंडर-16, अंडर 19, अंडर 24, तथा ओपन) के ट्रायल पंजीकरण के लिए शारदा नारायण अस्पताल के काउंटर न० 6 से सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक आवेदन पत्र प्राप्त कर निर्धारित 400/-शुल्क के साथ पंजीकरण करा सकते है। जनपद के खिलाड़िओ एवं उनके अभिभावक से अपील है की समय रहते स्वंय की सुविधानुसार उपरोक्त निर्धारित स्थान से होने शैक्षिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति सहित से निर्धारित पंजीकरण जमा कर फॉर्म साफ एवं स्पष्ट अक्षरों में भर कर जमा कर दे एवं रसीद प्राप्त कर ले। अधूरे एवं अस्पष्ट भरे गए आवेदन पत्र निरस्त किये जा सकते है। यह ट्रायल उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देश के अनुसार ही आयोजित किया जायेगा। ट्रायल के तिथिओ की सुचना यूपीसीए से प्राप्त होने के उपरांत मोबाइल व समाचार विज्ञप्ति के माध्यम से सभी प्रतिभागिओ को समय रहते भेज दी जाएगी।

# रिया सिंह का जज पद पर दोहरे चयन से खुशी का माहौल

**मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ।** मऊ जिले का नाम रौशन करते हुए मुहम्मदाबाद गोहना तहसील क्षेत्र के शमशाबाद गांव की बेटी रिया सिंह ने बिहार के बाद मध्य प्रदेश में भी जज पद पर चयनित होकर दोहरी सफलता हासिल की है। चयन की खुशखबरी से पैतृक गाँव शमशाबाद सहित पूरे करहां क्षेत्र में खुशी का माहौल है। बिटिया के दादा इन्द्रदेव सिंह क्षेत्रीय लोगों की बधाईयाँ स्वीकार कर सबको धन्यवाद ज्ञापित कर रहे हैं।

इंटरमीडिएट के उपरांत वनस्थली विद्यापीठ जयपुर से बीबीए करने के बाद रिया सिंह देश की राजधानी दिल्ली के मुखर्जी नगर स्थित एक कोचिंग संस्थान से न्यायिक सेवा की तैयारी कर रही थी। रिया के दादा इन्द्रदेव सिंह एक सफल व्यवसायी एवं जेके मेमोरियल पब्लिक स्कूल दरौरा के प्रबंधक हैं जबकि उनके पिता हरिनारायण सिंह रायबरेली में कृषि उपनिदेशक हैं और माता सुमन सिंह



गृहणी है। भाई अंशुमान सिंह सिविल सेवा की तैयारी करते हैं। शनिवार रात्रि परिणाम की सूचना रविवार सुबह पैतृक गाँव पहुँचते ही क्षेत्र में खुशी का माहौल तैर गया। लोग फोन से एवं मिलकर रिया सिंह के दादा को बधाई देने लगे। दोपहर बाद लखनऊ से पटना ज्वाइनिंग हेतु जाते हुए रिया सिंह का सठियांव स्थित पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर पहुँचकर स्वागत किया गया। बिटिया रिया ने बताया कि जबतक मध्य प्रदेश की नियुक्ति संबंधी औपचारिकताएं पूरी नहीं हो जाती तबतक बिहार न्यायिक सेवा में कार्यरत रहते हुए अनुभव हासिल करेंगीं। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से इन्द्रदेव सिंह, महेंद्र सिंह, सुब्बा सिंह, संदीप दास, मोहम्मद कैसर, लव कुमार, आदि रहे।

### अंतरराष्ट्रीय मातेश्वरी महा धाम द्वारा चौथे अश्वमेध यज्ञ की तैयारी पूरी

**दोहरीघाट, मऊ।** सरयू नदी के पावन तट पर स्थित अंतर्राष्ट्रीय मातेश्वरी महाधाम के तत्वाधान में चैथे अश्वमेघ महायज्ञ जो 21 फरवरी से 1 मार्च तक चलेगा जिसमें लाखों लोगों के भाग लेने की संभावना है करीब 51000 कुंड पर भक्तों द्वारा हवन किया जाएगा। सुबह शाम अंतरराष्ट्रीय मातेश्वरी महाधाम के संस्थापक सदगुरु महाराज द्वारा प्रवचन ध्यान योग कराया जाएगा। 21 फरवरी को होने वाले भव्य कलश यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है कलश यात्रा दोहरीघाट कस्बे से होते हुए दोहरीघाट घाघरा पुल से होकर गोरखपुर जनपद के बड़हलगंज कस्बा भ्रमण करते हुए मुक्तिपथ बड़हलगंज पर सभी भक्त अपने-अपने कलश में जल भरेंगे और पुनः अंतरराष्ट्रीय मातेश्वरी महाधाम में आकर मुख्य पवित्र कुंड का परिक्रमा कर उसके सामने कलश पर दीप प्रज्वलित कर अश्वमेध यज्ञ का प्रारंभ किया जाएगा। 21 फरवरी को होने वाले कलश यात्रा में हाथी घोड़ा मनमोहक झांकियों जिसमें ब्रह्मा विष्णु महेश राधाकृष्ण पार्वती अष्टभुजी आदि दर्जनों झांकियों संग निकाली जाएगी। इस अश्वमेघ महायज्ञ में क्षेत्र के दूरदराज से आए हुए भक्तों के अलावा अन्य प्रदेशों दिल्ली मुंबई कोलकाता बिहार झारखंड के साथ-साथ विदेशों थाईलैंड कंबोडिया आदि स्थानों से भक्तगण भाग लेंगे। 28 फरवरी को मातृभक्तो द्वारा लाखो दीपो से माँ सरयू की महाआरती की जाएगी।

# सांसद निधि से दूर होगी जल जमाव की समस्या

## 96 लाख से होगा नाला का निर्माण, काजीपुरावासियों को मिलेगी राहत

**बलिया।** करीब छह साल से जल जमाव का दंश झेल रहे काजीपुरावासियों में अब राहत मिलने की उम्मीद जगी है। शहर के काजीपुरा मोहल्ले में सांसद निधि से 96 लाख से नाला का निर्माण किया जाएगा। इस कार्य के लिये सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने अपनी सहमति दे दी है। इसके निर्माण से वर्षों से जल निकासी की समस्या से जूझ रहे काजीपुरा वासियों को राहत मिलेगी। यहां के लगभग हजारों की आबादी को जलभराव से होकर नहीं गुजरना पड़ेगा।

नगर का काजीपुरा मोहल्ला वर्षों से जलनिकासी की समस्या से जूझ रहा है। करीब तीन हजार की आबादी नारकीय जीवन जीने को विवश हो जाती है। बताया जाता है कि जिला प्रशासन पानी निकासी के लिए 1.62 करोड़ की लागत में धूम बाबा मंदिर से काजीपुरा क्रासिंग, अनुसूचित बस्ती से जापलिगंज चौकी तक कुल 770 मीटर नाले का निर्माण पूरा कर चुका है, लेकिन मोहल्ले को बड़े नाले से जोड़ने वाले छोटे नालों का निर्माण नहीं हुआ है। एससी कालेज के पास नगर पालिका द्वारा नया क्रास डेन बनाने की मांग थी, लेकिन भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) ने इसकी स्वीकृति नहीं दी। करीब एक सप्ताह पहले सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त की अध्यक्षता में स्थानीय निकाय के प्रभारी अधिकारी व अधिशासी अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें काजीपुरा मोहल्ले की जल निकासी के लिए नाला निर्माण का मामला सामने आया। सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने इसके लिए अपनी निधि से 96 लाख की सहमति दी। सांसद ने अधिकारियों को इस बाबत जल्द प्रस्ताव तैयार करने को कहा, ताकि समय से नाला निर्माण का कार्य शुरु हो सके। काजीपुरा मोहल्ले की कई गलियां भी काफी खराब हैं। प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय ने बताया कि नगर पालिका की ओर से प्रस्तावित आठ गलियों के निर्माण की स्वीकृति हो चुकी हैं। जल्द ही इन गलियों का निर्माण भी होगा। गलियों से होकर निकलने वाला पानी अब नए नाले से होते हुए बड़े नाले में गिरेगा, जिससे इस मोहल्ले को राहत मिलेगी।

### आठ गलियों के निर्माण की मिली स्वीकृति

**बलिया।** इस संबंध में सीआरओ एवं प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय बलिया अनिल कुमार अग्निहोत्री ने बताया कि नगर के काजीपुरा मोहल्ले में आठ गलियों के निर्माण कार्य की स्वीकृति हो चुकी है। इस मोहल्ले की जल निकासी के लिए सांसद निधि से नाला का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए सांसद की ओर से सहमति दी गई है। नगर पालिका को प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया है।

# महाशिवरात्रि पर शिव बारात में शामिल हुए परिवहन मंत्री

**आयोजन**

### भव्य कार्यक्रम के लिए आयोजकों को दी बधाई

**बलिया।** महाशिवरात्रि पर्व पर निकली शिव बारात में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह शामिल हुए। इस दौरान वह लगभग कई घंटे तक शिव भक्तों के साथ रहे। उन्होंने जगह-जगह भगवान भोलेनाथ की सजी झांकी का दर्शन भी किया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि बलिया में भव्य तरीके से शिव बारात निकलती है। इस तरह का शिव बारात पूर्वांचल में अपनी अलग पहचान रखता है। इसमें बुढ़े, नौजवान, महिलाएं, पुरूष सब शामिल होते है। हजारों की भीड़ बाबा के बारात में शामिल होती है।

कहा कि अगले साल महाशिवरात्रि के दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आग्रह करेंगे कि बलिया आएं और हेलीकाप्टर से शिव बारात पर फूलों की वर्षा करें। पूर्वांचल का माने-जाने इस पर्व में बलिया के ही नहीं, बल्कि पूर्वांचल के लोग शामिल होते है। बाबा बालेश्वर नाथ की बारात में भूत-पिशाच आकर्षण का केंद्र रही। बारात में निकली अड़भंडियों की टीम से पूरा बारात शिवमय हो गया। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने जापलिनगंज, रामलीला मैदान, एलआईसी रोड, मालगोदाम रोड, सिनेमा रोड, कासिम बाजार आदि जगहों पर अपने लोगों के साथ शिव बारात का दर्शन किया। इसके अलावा मिड्ढी शिव मंदिर, कैलाश धाम, अमृतपाली, टैगोर नगर आदि जगहों से निकली शिव बारात के आयोजकों को बधाई दी। उनके साथ राजेश गुप्ता, अभिषेक सोनी, संजीव कुमार डंपू आदि शामिल रहे।



नगर में निकली शिव बारात में शामिल हुए परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह एवं अन्य



शिव बारात के दौरान बाबा बालेश्वर नाथ की आरती करते पुजारी



सिकंदरपुर क्षेत्र में निकली शिव बारात



वर-वधु को आशीर्वाद देते लोग

### देर रात तक होता रहा शिव-पार्वती विवाह

**बलिया।** महाशिवरात्रि के अवसर पर शनिवार की देर रात तक बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर में भगवान शिव-पार्वती का विवाह संपन्न हुआ। इस दौरान श्रद्धालु महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थी। बाबा की आरती भव्य रूप से की गयी। बाबा की आरती में श्रद्धालु भोला बाबा के जयकारे लगाते रहे। इस दौरान बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर में देर रात तक सांस्कृतिक कार्यकमों का आयोजन भी किया गया। इसमें कलाकारों ने अपने गायकी और कला से सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक धार्मिक गीत प्रस्तुत किये। विवाह से पूर्व शिव भक्तों ने शिव बारात निकाल कर नगर भ्रमण किया। इस दौरान शिव बारात में विभिन्न देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियों का दर्शन कर भक्त निहाल हो गये।

### शिव बारात पर महिलाओं ने की पुष्प वर्षा

**सिकंदरपुर।** कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हाथी, घोड़े, ऊंट एवं गाजे-बाजे के साथ चतुर्भुज नाथ मंदिर एवं बाबा अद्भुत नाथ मंदिर किला का पोखरा से वैदिक मंत्रोचार के बाद जब भगवान भोलेनाथ की वारात निकली तो आमजन भगवान भोलेनाथ की भक्ति में लीन हो गया। इसमें न सिर्फ सिकंदरपुर कस्बा, बल्कि आस-पास के क्षेत्र के लोग भी शामिल हुए। बारात में विभिन्न देवी-देवताओं की झांकियां लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती रही। शिव वारात जिन मार्गों से गुजरा, उस पर महिलाएं छतों से पुष्प वर्षा करती रही। शिव वारात चतुर्भुज नाथ मंदिर से निकल कर नगरा मोड़, हास्पिटल रोड, सोनार गली, जल्पा चौक, बस स्टेशन, मुहल्ला मिल्की, उर्दू मार्केट सहित निर्धारित मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर परिसर में आकर संपन्न हुआ। इस दौरान जमकर अबीर-गुलाल उड़ाये गये। मंगल गीत के बीच शिव-पार्वती का विवाह संपन्न हुआ। इसके पूर्व मंदिर के पुजारी पंडित महेंद्र ने विधि-विधान से सभी कार्यक्रम संपन्न कराया। उपजिलाधिकारी अखिलेश कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी भूषण वर्मा, थानाध्यक्ष दिनेश पाठक, चौकी इंचार्ज बंश बहादुर सिंह सदल-बल चक्रमण करते रहे। इस अवसर पर पूर्व विधायक संजय यादव, संजय जायसवाल, डा. उमेश प्रसाद, मुन्ना बरनवाल, विट्टू पाण्डेय, ददन पाण्डेय, अमलेश पाण्डेय, गणेश प्रसाद सोनी, मोहन पाण्डेय, मनोज मोदनवाल, हरिशंकर गुप्ता, राकेश सिंह, लालबचन शर्मा, अशोक गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, अशोक जायसवाल, घनश्याम मोदनवाल, कन्हैया पासवान आदि मौजूद रहे।

### परिणय सूत्र में बंधे पांच जोड़े

**बिल्थरारोड।** उभांव थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बनकरा में महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर शनिवार को तारकेश्वर नाथ आश्रम पर हर साल की भांति इस साल भी पांच जोड़े का विवाह आश्रम के संस्थापक तारकेश्वर सिंह द्वारा हिंदू रीति-रिवाज से भगवान शंकर को साक्षी मानकर संपन्न कराया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य जनार्दन सिंह यादव ने बताया कि आगामी वर्ष जितने भी गरीब, असहाय एवं अनाथ पुत्री होगी, मैं उनकी शादी के लिए तत्पर रहूंगा। शादी के उपरांत वर-वधू को आशीर्वाद देने के साथ ही सम्मानजनक आवश्यक सामग्री देकर विदाई किया गया। इस दौरान विशाल मेला और भंडारा का आयोजन किया गया। इस मौके पर तारकेश्वर सिंह, विश्व गुरु स्वामी शिवनारायण, अमरजीत जी महाराज, हरिकिशुन यादव, संतोष यादव, बलवंत मिश्रा, रामाशीष पासवान आदि मौजूद रहे।

### मांगलिक गीतों के बीच शिव-पार्वती विवाह संपन्न



**बलिया।** महाशिवरात्रि पर गोला रोड स्थित कैलाश धाम मंदिर परिसर से भव्य शिव बारात निकली। यह विभिन्न मार्गों से होते हुए देर शाम पुनः मंदिर पर पहुंची। यहां मांगलिक रस्मो की अदायगी के बाद शिव-पार्वती विवाहोत्सव संपन्न हुआ। इसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। शिव बारात में विभिन्न देवी-देवताओं की झांकी आकर्षण का केन्द्र बनी रही। शिव बारात का नेतृत्व महाराज भगवान दास ने किया। इस अवसर पर शंभू सिंह, संतोष शुक्ल, शत्रुध्न सिंह, अरूण कुमार सिंह बब्बू, पारस ठाकुर, राजेन्द्र पांडेय, रामेश्वर सिंह यादव झलन, शंकर यादव, प्रवीण कुमार सिंह, संजीव सिंह, सुभाष यादव, श्याम जी, अनूप चौबे, राजेश गोंड आदि मौजूद रहे।

### पुलिस प्रशासन की रही कड़ी सुरक्षा



**कोपागंज, मऊ।** महाशिवरात्रि पर्व पर शनिवार की शाम पुलिस प्रशासन के चुस्त-दुरुस्त व्यवस्था के बीच धूमधाम से शिव बारात निकाली गई। शिव बारात में जहां आस्था का सैलाब उमड़ा रहा वही डीजे की धुन पर भगवान भोलेनाथ के जयकारो और भक्ति गीतों पर भांग धतूरा खाकर मदमस्त शिव बारातियों का हुजूम देर रात तक बाजार के सड़कों पर खूब थिरकते रहा। शिव बारात में नर कंकाल और मानव रूपी राक्षस भूत प्रेत और भगवान भोलेनाथ के गले में सांप बिच्छू जहां बारात की शोभा बढ़ा रहा था। वहीं भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने के लिए नगरवासी काफी व्याकुल थे। शिव बाराती अबीर-गुलाल उड़ाते और नाचते झूमते चैक, भरत मिलाप प्राचीन शीतला मंदिर मुख्य बाजार होते हुए करीब साढ़े दस बजे हाईवे पर स्थित शिव मंदिर पर पहुंचा जहां पहले से प्रतीक्षा कर रही बड़ी संख्या में महिलाओं ने बरात लेकर पहुंचे भगवान भोलेनाथ का विधिवत सील लोढ़ा और मुसर से परछान किया और विवाह गीत गाकर देर रात भगवान भोलेनाथ और शिव पार्वती से विवाह की रस्म पूरी कराई ।

# भरभरा कर गिरी दीवार मजदूर की दबकर मौत

दुखद

### गेहूंडी गांव की घटना, शव को पुलिस ने कब्जे में लिया

जनसंदेश न्यूज



गेहूंडी गांव में युवक की मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन।

**कासिमाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के गेहूंडी गांव में रविवार की सुबह एक व्यक्ति के पुराने मकान तोड़ने के दौरान दीवार गिरने से मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गेहूंडी गांव के अशोक यादव पुत्र स्व. बनारसी यादव के मकान का तोड़ने का कार्य चल रहा था।

जिसमें गांव निवासी स्व फौजदार राजभर का छोटा पुत्र महेंद्र राजभर (33) मजदूरी का कार्य कर रहा था। रविवार के दिन महेंद्र राजभर मकान का सीढ़ी के नीचे कच्चे निर्मित इट के दीवाल को तोड़ने का कार्य कर रहा तभी दीवार भरभरा कर गिर गया। जिसमें महेंद्र राजभर दबकर बुरी तरह घायल हो गया। ग्रामीण आनन-फानन में अस्पताल ले जा रहे थे। लेकिन रास्ते में दम तोड़ दी। परिजनों ने बताया कि मृतक राजभर एक सप्ताह से मकान तोड़ने का कार्य कर रहा था। मृतक अपने भाइयों में छोटा था बड़ा भाई विसर्जन राजभर टेलर का कार्य करता है तो वही मृतक महेंद्र राजभर मजदूरी कर घर गृहस्थी चलाता था। मृतक महेंद्र राजभर की बड़ी पुत्री प्रीती राजभर (15) वर्ष, पुत्र प्रिंस राजभर (12) तीसरा पुत्र प्रीतम (8) है।मृतक की पत्नी निरमा देवी सहित परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। कासिमाबाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने बताया कि शव को कब्जे में लिया गया है। मृतक की पत्नी निरमा देवी के द्वारा शव को पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया गया।

## नगर निकाय चुनाव में देरी दावेदारों की बढ़ा रही धड़कन

जनसंदेश न्यूज




**गाजीपुर।** नगर निकाय चुनाव में राजनीतिक दलों से टिकट चाहने वालों की धड़कनें बढ़ी हुई हैं। अटकलों का दौर भी जारी है। निकाय चुनाव के दावेदार चुनावों को लेकर चिंतित हैं। वे पार्टी नेताओं से पूछ रहे हैं कि चुनाव कब होंगे। नेता भी फिलहाल साफ तौर पर कुछ कहने की स्थिति में नहीं हैं। लेकिन वह तैयारियों को अंतिम रूप दे रहे हैं। टिकट के लिए राजधानी लखनऊ और दिल्ली में भाजपा, सपा, बसपा, कांग्रेस, आप पार्टी कार्यालयों में तमाम नेता और नेत्रियां कुछ निकटस्थों के साथ अपनी पैरवी के लिए पहुंचे हुए हैं। सबसे ज्यादा मारा-मारी चेयरमैन पद को लेकर है। ऐसे में पार्षद सीट के दावेदारों के साथ के साथ चेयरमैन का टिकट मांगने वालों के चेहरे एक बार फिर से सामने आ गए हैं। आरक्षण को लेकर उठे विवाद के बाद चुनाव टल गए थे। अब दावेदारों का टिकट भी आरक्षण पर तय है। वैसे निकायों में चेयरमैन और पार्षदों का कार्यकाल जनवरी की अलग-अलग तारीखों में खत्म हो चुका है। लंबे समय से सदर में चेयरमैन की सीट भाजपा की झोली में है और इस कारण भाजपा में टिकट मांगने वालों की लंबी लाइन है। 2024 के लोकसभा चुनाव को देखते पार्टी ऐसे उम्मीदवार को मैदान में उतारना चाहती है, जिससे उसका प्रभाव 2024 के चुनाव में भी दिखाई दे। यही कारण है कि टिकट पाने का आशीर्वाद लेने के लिए लखनऊ और दिल्ली नेताओं से मिलने के लिए भी दावेदार जा रहे हैं।

## संक्षेप

### मारपीट में घायल अधेड़ की मौत, मचा कोहराम

**जमानियाँ।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खिजिरपुर में शनिवार देर शाम पुरानी जमीनी विवाद में हुए मारपीट में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार दो भाईयों के बीच में जमीन का पुराना विवाद चल रहा था। जिसमें एक पक्ष का संतोष राम ;48द्ध पैरवी कर रहे थे। किसी बात को लेकर शनिवार की देर शाम दोनों पक्षों में मारपीट हो गईए जिसमें संतोष राम को गम्भीर चोट लग गई। परिजन संतोष को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गयेए जहाँ स्थिति गम्भीर देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्तापल जाते समय गंभीर रूप से घायल संतोष ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंच कर आवश्यक कार्यवाई का मातहतों को निर्देश दिये। परिजनों ने रविवार को सात व्यक्तियों को नामजद करते हुए कोतवाली में तहरीर दिया।

### पुरानी सब्जी मंडी में उड़ रही धूल

**नंदगंज।** स्थानीय मुख्य बाजार की पुरानी सब्जी मंडी में दिनभर मिर्च मिली धूलि उड़ती रहती है। जो लोगों के स्वास्थ्य को बिगाड़ रही है। आस-पास कई कॉलेज होने से छात्र-छात्राओं व वरिष्ठ नागरिकों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। धूलि सांस के माध्यम से फेंफड़ों में जमा हो रही है। लोगों को बाजार से सब्जी व अन्य सामान लेते समय मजबूरी में रुमाल व गमछा से नाक बन्द करनी पड़ रही है। इसका मुख्य कारण लोगों द्वारा सीसी रोड के दोनों ओर पटरी पर मिट्टी व गिट्टी डालकर ऊँचा करना है। वाहनों के आवागमन से धूलि का गुब्बार उड़ता रहता है। पुरानी मंडी होने के कारण यहां सबसे अधिक दुकानें सब्जी की हैं। दुकानदार मिर्च के साथ अन्य अपशिष्ट झाड़कर सड़क पर डाल देते हैं। जिसकी वजह से धूल के कण के साथ लोगों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है। वहां से महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गो का निकलना मुश्किल हो रहा है।नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सक डा. पंकज कुमार के अनुसार मिर्च की डस्ट लोगों के फेंफड़ों में पहुंचकर दमा, एलर्जी आदि बीमारियों को जन्म देती है। जबकि इस बाजार से प्रशासनिक अधिकारियों का रोजाना निकलना होता है। लेकिन डस्ट की समस्या को लेकर किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### आज मां काली मंदिर का वार्षिक शृंगारोत्सव

**सादात।** नगर पंचायत कार्यालय के बगल में स्थित मां दुर्गा व काली मंदिर का वार्षिक श्रृंगारोत्सव सोमवार को परम्परागत ढंग से मनाया जायेगा। इस मौके पर वैदिक रीति रिवाज के साथ हवन पूजन किया जायेगा। वहीं देवी देवताओं की झांकी संग भजन संध्या और वृहद भंडारा का आयोजन होगा। वार्षिक श्रृंगारोत्सव की तैयारी में आयोजन समिति के नगर के दीपक गुप्ता, सुनील बर्नवाल, चंदन वर्मा, सुरेन्द्र मद्धेशिया, विवेक मद्धेशिया, विजय गुप्ता आदि लगे हुए है। आयोजन प्रमुख दीपक गुप्ता ने बताया कि विशेष पूजा, अर्चना एवं अनुष्ठान के साथ 20 फरवरी 1997 को दुर्गा प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी।

### भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की बैठक संपन्न

**मरदह।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ब्लाक कमेटी की बैठक रविवार को स्थानीय बाजार में सम्पन्न हुई। जिला सचिव कामरेड जनार्दन राम ने कहा कि मौजूदा परिस्थिति में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की बड़ी भूमिका है,जैसा कि पार्टी के राष्ट्रीय महाधिवेशन आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में यह निर्णय हुआ कि देश से भारतीय जनता पार्टी की सरकार को सत्ता से हटाने के लिए देश के सभी लाल झंडे की पार्टियों को यूनाइटकर क्षेत्रीय दलों को साथ लेकर महागठबंधन बनाने की जरूरत है। इस अवसर पर रामजी गुप्ता, रामलाल, चतुरी, राजीव सिंह, राधेश्याम यादव, मुरली प्रजापति, भोला राम, अमरदेव यादव, सुदामा राम,रामनारायण,गोरख यादव आदि ने अपना विचार व्यक्त किया।

### आज होगा जश्ने दस्तार हिफज जलसा का आयोजन

**दिलदारनगर।** क्षेत्र के मिर्चा गांव स्थित दारुल उलूम ख्वाजा गरीब नवाज मदरसा में 23 फरवरी गुरुवार की रात्रि में सलाना ख्वाजा गरीब नवाज कॉन्फ्रेंस व जश्ने दस्तार हिफज जलसा का आयोजन किया गया। जिसमें मुल्क के नामचीन मशहूर ओलमा एवं शायर मौजद रहेंगे। इसकी जानकारी जलसा के आयोजित कमेटी ने दिया है।

## दबंगों से जान-माल की सुरक्षा की लगायी गुहार

**गहमर।** रंजिश को लेकर पड़ोसियों ने दरवाजे पर चढ़कर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की दी धमकी डरे सहमे वृद्ध ने पुलिस को तहरीर देकर जानमाल की सुरक्षा का लगाया गुहार। वहीं पीड़ित के तहरीर पर कोतवाली पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है। श्री निवास यादव (60) निवासी गांव भतौरा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मेरे ही पड़ोसी विरेन्द्र यादव जमीनी विवाद को लेकर रंजिश रखते हैं। मेरे अनुपस्थिति में दबंगई से छत पर रखा लोहे के प्लेट का बना गाटर बनाने वाला फार्मा को लेकर चले गए। पूछने पर विरेन्द्र यादव, तारकेश्वर यादव, अनुज यादव, अभिषेक यादव, राजेश यादव, राहुल यादव लाठी डंडा के साथ मेरे दरवाजे पर चढ़कर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे।

डायल 112 पुलिस को पहुंचते ही सभी लोग भाग गये। प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि तहरीर मिला है जांच कर आवश्यक कार्यवाही किया जाएगा।

# विजय हॉस्पिटल में जच्चा-बच्चा की मौत

हंगामा

### डीएम के आदेश की उड़ी धज्जी, विभागीय अधिकारियों ने नहीं चलाया अभियान

जनसंदेश न्यूज



भुड़कुड़ा कोतवाली में मौत के बाद पहुंचे आक्रोशित ग्रामीण।

**जखनियां।** जखनियां तहसील में अवैध निजी नर्सिंग होम की तादाद ज्यादा है। आए दिन यहां इलाज के दौरान मौत की खबरें आती रहती है। हालांकि, डीएम आर्यका अखौरी ने विभागीय अधिकारियों को झोलाछाप डाक्टर और निजी नर्सिंग होम के खिलाफ टीम बनाकर अभियान चलाने को कहा था। लेकिन अधिकारी उनके आदेशों की धज्जियां उड़ा रहें है। इसका ताज उदाहरण जखनियां तहसील के विजय हॉस्पिटल पर देखने को मिला। जहां प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा की मौत हो गई।

दुल्लहपुर थाना के खालिसपुर निवासी बीना यादव पत्नी ओमप्रकाश यादव 32 वर्ष शनिवार की शाम प्रसव पीड़ा होने के बाद परिजनों ने 102 नंबर पर फोन कर एंबुलेंस बुलाई और स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गए। अस्पताल में कार्यरत स्टाफ नर्स शशी सिंह एवं प्रमिला ने मरीज को चेक किया। बताया कि नॉर्मल डिलीवरी रात 12:00 बजे तक हो जाएगी। दवा की पर्ची लिख कर दी। परिजनों ने मेडिकल से दवा लाकर दिया। उसके बाद रविवार की भोर में 4:00 बजे स्टाफ नर्स ने बताया कि ऑपरेशन से बच्चा निकालना पड़ेगा। जिसकी सुविधा सरकारी अस्पताल पर नहीं है। उन्होंने क्षेत्र के ही प्राइवेट अस्पताल विजय हॉस्पिटल पर फोन कर एंबुलेंस को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बुलाया। परिजनों से कहा कि अच्छे डॉक्टर हैं आप का इलाज यहां हो जाएगा।

प्रभारी निरीक्षक राजू दिवाकर सहित क्षेत्राधिकारी रविंद्र कुमार वर्मा मौके पर पहुंचकर जानकारी ली और परिजनों से कहा कि जो भी उचित कानूनी कार्यवाही होगी।

### बच्चे की हालत बिगड़ने पर अस्पताल ने झाड़ा पल्ला

परिजन भोर में ही प्रसूता को लेकर विजय हॉस्पिटल पहुंचे। वहां जाकर उन्होंने पूछा कि यहां कौन डॉक्टर है ऑपरेशन कौन करेगा। अस्पताल कर्मचारियों ने कोई बात नहीं बताई। भोर में ही ऑपरेशन द्वारा बच्चा पैदा किया गया। जिसकी हालत डॉक्टरों ने बताई की सीरियस है। इसे दूसरे हॉस्पिटल में दिखाना पड़ेगा। जिस पर परिजन बच्चे को लेकर आराध्या हॉस्पिटल मऊ चले गए। जहां बच्चे का इलाज शुरू हुआ लेकिन 1 घंटे बाद बच्चे की मृत्यु हो गई। उसी दौरान विजय हॉस्पिटल से परिजनों को फोन कर बताया गया कि प्रसूता की हालत गंभीर होती जा रही है। ब्लड नहीं रुक रहा है। इनके बच्चेदानी का ऑपरेशन करना पड़ेगा।

### बच्चेदानी के ऑपरेशन के बाद महिला की मौत

बच्चेदानी के ऑपरेशन के दौरान प्रसूता की तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर विजय हॉस्पिटल के लोगों ने बिना किसी को जानकारी दिए प्रसूता को लेकर किसी प्राइवेट अस्पताल चले गए। इस दौरान प्रसूता की रास्ते में ही कहीं मौत हो गई। जिसकी जानकारी परिजनों को होते ही लोग हॉस्पिटल सहित कोतवाली पर पहुंचने लगे। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जखनियां की नर्स सहित विजय हॉस्पिटल के कर्मचारियों की मिलीभगत से हुई मौत की तहरीर थाने पर दी। मृतका के ससुर रामाधार यादव ने लिखित तहरीर दी की जानबूझकर सरकारी और प्राइवेट अस्पताल मिलकर मेरे बहू वह बच्चे की जान ले लिए। मृतका के पति ओम प्रकाश यादव राजस्थान में प्राइवेट नौकरी करते हैं।

# खेल मैदान की बाउंड्री निर्माण का विरोध

### पूर्वी फुटबॉल मैदान बारा में अतिक्रमण का मामला



बारा फुटबाल मैदान की बाउंड्रीवाल के लिए जेसीबी से होती नींव की खुदाई।

**बारा।** गांव के पूर्वी खेल मैदान की बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य शुरू होने के दौरान रविवार को कई घंटे तक हंगामें पूर्ण स्थिति रही। मैदान में अतिक्रमण कर मकान का दरवाजा व सीढ़ी बना चुके अतिक्रमणकारियों ने बाउंड्रीवाल निर्माण का विरोध किया। पुलिस बुलानी पड़ी। मौके पर पहुंची पुलिस ने अतिक्रमणकारियों को समझा कर मामला शांत कराया।

पूर्वी फुटबाल ग्राउंड बारा की बाउंड्रीवाल की लंबे समय से मांग की जा रही थी। ग्राम पंचायत की ओर से मैदान पर चहारदीवारी का निर्माण कार्य शुरू किया गया है। फुटबाल मैदान में पहले से ही कुछ अतिक्रमणकारियों ने अपने मकान का दरवाजा खोलकर मैदान की जमीन पर सीढ़ी बना चुके हैं। रविवार को मैदान में अतिक्रमण कर बनाई गई सीढ़ी को बुल्डोजर से तोड़कर चहारदीवारी निर्माण के लिए नींव की खुदाई शुरू की गई। अतिक्रमणकारियों ने रास्ते को लेकर इसका विरोध शुरू कर दिया। ग्राम प्रधान आजाद खान ने उन्हें काफी समझाने की कोशिश की। लेकिन जब अतिक्रमणकारी नहीं माने तो उन्होंने इसकी सूचना प्रशासनिक अधिकारियों सहित पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने अतिक्रमणकारियों को सरकारी नियमों का हवाला देते हुए मौके से हटाया।बारा गांव के पूर्वी फुटबाल मैदान की बाउंड्रीवाल नहीं होने के कारण पट्टे की जमीन पर मकान बनाकर रह रहे धोबी समाज के कुछ लोगों ने मैदान में ही घर का दरवाजा खोलकर सीढ़ी बना लिए थे।

खेल मैदान में ही अपने मवेशियों को भी बांधने लगे। जिससे खिलाड़ियों को खेलने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था। खिलाड़ियों द्वारा लंबे समय से मैदान के बाउंड्रीवाल की मांग की जा रही थी। खिलाड़ियों की मांग पर ग्राम पंचायत की ओर से मैदान के बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए नींव की खुदाई शुरू की गई। इसके पूर्व मैदान में बनाई गई पक्की सीढ़ी को बुल्डोजर से तोड़ा गया। अतिक्रमणकारियों ने इसका विरोध शुरू कर दिया।

जिसपर पुलिस बुलानी पड़ी। ग्राम प्रधान आजाद खान ने बताया कि मैदान में दरवाजा खोलने वाले लोगों का दूसरे तरफ से रास्ता है। उन्हें आने-जाने में कोई दिक्कत नहीं होगी।

## साप्ताहिक बंदी का नहीं हो रहा पालन

जनसंदेश न्यूज



लंका पुलिस पिकेट के पास साप्ताहिक बंदी के दौरान खुली दुकान।

**गाजीपुर।** शहर में साप्ताहिक बंदी का सख्ती से पालन नहीं हो रहा है। सुबह से लेकर देरशाम तक व्यापारी वर्ग खुलेआम आम अपनी दुकानों को संचालित कर रहे हैं। जिलाधिकारी के आदेश के बावजूद भी मुख्य बाजार में नियमों की अनदेखी की जा रही है। पुलिस प्रशासन भी इस ओर मूकदर्शक बना हुआ है। शहर में साप्ताहिक बंदी का पालन नहीं हो रहा है। साप्ताहिक बंदी वाले दिन रविवार को भी दुकानदार मनमाने तरीके से अपनी दुकानें खोल रहे हैं। बाजार में फुटपाथ पर दुकानें लगने से बाजार में होने वाली भीड़ के चलते जाम लगता है। जिससे राहगीरों को आवागमन में परेशानी होती है।डीएम ने शहर में साप्ताहिक बंदी का दिन घोषित किया है। शहर में मिश्र बाजार, बंसी बाजार, कचहरी रोड पर छोटे दुकानदार फुटपाथ पर दुकानें लगाकर सामान की बिक्री करते हैं। साप्ताहिक बंदी का दिन होने के बाद भी बाजार में दुकानदार फुटपाथ पर दुकानें लगने वाले अपनी दुकानें खोलकर बिक्री करते हैं। दुकानदार अपनी दुकानों के बाहर सड़क किनारे अपने वाहन भी खड़े कर लेते हैं। जिससे बाजार में भीड़ बढ़ने पर जाम लग जाता है।साप्ताहिक बंदी का करना चाहिए। साप्ताहिक बंदी का पालन नहीं करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। रविवार को साप्ताहिक बंदी के दिन बाजार का निरीक्षण भी किया जाएगा। प्रतिभा मिश्रा, एसडीएम सदर।

# शिव के त्रिशूल के दर्शन मात्र से जीव का कल्याण तय: रामदेव दास

आयोजन

### स्वामी आत्मानंद इंटर कॉलेज टोडरपुर में तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन



स्वामी आत्मानंद इंटर कालेज में प्रवचन करते मानस मर्मज्ञ संत रामदेव दास महाराज।

**भांवरकोल।** क्षेत्र के स्वामी आत्मानंद इंटर कॉलेज टोडरपुर के प्रांगण में स्थापित भगवान शिव मंदिर पर महाशिवरात्रि के अवसर पर तीन दिवसीय श्री राम नाम संकीर्तन वा रुद्राभिषेक रविवार को आरती व भंडारे के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर अमेठी के गौरीगंज से पधारे रामचरितमानस प्रवचन करता संत रामदेव दास जी महाराज ने शिवचरित्र का विश्लेषण किया।

संत रामदेव दास ने कहा कि भगवान शिव ने निष्पाप सती को केवल इसलिए त्याग दिया क्योंकि श्रीराम की परीक्षा लेने के लिए उन्होंने भगवती सीता का रूप धारण किया। यद्यपि भगवान शिव सीता को अपनी इष्ट देवी के रूप में मानते थे। जब सीताजी ने भगवान शिव की आराध्या सीताजी का रूप धारण कर लिया। भगवान शिव उन्हें पत्नी के रूप में कैसे स्वीकार कर सकते थे। इसलिए भगवान शिव ने सती का त्याग कर श्रीराम में अपनी दृढ़ निष्ठा का उदाहरण दिया। उन्होंने श्रीराम कथा को आगे बढ़ाते हुए पार्वती के जन्म तथा शिव विवाह के प्रसंग पर रोचक व्याख्या प्रस्तुत करते हुए कहा कि भगवान शिव का स्वरूप लोक कल्याणकारी है। भगवान शिव के त्रिशूल का दर्शन करने से प्राणी के तीनों प्रकार के शूल नष्ट हो जाते हैं। दैहिक, देविक तथा भौतिक संताप शिव भक्तों को छू भी नहीं सकते। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शिवाजी सिंह यादव, सोमदत्त कुशवाहा,रामप्रवेश यादव,शशिधर शुक्ला, ललन सिंह, श्रीकांत तिवारी, राधेश्याम यादव,प्रदुम्न राय, सुबाश यादव, रबिंद्र आदि रहें। दोपहर बाद विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया।

# बेटियों को घर-ससुराल में मिलना चाहिए सम्मान

बोले सानंद सिंह

### सिद्धपीठ औढ़ारी मठ पर पांच जोड़ों की कराई गई शादी

जनसंदेश न्यूज



सिद्धपीठ औढ़ारी मठ सिखड़ी में सद्भावना समावेशी सामूहिक विवाह समारोह में जयमाल की रश्म निभाते वर-बधू।

**मनिहारी।** स्थानीय क्षेत्र के सिद्धपीठ औढ़ारी मठ पर महाशिवरात्रि के अवसर पर दो जोड़ें दिव्यांग एवं तीन जोड़े असहाय गरीब परिवारों से एक दूसरे के जीवन साथी बने। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद अफजाल अंसारी ने इसे काफी अहम बताया। उन्होंने कहा सामूहिक विवाह सिर्फ एक विवाह का आयोजन भर नहीं है,अपितु इसके प्रभाव और समाज हित में लाभ बड़े दूरगामी हैं। किसी कमजोर, जरूरतमंद या असहाय परिवार की बेटी का विवाह कराने से बढ़कर कोई पुण्य नहीं है।

विशिष्ट अतिथि जंगीपुर के विधायक डा.वीरेन्द्र यादव ने कहा कि समाज ऐसी बेटियों के हाथ पीले करने में सहयोग करें और दहेज रहित शादी के साथ ही कम खर्च कर शादी करने की बात कही। अध्यक्षीय संबोधन में जनकवि धीरेंद्रनाथ श्रीवास्तव ने कहा कि जनसहभागिता और पवित्रता के साथ एसी शादियों को और भी बढ़ावा देने की जरूरत है। ऐसे उत्कृष्ट कार्य सरकारी प्रयाश से नहीं किए जा सकते।

प्रदेश व केन्द्र की मोदी सरकार एवं जनप्रतिनिधियों को इस पवित्र प्रचलन से सीख लेनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि डा.सानंद सिंह ने कहा कि दहेज रहित शादी होनी चाहिएं और बेटियों को घर और ससुराल में सम्मान मिलना चाहिए। दुल्हन पक्ष ने भी दहेज रहित विवाह पर खुशी जाहिर की।

पूर्व विधायक उमाशंकर कुशवाहा ने कहा कि सामूहिक विवाह का बढ़ता प्रचलन समाज के भले के लिए काफी महत्वपूर्ण है। वर -बधू को उपहार स्वरुप मंगल सूत्र,पायल, अंगुठी, घड़ी पूर्व जिला पंचायत सदस्य सीमा यादव एवं पूर्व प्रधान संगीता चौहान ने भेंट कीकार्यक्रम के संयोजक पूर्व जिला पंचायत सदस्य रमेश यादव व रामाश्रय सिंह चौहान ने वर पक्ष के लोगो का माल्यार्पण कर सिर पर साफा बांधकर स्वागत किया।

इस अवसर पर दिव्यानंद यति जी महाराज, ब्रजभूषण दूबे,विजय शंकर राय, सरदार दर्शन सिंह,पूर्व जिला पंचायत सदस्य गोपाल यादव, जनार्दन राम, पूर्व प्रमुख विजय सिंह यादव, मु. शमीम अब्बासी,रामअधार यादव, खालिद आमीर, दिनेश सिंह यादव, राकेश यादव अंशु, सिकन्दर कनौजिया,रामनगीना यादव,रबि प्रकाश शुक्ला,सुवास यादव, अजय चौहान,संजय प्रजापति,योगेश पांडेय, विमला मौर्या, प्रधान जयप्रकाश यादव (जेपी)आदि उपस्थित रहे। संचालन पूर्व मंत्री डा. रमाशंकर राजभर ने किया तथा कार्यक्रम के संयोजक पूर्व जिला पंचायत सदस्य रमेश यादव ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

## आज सोमवती अमावस्या गंगा घाटों पर उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

**गाजीपुर।** आज सोमवती अमावस्या के अवसर पर गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ेगा। कड़ाके की ठण्ड में भी श्रद्धालुओं की आस्था हिलोरे लेती हुई उन्हें गंगा के किनारे ले जाएंगी। पूर्णिमा पर गंगा नहान का विशेष महत्व है। इन दिनों गंगा नहान कर श्रद्धालुगण पूजा अर्चन कर पुण्यलाभ लेते है। सोमवती अमावस्या पर श्रद्धालु पवित्र नदियों में स्नान के साथ ही दान के लिए पवित्र घाटों और मंदिरों में जाते हैं। इस बार पौष माह में सोमवार के दिन पड़ने वाली सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर भी जिले में श्रद्धालुओं की भीड़ नदी के घाटों पर उमड़ेगी। इस अमावस्या का विशेष महत्व होने के चलते गंगा में भी श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने का अनुमान है।

# किसान खुश : आम का बौर देख बेहतर पैदावार की जगी आस



आम के पेड़ पर लगा बौर।

**गाजीपुर।** इस बार आम के पेड़ में अच्छे बौर आए हैं। किसानों को आशा है कि अगर मौसम ने साथ दिया तो इस बार आम की भरपूर उपज होगी। साथ ही आम का उचित मूल्य भी मिलेगा। सरकारी स्तर पर भी गुणवत्तायुक्त आम को विदेशों में निर्यात करने के लिए कदम उठाये जाने की तैयारियां शुरू होने लगी हैं। हालांकि कई प्रकार के कीटों व रोगों का प्रकोप भी आम की फसल दिखने लगा है।

जिसकी रोकथाम के लिए किसान कीटनाशक दवाओं व रसायनों का छिड़काव अपने बागों में कर रहे हैं। आम पर बौर से बागवानों के चेहरे खिल गए हैं। आम की पैदावार करने वाले किसानों का कहना है कि जिले में दशहरी, आम्रपाली, लंगडा व अंबिका प्रजातियां आसानी से तैयार हो जाती हैं। आम की पैदावार इस बार अच्छी रहने की उम्मीद है। दशहरी व कलमी आम के लिए लखनऊ का मलिहाबाद, हरदोई, उन्नाव, प्रतापगढ़ इलाका काफी मशहूर है। अब यहां के किसानों का रुझान भी आम की पैदावार की तरफ बढ़ा है। इस बार पेड़ों में अच्छी बौर को देखते अच्छा उत्पादन होने की उम्मीद है। फल उत्पादकों का कहना है हर तीन वर्ष बाद आम की फसल अच्छी होती है। पिछले वर्ष फसल सामान्य रही थी इस बार जुलाई से लेकर अक्टूबर तक अच्छी बारिश होने के कारण फल की गुणवत्ता अच्छी रहेगी। अधिक से अधिक मात्रा में आम का फसल हो इसलिए मंजर को बचाने के लिए किसान विभिन्न प्रकार के दवाओं का छिड़काव कर रहे हैं। आवश्यक रूप से समय रहते ही आम के बगीचों की देखभाल व साफ-सफाई किया जा रहा है। क्षेत्र के कई बगीचों में आम के मंजर भर आए है। जिससे किसानों में काफी खुशी देखी जा रही है। किसानों का कहना है की आम फलो का राजा है। आम एक रसीला फल है। आम सभी लोगो का पसंदीदा फल होता है जिसकी मांग ग्रामीण क्षेत्र से लेकर बाजारों तक एक जैसा होता है। पिछले वर्ष से ज्यादा उम्मीद माना जा रहा है की पिछले वर्ष से भी ज्यादा आम की उपज इस वर्ष होगी। आम के पेड़ों में आए बेहतर मंजर से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं।

## जनसंपादकीय

# एयर इंडिया की बंपर खरीद का संदेश

**आर.के. सिन्हा**



एयर इंडिया ने 470 अत्याधुनिक यात्री विमान के ऑर्डर देने के साथ ही एक इतिहास ही रच दिया है। मजे की बात यह है कि एयर इंडिया के पास अब भी 370 जेट और खरीदने का विकल्प बचा हुआ ही है। उसके इस फैसले से सारी विमान सेवाओं की दुनिया में भूचाल सा आ गया। अब एक और आंकड़े पर गौर करें। एक अनुमान के मुताबिक, इस साल 19 करोड़ देसी-विदेशी यात्री भारत के ऊपर से हवाई यात्रा करेंगे। कितना बड़ा है यह आंकड़ा। इस आंकड़े के आलोक में समझना होगा कि देश-दुनिया का एविएशन सेक्टर किस रफ्तार से छलांग लगा रहा है। इसलिए एयर इंडिया का करीब पौने पांच सौ विमानों को खरीदने का फैसला साबित करता है कि उसके इरादे साफ हैं और इच्छा शक्ति बुलंद भी ।

एयर इंडिया अपने को दुनिया की एक चोटी की एयरलाइंस के रूप में स्थापित करने का पूरा मन बना चुकी है। वह यूं ही तो इतना अधिक निवेश नहीं कर रही है। हालांकि अभी तो भारत में ही 'एयर इंडिया' से बहुत आगे 'इंडिगो' है। उसके पास 308 विमान हैं और भारत के एविएशन सेक्टर में उसकी 55 फीसद हिस्सेदारी भी है। पर अगर आपके पास आगे की योजनाएं और दुनिया को जीतने का जज्बा ही नहीं है तो फिर आपके बिजनेस करने का कोई मतलब ही नहीं है। दरअसल एयर इंडिया या बाकी अन्य भारतीय एयरलाइँसों को अपने को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ एयरलाइंस साबित करने की तरफ बढ़ना होगा। अभी तक उनकी आपस में ही स्पर्धा रहती है।

दरअसल कोरोना काल के बाद देश में अचानक हवाई यात्रा की मांग में भारी तेजी देखने को मिल रही है। इसी के चलते भारत की घरेलू एयरलाइंस कम्पनियाँ एक हजार से ज्यादा नए विमानों का आर्डर करने जा रही हैं। जिसकी शुरूआत टाटा ग्रुप की सहयोगी कंपनी एयर इंडिया ने कर भी दी है। आपको याद ही होगा कि पिछले साल टाटा ग्रुप ने एयर इंडिया को टेकओवर कर लिया था। जब टाटा ने एयर इंडिया को अपने नियन्त्रण में लिया था, तब तक एयर इंडिया के विमानों तथा सर्विस की हालत बेहद शोचनीय सी हो गई थी। आप विमान यात्रा करने वाले किसी भी इंसान से पूछ लें कि एयर इंडिया किस तरह की सर्विस अपने ग्राहकों को दे रही थी। एक ही जवाब मिलेगा, 'बेहद खराब।' सरकारीकरण ने एयर इंडिया को तबाह कर दिया था। उसे फिर से पटरी पर लाने के लिए टाटा मैनेजमेंट को कई स्तरों पर कई बरसों तक काम करते रहना होगा। अगर वह इस मोर्चे पर सफल रहा तो फिर उसके पास सारा आकाश होगा।

एयर इंडिया ने नए विमानों का आर्डर 'बोइंग' और 'एयरबस' कंपनियों को दिया है। एयर इंडिया ने वाइड और नैरो बॉडी दोनों ही तरह के विमानों का आर्डर दिया है। एक साथ इतनी बड़ी संख्या में विमानों का आर्डर देने का यह एक विश्व रिकॉर्ड है जो पहले अमेरिकी एयरलाइंस के नाम था जिसने 2011 में 460 विमानों का आर्डर एक साथ दिया था।

देखिए एयर इंडिया ने बहुत सोच-विचार करने के बाद ही इतने विमान लेने का फैसला किया है। फिलहाल एयर इंडिया के बेड़े में कुल 230 विमान हैं। वह इतने कम विमानों से बहुत लंबी दूरी तक नहीं जा सकती। एयर इंडिया को फिलहाल इंडिगो के अलावा स्पाईसजेट, गो फर्स्ट और अकासा के द्वारा भी चुनौती मिल रही है तो इंटरनेशनल रूट्स में सिंगापुर एयर लाइन्स एमिरेट्स और कतर एयरलाइंस से भी चुनौती मिल रही है। दरअसल कतर एयरवेज, सिंगापुर एयरलाइंस, एमिरेट्स, जापान एयरलाइंस, एयर फ्रांस आदि के सामने हमारी कोई भी एयरलाइंस खड़ी भी नहीं होती। आखिर इन्होंने अपने को विश्व स्तरीय बनाने के संबंध में क्यों नहीं सोचा? इस सवाल पर एविएशन सेक्टर के सभी जानकारों को सोचना होगा। सच तो यह है कि हमारी एयरलाइंसों में यात्रा करने वालों को अभी भी कोई बहुत सुखद अनुभव नहीं होता। कभी विमान में कायदे का भोजन नहीं मिलता तो कभी विमान की सीट पर लगा टीवी काम नहीं कर रहा होता है।

देखिए भारत में एक से बढ़कर एक एयरपोर्ट हैं और नए बनते भी जा रहे हैं। अगले साल तक ग्रेटर नोएडा में स्थित जेवर एयरपोर्ट भी बन जाएगा। जेवर एयरपोर्ट में लगभग 30 हजार करोड़ रुपये की लागत से 5845 हेक्टेयर जमीन पर बन रहा एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा। जेवर एयरपोर्ट के पहले चरण के बनने के बाद से ही सालाना 1.2 करोड़ यात्रियों की आवाजाही होने की संभावना है। जेवर एयरपोर्ट के संचालित होने के बाद राजधानी के आईजीआई एयरपोर्ट पर दबाव कम होना चाहिये। आईजीआई एयरपोर्ट दुनिया का दूसरा सबसे व्यस्ततम एयरपोर्ट बन गया है। अब मात्र अमेरिका का अटलांटा एयरपोर्ट ही भारत के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट से आगे है। चूंकि हवाई अड्डों पर मुसाफिरों की भीड़ बढ़ती ही जा रही है, इसे देखते हुए सरकार नवी मुंबई, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर), मोपा(गोवा) पुरंदर (पुणे), भोगापुरम (विशाखापट्टनम), धोलेरा (अहमदबाद) और हीरासर (राजकोट) में भी नए हवाई अड्डों को मंजूरी दे चुकी है। सरकार आगामी 5 वर्षों के दौरान दिल्ली, बैंगलुरू और हैदराबाद हवाई अड्डों की क्षमता को बढ़ाने के लिए 25 हजार करोड़ रुपये का निवेश करने जा रही है।

तो बात यह है कि सरकार देश के तमाम एयरपोर्टों को आधुनिक बना रही है और कई नए एयरपोर्ट भी बन रहे हैं। पर जिस रफ्तार से सरकार एविएशन सेक्टर को गति देने के संबंध में गंभीर है, क्या उसी तरह से भारतीय एयरलाइंस भी अपने को आकाश में लेकर जाना चाहती हैं ? एयर इंडिया के हालिया फैसले से तो बिल्कुल ऐसा ही लगता है। एयर इंडिया में विगत 15-16 सालों से नए विमान नहीं खरीदे गए थे। इससे साफ है कि एयर इंडिया पर जब तक सरकारी बाबू बैठे थे तब तक वहां पर कुछ ठोस काम हो ही नहीं रहा था। पिछली सरकारों ने भी एयर इंडिया को बर्बाद होने से नहीं बचाया। इस बीच, भारतीय एयरलाइँसों के पास कमाने के लिए तो भारत में भी कोई कमी नहीं है। उन्हें भारत के भीतर भी खूब यात्री मिलते हैं। पर उनका लक्ष्य दुनिया की श्रेष्ठ एयरलाइंस बनने का ही होना चाहिए। जब भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से छलांगे लगा रही है तो फिर हमारी एयरलाइंस अपने हिस्से को आकाश को क्यों नहीं छू लेतीं।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

## मलयालम के अग्रणी कवि कुरीप्पुजा श्रीकुमार की कुछ छोटी कविताएं

1.
गोडसे को मिली/ नौकरी डाकघर में/ तो वह खुशी से फूला न समाया/
अब रोज रोज/ मिलेगा मौका पीटने का / गांधी को/ धातु की भारी मुहर से।

2.
हिन्दू कुल्हाड़ी/ बोली मुस्लिम कुल्हाड़ी से :/
खून जो हमने पिया आज/ उसका स्वाद एक जैसा ही था।

3.
गांधी पढ़ते थे गीता/ बगैर नागा हर रोज/ और रखते थे अपने पास हमेशा/
बिल्कुल यही करता था/ गोडसे भी।



**(मलयालम से अमृत लाल के अंग्रेजी अनुवाद पर आधारित' प्रस्तुति यादवेन्द्र)**

# नयी कहानी कहती यूपी इन्वेस्टर्स समिट

## प्रसंगवश



**विमलशंकर सिंह**

विश्व की अर्थव्यवस्थाएं अब कोंसने और रोने की जगह कोशिशें करतीं दिखाई देतीं हैं । कोसना था संसाधनों की कमी का, प्रशिक्षित श्रम शक्ति, उच्च तकनीक, ज्ञान-विज्ञानं के अभाव का। पूर्व के शासकों और शासन व्यवस्था के रीतिओं-नीतिओं की असफलता का रोना तो था ही । लेकिन विकसित होती जातीं अर्थव्यवस्थाएं और देश अब, भूमि, श्रम, पूंजी, तकनीक एवं संगठनों में निवेश के माध्यम से विकास की उस रणनीति पर चलती दिखाई देतीं हैं जिसमें कम समय में ही विकास की बुलन्दियो को पाया जा सके । वस्तुतः विकास की यथा स्थिति की मनोदशा से बाहर निकल कर, एक ऐसे परिवर्तन की तरफ अब हम सब बढ़ चले हैं जिसमें लम्बे काल का पिछड़ापन, कुछ ही वर्षों में समाप्त किया जा सके । यह स्थिति तो वैसी ही है जैसे दूर गगन को हम टेलिस्कोप से अत्यंत पास कर लेते हैं । भारत भी अब उसी मुंहाने पर खड़ा है जहां रास्ता केवल अर्थव्यवस्था के विकास पर ही बंद होता है । 21वी शताब्दी में देश और देश के भाग्य विधाताओं में एक बड़ा परिवर्तन उनकी सोच, दृष्टिकोण में हुआ है कि हमें, तकदीर और तस्वीर बदल देनी हैं देश की, प्रदेश की; जिसमें गुरबत और गरीबी, बेरोजगारी और असमानता कल की बात होकर रह जाएगी । यद्यपि, रास्ता पूंजीवाद का ही हो, कोई फर्क नहीं पड़ता । वर्तमान यूपी सरकार की सोच इसी फलसफे की अनुगामिनी दिखाई पड़ती है जो और कुछ नहीं नव उदारवादी आर्थिक विकास का मॉडल भर ही है ।इसी 10 से 12 फरवरी, 2023 में संपन्न हुए यूपी इन्वेस्टर्स समिट में यूपी की अर्थव्यवस्था को बदल देने के संकल्प के साथ जुटे थे सरकार के नुमाइंदे और निवेश की अग्नि प्रज्वलित करने, पूंजीपति । वस्तुतः, अर्थव्यवस्था की नाव की पतवार योगी सरकार नें पूंजीपतियों के हाथ दे दी है, प्रतीत होता है।अर्थव्यवस्था की डोली में एक तरफ सरकार और दूसरी तरफ निवेशपति बैठे हैं । दोनों के ही हसींन सपनें हैं । अर्थव्यवस्था की डोली में गलबहियां किये सवार, अर्थव्यवस्था के लिए क्या परिणाम दे पाएंगे, यह तो समय ही बताएगा । यह तो इस बात पर निर्भर करेगी कि अर्थव्यवस्था का पाट कितना विस्तृत है और समस्याएं कितनी जटिल और गहरी हैं ।

यूपी की जनसँख्या है लगभग 25 करोड़ की, जोकि श्रम, उत्पादन और उपभोग का आधार बनती है स्वप्नद्रष्टाओं के लिए । यही नहीं, विकास का सपना देखा भी गया है उन्ही के लिए जोकि बहुत कुछ आज भी गुरबत की जिंदगी जीने के लिए अभिशप्त हैं।अब विकास की कहानी भी देखें । योगी शासन में विकास दर सन 2017-18, सन 2018-19, सन 2019-20 और सन 2020-21 में क्रमशः4.57, 6.26, 3.81 एवम -4.2 प्रतिशत थी। सन 2021-22 में यह 7.3 प्रतिशत रही ।यह वृद्धि इसलिए है कि पिछले वर्ष में वृद्धि ऋणात्मक थी ।.सन 2022-23 में यूपी की जीएसडीपी अर्थव्यवस्था का आकार $ 21.74 ट्रिलियन डॉलर का अनुमानित है। जीएसडीपी में कृषि, उद्योग और सेवा क्षेत्र का भाग सन 2021-22 में क्रमसः 26 प्रतिशत, 25 प्रतिशत और 49 प्रतिशत रहा ।.तो कृषि में अधिक लोगों के काम पर लगे रहने के बावजूद भी खेती का योगदान अर्थव्यवस्था में कम है । तो क्या यह स्थिति कृषि क्षेत्र के पिछड़ेपन को नहीं बताती है और क्या गांव-गिराव के लोग गरीब न होंगे ? देश की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था होते हुए भी बहु आयामी गरीबी के सन्दर्भ में नीति आयोग के अनुसार,देश के तीन सबसे गरीब राज्यों में यूपी (37.79 प्रतिशत गरीब जनसँख्या के साथ) भी शामिल है । प्रति व्यक्ति आय भी न्यूनतम है । सन 2019-20 में यूपी की प्रति व्यक्ति आय रु.41023 मात्र थी, जबकि प्रति व्यक्ति आय का राष्ट्रीय औसत उस वर्ष रु.86659 रहा था ।तो यूपी की प्रति व्यक्ति आय, राष्ट्रीय औसत से आधे से कम रही । इसी तरह, सन 2018-19 और दिसम्बर सन 2021 में उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी दर क्रमसः 5.7 और 4.9 प्रतिशत थी । सीएमआईई का 13 फरवरी, 2023 का आंकड़ा बताता है कि यूपी में बेरोजगारी की दर अब 4.2 प्रतिशत है ।तो क्या यह दर अभी कम है ? बेरोजगारों की फौज तो यूपी में फिर भी है ही । आज भी सरकार द्वारा दिए जाने वाले सस्ते अनाज पर ही जिंदा (मार्च 2022 में उत्तर प्रदेश की 14.9 करोड़ जनसँख्या) है एक बड़ी आबादी । यह कुल जनसँख्या का लगभग 60 प्रतिशत है ।तो गरीबी और किसको कहते हैं ? तो क्या किसी परिभाषा की ही मोहताज है गुरबत ? क्या जिनके प्राण अटके हैं वर्षों से सरकारी अन्न के दान पर, 75 वर्षों के आजाद हिन्दोस्तान में, वह गरीबी नहीं है तो क्या है? क्या यह बेरोजगारी का दुष्परिणाम नहीं है ? स्पष्ट है कि गरीबी आजाद और अमीरी, बेखौफ घूम रही है आज भी, आजाद हिन्दोस्तान में । जन्म दर, मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर सभी तो प्रभावित होते हैं हमारी विकास यात्रा से, जो कि अभी भी रुकी सी प्रतीत होती है । प्रति व्यक्ति उपभोग या बचत दर क्या कम नहीं है ? सभी के आंकड़े तो यही बताते हैं। तो गरीबी हो, बेरोजगारी हो, असमानता हो, सभी में मीलों आगे हैं औरों से हम सब । तो क्या किसी योगी पुरुष का दिल नहीं पसीजेगा हमारी इस दुर्दशा पर ? और यदि सरकार का संचालक भी कोई भोगी नहीं, योगी ही हों तो क्या वह इस निराशा को आशा में बदलने का प्रयास नहीं करेंगे? निश्चय ही ऐसा होगा । सोच और दृष्टिकोण दोनों ही बदले हैं । बदलना भी होगा । वोट का दान, विश्वास की पहचान ही नहीं आस्था का प्रसाद भी होता है । वोट लेना ही नहीं, कर्तव्य का भान होना भी कर्तव्य है, ऐसा योगी पुरुष ही बताते हैं । तो योगी जी अपने लिए रास्तें क्या पाते हैं विकास के लिए ? वे यूपी की धरा पर, भगवान कुबेर के पृथ्वी स्वरूपों की शरण में जाने के लिए उतावले हो रहे हैं क्योंकि निवेश की गंगा वही बहा सकते हैं । विगत वर्षों में पूंजीगत निवेश का ही तो अभाव रहा है यूपी में ।यह आभाव दूर होगा पूँजीपतिओं के सहयोग से । लेकिन पूँजीपति क्योंकर उद्योग, उत्तर प्रदेश में ही लगावेंगे ?

तो योगी सरकार खुद ही बताती है कि यूपी में का बा । क्षेत्रफल के आधार पर यह भारत का चौथा सबसे बड़ा राज्य है ।25 करोड़ आबादी वाले इस राज्य में जनसँख्या का 56 प्रतिशत, कार्यशील जनसँख्या का है ।तो नौजवान जनसँख्या से जनांकिकीय लाभांश प्राप्त होने की पूरी संभावना है ।राज्य में 67 विश्वविद्यालय, 5842 कॉलेज, 3268 तकनीकी संस्थान (आईटीआई), 370 पॉलिटेक्निक्स हैं, तो साक्षरता दर पुरुषों में 81 प्रतिशत से ज्यादा तो होगी ही । यूपी में आईआईएम्-लखनऊ, आईआईटी-कानपुर और बीएचयू,एमएनएनआईटी-अलाहाबाद हैं ।तो ज्ञान-विज्ञानं के क्षेत्र में हम भारत में ही नहीं, विश्व स्तर के भी हैं।साथ में हैं यूपी स्किल ट्रेनिंग सेंटर्स, जो कौशल विकास करने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं । तो ज्ञानवान और प्रशिक्षित श्रम शक्ति की आपूर्ति होने में बाधा न होगी ।योगी सरकार बताती है कि राज्य में विश्वस्तरीय आधारभूत संरचना का ढांचा भी खड़ा किया गया है । नेशनल हाईवे और एक्सप्रेसवे का जाल जैसा बन चुका है जिसके आधार पर तीव्र विकास का वायदा है ।पूर्वांचल, यमुना, गंगा और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे इसके उदाहरण हैं ।

यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे अनेक आर्थिक गतिविधिओं से सम्बंधित पार्क विकसित किये गए हैं जिससे कि निवेश को आकर्षित किया जा सके । आसानी से उद्योग लगाने के लिए जमीन भी मिलेगी । तो विकास के बड़े लक्ष्य को क्या इनसे सहारा नहीं मिलेगा ? अनेक घरेलू और अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट हैं। जेवर में बनने वाला एयरपोर्ट, बताते हैं कि एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा। तो क्या सम्पूर्ण विश्व से हम जुड़ नहीं गए हैं? फिर यूपी की विशाल मानव संसाधन भी है जो कि मांग का आधार बनती है और श्रम साधन की उपलब्धता सुनिश्चित करती है।तो बाजार आधारित अर्थव्यवस्था को यही तो चाहिए ? साथ ही एक बड़ा मध्यम वर्ग भी तो है । विकास के कारक यहीं समाप्त नहीं होते । यूपी ने व्यापार सुगमता के पैमानें (ईस ऑफ डूइंग बिजनेस) में एक लम्बी छलांग भी लगाई है । निवेश को आकर्षित करने में इसकी बड़ी भूमिका होती है । तो सरकार जानती है कि कदम बढ़ाने के पूर्व समुद्र मंथन जैसा ही मंथन भी करना होगा । किया भी है उसने और परिणाम भी चमत्कारी हैं ।

सरकार की आशा को पूँजीपतिओं का सहारा मिला है ।निवेश के कोई रु. 33.50 लाख करोड़ के प्रस्ताव (लक्ष्य 10 लाख करोड़ था) आये हैं । तो तीन गुने से ज्यादा निवेश की संभावना है । तो सरकार गदगद तो होगी ही ।क्या आप नहीं होंगे की रोजी-रोजगार बढ़ेगा? योगी जी इस बात से खुश हैं कि सभी औद्योगिक क्षेत्रों के लिए निवेश प्रस्ताव मिले हैं । नेतृत्व कर्ता से यही अपेक्षित भी है । पश्चिमी उत्तर प्रदेश नें सर्वाधिक निवेश (45%)आकर्षित किया है । पिछड़े माने जानें वाले पूर्वांचल नें सबको चकित करते हुए इस दौड़ में दूसरा स्थान (29%) प्राप्त किया । पूर्वांचल को रु. 954492 करोड़ तथा बुंदेलखंड को रु. 427873 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं ।तो क्या ये क्षेत्र अब खुश न होंगे? पिछड़े पूर्वांचल की कहानी स्वर्गीय गहमरी से सुनकर पंडित नेहरू की आँखे क्या भर नहीं आईं थी ? क्या हम भूल गए ? तो अब पूर्वांचल के साथ औरों के दिन भी बहुरेंगे ।लेकिन सर्वाधिक खुशी तो गौतम बुद्धनगर के लिए होगी क्योंकि एक चौथाई से ज्यादा (27.16%) निवेश प्रस्ताव उसी को प्राप्त हुए हैं ।गौतम बुद्धनगर के साथ आगरा, लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी, झाँसी, गाजियाबाद, सोनभद्र, शाहजहांपुर और मिजार्पुर को कुल निवेश प्रस्तावों का 67 प्रतिशत से ज्यादा प्राप्त हुआ है, साथ ही रोजगार (लगभग 60 लाख ) के अवसर भी । तो कुल निवेश प्रस्तावों का मात्र 33 प्रतिशत, 65 जिलों के लिए प्रस्तावित है ।अब यह भविष्य के लिए शोध का विषय होगा कि ऐसा क्यों हुआ ? अभी से असमानता ? कारण संभवतः है कि नव उदारवाद, बाजार और अवसर देखता है, हैवीवेट (प्रभावी व्यक्ति) को नहीं। नहीं तो वाराणसी को केवल 4.75 प्रतिशत निवेश प्रस्ताव से ही संतोष क्यों करना पड़ता ? शीर्ष 10 क्षेत्र जिनमें सर्वाधिक निवेश प्रस्ताव आये हैं उनमें नवीकरणीय ऊर्जा सबसे उभरता हुआ क्षेत्र (रु.3.58 लाख करोड़,12.41 प्रतिशत ) दिखाई देता है ।इलेक्ट्रिकल मैन्युफैक्चरिंग भी कुछ इतनी ही राशि से दूसरे स्थान पर काबिज है। इंडस्ट्रियल पार्क्स (11.35 %), उच्च शिक्षा (रु. 2.57 लाख करोड़, 9%), मैन्युफैक्चरिंग (रु.1.97 लाख करोड़, 6.85%), लोजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग ( रु.1.59 लाख करोड़ ) क्षेत्रों ने भी रियल इस्टेट, आई टी, पर्यटन के साथ उद्योगपतिओं का ध्यान आकर्षित किया है । तो कौन से उद्योगपति या कम्पनियां थीं जिनको रिझानें में हम सब सफल हुए ? टाटा, बिड़ला, रिलायंस, हिंदुजा तो थीं ही और भी देशी-विदेशी कम्पनियां थीं निवेशों के स्वयम्बर में। तो हम सब एक नए युग में प्रवेश कर गए हैं जहां जोश है, उत्साह है सरकार और उसके सभी तंत्र में ।कम्पनियां और निवेशकर्त्ता तो हैं ही खुश । यूपी सरकार ने तो एक तरह से भारत सरकार को भी चुनौती दे दी लगती है अपनी समिट की सफलता से । यूपी सरकार के रोड शो के परिणाम नें लोगों को दावोस में प्रतिवर्ष जाने वाले प्रतिनिधिओं की सफलता से तुलना करने का एक अवसर दे दिया है । लेकिन योगी सरकार की सफलता का भी विश्लेषण अर्थशास्त्री करेंगे ।तेज विकास और घोर असमानता का विश्लेषण होगा ।विश्लेषण होगा कि छोटे उद्योग अब क्या करेंगे ? बेदम होते लघु उद्योग क्या प्रतियोगिता से दम नहीं तोड़ देंगे ? निवेश की गंगा में क्या उद्योगपति ही स्नान कर पाएंगे की आम जनता भी? क्योंकि पूंजी के साथ क्या पूंजी प्रधान तकनीक नहीं आएगी, उसका दबाव नहीं बनेगा ? तो यह प्रयास निवेश की एक अंधी दौड़ तो साबित नहीं होगी जिसमें हमारी संस्कृति भी प्रभावित हो जाएगी, संभावना है ।लेकिन आइये इस समय हम स्वागत करें इस पहल का, जिसनें यथा स्थिति को तोड़ा है ।

**(लेखक डी.ए.वी.पी.जी. कॉलेज, वाराणसी के अर्थशास्त्र विभाग में पूर्व प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष रहे हैं, संपर्क: 9450545510)**

# क्या उत्तर प्रदेश बदलेगा देश का भाग्य

## सामयिकी



**निरंकार सिंह**

उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य है। विश्व के सबसे बड़े पांचवें देश से भी ज्यादा इसकी आबादी है। इसलिए उत्तर प्रदेश के विकास के बिना देश का भाग्य नहीं बदल सकता है। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी इस प्रदेश को देश के विकास का ग्रोथ इंजन बनाने का प्रयास करें हैं। उत्तर प्रदेश प्राकृतिक और मानवीय संसाधनों के मामले में कोई पिछड़ा प्रदेश नहीं है। धर्म-दर्शन, कला और उद्योग के मामले में यह सदियों तक विश्व के मानचित्र पर चमकता रहा है। देश की आजादी के कुछ वर्षों के बाद से ही इसकी गिनती सबसे पिछड़े और अराजक क्षेत्रों में होने लगी थी। खराब कानून व्यवस्था, रंगदारी की वसूली, दंगे फसाद के साथ साथ अनियमित बिजली सप्लाई और खराब सड़कों के कारण कोई भी कारोबारी यहां उद्योग धंधा लगाने से कतराता था। प्रदेश में चल रहे दर्जनों उद्योग धंधे बंद हो गए। कई सरकारें आयी और गयीं पर यूपी की दशा नहीं सुधरी। लेकिन उत्तर प्रदेश के सत्ता की बागडोर योगी आदित्यनाथ के संभालने के बाद से ही पिछले पांच छह वर्षों में उत्तर प्रदेश की तस्वीर पूरी तरह बदल गई है। लूटपाट और रंगदारी वसूलने वाले बड़े-बड़े माफिया गिरोहों के सरगना आज जेल की सलाखों के पीछे हैं। प्रदेश में अमन चैन के साथ आप कहीं भी अपना उद्योग धंधा चला सकते हैं। आज कनेक्टिविटी और सड़क परिवहन एवं बिजली की समस्या नहीं है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लखनऊ में यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में देश के आर्थिक मानचित्र पर तेजी से उभरते उत्तर प्रदेश की निखरती हुई ऐसी तस्वीर पेश की जिसे देश-दुनिया के निवेशक उम्मीद भरी निगाहों से देख रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत अगर दुनिया के लिए ब्राइट स्पॉट है तो देश के विकास को गति देने में उत्तर प्रदेश अहम नेतृत्व दे रहा है। यह भी बताना नहीं भूले कि दुनिया के बड़े-बड़े देशों से ज्यादा सामर्थ्य अकेले 25 करोड़ की आबादी वाले उत्तर प्रदेश में है। रिलायंस समूह के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा है कि अगले 4 वर्षों में यूपी में वह 75 हजार करोड रुपये का निवेश करेंगे। पिछले 4 साल में वह यहां 50 हजार करोड़ रुपये का निवेश कर चुके हैं। टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखर ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में निवेश फ्रेंडली माहौल के बाद में हम यूपी अपनी सभी कंपनियों में भारी विस्तार कर रहे हैं। ज्यूरिख एयरपोर्ट एशिया के सीईओ डेनियल बर्चर ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की नीतियों को लेकर विदेशी निवेशक उत्साहित और यह तो बस शुरूआत है। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट उत्तर भारत का प्रवेश द्वार होगा।

देश के प्रतिष्ठित औद्योगिक घरानों में से एक आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन डा. कुमार मंगलम बिड़ला ने यूपीजीआइएस-23 उद्घाटन के मौके पर यूपी के साथ समूह के पुराने संबंधों का जिक्र करते हुए 25 हजार करोड़ रुपये का निवेश करने की घोषणा की। बिड़ला समूह यूपी में सीमेंट, फैशन रिटेल, केमिकल, फाइनेंस सर्विस और कार्बन ब्लैक के क्षेत्र में 25 यह निवेश करेगा। डिक्शन मोबाइल फोन के चेयरमैन सुनील बचानी ने बताया कि आज देश में बिकने वाले 65 प्रतिशत मोबाइल फोन की मैन्युफैक्चरिंग यूपी में हो रही है। कुल खपत की करीब 40 फीसद एलईडी लाइट प्रोडक्ट यूपी में बन रहे हैं। यह सब मुख्यमंत्री आदित्यनाथ की लीडरशिप में संभव हुआ है। इन्वेस्टर सम्मिट में यूपी को 32 लाख करोड़ रुपए के प्रस्ताव मिलना, 18643 एमओयू पर हस्ताक्षर होना यह अपने आप में बड़ी बात है।

उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के शुभारंभ के मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री के ह्यरिफॉर्म, परफॉर्म ट्रांसफार्मह्य के मंत्र को आत्मसात कर उत्तर प्रदेश ने जो प्रयास किए, उसी का परिणाम है कि आज इस निवेश के महाकुंभ के माध्यम से उत्तर प्रदेश को 32 लाख 92 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। नवीकरणीय ऊर्जा, रियल एस्टेट, शिक्षा, पर्यटन, इलेक्ट्रॉनिक वाहन मैन्युफैक्चरिंग, हाउसिंग, फूड प्रोसेसिंग जैसे अनेक सेक्टरों में अब तक हुए 18645 एमओयू के जरिये होने जा रहा यह निवेश प्रदेश में 92 लाख 50 हजार से अधिक नौकरी व रोजगार के नए अवसर सृजित करने वाला होगा। इस तीन दिवसीय वैश्विक निवेशक सम्मेलन में प्रधानमंत्री, रक्षामंत्री, राज्यपाल, अनेक केंद्रीय मंत्रीगणों, विश्व स्तर के नीति निर्धारकों, कॉरपोरेट जगत के शीर्ष नेतृत्व, व्यापारिक प्रतिनिधिमंडलों, एकेडेमिया, विचार मंच एवं प्रबुद्धजनों ने भाग लिया।

भारत के फूड बास्केट के रूप में जाना जाने वाला उत्तर प्रदेश खाद्यान्न, दूध, गन्ना समेत कई वस्तुओं के उत्पादन में प्रथम स्थान पर है। प्रदेश सरकार ने आईटीआईटीईएस, डेटा सेंटर, ईएसडीएम, डिफेंस एवं एयरोस्पेस, इलेक्ट्रिक वाहन, वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स, पर्यटन, टेक्सटाइल, एमएसएमई, आदि सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने के लिए लगभग 25 नीतियों को तैयार करके नीति संचालित शासन के माध्यम से औद्योगिक विकास के लिए एक समग्र पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की दिशा में अनेक सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं। यमुना एक्सप्रेस-वे के निकट राज्य का पहला मेडिकल डिवाइस पार्क का शुभारंभ किया गया है। इसी प्रकार यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में फिल्म सिटी, टॉय पार्क, अपैरल पार्क, हैंडीक्राफ्ट पार्क, लॉजिस्टिक हब विकसित किए जा रहे हैं। अन्य परियोजनाओं में ग्रेटर नोएडा में आईआईटी जीएनएल, बरेली में मेगा फूड पार्क, उन्नाव में ट्रांसगंगा सिटी, गोरखपुर में प्लास्टिक पार्क, गोरखपुर में गारमेंट पार्क तथा अनेक फ्लैटेड फैक्ट्री परिसरों को विकसित किया जा रहा है। बीमारू होने का दंश झेलने वाले बुंदेलखंड और पूर्वांचल जैसे क्षेत्रों में इस ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के जरिये 9 लाख करोड़ से अधिक का निवेश आया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक प्राप्त निवेश प्रस्तावों में से 9 लाख करोड़ से अधिक का निवेश पूर्वांचल में और 4 लाख 28 हजार करोड़ का निवेश बुंदेलखंड में होने जा रहा है। यह औद्योगिक निवेश इन क्षेत्रों में विकास की अपार संभावनाओं को आकार देने वाला होगा।

निवेशकों ने यूपी में होटल, वेयरहाउसिंग, लॉजिस्टिक पार्क, अस्पताल और निर्माण यूनिट स्थापित करने के लिए एमओयू साइन किए है। निवेशकों की ओर से भूमि आवंटन का प्रस्ताव दिया गया है। प्राधिकरण ने निवेश प्रस्तावों का अध्ययन करने के बाद भूमि आवंटन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। जीएसआई के लिए विदेशों के साथ देश के दूसरे प्रदेशों में आयोजित रोड शो और प्रदेश के विभिन्न जिलो में हुए निवेश सम्मेलन में ये निवेश प्रस्ताव मिले है। यह निवेश धरातल पर उतरने पर 9 लाख लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। यूपीसीडा को निवेश सम्मेलन के जरिये बरेली में 34,000, आगरा में 39,038, गाजियाबाद में 92,000, हापुड़ में 23000, प्रयागराज में 33703, कानपुर में 70,000 और अयोध्या में 17,000 करोड़ रुपये के निवेश एमओयू साइन हुए हैं।

कन्नौज में इत्र पार्क स्थापित करने के लिए यूपीसीडा ने तैयारी तेज की है। इत्र पार्क के लिए निवेशकों को भूमि आवंटित की जा रही है। इत्र पार्क में बनने वाले इत्र को बड़ी मात्रा में विदेशों में निर्यात किया जाएगा। वहीं उन्नाव में ट्रांसगंगा हाइटेक सिटी की योजना पर भी काम शुरू हो गया है। यूपीसीडा ने निवेशकों को यूनिट स्थापित करने के लिए प्रदेश में 15 हजार एकड़ से अधिक भूमि पर लैंडबैंक तैयार किया है। लैंड बैंक में करीब 2500 एकड़ भूमि और शामिल होगी। अमेरिका, हांगकोंग, सिंगापुर और संयुक्त अरब अमीरात से 90 हजार करोड़ रुपये निवेश के 12 एमओयू साइन हुए है। इससे 38 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। प्रदेश सरकार की ओर से देश के दस राज्यों के प्रमुख शहरों में रोड शो आयोजित किए गए थे। रोड शो में 1.53 लाख करोड़ रुपये निवेश के लिए 90 एमओयू साइन हुए। इससे 3.73 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा।


53 जिलों में आयोजित निवेश सम्मेलन में 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू साइन हुए है। इससे 8.63 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा।

राजधानी लखनऊ की वृंदावन विहार योजना में 10 से 12 फरवरी तक देश-विदेश के निवेशकों का सम्मेलन आयोजित किया गया था। सरकार ने इसके लिए व्यापक तैयारी की थी। इस समिट से यूपी के विकास को नई ऊंचाई मिली है। समिट में सोच से ज्यादा बेहतर परिणाम सामने आए हैं। कुल निवेश 35 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का हो सकता है। यूपी की नीतियों को निवेशकों ने सराहा है। मैन्युफैक्चरिंग, हेल्थकेयर, कृषि, लॉजिस्टिक, फार्मास्युटिकल्स, एजुकेशन और इंफ्रास्ट्रक्चर सहित कई सेक्टर में निवेश आया है। निवेश का योगी मॉडल निवेशकों को खींचने में सफल रहा है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में 25 सेक्टरों में होने वाला निवेश प्रदेश के युवाओं को रोजगार के लिए अनंत संभावनाएं पैदा करेगा। इससे युवाओं को देश के अन्य स्थानों पर नौकरी या रोजगार के लिए नहीं जाना पड़ेगा।

पर सभी राज्य सरकारों को इस बात का एहसास होना चाहिए कि निवेशकों को आकर्षित करने के बाद की चुनौती उनके निवेश प्रस्तावों को जमीन पर उतारने की होती है। यह चुनौती तब आसान होती है जब नौकरशाही की कार्यशैली कारोबार हितेषी बनती है। लेकिन अभी नौकरशाही को और अधिक चुस्त और दुरुस्त बनाने की जरूरत है। वैश्वीकरण के इस युग में नौकरशाहों की भूमिका अवरोधक के बजाय उत्प्रेरक की हो गई है। लेकिन नौकरशाही अपना पुराना रवैया बदलने को तैयार नहीं है। उद्यमियों के कामकाज में आने वाली बाधाओं को दूर करना सरकार का दायित्व है ताकि विश्व बाजार में वे अपना उत्पाद आसानी से बिक्री करके देश की दौलत को बढ़ाने में योगदान दे सकें।

**(लेखक हिन्दी विश्वकोष के पूर्व सहायक संपादक हैं, संपर्क 09451910615)**

## व्यंग्य



## हमारी विकास यात्रा

**यशवंत गोरे**

भारत जोड़ो यात्रा के बाद देश भर के नेता अपनी अलग -अलग यात्राओं पर निकल पड़े है। कोई जन सुराज पद यात्रा पर कोई समाधान यात्रा पर , कोई हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के नाम से यात्राएं कर रहे है। एक पार्टी अपनी गली- मोहल्लों में विकास यात्राऐं निकाल रही है इन यात्राओं में वे सभी कार्यकर्त्ता शामिल हो रहे जिनका विकास पार्टी के सत्ता में आने के बाद हुआ है। जो कार्यकर्त्ता साइकिल पर पार्टी के कार्यालय आते थे वे अब मोटर साइकल पर आ रहे है। जो मोटर साइकल पर आ रहे थे वे अपनी चार पहिया वाहनों में आ रहे है। इन यात्राओं से हमें भी प्रेरणा मिली और हमने भी अपनी स्कूटर उठाई और निकल पड़े। असल में हमें एक ऐसी मीटिंग में जाना था , जहाँ एक धार्मिक ग्रन्थ पर टिप्पणी के विरोध में भावी कार्यक्रम की चर्चा के लिए बुलाई गई थी। स्कूटर स्टार्ट कर घर से बाहर निकले ही थे कि छह माह पहले गैस वितरण कंपनी ने अपनी लाइन बिछाने के लिए खोदे गड्ढे में गिरते -गिरते बचे। थोड़ा आगे बढ़े थे कि सड़क पर पानी बहते हुवे दिखा। बिन बारिश सड़क पर बहते पानी देख कर अचरज हुआ। पता करने पर मालूम हुआ कि पिछले दो दिन से पानी सप्लाई की लाइन फूटी हुई है। चौराहे पर पंहुचे तो जाम मिला , ट्रैफिक सिग्नल बंद होने से लोग अपने अपने वाहन अपनी मर्जी से जहाँ जगह मिली वहाँ डाल रहा था। आधे घंटे की मशक्कत के बाद चौराहा पार किया तो थोड़ी दुरी पर क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक की विकास यात्रा निकल रही थी। सारा ट्रैफिक रोक दिया गया था। यात्रा के गुजर जाने के बाद आगे बढे थे कि हमारे आगे नगर निगम का एक वाहन धुआँ छोड़ते हुए जा रहा था , धुए से दम घुटने लगा। हमने अपनी जेब से मास्क निकाला, पहना और आगे बढ़ गए। सामने दो-तीन पुलिस वाले बिना हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने वालों का चालान करते हुवे दिखे। हमने हेलमेट पहन रखा था , इसलिए बच गए। हमारे स्कूटर ने थोड़ी स्पीड पकड़ी ही थी कि थोड़ी दूरी पर नगर सेवक की बस खड़ी थी। अफरा-तफरी मची हुई थी। किसी यात्री की कोई जेबकतरा, जेब काट कर भाग गया था। पास की पेट्रोल पंप नजर आया। पेट्रोल डलवाने के इरादे से गाड़ी पेट्रोल पम्प की ओर मोड़ दी। पिछले सप्ताह के मुकाबले पेट्रोल की कीमत 5 रुपए लीटर बढ़ चुकी थी। गाड़ी स्टार्ट कर आगे बढ़े थे कि , जेब में रखे मोबाईल की घंटी बज उठी , स्कूटर एक तरफ खड़ी कर फोन उठाया , घर से फोन था ' घर की बिजली आधे घंटे ज्यादा हो गए बंद पड़ी है , शिकायत करते हुवे आना '. हमें वहां खड़ा देखकर एक हट्टा कट्टा युवक , जो कुर्ता -पाजामा और जैकेट पहने , गले में गमछा डाले चरण छू कर पूछने लगा ' मुझे पहचाना अंकल जी ? मैं उसे पहचान नहीं पा रहा था। उसने याद दिलाया ' अंकल मैं छोटू आपके पुराने मोहल्ले का पड़ोसी। मैंने एक बार आपकी गाड़ी पंक्चर कर दी थी और आपने मेरे पिताजी से शिकायत कर पिटाई करवा दी थी।

मैंने पूछा यहाँ कैसे ? क्या कर रहे हो आजकल ? वो बोला अंकल में अपनी पार्टी का मंडल अध्यक्ष हूँ। हमारे पार्षद की आज विकास यात्रा निकल रही है , उसी की तैयारी में लगा हूँ। मेरे लायक कोई काम हो तो बताइए और तुरंत उसने अपना व्हाट्सअप नंबर मुझे दिया। हम जिस मीटिंग में जा रहे थे वो तो खतम हो चुकी थी। वापस लौट रहे थे अँधेरा हो चूका था। कॉलोनी की स्ट्रीट लाइट बंद थी। घर आ कर सोफे पर फैलकर बैठे और रिमोट उठा कर टीवी चालू किया तो न्यूज चैनल पर नगर में चल रही विकास यात्राओं की सफलता की खबरें चल रही थी।

**( लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क 9425492928)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# आम आदमी पार्टी ने किया बुलडोजर आहुति यज्ञ

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** आम आदमी पार्टी ने रिक्शा स्टैंड पर कृपा शंकर पाठक के नेतृत्व में बुलडोजर आहुति यज्ञ का आयोजन किया।

कृपा शंकर पाठक ने कहा कि अगर आपको लगता है कि कानपुर में हुए वीभत्स अपराध के जिम्मेदार सिर्फ अधिकारी हैं तो या आप बहुत मासूम हैं या आपकी दृष्टि बहुत सीमित है। बुलडोजर सबसे पहले उस गरीब ब्राह्मण के घर पर नहीं चला है। पहले संविधान पर चला था जहां दिए गए मूल अधिकार को रौंदा था। उसके बाद बुलडोजर चला कानून की प्रक्रिया पर जहां न अपील न वकील न दलील और फैसला होने लगा। बुलडोजर ने रौंदा अदालत के कार्य क्षेत्र को और अधिकारी अदालत बन गए, फैसला



रिक्शा स्टैंड पर यज्ञ करते आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता।

करने लगे। आप कहते हैं अपराधियों के घर पर बुलडोजर का समर्थन था पर अपराधी का फैसला कौन करेगा अपराधी का फैसला अदालत में होगा या आप करेंगे टीवी चैनल करेंगे या ट्रोल करेंगे और अगर अपराधी हो भी तो उसके घर वालों का क्या कसूर उसे पकड़िए घर क्यों गिराएंगे। घर अवैध बना है तो अकेला उसी का बना है बुलडोजर न्याय फासीवाद का चलता फिरता रूप है। मां बेटी को फासीवादी सोच ने मारा है।

विधानसभा अध्यक्ष सदर अनिल यादव ने कहा कि प्रशासन के आतंक से लाचार और बेबस माँ और उसकी बेटी ने खुद को आग लगाकर मौत को गले लगा लिया ये बात मैं तालिबान की नहीं कर रहा हूं ये बात उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात की है जिस बुलडोजर के नाम पर लोग ताली बजाते थे आज वो बुलडोजर उनकी जान का दुश्मन बन चुका है अगर योगी सरकार बुलडोजर की कार्यवाही पर रोक नहीं लगाती है तो आम आदमी पार्टी जनता के बीच जाकर जनजागरण करेंगी और बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इस अवसर पर अनिल यादव, अभिषेक सिंह, राजेश सिंह, उमेश यादव, डॉ.हरिराम, तनवीर रिजवी, रामरुप यादव, सतीश यादव, महेंद्र यादव, अभिषेक राजभर, दीनबंधु, सुभाष यादव आदि उपस्थित थे।

# फाइनेंस कंपनी पर लगाया धन गबन करने का आरोप

शिकायत

## पीड़ित ने एसपी से लगायी गुहार

### बैंक मैनेजर व एजेंट के खिलाफ की कार्रवाई की मांग

जनसंदेश न्यूज

**मुबारकपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना अंतर्गत ग्राम खुझिया निवासी विजय प्रकाश पुत्र स्व.बाबूलाल ने एक प्राइवेट बैंक द्वारा रुपए गबन कर फरार हो जाने के मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजकर एजेंट और मैनेजर के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

पीड़ित विजय प्रकाश ने दिए गए शिकायती पत्र में उल्लेख किया है कि मुबारकपुर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव निवासी कवि लाल पुत्र बहादुर और ग्राम प्रकौली निवासी मुकेश पुत्र दूधनाथ द्वारा सिधारी स्थित जेकेएम इंफार जेवल पार्क का अपने आप को मैनेजर और एजेंट बताया। पहले से पहचान होने के कारण हम लोगों ने उस पर विश्वास किया। उक्त दोनों व्यक्तियों ने बताया कि यह बैंक 6 साल में धन को 3 गुना कर देता है। हमने लालच में आकर 6 लाख 29 जून 2012 को जमा करने के लिए दिया। उसके अलावा कवि लाल ने हमसे जमीन दिलाए जाने के नाम पर 3 लाख तथा लड़के को विदेश भेजने के नाम पर बैंक में जमा कराया। ज्ञातब्य हो कि 6 लाख जमा धन की अवधि 29 जून 2018 को पूरी हो गई जब हमने अपने धन की मांग की तो दोनों व्यक्तियों द्वारा मुझे और मेरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी जाने लगी। विजय प्रकाश ने कहा कि इन दोनों व्यक्तियों ने मुझे भी भुखमरी के कगार पर खड़ा कर दिया। पीड़ित विजय प्रकाश ने उच्च अधिकारियों से इन लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए अपना धन वापस दिलाए जाने की गुहार लगाई है।

## संक्षेप

### जामिया फैजे आम में हुआ जलसा पुरस्कार वितरण



**लालगंज (आजमगढ़)।** जामिया फैजे आम देवगांव में रविवार को उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले बच्चों का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए गए। प्रबंधक मौलाना हबीबुर्रहमान कासमी ने कहा कि समय-समय पर बच्चों को प्रोत्साहित करना बहुत जरूरी है ताकि उनमें उच्च शिक्षा प्राप्त करने की इच्छा जागृत हो। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना कुछ नहीं किया जा सकता। जबकि शिक्षा प्राप्त करने के बाद यही बच्चे वैज्ञानिक, अधिकारी, डॉक्टर, व्यापारी और इंजीनियर आदि बनेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी इच्छा है कि देश के सभी बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त करें और विभिन्न पदों को प्राप्त कर राष्ट्र कल्याण में अपनी बहुमूल्य भूमिका निभाएं। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत छात्र मुहम्मद द्वारा पवित्र कुरान की तिलावत से की गई। जिसका अनुवाद मुहम्मद सादिक ने किया। तत्पश्चात नात ख्वानी, संवाद, बैतबाजी व भाषण आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर शिक्षक शादाब, मौलाना सऊद कासमी, मौलाना राशिद कासमी, कारी शमीम अहमद, मौलाना अब्दुल्ला, मौलाना मिसबाहुर्रहमान, मौलाना साबिर कासमी, मौलवी एजाज हमद, मास्टर इसरार अहमद, कारी जाकिर, मौलाना अली अहमद, मौलाना खालिद के साथ मौलवी ओसामा, मौलाना हबीबुर्रहमान आजमी, हाफिज सैफुल्ला, लेखपाल फहीम अहमद, हाफिज उमैर, हाफिज हंजला, बिलाल अहमद आदि पुराने छात्र कार्यक्रम में शामिल हुए।

### कैदियों के मानसिक सुधार के लिए कराया योग



**आजमगढ़।** मंडल कारागार में निरुद्ध बंदियों के शारीरिक मानसिक एवं नैतिक सुधार व विकास के उद्देश्य से रविवार को प्रातः काल निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बंदियों को ध्यान योग आसन व प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षक रवि प्रकाश यादव ने बताया कि शरीर मन और आत्मा को शांति करने में योग मदद करता है। शरीर और मन को शांत करने के लिए यह शरीर एवं मानसिक अनुसंधान का एक संतुलन बनाता है। यह तनाव एवं चिंता को दूर करने का प्रबंधन करने में सहायक है। योग सत्र में मुख्य रूप से व्यायाम और आसन शामिल होते हैं जो विभिन्न मांस पेशियों को मजबूत करते हैं। योग मानसिक आध्यात्मिक और सादिक पद के माध्यम से जीवन जीने की कला है या इशिता प्राप्त करने और आंतरिक आत्मा को चेतना में ध्यान लगाने से सहायता प्रदान करता है। योग शरीर मन और ऊर्जा के स्तर पर कार्य करता है। योग का नियमित अभ्यास शरीर में सकारात्मक बदलाव लाते हैं जिनमें मजबूत मांस पेशियां लचीलापन धैर्य व अच्छा स्वाद शामिल है। इस अवसर पर कैदियों सहित जेलर आरएन गौतम, डिप्टी जेलर अंकित सिंह, डिप्टी जेलर राम प्रकाश सिंह, योग मंच के अंकित यादव आदि उपस्थित रहे।

### मराठा समाज ने मनायी छत्रपति शिवाजी की जयंती



**आजमगढ़।** जनपद में मराठा समाज द्वारा शिवाजी जयंती पर नगर के रैदोपुर तिराहे पर स्थित शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यर्पण कर उनको नमन किया गया। विश्व हिन्दू परिषद के नगर कार्याध्यक्ष अरविंद मोदनवाल ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने अपने जीवन काल में 262 से ज्यादा युद्ध लड़े लेकिन कभी पराजय का मुंह नहीं देखा। वीर शिवाजी जीवन पर्यंत अजेय रहे। उन्होंने अपने छापामार युद्ध नीति से मुगल साम्राज्य की नींव हिला डाली थी और हिन्दू पद पादशाही की स्थापना की थी। समाजसेवी दीनू जायसवाल ने कहा कि वीर शिवाजी का जीवन हम सबको सदैव प्रेरित करता रहेगा। इस अवसर पर संजय मराठा, रमेश सूर्यवंशी, भरत पाटिल, शरद, हिमांशु राज, संतोष गुप्ता, मनोज राज, सूरज निषाद, अनिल सोनी आदि मौजूद रहे।

### तमंचा, कारतूस के साथ एक गिरफ्तार



**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए रानी की सराय पुलिस ने थाना क्षेत्र के दिलौरी गांव के पास से रविवार को एक युवक को अबैध तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। रानी की सराय थाने के उपनिरीक्षक विजय सिंह ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान दिलौरी के पास से संदिग्ध खडे. युवक की तलाशी ली तो तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तार युवक गंभीरपुर थाना क्षेत्र के फैजुल्लाहपुर गांव निवासी मो.इम्तियाज बताया जाता है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

### अभियुक्त के घर धारा 82 की नोटिस चस्पा



**तरवा (आजमगढ़)।** कोर्ट के आदेश पर स्थानीय पुलिस ने एक मामले में वांछित चल रहे आरोपी के घर धारा 82 की नोटिस चस्पा की। बागपत जिले के थाना बरोत के बस्ती छपरौली निवासी आरोपी के घर पर पहुंचकर तरवां पुलिस द्वारा धारा 82 सीआरपीसी नोटिस की मुनादी कराकर नोटिस चस्पा की कार्रवाई की गई। उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम की धाराओं सहित विभिन्न धाराओं में वांछित आरोपी जावेद मलिक निवासी बस्ती छपरौली ईदगाह के पास थाना बरोत जनपद बागपत के विरुद्ध धारा 82 सीआरपीसी की कार्रवाई जिले के तरवां थाना के उपनिरीक्षक नागेश चैधरी द्वारा अभियुक्त के घर पर धारा 82 सीआरपीसी नोटिस की चस्पा व मुनादी की कार्रवाई की गई।

# स्मार्ट फोन पाकर खिले छात्राओं के चेहरे

**मेहनगर (आजमगढ़)।** माता राधिका देवी बालिका महाविद्यालय कम्हरिया में छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किया गया। स्मार्ट फोन पाकर एक तरफ जहां छात्राओं के चेहरे खिल उठे वहीं उनके अभिभावकों ने कहा कि सरकार द्वारा प्राप्त स्मार्ट फोन से बच्चियों को पढ़ाई करने में काफी मदद मिलेगी।

मुख्य अतिथि दीपक कुमार सिंह ने कहा कि स्मार्ट फोन से बच्चियों को उच्च शिक्षा में मदद मिलेगी। वहीं सरकार के इस कदम की सराहना की। ;विशिष्ठ अतिथि अरविन्द कुमार सिंह प्रबंधक माता राधिका देवी ग्रुप्स ऑफ कालेज ने कहा कि आधुनिक शिक्षा के लिए स्मार्ट फोन बहुत जरूरी है। सरकार द्वारा दिए गए स्मार्ट फोन से बच्चियों को कम्प्यूटर युग के आधुनिक शिक्षा में बहुत मदद मिलेगी एवम् बच्चियों के उज्जवल भविष्य की कमाना करते हुए अरविन्द कुमार सिंह ने उन्हे ढेरों शुभकामनाएं दी। इस मौके पर प्रदीप सिंह, अभिषेक सिंह, सुरेन्द्र राजभर, इंद्रा सिंह, पूर्व प्रधान सोनफुला सिंह, मनोज कुमार सिंह, अनुज सिंह, विनोद कुमार आदि उपस्थित थे।



स्मार्ट फोन के साथ महाविद्यालय की छात्राएं।

# खाटू श्याम के गीतों पर देर रात तक झूमते रहे श्रद्धालु

## राणी सती श्याम भक्त मंडल द्वारा अठवरिया में हुआ आयोजन



कीर्तन भजन करते श्रद्धालु।



भण्डारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग।

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शनिवार की रात नगर के अठवरिया मैदान में श्री राणीसती श्याम भक्त द्वारा कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें दूसरे प्रांतों से आए कलाकारों ने अपने भक्ति गीतों से देर रात तक लोगों के झूमने के लिए विवश कर दिया।

इस दौरान भंडारे का भी आयोजन किया गया था जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। सबसे पहले राजू मेहरा ने अपने भजनों से समां बांधा। जैसे ही उन्होंने मेरी चिंता करने वाला खाटू में बैठा है सुनाया भक्त अपनी जगह पर बैठे-बैठे ही झूमने लगे। इसके बाद उन्होंने कीर्तन की है रात, बाबा तन्ने आनू है, दरबार सांवरियां सजो ऐसो प्यारो, सुनाया तो लोग ताली बजाने लगे। इसके बाद कोलकाता से पधारे गायक मुकेश ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति की। जब उन्होंने हारा हूं बाबा पर तुझपे भरोसा है सुनाया तो श्रद्धालु अपने स्थान पर बैठे खाटू श्याम के ध्यान में लीन हो गए। भजन गायक संदीप सुल्तानिया ने शानदार प्रस्तुति दी। वहीं गोरखपुर से आई अनीता सोथालिया ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किया। श्री राणीसती श्याम मंडल के मंत्री पारितोष रूंगटा ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित होता है। इस दौरान बाबा को छप्पन भोग का प्रसाद चढ़ाया गया और हजारों भक्तों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। सदर विधायक दुर्गा प्रसाद यादव भी बाबा के दरबार में पहुंचे और उन्होंने गायक कलाकारों को माला पहनाकर उनका सम्मान किया। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजय सिंह, सपा नेता विवेक सिंह, ऋत्विक जायसवाल, शोभित अड़ूकिया, कोषाध्यक्ष अभिषेक खंडेलिया, उपाध्यक्ष सौरभ डालमिया, भोला जालान, आशुतोष रूंगटा, प्रत्यूष डालमिया, पीयूष रूंगटा, ओम प्रकाश अग्रवाल, अमृत अग्रवाल, राकेश अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# परिवर्तन के युग में धैर्य व विवेक का परिचय दें: बाबा विशाल भारत

कार्यक्रम

## परिवार गोष्ठी का हुआ आयोजन

**लालगंज (आजमगढ़)।** विकास खंड लालगंज के मई गांव स्थित आत्म अनुसंधान आश्रम परिसर के जया विजया सभागार मे महाशिव रात्रि के अवसर पर एक परिवार गोष्ठी आयोजित की गयी। महाशिवरात्रि पर आयोजित परिवार गोष्ठी में शिष्यों व भक्तो को संबोधित करते हुए परमपूज्य बाबा विशाल भारत जी ने अपने आर्शीवचन में कहा कि महाशिव व महारात्रि को प्रणाम निवेदित करता हूं। संदेश भी देना चाहूंगा जहां तक हो सके भावनाओं में मयार्दाओं व संस्कारों को वरीयता देनी चाहिए। उनको जीतने देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि भावनाएं तो समय, काल, परिस्थिति, अनुकूलता, प्रतिकूलता, परिवेश के चलते निर्मित होती है, बदलती है तो भावनाओं में परिवर्तन होता है। मैं यह नहीं कहता कि मैं मिथ्या नहीं बोलता, अधिकांश कोशिश करता हूं कि सत्य बोलू, सत्य ही शिव है शिव ही सुंदर है। क्या आप लोग सत्य को शिव मानेंगे। सत्य को शिव मान लें, सुन्दरता को शिव मान लें तो उस सुन्दरता को कुरूप नहीं बनाएगें। एक को भी शिव मान लेंगे तो वर्तमान बदल जाएगा। मेरी स्थिति में तो निराशा की पराकाष्ठा है। महाशिवरात्रि है मिलन का क्या परिणाम हुआ सबके सामने है, सृजन का क्या परिणाम है।

उन्होंने कहा कि संपूर्ण सौर्य मंडल की क्या स्थिति है आप परीक्षण व विश्लेषण करें। मानने के लिए नही जानने के लिए कह रहा हूं। शिव का इतना विश्लेषण की शिव ने विषपान किया यह समझना चाहते हैं। नाग लपेटा, लोक कल्याण, कल्याण के लिए उनका सारा जीवन है उनके चक्कर में लोग पड़े रहते हैं, जिसका साक्षात्कार, आत्मसात, धारण कर सकते है कि सत्य ही शिव है वह नहीं करेगे। परिवार माने पत्नी नहीं होती है। महाशिव के उपासक भी यह समझने के लिए नहीं तैयार हैं कि महाशिव के परिवार में केवल पार्वती ही नहीं है, कार्तिकेय, गणेश, नन्दी, सांप, चूहा, शेर सभी परिवार में थे। हम भक्तों को देख रहे हैं कि पत्नी ही उनका परिवार है। पत्नी परिवार की जनक हो सकती है। कैसा परिवार जब परिवार के सभी सदस्य 10 मिनट एक साथ नहीं बैठ सकते। समर्पण में अस्तित्व का विलीनीकरण हो जाता है। मां से बड़ा कोई गुरु नही होता है। मां के बाद पिता, भाई, बन्धु, मित्र का स्थान होता है। पत्नी भी गुरु होती है वह उत्तर दायित्व कर रही कि नहीं, अंतिम सांस तक आपके साथ रहती है। त्रिमूर्ति ने सांप, महिला सहित अन्य को अपना गुरु बनाए आप त्रिमूति से सीखना चाहते है। प्रकृति से पुरुष श्रेष्ठ माना जाता है परिवर्तन का समय चल रहा है बहुत कठिन समय धैर्य व विवेक का परिचय दें। जितना हो सके प्रतिक्रिया करने से बचे। अतीत भी मिथ्या, भविष्य भी मिथ्या, वर्तमान ही सत्य है जो बड़ा कष्टकर है। अशांति में घर सहित अन्य को छोडे. थे। शान्ति मृत्यु के बाद मिलेगी। प्रकृति (जगत जननी) के प्रति समर्पण करें। आर्शीवचन कार्यक्रम देर रात्रि तक चला। जिसके बाद सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर तरुण कुमार सिंह उर्फ गुड्डू, शमशेर सिंह, सन्तोष कुमार पाठक, दिवाकर राय, दिनेश तिवारी, नीरज सिंह, सर्वेश, धनन्जय, शुभम, शिवम, बलबन्त सिंह, शरद सिंह, कृष्ण मुरारी, सर्वेश राय, श्याम सुन्दर राय आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य रामनयन सिंह ने किया।

## श्री गौरीशंकर मंदिर में हुआ भंडारे का आयोजन

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** शिवरात्रि के दूसरे दिन सिधारी स्थित प्राचीन इच्छापूर्ति श्री गौरीशंकर मंदिर में रविवार को ट्रस्ट समिति की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। भोलेनाथ के भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर शिवरात्रि का व्रत तोड़ा। भगवान भोलेनाथ की महिमा का गुणगान करते हुए पूरे विधि अनुसार व्रत को पूरा किया। भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर भक्तों ने उपवास तोड़ा। भंडारों का प्रसाद ग्रहण करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। हालांकि भंडारा संचालकों ने नियमानुसार सभी को भंडारे का प्रसाद दिया। इस दौरान हर हर महादेव के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। देर रात तक भंडारा चलता रहा। भंडारे में मुख्य ट्रस्टी कुसुम लता सिंह, प्रबंधक बॉबी सिंह रेड़ा, प्रकृति सिंह, पुन्नु सिंह रेड़ा, रॉबी सिंह रेड़ा, पंडित अजय पेंयुली जी बद्रीनाथ वाले, मुनिम जी, नायक यादव, जितेंद्र भारद्वाज, जितेंद्र अस्थाना, विश्वजीत सिंह, अमरजीत सिंह, नीतू, संदीप, आदि मौजूद रहे।

# पत्नी की विदाई न होने से क्षुब्ध पेड़ पर चढ़ा

## आत्महत्या की दी धमकी, पुलिस ने समझा-बुझाकर उतारा

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** अहरौला थाना क्षेत्र के हमीदपुर गांव में करीब तीन साल से मायके में रह रही पत्नी की विदाई नहीं होने से नाराज युवक रविवार को पेड़ पर चढ़ गया। फांसी लगाकर खुदकुशी करने की धमकी देने लगा। युवक की इस हरकत से गांव में हड़कंप मच गया। काफी देर तक चले नाटक के बाद किसी तरह उसे समझा-बुझाकर नीचे उतारा गया।

उक्त गांव निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पुत्री की शादी 2015 में गौरी गांव निवासी एक युवक से किया था। 2019 में किन्हीं कारणों से पति-पत्नी में संबंध विच्छेद हो गया। पत्नी मायके में रहने लगी। हालांकि युवक अक्सर ही अपनी पत्नी से मिलने के लिए ससुराल आता रहता था। रविवार को भी वह नशे में धुत्त होकर ससुराल पहुंचा और पत्नी की विदाई करने को कहा। ससुराल पक्ष के लोगों ने ऐसा करने से इंकार कर दिया। इसके पीछे कारण तीन साल पूर्व हुए संबंध विच्छेद को बताया। इसके बाद भी युवक अपनी जिद पर अड़ा रहा।

ससुराल वालों के इंकार पर वह घर के सामने स्थित पेड़ पर चढ़ गया। फांसी लगाकर खुदकुशी कर लेने की धमकी देने लगा। उसकी इस हरकत से गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर अहरौला थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। किसी तरह उसे समझा-बुझाकर नीचे उतारा और हिरासत में लेकर थाने चली गई।

# नगर में गाजे-बाजे के साथ निकली शिव बारात

आस्था

## डीजे की धुन पर थिरकते नजर आये युवक व युवतियां

### भण्डारे में हजारों ने ग्रहण किया प्रसाद

जनसंदेश न्यूज

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** आदि पुरुष भगवान शिव और आदिशक्ति के परिणय संस्कार का महापर्व महाशिवरात्रि नगर पंचायत में धूमधाम से मनाया गया। महा शिवरात्रि के अवसर पर शनिवार की शाम नगर के राम बरन चैक से निकली शिव बारात में भूत प्रेत बैताल बाराती बने युवा झूम कर नाचते गाते केशरी सिंह चैक स्थित बाबा बालक दास मंदिर पहुंचे। शाम को भगवान शिव के विभिन्न स्वरूप को रथ पर विराजमान किया गया।

शिव बारात में हजारों की संख्या में युवाओं की टोली गुलाल और अबीर संग होली खेलते हुए तेज ध्वनि डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों की धुन पर झूमते नजर आए। वहीं लड़कियां भी शिव बारात में टोली में जमकर नाचती



अतरौलिया में निकलती शिव बारात की झांकी।

नजर आयी। ढोल नगाड़े और डमरू वादन के साथ निकली शिव बारात में शामिल लोगों की सेवा में जगह-जगह छत से पुष्प वर्षा की जा रही थी। वहीं जगह जगह पर हलवा, जलपान एवं ठंडई की व्यवस्था आस्थावान भक्तों द्वारा की गई थी। शिव बारात रामबरन चैक से निकल कर गोला बाजार, जायसवाल मुहल्ला, बब्बर चैक, केशरी चैक पहुंची, जहां डीजे की धुन पर युवा एवं युवतियों ने जमकर डांस किया। तत्पश्चात मनमोहक झांकी में भगवान शिव पार्वती के विभिन्न स्वरूपों को सजाया गया था। कलाकारों ने नगर क्षेत्र के कई स्थानों पर अपने करतब और कला का प्रदर्शन किया जो अपने आप में अद्भुत था। तत्पश्चात मनमोहक झांकी व शिव बारात दुर्गा मंदिर, राम जानकी मंदिर होते हुए पुनः रामबरन चैक पहुंची जहां भगवान शिव के परछन की पारंपरिक रस्म अदायगी के साथ देर रात तक शिव पार्वती की मनमोहक झांकी व नृत्य का लोगों ने लुफ्त उठाया। नगर पंचायत स्थित गोला बाजार में भंडारे का आयोजन भी किया गया जहां भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## भूत, बैताल बने शिव के बाराती

उत्साह

### दहेज में दिया साड़ी व जेवरात

### महिलाओं ने गाया मंगल गीत

**फूलपुर (आजमगढ़)।** शिवरात्रि के पावन अवसर पर शनिवार को दुवार्सा से फूलपुर शंकर जी तिराहा के शिवालय तक शिव जी की दूल्हा रूप में झांकी निकाली गई। जिसके साथ अद्भुत भक्तिमय झांकी नृत्य संगीत ने टैक्टर ट्राली पर पूरे रास्ते भर अपनी अनुपम छटा बिखेरी। वहीं रात्रि में नव युवक क्रान्ति दल जन सहयोग से श्री शिव बारात बाबा परमहंस जी मन्दिर परिसर से डीजे, व बैंड बाजा, के साथ स्वर्णिम स्वयंवर रथ पर भगवान शिव



भूत प्रेतों के साथ निकलती शिव की बारात।

भूत प्रेत, गण आदि की झांकी निकाली गई। जो बाबा परमहंस जी मन्दिर से निकलकर मंगलबाजार, गल्लामंडी, भवानी मां मन्दिर, धर्मशाला रोड, शनिचर बाजार, चूना चैक होते हुए शंकर जी तिराहा शिवालय पहुंची। जहां सुरेश मौर्य ने पार्वती जी के पिता के रूप में भगवान शिव की बारात की आगवानी की। पत्नी सहित सुरेश मौर्य ने शिव जी का द्वाराचार किया, आरती उतारी। जलपान कराया और प्रसाद वितरण किया। उसके बाद भगवान शिव की वैदिक रीति रिवाज से वैवाहिक कार्य सम्पन्न कराया। जन सहयोग से डाल पर सात साड़ी, ग्यारह थान जेवर भी चढ़ाया गया। महिलाओं ने मंगल गान गाया। शिव जी की भूमिका अमर सिंह ने निभाई। प्रशासनिक व्यवस्था की कमान कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने पूरे दलबल के साथ मुस्तैदी से संभाली। इस अवसर पर, सुरेश मौर्य, अभय सिंह, राजेश, अजय जायसवाल, दुर्गेश अग्रहरि, राजन मौर्य, बृजेश यादव, सुनील प्रजापति, रितेश कुमार, शिवानंद, शिवम् आदि उपस्थित थे।

# अल्पसंख्यकों के लिए कल्याणकारी योजनाएं चला रही सरकार

बोले हैदर अब्बास

## अल्पसंख्यक आयोग सदस्य का हुआ स्वागत

जनसंदेश न्यूज

**लालगंज (आजमगढ़)।** देवगांव में सलमान के आवास पर जनपद दौरे पर अल्पसंख्यक समाज के साथ संवाद कार्यक्रम में देवगांव आए अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य हैदर अब्बास चांद का स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार अल्पसंख्यकों के लिए तमाम कल्याणकारी योजनाएं चला रही है।

उन्होंने कहा इससे पूर्व की सरकारों ने अल्पसंख्यकों के लिए कुछ भी नहीं किया। 2014 में विकास के नाम पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव जीता और प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने कहा कि वह प्रधानमंत्री नहीं बल्कि प्रधान सेवक हैं। उन्होंने पूरे समाज के लिए जिन्होंने वोट दिया या नहीं दिया सभी के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई और गरीबों के लिए आवास योजना



हैदर अब्बास का माल्यार्पण कर स्वागत करते लोग।

आदि चलायी। इससे सबसे अधिक लाभान्वित अल्प संख्यक समाज के लोग हुए। उन्होंने कहा मुसलमानों का लगाव भाजपा की ओर बढ़ा है। उन्होंने कहा अल्प संख्यक समाज के लोगों को अब एहसास हो रहा है कि हमारे हितैषी प्रधानमंत्री मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ही हैं। उन्होंने कहा कि 2024 में विपक्षी पार्टियां बरगलाने का काम करेंगी लेकिन अल्पसंख्यक समाज के लोगों का वोट भाजपा को मिलेगा और विपक्षी पार्टियां बौखला जाएंगी। उन्होंने कहा जब से वह अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य बने हैं लगातार समाज के लोगों की समस्या सुनते हैं और उनका निस्तारण कराते हैं। स्वागत करने वालों में अरशद हुसैन आब्दी, मेहंदी इमाम, मोहम्मद मोजिज, मोहम्मद आमिर आदिल खान जिला महामंत्री, जिला उपाध्यक्ष बिलाल खान, हिंद मोर्चा के जिला अध्यक्ष एहसान शेख, दानिश, मंडल अध्यक्ष बरदह मोहम्मद आमिर, सलमान, मोहम्मद आबिद, सलीम, सरताज आलम, दीन मोहम्मद, महताब हसन मोहम्मद आलम आदि शामिल हैं।

# बाइक के धक्के से घायल की इलाज के दौरान मौत

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बसुहरा गाँव निवासी 20 वर्षीय युवक सड़क पर मंगलवार को पैदल जा रहा था कि पल्सर बाइक ने जोरदार टक्कर मारते हुए फरार हो गया। परिजनों ने घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर उपचार के बाद सदर अस्पताल ले कर गये जहाँ उसकी इलाज के दौरान रविवार को मौत हो गयी। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के भाई भगवान प्रसाद ने थाने में तहरीर देकर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। दी गयी तहरीर में कहा है कि बसुहरा गाँव निवासी मृतक बीस वर्षीय परमेशू पुत्र धनीलाल मृतक तीन वर्ष से डंफर चला कर जीविकोपार्जन करता था। पिता के नाम से तीन बीघा जमीन है। चार भाईयों में सबसे छोटा था। बारह फरवरी को कछवां में सामूहिक विवाह धोबहा उसरी हुआ था। उसके दूसरे दिन ही घटना घटी थी जिसमें हलिया लालगंज रोड पर मंगलवार को पैदल जा रहे थे कि अज्ञात पल्सर बाइक से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए तेज गति से बाइक से टक्कर मारते हुए फरार हो गया जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। पुलिस मुकदमा दर्ज करने के बाद शव को पीएम के लिये भेज दिया है।


मृतक की फाइल फोटो

## तेज रफ्तार बाइक सवार ने मां और मासूम बच्ची को मारी टक्कर

### बच्ची की मौत के बाद परिजनों में मचा कोहराम

**जमालपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी शेरवा स्थित भाईपुर गांव के पास रविवार को तेज रफ्तार बाइक सवार ने मां और मासूम बच्ची को टक्कर मार दिया जिससे सात वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे परिजनों ने आनन फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भाइपुर ले गए जिसे चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान शाम को मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिंधी उम्र 7 वर्ष पुत्री राजू जयसवाल निवासी भभौरा अपने ननीहाल माता रेखा देवी के साथ लगभग एक सप्ताह पहले गृहप्रवेश में शामिल होने के लिए गई हुई थी कि वापस रविवार को अपने घर भभौरा जा रही थी कि अचानक भाइपुर गांव के पास अनियंत्रित बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे सिंधी जयसवाल गंभीर रूप से चोटिल हो गई। जहां रविवार की शाम ट्रामा सेंटर वाराणसी में इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। माता रेखा जयसवाल भी आंशिक रूप से चोटिल हो गई जिनका रो रो कर बुरा हाल बेहाल है। मृतका प्राथमिक विद्यालय भभौरा की छात्रा है जो तीन बहनों में सबसे छोटी थी। मृतका के पिता राजू जायसवाल परचून की दुकान से परिजनों का भरण पोषण करते हैं। दादा जयशंकर जयसवाल का रोकर हालत बेहाल हो गये।

## पेड़ की डाल गिरने से युवक की मौत

**जिगना।** बीती रात विंध्याचल थाने के अंतर्गत ग्राम दुगरहा में आलम सिंह के घर के सामने नीम का पेड़ था। उनके द्वारा नीम के पेड़ की डाली को कटवाया जा रहा था। उसी दौरान पीसी शंकर पुत्र अमेरिका उम्र लगभग 40 वर्ष डाल को गिरने के समय उसकी चपेट में आ गया। जिसके कारण उसको गंभीर चोटें आई। दो और लोगों को मामूली चोटें आई। परिजनों ने उसे आनन-फानन में हॉस्पिटल ले जाने लगे। चोट गंभीर होने के कारण वह रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक को चार बच्चे थे। जिसमें 3 लड़कियां और एक लड़का था। घर की माली हालत बहुत दयनीय है। इस हृदय विदारक घटना पर घर वालों का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस पंचनामा कर शव को परिजनों को सौंप दिया। जिसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।


## संदिग्ध परिस्थिति में लाइन पर मिला रेलवे कर्मचारी का शव

**जिगना।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रम्पोटी गांव निवासी रेलवेकर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे लाइन पर शव बरामद होने की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। गांव निवासी भीम प्रताप 32 पुत्र बुद्धिराम बिंद मीरजापुर रेलवे स्टेशन पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर पर तैनात था। कटरा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ओवरब्रिज से पांच सौ मीटर पश्चिम रेलवे लाइन पर रविवार की सुबह उसका शव बरामद हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्यों और किन परिस्थितियों में उसकी मौत हुई आम चर्चा का विषय बना हुआ है। मृतक तीन भाइयों में छोटा था। तीन बेटियों शांति 15 सिमरन 14 परी पांच वर्ष तथा हरिहर 12 का पिता था। सात वर्ष पहले पिता के बीआरएस लेने पर उसे ड्युटी मिली थी। फिलहाल बीते तीन माह से वह निलंबित चल रहा था। पड़ोसियों ने दबी जुबान में बताया कि बीते कुछ दिनों से पति-पत्नी के बीच सब कुछ ठीक नहीं चल रहा था।

# स्टेशन पर मिला लावारिस बैग

## वाराणसी से आई टीम, पुलिस ने खंगाला सीसीटीवी फुटेज


स्टेशन पर जांच करने पहुंचे सीओ


बैग से बरामद शराब

**मीरजापुर।** बिहार में शराब बंदी के बाद से ही जिला शराब तस्करों के लिए मंडी बन गया है। प्रदेश में शराब बिक्री में दूसरा स्थान लाने में तस्करों का अहम भूमिका रहा। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर एक पर रविवार को सुबह लावारिश हालत में लाल रंग का ट्राली बैग मिलने से सनसनी फैल गई।

मौके पर जीआरपी, आरपीएफ, कटरा कोतवाली पुलिस जुट गई। बैग पर मक्खियों के लगने से शव के साथ ही बम की आशंका जताई गई। लिहाजा जिला प्रशासन ने अधिकारियों को अवगत कराया।

### जांच

#### बम डिस्पोजल दस्ते की जांच में निकली शराब

वाराणसी से बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया। इस दौरान प्लेट फार्म एक के पूर्वी छोर को सुरक्षा के लिहाज से सील कर दिया गया था। घंटों हलकान रही पुलिस के अधिकारी मौके पर भारी बल के साथ डटे रहे। बम निरोधक दस्ते ने जब बैग की तलाशी ली। बैग खोलने पर माथे पर पड़ी सिकुड़न गायब होकर मुस्कान थिरक पड़ी। हुआ यह कि जब बैग खोला गया तो उसमें कोई संदिग्ध सामान नहीं बल्कि भारी मात्रा में शराब निकली। बताया जाता है कि स्थानीय रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन बिहार के लिए ट्रेन से शराब की तस्करी की जाती है। रविवार की सुबह पुलिस को देख युवक बैग छोड़कर निकल गया। ट्राली बैग को लेकर जिला से लेकर वाराणसी तक की पुलिस के परेशान होने पर बैग में तस्करी करके ले जाया जा रहा शराब मिला। रेलवे स्टेशन के बाहर ही शराब की दुकानें तस्करों के लिए मंडी साबित हो रही हैं। एक ग्राहक को ही भारी मात्रा में शराब बेंचना जांच का विषय है।

# मोबाइल लूटने वाले दो चोर गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना विन्ध्याचल मीरजापुर पर वादी अजय गोस्वामी निवासी सरकारी रोडवेज के पास थाना विन्ध्याचल मीरजापुर द्वारा लिखित तहरीर दी गयी कि 09 फरवरी को परिवार सहित शादी समारोह से लौटते समय अपाचे मोटरसाइकिल सवार 02 अज्ञात बदमाश मोबाइल लूट कर भाग गये। उक्त तहरीर के आधार पर थाना विन्ध्याचल पर मुकदमें पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा उक्त लूट की घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए घटना का यथाशीघ्र अनावरण करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु क्षेत्राधिकारी नगर-परमानन्द कुशवाहा के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गयी थी। रविवार को थाना विन्ध्याचल की गठित पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त की विवेचना के क्रम में सीसीटीवी फुटेज, भौतिक व इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों के आधार पर थाना विन्ध्याचल क्षेत्र से घटना से सम्बन्धित दो आरोपियों अशोक बिन्द पुत्र दशरथ बिन्द निवासी शिवराज(गौरा) थाना जिगना मीरजापुर

## ट्रैक्टर का पहिया खोल ले गए चोर

**अदलहाट।** स्थानीय थाना अंतर्गत चौकी क्षेत्र के कोलउन्द गांव से बीती रात शनिवार रविवार की रात खड़ी न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर की पहिया को खोल ले जाने में सफल रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनेश कुमार पुत्र शोभा नाथ निवासी कोलउन्द अपनी न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर गांव के ही किसी दूसरे के मकान के सामने खड़ा किया था। दूसरे दिन सुबह जब वहां गया तो देखा ट्रैक्टर के दोनों पिछली पहिया खोल कर चोरी चली गई थी। पुलिस ने रविवार को वादी की तहरीर पर चोरी का मुकदमा कायम कर मामले की छान बिन कर रही है।

व बालअपचारी को बिना नम्बर की अपाचे मोटरसाइकिल के साथ पकड़ा गया। जिनके कब्जे से लूट की मोबाइल बरामद की गयी। थाना विन्ध्याचल पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए किशोर न्याय बोर्ड व जेल भेजा गया तथा घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल का वैध कागजात न प्रस्तुत करने पर एमवी एक्ट में चालान किया गया।

## अनियंत्रित बाइक सवार ने सड़क पर जा रहे युवक को मारी टक्कर

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमंडगंज मार्ग स्थित गड़बड़ा पुल पर रविवार को शाम पांच बजे के करीब हुए सड़क दुर्घटना में तीन लोग जख्मी हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार हलिया थाना क्षेत्र के कोटार गांव निवासी बाइस वर्षीय राम ललित व बाइक पर पीछे बैठे लालगंज थाना क्षेत्र कोटापाट निवासी तेईस वर्षीय सुनील मुसहर सड़क पर जा रहे युवक को टक्कर मारते हुए सड़क पर गिर पड़े और चोटिल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को इलाज हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया जहां मझिगवां गांव निवासी युवक सतवंत मौर्या को गंभीर चोट देखते हुए चिकित्सक ने मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया।

# विकास कार्य में फिसड्डी : फिर भी जिम्मेदारों की थपथपाई जा रही पीठ

**हलिया।** जनपद के सबसे बड़े और पिछड़े हलिया ब्लॉक में विकास कार्यों की गति काफी खराब होने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जा रहा जिसे लेकर विकास खंड के ग्रामीणों में चर्चा का विषय बना हुआ है। प्रधानमंत्री आवास से लेकर शौचालयों तथा अन्य विकास कार्यों की उच्चस्तरीय अधिकारियों द्वारा पड़ताल की जाए तो मौके का नजारा देख पांवों तले जमीन खिसक जाएगी। पूरे जनपद में हलिया विकास खंड के विकास कार्यों को देखा जाए तो सबसे फिसड्डी है। इसके बाद भी सीडीओ, डीडीओ और डीपीआरओ द्वारा हलिया बीडीओ तथा एडीओ पंचायत को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जा रहा है जो विचारणीय प्रश्न है। जिसे लेकर विकास खंड के नागरिकों में चर्चा का विषय बना हुआ है। हलिया ब्लाक के बीडीओ तथा एडीओ पंचायत को जनवरी माह में पदीय दायित्वों का दक्षतापूर्वक निर्वहन करने के लिए

### यह है हाल

#### फर्जी पीठ थपथपाना ग्रामीणों में बना चर्चा का विषय

#### ग्रामीणों को हजम नहीं हो रहा है बीडीओ व एडीओ पंचायत को प्रशस्ति पत्र देना

प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। यदि जनवरी माह में ही पड़ताल की जाए तो कागजों पर ही दायित्वों का निर्वहन दिखाई पड़ेगा। धरातल पर कुछ भी नहीं। विकास खंड में दो वर्ष का ही पीएम और सीएम आवास की जांच की जाए तो अधिकतर कागज पर पूर्ण मिल जाएंगे जबकि अभी तक अधिकांश प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास अधूरे पड़े हुए हैं। कुछ लाभार्थियों को तो पीएम आवास आवंटन होने के बाद भी आवास का लाभ नही मिल सका उनकी जगह दस्तावेजों में फेरबदल कर दूसरों को दे दिया गया है। सामुदायिक शौचालय की बात करें तो आज भी आधा दर्जन को छोड़कर सभी सामुदायिक शौचालयों में ताला लटकता दिखाई पड़ जाएगा। विकास खंड के दर्जनभर सामुदायिक शौचालय आज भी अधूरे पड़े हैं जबकि इनके निर्माण की पूरी धनराशि भी जिम्मेदार डकार गए हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि किस जिम्मेदारी के लिए अधिकारियों की पीठ थपथपाई जा रही है। विकास खंड के पुरवा औसान सिंह, नदना ग्राम पंचायत का सामुदायिक शौचालय आज तक अधूरा पड़ा है किसी का गड्ढा ही नही बन सका तो कहीं पानी की व्यवस्था नही है। मतवार ग्राम पंचायत के सामुदायिक शौचालय पर गांव के ही दबंग लोगों ने कब्जा जमा रखा है। जिसके उपयोग के लिए आजतक ग्रामीण वंचित हैं। ग्रामीणों की कई बार शिकायत के बाद भी मतवार ग्राम पंचायत का सामुदायिक शौचालय कब्जा मुक्त नही कराया जा सका है। जिससे स्वच्छ भारत मिशन को लेकर शासन के मंसूबों पर पानी फिर रहा है।

## संक्षेप

### गैंगस्टर एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** एसपी संतोष कुमार मिश्रा द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को प्र0नि0 झान्नू प्रिया मय पुलिस बल द्वारा थाना लालगंज क्षेत्र से गैंगस्टर एक्ट के वांछित आरोपी सूरज सिंह उर्फ ज्ञानेन्द्र कृष्ण प्रताप सिंह पुत्र कृष्णजीत सिंह निवासी कोठी धवकल थाना लालगंज मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया। गिरफ्तार आरोपी सूरज सिंह उपरोक्त द्वारा गैंग के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर भौतिक एवं आर्थिक लाभ हेतु लूट की घटना को अंजाम दिया जाता था।

### साइकिल चोर गिरफ्तार

**मीरजापुर।** एसपी के निर्देश के क्रम में रविवार को उ.नि. हीरालाल यादव व मो. शकील खां मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना चील्ह क्षेत्र से साइकिल चोरी करने वाले आरोपी बादल उर्फ राघवेन्द्र सिंह पुत्र स्व. महेश सिंह निवासी तारापुर वासी थाना डलमऊ जनपद रायबरेली हालपता ग्राम चेकसारी थाना चील्ह मीरजापुर को गिरफ्तार कर चोरी हुई साइकिल बरामद किया गया। थाना चील्ह पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार आरोपी को जेल भेजा गया।

### युवती के साथ दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना अदलहाट पर 13 फरवरी 2023 को थाना अदलहाट क्षेत्रांतर्गत निवासिनी युवती द्वारा नामजद आरोपी के विरुद्ध शौच हेतु जाते समय पकड़कर जबरदस्ती दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई थी। जहां एसपी के निर्देश के क्रम में रविवार को प्र.नि. विजय कुमार चौरसिया मय पुलिस बल द्वारा कार्यवाही करते हुए नामजद आरोपी दीपक उर्फ दीपू उर्फ मोनू पुत्र स्व. कल्लू प्रसाद निवासी भुईलीखास थाना अदलहाट मीरजापुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### होलिका स्थापित किए जाने को लेकर थाने में दिया तहरीर

**जमालपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मठना गांव निवासी उदेश जायसवाल ने अपने घर से सटा कर होलिका स्थापित किए जाने को लेकर रविवार को थाने में तहरीर दिया। तहरीर के माध्यम से बताया गया कि शनिवार को गांव के कुछ लोगों ने उनके मकान से सटाकर होलिका स्थापित कर दिया। रविवार की सुबह थाने पर ग्रामीण भी पहुंच गए और होलिका स्थल के लिए दो बिस्वा भूमि में होलिका स्थापित किए जाने की बात बताई। थाना प्रभारी ने उच्चाधिकारियों को मामले की जानकारी दिया, जिसको संज्ञान में लेते हुए मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी चुनार उमाशंकर सिंह ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर कर मामला शांत कराया। उन्होंने एसडीएम से फोन वार्ता कर सोमवार को भूमि की पैमाईश कराए जाने का आश्वासन लोगों को दिया।

### रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात वृद्ध का शव

**मीरजापुर।** बिरोही रेलवे स्टेशन डाउनलाइन पोल संख्या 747 पर शनिवार की रात 70 वर्षीय वृद्ध लाइन पार करते समय मालगाड़ी की चपेट में आने से मौके पर मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिरोही रेलवे स्टेशन डाउनलाइन रेल पटरी पार करते समय एक 70 वर्षीय वृद्ध मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। स्टेशन मास्टर की सूचना पर जीआरपी प्रभारी राजेंद्र प्रसाद यादव मौके पर पहुंच कर शव बरामद कर ग्राम प्रधान सहित आसपास के लोगों को इकट्ठा कर पहचान के लिए बुलाया। लेकिन समाचार लिखे जाने तक पहचान नहीं हो पायी। जीआरपी पुलिस ने शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिए गए। वृद्ध की पहचान के लिए पुलिस द्वारा प्रयास किया जा रहा है।

### सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक के निधन पर जताया शोक

**लालगंज।** वालीवाल खिलाड़ी सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक लालगंज निवासी पन्नालाल उपाध्याय 88 वर्ष का निधन हो गया। वह छात्र जीवन से अपने समय के 100 मीटर के जिला विजेता, बालीबाल खिलाड़ी और सुयोग्य शिक्षक के रूप में ख्याति लब्ध थे। साथ ही ऊंची कूद में मंडलीय खिलाड़ी के रूप में अपनी समय के कुशल विजेता के रूप में जाने जाते थे। उनके निधन की खबर लगते ही समाजसेवियों ने खिलाड़ी जगह तो शिक्षा जगत की क्षति बताते हुए कहा कि वे बड़े प्रतिभावान के रूप में जाने जाते थे। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य वसीम अहमद, दिनेश गिरि, अरविंद उपाध्याय, रामपुर सावित अली के ग्राम प्रधान हफिज अहमद, गुलाब पांडे, गिरीश त्रिपाठी, श्वेत कमल दुबे, दिनेश विश्वकर्मा, दशरथ यादव, इंद्रपाल आदि आवास व पर शोक संवेदना व्यक्त किया।

# कुश्ती दंगल का किया गया आयोजन


अखाड़े में दाव अजमाते पहलवान

**जमालपुर।** क्षेत्र के बहुआर गांव स्थित शिव मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि के पर्व पर रविवार को कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि उ.प्र.पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य शिवमंगल बियार ने अखाड़ा पूजन कर एवं पहलवानों से हाथ मिलवा कर दंगल कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कुश्ती दंगल देखने के लिये हजारों की संख्या में लोग अखाड़े के चारों तरफ जुटे रहे।

1000 रुपए की कुश्ती में बलदाऊ सरसा ने बलिराम यादव कछवा को पराजित कर अपने नाम किया। 2000 हजार रुपए की कुश्ती भानु उसरौड़ी ने राहुल मीरजापुर को चित्त कर अपने नाम किया। 1500 रुपए की कुश्ती को पंखुड़ी हाजीपुर ने प्रमोद चुनार को धूल चटाकर अपने नाम किया। 3000 हजार रुपए की कुश्ती संजय सरसा ने अजीत वाराणसी को पटक कर अपने नाम किया। 1200 रुपए की कुश्ती गोलू हाजीपुर और रोहित यादव महेवा की बराबरी पर छूटी। 500 रुपए की कुश्ती महेवा के रोहित यादव ने हाजीपुर के राजू को धूल चटाकर अपने नाम किया। इसके अलावा एक दर्जन छोटी बड़ी कुश्ती हुई। कुश्ती दंगल के दौरान बसंतू

## वीरेंद्र सिंह बने थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज

**मीरजापुर।** जिले की कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने 4 उप निरीक्षकों का स्थानांतरण कर दिया। जिसमें उपनिरीक्षक वीरेंद्र सिंह को थाना संतनगर से थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज के रूप में तैनात किया। वही उपनिरीक्षक अतुल कुमार पटेल को थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज से पुलिस लाइन भेज दिया गया। दूसरी ओर चौकी इंचार्ज करनपुर उपनिरीक्षक जितेंद्र सरोज को देहात कोतवाली से थाना मड़िहान व उपनिरीक्षक धर्मेंद्र कुमार को प्रभारी चौकी कस्बा थाना कछवां से जमालपुर स्थानांतरित कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले की कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए उक्त चार उप निरीक्षकों का स्थानांतरण किया गया है।

बियार एवं बच्चा तिवारी ने रेफरी की भूमिका निभाई। इस दौरान शिशु, विनय, सत्यप्रकाश, वीरेंद्र, शिवदास, जितेंद्र, धीरज, जंगबहादुर सिंह सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 215 मरीजों का किया गया उपचार

**हलिया।** रविवार क्षेत्र के मतवार, ड्रमंडगंज, बरौंधा स्थित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 215 मरीजों का उपचार किया गया और मरीजों को निःशुल्क दवा वितरित किया गया। जिसमें नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में कुल 69 मरीजों का चिकित्सक के द्वारा उपचार कर दवा वितरित किया गया। जबकि नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमंडगंज में कुल 75 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया। वहीं नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौंधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में उपचार के लिए आये कुल 71 मरीजों के स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित किया गया है। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में बुखार, मलेरिया, खांसी, सुगर, बीपी सहित अन्य रोगों के मरीजों का उपचार किया गया है। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा.कामेश्वर तिवारी ने औचक निरीक्षण किया है। इस दौरान चिकित्सक डा.अभिषेक जायसवाल, बीसीपीएम अनिल, डॉ. निर्मल, एलटी राकेश, बैजनाथ, दशरथ, अरविंद, फार्मासिस्ट संजय श्रीवास्तव, मनोज सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शिक्षा मित्रों का भारी समूह लखनऊ के लिए रवाना

**राजगढ़।** स्थानीय क्षेत्र के नदिहार बाजार में शिक्षा मित्रों का भारी समूह एकत्रित हुआ और रमाबाई पार्क लखनऊ के लिए रवाना हुआ। राजगढ़ विकास खंड अन्तर्गत कार्यरत शिक्षा मित्रों ने प्राचीन हनुमान मंदिर पर बैठक कर लखनऊ पहुंचने का आह्वान किया था जिसमें परिवार के सदस्यों को भी साथ लेकर पहुंचने की रणनीति बनाई गई थी जिसके तहत क्षेत्र के सैकड़ों शिक्षामित्रों ने अपने परिवार के साथ नदिहार बाजार में एकजुटता दिखाते हुए पहुंचे और बस में सवार होकर निकले।


लखनऊ के लिए रवाना होते शिक्षामित्र

शिक्षा मित्रों के समूह को बस में सवार होने के बाद अपना दल एस शिक्षक प्रकोष्ठ के स्थानीय नेता सुजीत पटेल ने बस को हरी झंडी दिखाकर उनकी सफल एवं सुरक्षित यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं इस संबंध में शिक्षा मित्र संघ के पदाधिकारी संतोष पाठक ने बताया कि हमारे समस्त संगठनों के

### रवानगी

#### प्रदेश सचिव अपना दल एस शिक्षक प्रकोष्ठ ने बस को दिखाई हरी झंडी

सभी सदस्यों का सामूहिक कार्यक्रम निर्धारित है जहां लखनऊ स्थित रमाबाई मैदान में मजबूत सरकार के समक्ष अपनी मजबूती प्रदर्शित करना एवं अपनी महत्वपूर्ण मांगों के संबंध में शिक्षा मंत्री एवं सरकारी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर नियमितकरण के संबंध में अपना पक्ष रखने के लिए हम सभी लोगों को लखनऊ पहुंचने का आह्वान किया गया है।

# दहेज रूपी दानव का परित्याग करने में ही है बेटियों का सम्मान : दिलीप सिंह


वर वधू को आशीर्वाद देते दिलीप सिंह गहरवार

**मीरजापुर।** चंदईपुर प्यारेलाल पोखरा में प्रत्येक वर्ष की भांति महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर इस वर्ष भी बाबा भोलेनाथ का वार्षिक श्रृंगार बड़े ही धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर लगभग हजारों लोगों ने बाबा का दर्शन पूजन किया। उसके उपरांत सभी लोगों ने बाबा भोलेनाथ के विशाल भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

इस दौरान प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दो गरीब कन्याओं का विवाह मिर्जापुर सेवा समिति के संयोजक दिलीप सिंह गहरवार एडवोकेट, उनके भाई रमाकांत सिंह व प्रदीप कुमार सिंह

### महाशिवरात्रि पर भगवान भोले नाथ का किया गया भव्य श्रृंगार

एवं परिवारजनों द्वारा कराया गया। इसके उपरांत बराती पक्ष के लोग गाजे-बाजे के साथ नाचते गाते सामूहिक विवाह स्थल पर पहुंचे। सामूहिक विवाह में घर गृहस्थी का पूरा सामान दिया गया और लड़के लड़कियों को लाने के लिए बस की भी व्यवस्था की गई तथा घराती बराती के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में आए हुए मुख्य अतिथि में भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य एवं प्रमुख समाज सेवी नेता मनोज श्रीवास्तव और नेशनल पैथोलॉजी सेंटर के मालिक डॉक्टर सीबी जायसवाल उपस्थित रहे। इस दौरान लगभग दो हजार लोगों ने भगवान भोलेनाथ का प्रसाद ग्रहण किया। मिर्जापुर सेवा समिति के संयोजक दिलीप सिंह गहरवार एडवोकेट ने कार्यक्रम में आए हुए अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया और उपस्थित भक्तजनों से इसी तरह बाबा प्यारेलाल पोखरा महादेव का श्रृंगार व सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाता रहे जिससे गरीब कन्याओं का विवाह सामूहिक विवाह के माध्यम से कराया जाए। इससे समाज में एक अच्छा संदेश जाएगा और लोगों में जागरूकता पैदा होगी। दहेज रूपी दानव का परित्याग करने का भी संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आए हुए सिटी ब्लॉक प्रमुख पुष्प कुमार सिंह एडवोकेट ने कहा कि सामूहिक विवाह कराना एक पुनीत कार्य है। राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश भारती, संजय ओझा, राजमणि दुबे, संदीप सिंह, संजय गुप्ता, जय प्रकाश सेठ, डॉ भीम रतन मौर्या, डॉक्टर अवधेश छोटू सिंह, जटाशंकर जहरीला समेत गांव के व्यक्तियों ने वर वधू को आशीर्वाद दिया।

## शिवरात्रि पर शिवजी की बारात के साथ निकाली गई झांकी

**चुनार।** शनिवार रात्रि महादेव कि बारात हर साल कि भांति निकाली गई जिसमें जिसमें भूत प्रेत, नंदी, विष्णु, महेश जी बारात में शामिल हुए। नगर के हजारों लोग बारात में शामिल होकर भ्रमण कर नगर के रामलीला स्टेज से बारात को उठाकर सद्दूपुर मोहाना चौक होते हुए थाना चौराहा होते रामलीला पर आकर समाप्त हुआ। वही चुनार के गंगेश्वर नाथ मोहल्ले में अति प्राचीन मंदिर में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। जलाभिषेक कर पूजा पाठ किया। बालू घाट पर अति प्राचीन श्री केचेश्वर महादेव मंदिर पर साईं युवा क्लब द्वारा महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर लोगों ने मंदिर में दर्शन पूजन किया। इस मंदिर की रूपरेखा देख लोगों ने सेल्फी खिंचवाई। रात्रि मैप संस्था द्वारा झांकी का प्रदर्शन स्टेज पर किया गया। इस दौरान प्रसाद का वितरण भंडारे का आयोजन किया गया था। इस दौरान पप्पू गुप्ता, गोविंद कुशवाहा, बच्चा सेठ, एलेक्स बंटी, तालिब कुरैशी, राजकुमार उर्फ पिंटू गुप्ता उपस्थित रहे।


शिवरात्रि पर सजाया गया मंदिर

## शिव बारात में ब्रह्मा विष्णु महेश बने देवों की हुई शादी

भोर में दुल्हनिया ले गए त्रिदेव, विधायक ने किया कन्यादान

**मीरजापुर।** महाशिवरात्रि पर्व पर विन्ध्याचल में भूत प्रेत के साथ अनोखी बारात निकाली गई। जिसमें शामिल त्रिदेवों ब्रह्मा, विष्णु और महेश ने एक और परम्परा का निर्वाह किया तो वहीं दूसरी ओर अपनी जीवन संगिनी को जयमाल पहनाकर विवाह सूत्र में बंधे। सात फेरे लेकर आजीवन साथ निभाने का वचन दिया। विन्ध्याचल धाम में शिवरात्रि की रात परम्परा के साथ बाबा भोलेनाथ की बारात निकली। अनोखी बारात में भगवान शिव के गणों के साथ ही आम बाराती भी शामिल हुए। देवों के देव महादेव की बारात में देवगण भी थे। बारात में शामिल लोग नाचते झूमते पार्वती को ब्याहने पहुंचे थे। बारात की अगवानी के साथ ही तीनों देवों का परछन व द्वारपूजा कर ब्याह का कार्यक्रम शुरु हुआ। मंच पर विराजमान ब्रह्मा, विष्णु व महेश बने पात्रों ने अपने अपने जीवन साथी के गले में वर माला पहना कर वरण किया। देवों के गले में वरमाला पड़ते ही लोग "हर हर महादेव" की गूंज करने लगे। त्रिदेव भी अपनी बारात में शामिल लोगों के उत्साह व अपनी बारात के अनोखेपन को लेकर काफी खुश थे। जगत जननी माता विंध्यवासिनी धाम में शिवरात्रि पर निकलने वाली बारात 20 वर्षों से बारात निकल रही हैं। शिव बारात में अविवाहित बालक एवं बालिकाओं को ही देवताओं का स्वरूप दिया जाता है। जिनका विवाह शिवरात्रि पर किया जाता है। त्रिदेवों का विवाह सम्पन्न होने पर उन्हें उपहार भी दिया जाता है। हर बार पात्र बने। ब्रह्मा, विष्णु व महेश अपनी जीवन साथी का वरण कर गृहस्थ आश्रम में प्रवेश कर जाते हैं। आयोजक रत्नाकर मिश्र शिवरात्रि पर कन्यादान करके अपने आप को धन्य मानते हैं। त्रिदेवों का पांव पुंजकर कन्या दान करने का काम वह करीब 20 वर्ष से कर रहे हैं। विन्ध्याचल में निकलने वाली अनोखी शिव बारात में देव बनने की पहली शर्त होती है। पात्र का अविवाहित होना। लिहाजा चयनित पात्र अपने जीवन में एक बार ही इस रूप का धारण करते हैं।


भगवान शिव को तिलक लगाते विधायक

## अदवा बांध में किसानों की डूबी जमीन का नहीं मिला मुआवजा

**हलिया।** स्थानीय अदवा बांध सिरसी प्रखंड के जलाशय में लगभग 30 वर्ष पूर्व सिंचाई विभाग के द्वारा किसानों की अदवा बांध में डूबी जमीन का मुआवजा नहीं मिला है जबकि अदवा बांध अंतर्गत 14 गांव डूब क्षेत्र में पड़ते हैं जिसमें 4 गांव पूर्ण रूप से डूब गए हैं। 10 गांव आंशिक रूप से डूबे हुए हैं। आंशिक रूप से डूबे गांव में सोनगढ़ा, गोगीं, राजपुर, पवारी खुर्द, बैधा आदि हैं। जबकि गोगीं गांव के किसान एक वर्ष पूर्व अपनी डूबी फसल को लेकर जिलाधिकारी तक गुहार लगा चुके हैं। उनका कहना है कि खरीफ की खेती हम नहीं कर पाते कभी कदा बांध का पानी कम होता है तो रबी की बुवाई हो जाती है ऐसी स्थिति में हम लोग एक फसला खेती करने के लिए मजबूर हैं। किसानों ने जिलाधिकारी के माध्यम से सिंचाई विभाग से जमीन का मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई है। सोनगढ़ा गांव निवासी सुरेश कुमार, नरेंद्र प्रसाद, शांति देवी, नरेश, लल्ला प्रसाद दुबे तथा पवारी खुर्द गांव निवासी विक्रम सिंह वीर बहादुर सिंह व कई किसान की जमीन डूबने से प्रभावित हो रही है सिंचाई विभाग द्वारा प्रतिवर्ष डूबी जमीन के मुआवजे की मांग की है। इस संबंध में प्रभारी जिलेदार कमलेश तिवारी ने बताया कि डूबी जमीन का प्रार्थना पत्र मिला है जांच कर उचित की कार्यवाही की जाएगी।

# 1740 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद, तीन अंतरप्रांतीय तस्कर गिरफ्तार

**सफलता**

### संयुक्त पुलिस टीम को मिली सफलता, हिमाचल प्रदेश से बिहार ले जायी जा रही थी शराब की खेप

### बिटामिन टेबलेट के नाम पर बिल्टी बनाकर कर रहे थे शराब की तस्करी

जनसंदेश न्यूज



तस्करों को मीडिया से रूबरू कराते एसपी डा. यशवीर सिंह

**सोनभद्र।** होली के त्यौहार को लेकर पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों के विरुद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में स्वाट/एसओजी/सर्विलांस तथा सदर कोतवाली पुलिस ने रविवार को मुखबीर की सूचना पर राबर्ट्सगंज फ्लाईओवर के ऊपर दो ट्रक से भारी मात्रा में शराब बरामद करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। शराब की खेप हिमाचल प्रदेश से बिहार ले जायी जा रही थी। बिटामिन के टेबलेट के नाम पर बिल्टी बनाकर शराब तस्करी की जा रही थी। चुर्क स्थित पुलिस लाइन सभागार में एसपी ने तस्करों को मीडिया से रूबरू करते हुए बताया कि लगातार अवैध शराब की तस्करी की सूचना मिल रही थी। तस्करी पर नियंत्रण लगाने को सयुंक्त टीम गठित की गयी थी। टीम द्वारा सूचना संजाल तैयार किया गया था। इस क्रम में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर राबर्ट्सगंज फ्लाईओवर के ऊपर दो ट्रकों को रोका तो उनमें 1740 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। जिस पर पुलिस टीम ने शराब की खेप अपने कब्जे में लेते हुए मेहर सिंह पुत्र गुरु दयाल सिंह निवासी रायपुर नगंला, रूपनगर, पंजाब, सुखवन्त सिंह पुत्र जगतार सिंह निवासी हीरा, थाना अरौली, जनपद उना, हिमांचल प्रदेश व समीर खान पुत्र आलमगीर निवासी बोलेबाल, थाना उना, हिमांचल प्रदेश को गिरफ्तार कर लिया। बरामद शराब की कीमत 1 करोड़ 20 लाख रुपये से भी अधिक की बताई जा रही है। अंग्रेजी शराब हिमाचल प्रदेश से बिहार ले जाई जा रही थी। पूछताछ में तस्करों ने बताया कि बिहार में शराब बंदी के चलते मनमाफिक कीमतों पर शराब की बिक्री होती है। एसपी ने बताया कि आरोपी शराब के फर्जी कागजात तैयार करते थे। हिमाचल प्रदेश की शराब को कागजों पर विटामिन बी सप्लीमेंट के बारकोड के आधार पर इसे हिमाचल प्रदेश से उत्तर पूर्व के किसी सुदूर राज्य में ले जाना दिखाया जाता है, लेकिन इसे बीच रास्ते में ही बिहार में खपा दिया जाता है। तस्करों ने पूछताछ में बताया कि हम लोग फर्जी कागजात के आधार पर शराब की तस्करी बिहार के लिए करते हैं। जहां पर शराब महंगे दामों पर बेच दी जाती है।

एसपी ने बताया कि तस्करों के विरूद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए पूछताछ की जा रही है, जिससे पूरे गैंग का पदार्फाश किया जा सके। पुलिस टीम में साजिद सिद्दीकी सर्विलांस सेल, सदर कोतवाल बालमुकुन्द मिश्र, देवेन्द्र प्रताप सिंह प्रभारी एसओजी, जितेन्द्र कुमार प्रभारी चौकी सुकृत, जगदीश मौर्या, अतुल सिंह, शशि प्रताप सिंह, अमर सिंह, सतीश सिंह, रितेश पटेल, प्रेम प्रकाश सिंह, सौरभ राय, अमित कुमार सिंह शामिल रहे। वहीं इस सराहनीय कार्य को करने वाली पुलिस टीम को एसपी ने नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया।

### फरार आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**बीजपुर।** स्थानीय थाना के उप निरीक्षक संजय कुमार रविवार की सुबह हमराहियों के साथ वांछित व फरार चल रहे आरोपियों की तलाश में निकले हुए थे। उसी दौरान उन्हें मुखबीर से सूचना मिली कि आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में वांछित फरार चल रहा आरोपी नागेंद्र उर्फ तेजू पुत्र गंगाराम निवासी महुआदोहर कहीं भागने के लिए जरहां मंदिर के समीप पुल पर खड़ा है। सूचना पर वे हमराहियों के साथ उक्त स्थान पर घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी।

# गोरखपुर ने 55 रनों से सोनभद्र टीम को हराया

जनसंदेश न्यूज



**ओबरा।** स्थानीय अम्बेडकर स्टेडियम में चल रहे 20वें सोनांचल कप के दूसरे पूल का पहला मुकाबला सोनभद्र इलेवन बनाम गोरखपुर के बीच खेला गया। गोरखपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 148 रन बनायी। सर्वाधिक जयदीप ने 5 चौका व 3 छक्के की मदद से 82 रन तथा मंथन ने 25 रनों की पारी खेली। सोनभद्र की तरफ से गेंदबाजी करते हुए अमन तिवारी ने 22 रन देकर 2 विकेट व बाबुल तिवारी ने 4 ओवर में 24 रन देकर 1 विकेट चटकाया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी सोनभद्र की पूरी टीम 18.4 ओवर में महज 93 रनों पर ही सिमट गयी। गोरखपुर ने 55 रनों से इस मैच को जीतकर प्रतियोगिता के अगले दौर में प्रवेश किया। सोनभद्र की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए सर्वाधिक अशरफ अली ने 24 व बाबुल ने 19 रनों का योगदान दिया। गोरखपुर की तरफ से गेंदबाजी करते हुए शिवम, वशी व विवेक ने क्रमशः दो-दो विकेट हासिल किया। मैच में शानदार प्रदर्शन करने के लिए गोरखपुर के जयदीप को मैन ऑफ द मैच दिया गया। सोमवार को क्वार्टर फाइनल मैच एनी रेलवे वाराणसी बनाम गोरखपुर के बीच खेला जाएगा। इस अवसर पर रमेश सिंह यादव, अजीज खान, राजू यादव, मुकेश तिवारी, कलीम खान, संजय यादव, फैजल, रोशन सिंह, ऋतु राय, सूर्यांश, अभय, पप्पू, प्रदीप शर्मा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### कासिम हुसैन के पसमांदा महाज का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत होने पर हर्ष



कासिम हुसैन

**सोनभद्र।** राष्ट्रवादी मुस्लिम पसमांदा महाज के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद कमर सिद्दीकी गुड्डू बंजारा ने संगठन के प्रति निष्ठा और सर्मपण को देखते हुये बभनी के पूर्व ब्लॉक प्रमुख कासिम हुसैन को प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष कासिम हुसैन से राष्ट्रवादी मुस्लिम पसमांदा महाज को मजबूती प्रदान करने तथा आमजन को प्रधानमंत्री के देश हित के कार्यों को प्रचारित करने का निर्देश दिया। पूर्व ब्लॉक प्रमुख को राष्ट्रवादी मुस्लिम पसमांदा महाज का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर शाकिर अली, विमलेश सिंह कुशवाह, अब्दुल रहमान, मोहम्मद अकील राईन, मोहम्मद रईस राईन, एकरार हुसैन, अफसर अली शम्सी, तौहीद अहमद आदि ने बधाई दी है।

### फंदे से लटकता मिला अधेड़ का शव

**रेणुकूट।** पिपरी नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड दो निवासी एक व्यक्ति ने रविवार की सुबह घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार रमेश शर्मा 55 पुत्र स्व चंद्रिका प्रसाद ने अपने घर में लोहे के पाइप में नायलॉन की रस्सी के सहारे फांसी लगा ली। घर के बगल में ही रहने वाली मृतक की पत्नी गीता देवी ने बताया कि वह अपने पति से बीते कई वर्षों से अलग रह रही थी और उनका उससे कोई लेना-देना नहीं था। उन्होंने किन परिस्थितियों में फांसी लगाई, इस बात की जानकारी उसे नहीं है। मृतक के तीन लड़के और दो लड़की थी। वह ट्रक चलाता था। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

### सीएमओ डा. रमेश ठाकुर निलंबित

**सोनभद्र।** डिप्टी सीएम व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने सीएओ डा. रमेश ठाकुर को निलंबित कर दिया है। डिप्टी सीएम ने यह कार्रवाई भ्रष्टाचार व कार्य में लापरवाही पर की है। बता दें कि कुछ दिन पूर्व डिप्टी सीएम सोनभद्र के दौरे पर आये थे। समीक्षा बैठक के दौरान उन्हें सीएमओ के खिलाफ भ्रष्टाचार व लापरवाही की शिकायत मिली थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने सीएमओ के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दिया।

### वृद्धा आश्रम में फल, मिष्ठान वितरित

**दुद्धी।** क्षेत्र के वृद्धाश्रम में वृद्धों को फल और मिठाइयां वितरित कर मुंह मीठा कराया गया। फल और मिष्ठान पाकर आश्रम की महिलाओं के चेहरे खिल गये। आश्रम के मैनेजर सविता सिंह ने सभी वृद्धजनों को फल और मिठाइयां बांटी और उनसे आशीर्वाद लेते हुए महाशिवरात्रि की महिमा और शिव पार्वती के पावन विवाह का अर्थ समझाते हुए उन्हें भक्ति भाव और भाईचारे से प्रभु की सेवा में रहने की बात कही। उन्होंने वृद्धों से रहन-सहन, खानपान व उनका कुशल छेम जाना। आश्रम की महिलाओं से सीधे रूबरू होकर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी हासिल कर स्वस्थ रहने की सलाह दी गई। उन्होंने कहा कि जो भी समस्याएं हो उन्हें निसंकोच बताएं, समस्या के समाधान का हर संभव प्रयास किया जाएगा। कार्यकर्म में वीर सिंह, अनन्या अग्रहरी, सीता देवी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### पंचायत भवन रजखड़ से इनवर्टर एवं बैट्री चोरी

**दुद्धी।** ग्राम पंचायत रजखड़ में बीती रात ग्राम पंचायत सचिवालय में रखे इनवर्टर एवं बैट्री पर अज्ञात चोरों ने हाथ साफ कर दिया। ग्राम प्रधान ने प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय को प्रार्थना पत्र देकर उचित कानूनी कार्रवाई की मांग किया है।

### हजरत मीरान शाह का सालाना उर्स तीन मई को

**सोनभद्र।** हजरत सैयद मीरान शाह का सालाना उर्स तीन मई को मनाया जाएगा। यह निर्णय हजरत मीरान शाह मजार तौसी कमेटी की शनिवार को राबर्ट्सगंज में सचिव मुश्ताक खान के आवास पर हुई बैठक में लिया गया। अध्यक्षता करते हुए कमेटी के सदर हिदायतुल्लाह खान ने बताया कि कमेटी के समक्ष सभी लोगों की सहमति से यह निर्णय लिया गया कि उर्स का आयोजन तीन मई को होगा। उन्होंने बताया कि उर्स को लेकर तैयारी अभी से शुरू कर दी गयी है। तीन मई को हजरत सैयद मिरान शाह की मजार पर बाद नमाज फजिर कुरान ख्वानी, इसके बाद मिलादुन्नबी का आयोजन होगा।

# महासम्मेलन में प्रतिभाग करने के लिए शिक्षामित्रों का जत्था लखनऊ रवाना



हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना करते शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष

**बभनी।** विकास खण्ड में तैनात शिक्षामित्रों का जत्था लखनऊ के रमाबाई अंबेडकर पार्क में सम्मेलन में शामिल होने के लिए रविवार को रवाना हो गया। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष आरिफ अहमद ने हरी झंडी दिखाकर शिक्षामित्रों को रवाना किया। आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष अफजल अहमद के निर्देशन में जिले के सभी शिक्षामित्रों का जत्था रवाना हो रहा है। इसी क्रम में बभनी के शिक्षामित्रों जत्था का ब्लाक अध्यक्ष रविन्द्र नारायण पाण्डेय के अगुवाई में रवाना हुआ। पाण्डेय ने बताया कि अंबेडकर पार्क में सोमवार को महासम्मेलन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के लिए 50 से अधिक शिक्षामित्र बस से निकले हैं। चन्द्रशेखर पाण्डेय ने बताया कि सम्मेलन से ही शिक्षामित्रों के भविष्य के निर्धारण के आस में शिक्षामित्र लखनऊ के महासम्मेलन को सफल बनाने हेतु रवाना हो रहे हैं। इस मौके पर रीमा, मोती लाल, सुरेन्द्र,अशोक, सरोज देवी, भुनेश्वर जायसवाल, गगन बिहारी यादव, मंजू देवी, हीना, भोला, सुरेन्द्र जायसवाल, प्रवीण केशरी समेत तमाम शिक्षामित्र मौजूद रहे।

### पिकअप-बाइक में टक्कर एक की मौत

**डाला।** हाथीनाला थाना क्षेत्र के दुद्धी मार्ग पर बायोडायवर्सिटी पार्क के आगे रविवार की सायं पांच बजे पिकअप व मोटरसाइकिल की टक्कर हो गई, टक्कर में मोटरसाइकिल पर बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जहां उपचार के दौरान दुद्धी अस्पताल में मौत हो गई। हाथीनाला पुलिस ने बताया कि दुद्धी जाने वाले मार्ग पर थाना हाथीनाला से लगभग पांच किलोमीटर दूरी पर एक पिकअप सवार डाला की तरफ आ रहा था और बाइक सवार डाला से दुद्धी की तरफ जा रहा था कि आपस मे दोनो की टक्कर हो गई, टक्कर के बाद पिकअप चालक पिकअप छोड़कर मौके से फरार हो गया, दुर्घटना में 17 वर्षीय रविकांत पुत्र रमेश कुमार निवासी गुरमुरा बाजार थाना चोपन व 18 वर्षीय छोटू उर्फ हिमांशु पुत्र रामनाथ निवासी रजखड़ थाना दुद्धी गंभीर रूप से घायल हो गए, घायल लोगों को हाथीनाला व पीआरबी पुलिस की मदद से दुद्धी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने छोटू उर्फ हिमांशु पुत्र रामनाथ को मृत घोषित कर दिया। हाथीनाला थाना प्रभारी श्याम किशोर ने बताया कि घटना मे शामिल दोनों वाहनों को हाथीनाला पुलिस द्वारा थाना परिसर में खड़ा करा दिया गया है और हिमांशु के शव को दुद्धी मोर्चरी मे रखकर अग्रीम कार्यवाही की जा रही है।


# इंटरसिटी का पेंटो टूटा

**मचा हड़कंप**

### लगभग घंटे भर खड़ी रही ट्रेन

### दूसरे पेंटो के सहारे ट्रेन को किया गया रवाना

जनसंदेश न्यूज



**ओबरा/डाला।** पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मंडल के अंतर्गत सलईबनवा और बिल्ली स्टेशनों के मध्य रांची से चलकर चोपन जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस का पेंटो और तार टूटने से हड़कंप मच गया।करीब घंटे भर तक खड़ी रहने के बाद उसे चोपन के लिए प्रस्थान कराया गया।पूर्व मध्य रेलवे धनबाद डिविजन के अंतर्गत रेलवे के दोहरीकरण का काम तेजी से चल रहा है।

इस दौरान रविवार की शाम 5:20 पर सलईबनवा स्टेशन से जैसे ही आगे बढ़ी थी कि इंटरसिटी एक्सप्रेस का पेंटो तार समेत टूट कर गिर गया।इस दौरान ट्रेन का परिचालन कर रहे लोगों में हड़कंप मच गया।

रांची से चोपन जाने वाली ट्रेन के खड़े हो जाने के बाद स्टेशनों में भी अफरा तफरी मच गई।सूचना पर चोपन से पहुंचे मरम्मत दल ने तारों को ठीक करने के बाद दूसरे पेंटो के सहारे उसे चोपन के लिए रवाना किया गया।उधर 5:20 से खड़ी इंटरसिटी एक्सप्रेस को 6:12 पर चोपन के लिए रवाना किया गया।ऐसे में यात्रियों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।संयोग था कि विद्युत करंट बोगियों में प्रवाहित न होने से बड़ा हादसा टल गया।इस संबंध में रेलवे के उच्चाधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन किसी से बात नहीं हो सकी।

# कल कारखानों में संविदा श्रमिकों की स्थिति दयनीय: आरके सिंह

**बातचीत**

### श्रमिकों के हितों समेत विभिन्न मांगों को लेकर राष्ट्रीय श्रमिक संघ करता रहेगा आंदोलन

जनसंदेश न्यूज



**रेणुकूट।** केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा औद्योगिक घरानों को श्रमिकों के उत्पीड़न की छूट देना एवं श्रम विभाग की निष्क्रियता से कंपनियों में श्रमिकों के शोषण को लेकर हिंद मजदूर सभा से संबद्ध राष्ट्रीय श्रमिक संघ धरना प्रदर्शन सहित विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए विरोध प्रदर्शन जारी रखेगी। यह बातें राष्ट्रीय श्रमिक संघ के महामंत्री आरके सिंह ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही।

रविवार को रेणुकूट स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए राष्ट्रीय श्रमिक संघ के महामंत्री ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की श्रमिक विरोधी नीतियां जगजाहिर हो चुकी हैं। संगठन श्रमिकों की समस्याओं को लेकर प्रदेश के श्रम मंत्री सहित उपमुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री को कई बार लिखित ज्ञापन दे चुका है।

लेकिन श्रमिकों हितों में अब तक कोई कदम नहीं उठाया जाना मजदूरों के प्रति सरकार की उदासीनता को दर्शाता है। जिसे लेकर राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर बीते 14 फरवरी को राष्ट्रीय श्रमिक संघ द्वारा पिपरी स्थित उप श्रमायुक्त कार्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया था। प्रदेश में श्रमिकों की स्थिति काफी दयनीय है, श्रम विभाग द्वारा कराया गया आंतरिक सर्वेक्षण सरकार की श्रमिक विरोधी नीतियों की पोल खोलती है। कहा कि श्रम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार कल कारखानों में काम करने वाले 70 प्रतिशत मजदूरों के नाम अभिलेख में दर्ज तक नहीं है। नियमित वेतन ओवरटाइम भुगतान में भारी पैमाने पर विसंगतियां पाई गई। इसके बावजूद सरकार श्रम नियमों में सुधार लाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रही। प्रदेश में सबसे ज्यादा खराब स्थिति ठेकेदारों द्वारा नियोजित श्रमिकों की है। कल कारखानों में संविदा श्रमिकों की स्थिति दयनीय है। उन्होंने कहा कि संगठन 17 सूत्रीय मांगों को लेकर सरकार का ध्यान लगातार आकृष्ट करा रहा है। जब तक श्रमिकों की समस्याओं को लेकर सरकार गंभीरता पूर्वक मांगों पर विचार नहीं करती है तब तक प्रदर्शन और विज्ञप्ति के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते रहेंगे।

### समाज के हर व्यक्ति को जोड़ना कांग्रेस का मुख्य लक्ष्य: आशु

**सोनभद्र।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर चल रहे हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत राबर्ट्सगंज के दलित बस्ती में रविवार को स्थानीय लोगों के साथ मिलकर हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत पूर्व विधायक अजय राय के विचारों को आम-जनमानस के साथ साझा किया गया। कहा कि नौजवान, व्यापारी, किसान, दलित, आदिवासी, बेरोजगार इन सभी के हक की बात अगर कोई कर रहा हैं तो वो राहुल गांधी हैं। पीसीसी सदस्य आशुतोष कुमार दुबे ने कहा कि राहुल गांधी ने अपने भारत जोड़ो यात्रा के संदेश में कहा कि आज हमारी विविधता भी खतरे में है, कुछ विभाजन कारी ताकते हमारी विविधता को हमारे ही खिलाफ इस्तेमाल कर रही हैं।यात्रा के बाद मुझे पूरा विश्वास हो गया है कि नफरत की राजनीति की अपनी सीमाएं हैं और यह ज्यादा दिन तक नहीं चल सकती। आशु दुबे ने कहा कि हाथ से हाथ जोड़ो अभियान लगातार सफलता पूर्वक चल रहा है। आम जनमानस कांग्रेस से जुड़ता जा रहा है और वास्तविकता को भी समझ रहा है। इस मौके पर रवि नाथ मिश्र, मुस्ताक अहमद, अवधेश कुमार, सुरेश कुमार, चंद्रकेश कुमार, अनिकेत कुमार, नीरज कुमार, बाबूलाल, महेश, दीपक, कुमार, अमरनाथ, मनोज, विजय, कुमार, अमन, अनिल चौबे, अरुण आदि उपस्थित रहे।

# भरतनाट्यम कर की गयी शिव-पार्वती की उपासना



**डाला।** अचलेश्वर महादेव मंदिर फाऊंडेशन द्वारा मंदिर पर शनिवार की सायं निशा पूजन के साथ भरतनाट्यम का आयोजन करके शिव पार्वती की उपासना की गई। कार्यक्रम की शुभारंभ दीप प्रज्वलन से किया गया। मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन अलाउद्दीन खान संगीत एवं कला अकादमी ध्रुपद केन्द्र के डायरेक्टर उस्ताद अफजल हुसैन रहे।

मुख्य अतिथि ने कहा मंदिरों के वैदिक कालीन परम्परा को पुनर्स्थापित कर सांगीतिक परम्परा को बचाए रखने का सतकार्य अचलेश्वर महादेव मन्दिर फाउंडेशन का अनूठा प्रयास मील का पत्थर साबित हो रहा है। महंत मुरली तिवारी ने बताया कि महादेव की आराधना करने के लिए नृत्य एक साधन रहा है, शिव विवाह की रात्रि है और शिव को प्रसन्न करने के लिए वैदिक काल में भक्ति परंपरा में नृत्य सशक्त रहा है। वाराणसी से भरतनाट्यम करने आई रानू चौबे ने सर्वप्रथम महादेव किर्तनम भो शम्भो, मिश्र अलारिपू नृत्य व जतिश्वरमं भरतनाट्यम करके शिव की आराधना की। फाउंडेशन संस्था द्वारा मध्य प्रदेश के चंदेरी मे स्थित बैजू बावरा की समाधि स्थल पर आयोजित बैजू बावरा ध्रुपद उत्सव की सफलता इसका उदाहरण हैं। महंत ने कलाकार रानू चौबे को स्मृति चिन्ह व पुस्तक देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अंजलिका प्रियदर्शी, राजेश्वर शुक्ला, ईश्वर जायसवाल, मोहित शाह समेत तमाम लोग मौजूद रहे। संचालन मंदिर फाऊंडेशन के सचिव चन्द्र प्रकाश तिवारी ने किया।

# कलश यात्रा के साथ शतचंडी महायज्ञ, रासलीला का शुभारंभ

जनसंदेश न्यूज



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु

**बभनी।** क्षेत्र के बुढ़वा मन्दिर में रविवार को कलश यात्रा के साथ शतचंडी महायज्ञ एवं रासलीला का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा में 501 महिलाओं ने मंगल गीत गाते हुए बाजा गाजे के साथ बभनी सरोवर से जल उठाया। यज्ञाचार्य बृजेश शरण महराज तथा आचार्यों ने विधि विधान से मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापना कराया। कलश यात्रा में अवध धाम से आये यज्ञाचार्य ने विधि विधान से पूजन कराया। सिर पर कलश लेकर चल रही महिलाओं ने मंगल गीत गाते हुए मंडप में कलश स्थापना करायी।

कलश यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय रहा, सभी श्रद्धालुओं ने ओम नमः शिवाय, हर हर महादेव का उद्घघोष करते हुए मंडप में अपनी हाजिरी लगायी। यज्ञाचार्य ने बताया कि कलश लेने से हमारे पूर्व जन्म के जो संचित दुष्कर्म होते हैं उनका विनाश होता है तथा वरुण कलश सिर पर धारण करने से काम, क्रोध का विनाश तथा दैहिक दैविक भौतिक तीनों तापों से रक्षा होती है। इस मौके पर कन्हैयालाल गुप्ता, बाबूराम गुप्ता, राजनरायन गुप्ता, प्रेमचंद गुप्ता, सुनील कुमार गुप्ता, संजय कुमार जायसवाल, विनोद गुप्ता, रामनाथ, राकेश कुमार, गणेश, अखिलेश गुप्ता, संतोष कुमार गुप्ता, अरुण कुमार सिंह, चंद्रिका सेठ, रविशंकर गुप्ता समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# हरिकीर्तन का समापन भंडारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु

**चोपन।** नगर स्थित गौरवनगर के गौरीशंकर मंदिर पर महाशिवरात्रि के अवसर पर 24 घंटे के अखंड हरिकीर्तन का समापन रविवार को विभिन्न अनुष्ठानों के बीच किया गया। दो दिवसीय अनुष्ठान के दूसरे दिन कीर्तन में श्रद्धालु उमड़ पड़े। हरे रामा, हरे कृष्णा, हर हर महादेव, सीता राम के जयघोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। दोपहर में अखंड हरिकीर्तन का समापन किया गया। उसके बाद हवन, आरती के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। महाशिवरात्रि को लेकर मंदिर को फूलों से सजाया गया था। रंग-बिरंगे बल्बों से मंदिर परिसर को रोशन किया गया था। इससे पूर्व मुख्य पंडित जितेन्द्र पाठक ने विधि पूर्वक पूजन कराकर हवन व महाआरती कराई। इस मौके पर अश्वनी सिंह, उस्मान अली, रामशकल शर्मा, सुनील तिवारी, डम्पू सिंह, संदीप जायसवाल, अमित सिंह, सत्यप्रकाश तिवारी, पिन्टू मिश्रा, राधारमण

# गजल पुस्तिका उम्मीद-ए- वफा का विमोचन, हुई काव्य गोष्ठी



पुस्तिका का विमोचन करते अतिथिगण

**सोनभद्र।** असुविधा परिवार, राष्ट्रीय संचेतना समिति एवं शहीद प्रबंधन स्थल की ओर से रविवार को नगर के लोक निर्माण विभाग के संघ भवन में काव्य गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यहां अतिथियों ने ऊर्दू अदब के प्रख्यात शायर स्व. रिंद बनारसी की गजल पुस्तिका उम्मीद-ए-वफा का विमोचन किया। रिंद बनारसी के पुत्र जुल्फेकार हैदर खां को स्व. मुनीर बख्श आलम तृतीय स्मृति सम्मान दिया गया। उन्हें स्मृति चिह्न, प्रमाण पत्र व नकद धनराशि दी गई। यहां अतिथियों व कवियों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार अजय शेखर, मुख्य अतिथि डा. अर्जुन दास केसरी, नरेंद्र नीरव व डा. वीपी सिंगला ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन जगदीश पंथी ने किया। यहां मुख्य अतिथि ने कहा कि स्व. मुनीर बख्श आलम ने यथार्थ गीता का ऊर्दू अनुवाद किया। वे सामाजिक समरसता के प्रतीके थे। अजय शेखर ने कहा कि आलम के संदेश को लोगों तक पहुंचाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम आयोजक रामनाथ शिवेंद्र ने मुनीर बख्श आलम व रिंद बनारसी से जुड़ी स्मृतियों को सुनाया। कहा कि असुविधा परिवार आगे भी रचनाकारों की पुस्तकों के प्रकाशन का बीड़ा पूरी जिम्मेदारी से उठाएगा। इसके बाद मुनीर बख्श आलम की पुत्री नसीम बेगम, डा. कमरुद्दीन आलम को भी सम्मानित किया गया। कवि नरेंद्र नीरव, वीपी सिंगला, प्रद्युम्न त्रिपाठी, इसरार अहमद, अशोक तिवारी, राकेश शरण मिश्रा, दिव्या राय, कौशल्या चौहान, अनुपम वाणी, प्रभात सिंह चंदेल, सरोज कुमार सिंह, विकास वर्मा, अब्दुल हई, ईश्वर विरागी, दिलीप सिंह दीपक आदि ने काव्य पाठ किया। इस मौके पर तमाम लोग मौजूद रहे।

# महाशिवारात्रि पर मेले में दूसरे दिन उमड़ी भीड़


मेला में खरीदारी के लिये उमड़ी भीड़


चतुर्भुजपुर शिवरात्रि मेला में झूला पर झूलते बच्चे

जनसंदेश न्यूज

**सकलडीहा।** महाशिवरात्रि पर चतुर्भुजपुर कॉलेश्वर मंदिर के समीप तीन दिवसीय मेला का आयोजन होता है। रविवार को दूसरे दिन मेला में दर्शन पूजन के साथ खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ा। इस दौरान मेला में परिवार के साथ पहुंचे बच्चों ने झूला सहित अन्य खेलकूद का आनंद उठाया। वही कोतवाली पुलिस पूरे दिन मेला में सुरक्षा को लेकर डटी रही। काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट से संबद्ध चतुर्भुजपुर कस्बा के स्वंय भू कॉलेश्वर महादेव का प्राचीन मंदिर है। यहां पर प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि पर तीन दिवसीय मेला और शिवबारात निकलता है। दूसरे दिन मेला में हजारों की सख्या में ग्रामीण अंचल की महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ा। मेला मे स्वनिर्मित लकड़ी की खिलौना से लेकर ओखली, मूसर, पत्थर की सील लोढ़ा, चक्की सहित अन्य समान खरीदारों की भीड़ लगी रही। मेला में बच्चों ने झूला और चरखी का आनंद उठाया। बच्चों ने खूब चाट पकौड़ी के साथ गुड़हवा जलेबी का स्वाद लिया। मेला में एसडीएम मनोज पाठक सीओ राजेश कुमार राय कोतवाल अनिल कुमार पांडेय पुलिस फोर्स के साथ चक्रमण करते रहे।

### मालाफूल और चंदन टिका लगाने वालों से हुई वसूली

काशी विश्वनाथ मंदिर से संबद्ध होने का हवाला देते हुए तहसीलदार के निर्देश पर राजस्व कर्मियों ने मंदिर में टीका लगाने वाले पंडितों से लेकर मालाफूल और मुंडन करने वाले नाई सहित दुकानदारों से मनमानी कर की वसूली किया। जबकि रसीद पर किससे कितना लेना है यह नही दर्शया गया था। जो लिख दिया उसका वसूली करना था। इसका स्थानीय लोगों ने पूरजोर विरोध किया।

# झाड़ियो में मिला युवक का क्षत-विक्षत शव


मृतक अरबिंद कुमार फाइल फोटो


सीआरपीएफ परिसर में लोगो से पूछताछ करती पुलिस

जनसंदेश न्यूज

**चकिया।** कोतवाली क्षेत्र के सोनहुल गांव में स्थित सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर परिसर के झाड़ियो में एक 30 वर्षीय युवक का संदिग्ध परिस्थिति में क्षत-विक्षत शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। लोगो की सूचना पर पहुचे कोतवाल मुकेश कुमार ने युवक के शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। और जांच पड़ताल में जुट गए।

जानकारी के अनुसार सोनहूल गांव निवासी पूर्व लेखपाल पारसनाथ का पुत्र अरविंद भारती पेशे से ड्राइवर था। पिछले 21 जनवरी की घर से लापता था। परिजनों के तहरीर पर पुलिस ने 25 जनवरी को गुमशुदगी का मुकदमा पंजीकृत कर युवक की खोज बिन में जुट गई थी। कुछ दिन पहले अरविंद भारती का बड़ा भाई अरुण कुमार ने सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर में अपने भाई का खोज बिन किया था। लेकिन उसके भाई का कुछ अता पता नहीं चला था। जिसका शव रविवार को सीआरपीएफ सेंटर के झाड़ियो में मिला है। युवक का शव मिलते हैं। आस पास के क्षेत्र में सनसनी फैल गयी।

लोगो की सूचना पर पहुचे कोतवाल ने कपड़े के आधार पर युवक की पहचान अरविंद भारती के रूप में किया। वही लोग सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर के अंदर शव का मिलना सुरक्षा में भारी चूक मान रहे है। वही मौत की खबर सुनते है परिजनों में कोहराम मच गया। माता चिंता देवी पत्नी गंगा जली और उनके दो पुत्र 4 वर्षीय महादेव और 2 वर्षीय अमन का रो रो कर बुरा हाल है। इस बाबत कोतवाल मुकेश कुमार ने बताया कि सीआरपीएफ कैंप के परिसर में युवक का शव मिला है जिसको पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही है।

## संक्षेप

### रोजगार मेला में 49 बेरोजगारो को मिला रोजगार



परासी में रोजगार मेले में उपस्थित युवा

**चहनिया।** क्षेत्र के परासी स्थित ग्रामीण विकास प्रा.आईटीआई कालेज में रविवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जहा 149 युवाओ ने प्रतिभाग किया। कालेज पर पहुंची अजाकी इण्डिया कम्पनी अहमदाबाद से आयी टीम ने इण्टरव्यु के माध्यम से 49 युवाओ का चयन किया। अजाकि इण्डिया की टीम से आये नागेश तिवारी,अनुपम मिश्रा,विनोद गौतम आदि लोगो ने सर्वप्रथम बेरोजगार युवको का फार्म भरवाया इसके बाद क्वालीफिकेशन के अनुसार इण्टरव्यु लिया। जहा 49 लोगो का चुनाव हुआ। वही आईटीआई पास युवको का बरीयता दी गयी। सभी आईटीआई पास युवको का चुनाव हुआ। मात्र तीन युवक ऐसे थे। जिनका चुनाव नानआईटीआई के आधार पर इण्टरव्यु के माध्यम से हुआ। सभी यूवा 30 फरवरी तक अहमदाबाद पहुंचकर नौकरी ज्वाईन करेगे। इस दौरान प्रबंधक मनोज कुमार हरिहर पाठक,प्रमोद प्रसाद, सन्तोष कुमार, मुश्तकीम, सशक्त अली,कृष्णा कुमार यादव, प्रदुम्मन,विकास,अश्वनी,सहीत सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

**भाजपा की नीयत में खोट है इसलिए अपनी विफलताओं को छुपाती हैः रामजी**

डीडीयू नगर। हाथ से हाथ जोडो अभियान के तहत शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में रविवार को यात्रा निकाला गया। इस दौरान डोर टू डोर संपर्क कर पम्पलेट भी लोगो को दिया गया । इस मौके पर शहर अध्यक्ष रामजी गुप्ता ने कहा भाजपा की नीयत में खोट है, इसलिए अपनी विफलताओं को छुपाती है। भाजपा की नीति- जो भाजपा का विरोध करे, वो देशद्रोही। ये संयोग नहीं भाजपाई प्रयोग है। सरकारी एजेंसियों के छापे सिर्फ विपक्ष और सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वाले संस्थान पर ही पड़ते हैं। यात्रा में मुख्यरूप से आनंद शुक्ल, बृजेश गुप्ता, दशरथ चौहान, विजय गुप्ता, कमरूल बारी, नेहाल अख्तर बाबू, अनवर सादात, राकेश सिंह, रामसेवक सिंह पटेल, कन्हैया केशरी, प्रमोद मोर्या, भगवान दास, धर्मवीर, राजू बरनवाल, भोला गुप्ता, मृत्युंजय, सुनील प्रजापति, बब्लू बॉक्सर, राजेश पासवान, नितेश जैश, कमलेश जैश, शहाबुद्दीन , राहुल रावत, विश्वास रावत, टी एन सिंह, शिववुजन प्रसाद, फिरोज , तनवीर, हरि आदि लोग थे।

### दबंगो ने मारपीट कर युवक को किया घायल



**डीडीयू नगर।** मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के डाँडी के समीप मनबढ़ दबंग युवकों द्वारा एक युवक को मारपीट कर घायल करने का मामला सामने आया है। इस सम्बन्ध में युवक ने मुगलसराय कोतवाली में तहरीर दी है कसाव महाल निवासी सरफराज उर्फ मुशा ने बताया कि कसाव महाल निवासी कुछ मनबढ़ किस्म के दबंग युवक है। रविवार की सुबह लगभग 9 बजे पड़ाव से तगादा कर के वापस लौट रहा था। तभी पीछा कर रहे तीन बाइक सवार लोगो ने रुद्रा अपार्टमेंट डाँडी के समीप रोकर कर मारने पीटने लगे इस बीच मेरे सर में काफी छोटे आई जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। तगादा के 45 हजार रुपये लेकर फरार हो गए। बातचीत करने पर पीड़ित के परिजनो ने बताया कि दबंगो द्वारा एक दिन पूर्व में भी 5 से 6 लोग मिलकर छोटे भाई को मारपीट कर घायल कर दिया था। जिसकी शिकायत मुगलसराय कोतवाली में दी गई है। मुगलसराय कोतवाली प्रभारी दीनदयाल पांडेय ने बताया कि पीड़ित द्वारा दिये गए तहतीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच कार्यवाही कि जा रही है।

# कांग्रेस जनों ने चलाया सकलडीहा में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान कार्यक्रम

**सकलडीहा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा संचालित कार्यक्रम हाथ से हाथ जोड़ो अभियान ब्लॉक कमेटी द्वारा रविवार को सकलडीहा कस्बा में डोर टू डोर चलाया गया। इस दौरान राहुल गांधी का पत्र और केन्द्र सरकार के खिलाफ तैयार चार्टसीट वितरण किया गया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव देवेंद्र प्रताप सिंह मुन्ना ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में 150 दिनों तक भारत जोड़ो यात्रा के तहत सर्व समाज का समर्थन हासिल किया है। यह यात्रा 12 राज्य और दो केन्द्र शासित प्रदेश से होते हुए सीधे आम लोगों के साथ जुड़ा है। आज देश के अंदर जिस तरीके से बेरोजगारी ,बेतहाशा महंगाई आसमान छू रही है। जाति धर्म के नाम पर लोगों को लड़ाने का कार्य किया जा रहा है। सभी सरकारी उपक्रम व विभागों पर केंद्र की सरकार सुनियोजित तरीके से चुनिंदा अपने मित्र पूंजी पतियों को कब्जा करा रही है। इससे देश में तानाशाही और आराजकता का माहौल है। देश का नौजवान, किसान, बुनकर, छोटा दुकानदार, मजदूर खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। सरकारी नीतियों से लोगों का विश्वास उठ चुका है। इस तानाशाही सरकार के खिलाफ पूरे देश के अंदर आम लोगों की समस्याओं को लेकर आक्रोश है। इन तमाम समस्याओं को लेकर संसद से सड़क तक कांग्रेस पार्टी ही लड़ रहा है। वही जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अरुण द्विवेदी जी ने कहा कि, राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा संदेश को शहर से लेकर ग्रामसभा स्तर तक ले जाएंगे। अंत में डोर टू डोर दुकानदारों को राहुल गांधी की संदेश यात्रा पत्र वितरण करते हुए केन्द्र सरकार की देश विरोधी नितियों के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य तरुण पांडे,दीनदयाल विश्वकर्मा, इफ्तिखार नाजिम पप्पू ,संतलाल राजभर, संतोष राम, सुभाष सिंह, विजय प्रताप सिंह, रमेश राम, ईश्वर पांडे,भूपेंद्र त्रिपाठी, मकसूद अली, मंगल सिंह, अविनाश विश्वकर्मा, शहाबुद्दीन आदि लोग मौजूद रहे।


हाथ से हाथ जोड़ों कार्यक्रम के तहत सर्म्पक करते हुए कांग्रेसजन

### शिवरात्रि पर्व के दूसरे दिन मेला में रही भीड़

**नौगढ।** शिवरात्रि पर्व के दूसरे दिन भी चन्द्रकांता किला के समीप व झारखंडी महादेव मंदिर दीवानी चुआं के परिसर में आयोजित मेला में काफी भीड़ रही। जहां पर सजी चाट जलेबी पकौडी.व खेल खिलौने इत्यादि दुकानों पर लोग सहित बच्चे भी खरीददारी करने में काफी मग्न रहे। चिर प्रसिद्ध झारखंडी महादेव मंदिर दीवानी चुआं के समीप आदिकाल से आसीन प्राकृतिक जलस्त्रोत (पाताल गंगा) का पानी इस वर्ष निकलना एकदम बंद हो जाने से श्रद्धालुओं को स्नान व जलाभिषेक करने के साथ ही पेयजल की भी काफी दिक्कत रही। वहीं कर्मनाशा नदी मे भी पानी नाकाफी होने से चन्द्रकान्ता किला के समीप मेला मे ब्यंजनो का रसास्वादन करने के बाद लोग गंदा पानी पीने को मजबूर दिखे। शिवरात्रि पर्व के दूसरे दिन मेला में आयोजित कुश्ती दंगल में पहलवानों ने अपने दमखम की प्रस्तुति कर दर्शकों को तालियां बजाकर उत्साह वर्धन करने को मजबूर कर दिया। आयोजक समिति ने विजेता प्रतिभागियों को पुरष्कृत कर हौसला आफजाई किया। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस व पीएसी बल के जवान मुस्तैद रहे।

# पुलिस ने डीसीएम पर लदे नौ राशि गोवंश किया बरामद

**इलिया।** स्थानीय पुलिस ने मालदह नहर की पुलिया के पास एक डीसीएम पर लदे नौ राशि गोवंश सहित डीसीएम को बरामद किया है। वहीं वाहन छोड़कर भाग रहे पशु तस्कर मोहम्मद सद्दाम को 315 बोर के कट्टा एक जिंदा कारतूस एक चापड़ के साथ धर दबोचा। गौ तस्करों तथा अवैध शराब तस्करों के विरुद्ध स्थानीय पुलिस की गठित टीम शनिवार की शाम मालदह नगर की पुलिया के पास चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिला कि ग्रे ब्राउन रंग की डीसीएम पर मवेशियों को लादकर तस्कर मालदह पुल से होते हुए बिहार के रास्ते बंगाल ले जाने वाले हैं। जिस पर थानाध्यक्ष मिर्जा रिजवान बेग की गठित टीम चारों तरफ पुलिस की घेराबंदी कर दी। जैसे ही ग्रे ब्राउन रंग की डीसीएम आती दिखायी दी पुलिस ने चारों तरफ घेर लिया। पुलिस से घिरा देख पशु तस्कर वाहन छोड़कर भागने लगा। जिस पर पुलिसकर्मियों ने दौड़ा कर उसे धर दबोचा। पकड़े गए पशु तस्कर की तलाशी लेने पर उसके पास 315 बोर का एक कट्टा, एक जिंदा कारतूस तथा एक चापड बरामद हुआ। वाहन की तलाशी में कुल 9 गोवंश का पैर और मुंह बांध कर ठूंस-ठूंस कर भरकर लादा पाया गया। जिसके कारण तीन मवेशियों की मौत हो गई थी। थानाध्यक्ष मिर्जा रिजवान बेग ने बताया कि मृत मवेशियों का पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद उन्हें दफना दिया गया है। वहीं 6 मवेशियों को थाना परिसर में चारा पानी की व्यवस्था की गई है। बताया कि गिरफ्तार पशु तस्कर मोहम्मद सद्दाम कौशांबी जिला के कोखराज थाना अंतर्गत कोखराज अड्डा का निवासी है।

**सफलता**

**भाग रहे पशु तस्कर को पुलिस ने 315 बोर के कट्टा एक जिंदा कारतूस एक चापड़ के साथ दबोचा**

# आरपीएफ ने घर से भागी किशोरी और युवक को किया बरामद


डीडीयू नगर जंक्शन पर आरपीएफ द्वारा पकड़े गए किशोरी व युवक

**डीडीयूनगर।** रविवार को आरपीएफ डीडीयू को सूचना मिली कि एक नाबालिग लड़की को एक युवक द्वारा बहला फुसलाकर गाड़ी संख्या 15658 अप कामख्या दिल्ली ब्रह्मपुत्र एक्सप्रेस से दिल्ली ले जा रहा है। इसी क्रम में डीडीयू आरपीएफ टीम ने चेकिंग के अभियान चलाकर युवक और किशोरी को डीडीयू स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 4 पर गाड़ी संख्या 15658 अप कामख्या दिल्ली ब्रह्मपुत्र एक्सप्रेस से बरामद कर लिया गया। वही पूछताछ करने पर आरपीएफ प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि थाना पहारकट्टा जिला किशनगंज बिहार में पुलिस द्वारा सूचना मिली कि एक युवक द्वारा एक किशोरी को बहला फुसलाकर कर घर से भगा कर कामख्या दिल्ली ब्रह्मपुत्र एक्सप्रेस जा रहा है। इस सूचना आरपीएफ टीम के साथ सीआईबी के साथ महिला आरक्षी द्वारा उक्त गाड़ी में चेकिंग किया गया। और फोटो के आधार पर कोच से बरामद किया गया। आरपीएफ पोस्ट लाकर पूछताछ किया गया तो दोनों ने बताया कि हम घर से भाग कर दिल्ली जा रहे हैं। उक्त के संबंध में किशोरी के परिजनों और थाना प्रभारी, पहारकट्टा, जिला किशनगंज, बिहार को सौप दिया गया।

### प्राचीन शिव मंदिर चंदाइत में मेले के दूसरे दिन भी भक्त हुए नतमस्तक

**नियामताबाद।** चंदाइत गांव के शिव मंदिर परिसर में प्राचीन काल से ही मेला लग रहा है। शिवरात्रि के दिन से आरंभ होने वाले इस दो दिवसीय मेले में भक्तो की भीड़ से वातावरण भक्तिमय बना रहा। मंदिर कमेटी के सदस्य ख्यालचंद मौर्या व धीरज सिंह ने बताया कि शिव जी का प्राचीन मंदिर गांव में स्थित है जहां पर भक्तों का जमावड़ा लगा रहता है भजन कीर्तन के साथ रामायण का भी पाठ भक्तों द्वारा किया जाता है। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर दो दिवसीय मेले का आयोजन किया किया रहा है। वही मंदिर के पुजारी विजय कृष्ण पांडेय ने बताया कि प्राचीन शिव मंदिर में आने वाले हर श्रद्धालु की मनोकामना पूर्ण होती है। महाशिवरात्रि के अवसर पर हरि कीर्तन, रामायण व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। वहीं मेले को सकुशल संपन्न कराने में सर्वजीत मौर्य,अनिल यादव, अनिल सैनी, मनोज जायसवाल, सूरज सोनकर, मनमोहन पांडेय, ख्यालचंद मौर्या, आकाश, रोहित सहित ग्रामीणों का अहम भूमिका रही। वही सुरक्षा के मद्देनजर स्थानीय थाने की पुलिस फोर्स भी मौके पर मौजूद रही।

# सड़क हादसे में चिकित्सक की मौत, परिजनों में कोहराम

**चंदौली।** सदर कोतवाली क्षेत्र के लीलापुर गांव के समीप शनिवार की देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। वही वाहन सवार मौके से वाहन लेकर फरार हो गया। घटना स्थल पर जुटे आस पास के ग्रामीणों ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुची पुलिस ने तत्काल घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहा चिकित्सकों ने उसे इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया।

बताते हैं कि सदर कोतवाली क्षेत्र के जमुनीपुर गांव निवासी बृजेश कुमार शर्मा 50 वर्ष जो पेशे से चिकित्सक थे। सैयदराजा में अपना क्लीनिक चलते थे। प्रतिदिन की तरह बृजेश शर्मा अपनी दुकान बंद कर के घर लौट रहे थे। जैसे ही वो लीलापुर गांव के समीप पहुचे की तेज रफ़्तार अज्ञात वाहन ने उनके बाइक में टक्कर मारी दी घटना के बृजेश शर्मा सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। घटनास्थल पर जुटे आस पास के ग्रामीणों में तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को मौके पर पहुची पुलिस ने तत्काल 108 एम्बुलेंस की सहायता से बृजेश शर्मा को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहा चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के भेज दिया वही पुलिस द्वारा मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया लोग रोते बिलखते पोस्टमार्टम हाउस पहुच गए।


मृतक बृजेश कुमार शर्मा फाइल फोटो

### डॉक्टर की मौत के बाद बेसहारा हुआ परिवार

**चंदौली।** सदर कोतवाली क्षेत्र के लीलापुर गांव के समीप नेशनल हाईवे पर सड़क दुर्घटना में शनिवार की रात डॉक्टर बृजेश कुमार शर्मा की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर डॉक्टर की मौत के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट गया। और दो बेटा और दो बेटियां के साथ पत्नी बेसहारा हो गई। रविवार को पोस्टमार्टम हाउस पर लोगों ने पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी लेकिन गमों के बादल परिवार पर छाया रहा। बताते हैं। कि डॉक्टर बृजेश कुमार शर्मा छोटी सी क्लीनिक चला कर जीविकोपार्जन का काम करते थे। लेकिन शनिवार के मौत के बाद परिजनों के ऊपर दुखों का पहाड़ टूट गया। जहां पत्नी नवलखी देवी पति के पति की मौत के बाद उनके ऊपर बच्चों का बोर्ड बढ़ गया। डॉक्टर के 4 पुत्र हैं शिवम 18 वर्ष मनीष 22 वर्ष संध्या 23 और सुप्रिया 20 वर्ष हैं। इनके सामने सबसे बड़ी समस्या खड़ी हो गई है।

### पंचायत भवन से चोरी हुई सामान के साथ दो युवक गिरफ्तार

**सकलडीहा।** पौरा गांव के पंचायत भवन से बीते माह में लाखों रुपए की कम्प्यूटर सहित अन्य सामान चोरी होगयी थी। महिला पंचायत सहायक की ओर से कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की खुलासा में जुट गयी थी। रविवार को मुखबीर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने डेहरियाडीहा बाबा के समीप से दो युवक को मोटर साइकिल से बोरा में सामान लेकर जाते हुए पकड़ा है। तलाशी के दौरान युवकों के पास से पंचायत भवन से चोरी हुई कंप्यूटर सहित अन्य समान को बरामद किया है। पुलिस ने युवकों को विभिन्न धारा में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय से जेल भेज दिया।

पौरा गांव के पंचायत भवन कार्यालय से बीते 21/22 जनवरी की रात में कंप्यूटर, मॉनिटर, यूपीएस, कीबोर्ड, माउस, प्रिंटर, इनवर्टर और उसकी बैटरी सहित अन्य सामान चोरी होगया था। मामले में महिला पंचायत सहायक की ओर से थाने में लिखित तहरीर देकर चोरी की घटना का मुकदमा दर्ज कराया गया था। रविवार को मुखबीर की सूचना पर डेहरियाडीह बाबा के पास से मोटर साइकिल सवार दो युवक को गिरफ्तार किया गया।

# बकरी को बचाने में छात्र हुआ जख्मी

**सकलडीहा।** कस्बा के मुख्यमार्ग सिरोहपुर गांव के समीप रविवार की अलसुबह मोटरसाइकिल सवार दो युवक धर्मेंद्र व प्रदीप देवरिया बीएड की परीक्षा देने जा रहे थे कि अचानक रास्ते मे बकरी के आ जाने से बाइक संतुलित हो के गिर पड़ी वही बाइक पर बैठा धर्मेंद्र कुमार 30 पुत्र श्यामनारायन कटसिल निवासी गिर कर बुरी तरह जख्मी हो गया। साथ मे चालक प्रदीप मौर्या को भी हल्की चोट आई।

वही मौके पर घायलो को देख ग्रामीणो ने तत्काल 108 एम्बुलेंस से सकलडीहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। व परिजनों को भी इसकी सूचना दिया। वही प्राथमिक इलाज के दौरान फार्मासिस्ट मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि घायल धर्मेंद्र का दाहिना पैर बुरी तरह टूट चुका है। वही दूसरा प्रदीप कुमार को हल्की चोट है। जो खतरे से बाहर बताया गया हैं। वही बुरी तरह जख्मी धर्मेंद्र कुमार को तत्काल जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।


जख्मी बीएड का छात्र

शनिवार को महाशिवरात्रि के दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक की मेला ड्यूटी लगी रही वही रविवार की अलसुबह ही घटना के बाद चिकित्सक के न होने पर घायल को मौके पर फार्मासिस्ट व मेस्तर ने प्राथमिक इलाज के दौरान किया रेफर।

### सड़क हादसे में दो बाइक सवार घायल, हालत गंभीर

**सकलडीहा।** कोतवाली क्षेत्र के अलग- अलग स्थानों पर दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर जुटे आस पास के ग्रामीणों ने तत्काल दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य में भर्ती कराया जहा चिकित्सकों ने दोनों की हालत चिंताजनक देख ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार फुल्ली गांव निवासी सोहन राय 55 वर्ष अपने ससुराल ओनावल जाते फुल्ली गांव के समीप ही अज्ञात बाइक सवार में टक्कर हो गयी। घटना में सोहन सदर पर गिरकर बुरी तरह लहूलुहान हो गया। आस पास के ग्रामीणों ने तत्काल सोहन को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहा चिकित्सकों ने हातल चिंताजनक देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वही दूसरी तरफ सलेमपुर गांव निवासी अखिलेश कुमार 25 वर्ष सकलडीहा से अपने घर जा रहा था। तभी अज्ञात वाहन ने इसके बाइक में जोरदार टक्कर मार कर फरार हो गया। घटना में अखिलेश बुरी तरह जख्मी हो गया। लोगो ने तत्काल उसको प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहा चिकित्सकों ने हातल चिंताजनक देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# आधुनिक व परंपरागत शिक्षा के समावेश से बच्चों को करें शिक्षितः मनोज काका

**चंदौली।** आज का दौर आधुनिक और चुनौतिपूर्ण है। ऐसे में चुनौतियों का सामना करने और समय के साथ चलने के लिए जरूरी है। इसके लिए जरूरी है कि बच्चों की प्राथमिक शिक्षा की नींव को सशक्त बनाया जाए। आज इस सोच को चंदौली जैसे ग्रामीण इलाके में साकार होता देख अमेरिका जैसे आधुनिक देश की शिक्षा व्यवस्था की याद आ रही है। उक्त बातें रविवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज सिंह काका ने बतौर मुख्य अतिथि गुरुकुल प्री स्कूल के उद्घाटन अवसर पर कही। इस दौरान उन्होंने गुरुकुल प्री-स्कूल के आधुनिक संसाधनों से लैस कक्षाओं को देखा। साथ ही डिजिटल स्कूल के आधुनिक पाठ्यक्रमों की जानकारी एलसीटी स्क्रीन पर देखी और स्कूल द्वारा छोटे बच्चों के पठन-पाठन के लिए आधुनिक और परम्परागत शिक्षा पद्धति के समावेश तैयार करने पर प्रबंधक इसरार अहमद के प्रयासों को सराहा। हौसलाआफजाई करते हुए उन्होनें बच्चों को बेहतर शिक्षा देने की प्रेरणा दी।

नर्सिंग कालेज एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डा. धनंजय सिंह ने कहा कि शिक्षा कोई व्यवसाय नहीं, बल्कि सेवा का एक शानदार और सशक्त माध्यम है। शिक्षा से ही सभ्य समाज की स्थापना की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। कहा कि गुरुकुल प्री-स्कूल के पाठ्यक्रम में जिस तरह से संस्कारों की मोतियों को शिक्षा के आधुनिक माला में पिरोया गया है वह अपने आप में नवीनतम और नायाब है। यह इस दौर में प्राथमिक शिक्षा की दिशा व दशा दोनों बदलने की महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा। ऐसे ही प्रयासों से शिक्षा के स्तर को सुधारा और बेहतर बनाया जा सकता है। प्रबंधक इसरार अहमद ने बताया कि स्कूल में एलकेजी, यूकेजी व नर्सरी के बच्चों के बिना बैग के पूरी तरह से डिजिटल माध्यम से सिखाने-पढ़ाने का काम किया जाएगा। इस अवसर पर ममता जायसवाल, राकेश यादव, समाजसेवी अजीत सोनी, आरिफ हाशमी, इरफान अहमद, अशफाक हैदर, संजय जायसवाल, पूजा जायसवाल, अभिषेक कुमार आदि उपस्थित रहे।


गुरुकुल स्कूल के प्ले ग्रुप के शुभारंभ पर शिक्षा व्यवस्था को देखते सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज सिंह काका व यथार्थ नर्सिंग कॉलेज के प्रबंधक डॉ धनंजय सिंह

## सेमीफाइनल में चीन से हारा भारत, जीता कांस्य पदक

**दुबई।** भारत का अभियान यहां बैडमिंटन एशियाई मिश्रित टीम चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में चीन से 2-3 की पराजय से समाप्त हुआ लेकिन देश कांस्य पदक जीतने में सफल रहा। इस महाद्वीपीय टूनार्मेंट में यह भारत का पहला पदक है। शनिवार को सेमीफाइनल में हारने वाली दोनों टीमों को कांस्य पदक मिलता है। भारत की युगल टीमों ने प्रेरणादायी प्रदर्शन कर अपने प्रतिद्वंद्वियों को कड़ी चुनौती देकर जीत हासिल की। एच एस प्रणय को शुरूआती पुरूष एकल मैच में महज 45 मिनट में लेई लान जि से 13-21, 15-21 से और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू को महिला एकल मैच में एक घंटे 10 मिनट में गाओ फांग जि से हार का सामना करना पड़ा। इससे भारतीय टीम 0-2 से पीछे थी। पर युगल टीमों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया।



# भारत ने दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हराया




## रविंद्र जडेजा ने पंजा खोला, ऑस्ट्रेलिया 113 पर सिमटी

### सीरीज में बनाई 2-0 की अजेय बढ़त

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया ने लगातार चौथी बार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। रविंद्र जडेजा (42/7) और रविचंद्रन अश्विन (59/3) की घातक स्पिन जोड़ी की बदौलत भारत ने ऑस्ट्रेलिया को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट में रविवार को छह विकेट से मात देकर सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। पहली पारी में एक रन की बढ़त लेने वाली ऑस्ट्रेलिया मैच के तीसरे दिन सिर्फ 113 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत ने 115 रन का लक्ष्य चार विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। ऑस्ट्रेलिया को इस मामूली से स्कोर पर आउट करने के लिए अश्विन ने ट्रैविस हेड का विकेट लेकर दिन की शुरूआत की। इसके बाद जडेजा ने सात बल्लेबाजों को अपनी फिरकी में फंसाते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम को 113 रन पर समेट दिया। यह जडेजा के टेस्ट क्रिकेट का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इससे पहले उन्होंने इंग्लैंड के विरुद्ध 2016 में 48 रन देकर सात विकेट चटकाये थे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल का विकेट मात्र एक रन पर गंवा दिया, लेकिन कप्तान रोहित शर्मा ने 31 (20) रन की पारी खेलकर भारत की स्थिति मजबूत कर दी। रोहित का विकेट गिरने के बाद विराट कोहली ने 20 रन और श्रेयस अय्यर ने 12 रन का योगदान दिया। श्रीकर भरत 23 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि अपना 100वां टेस्ट खेल रहे चेतेश्वर पुजारा (31 नाबाद) ने विजयी रन बनाकर भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया।

***भारत ने एक विकेट पर 14 रन बनाये, जीत से 101 रन दूर***

भारत ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लंच तक एक विकेट पर 14 रन बना लिए। मैच जीतने के लिए भारतीय टीम को और 101 रन की जरूरत है। लंच के विश्राम के समय कप्तान रोहित शर्मा और चेतेश्वर पुजारा क्रमशः 12 और एक रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। इससे पहले रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन की शानदार गेंदबाजी के सामने ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी 113 रन पर सिमट गई। जडेजा ने 12.1 ओवर में 42 रन देकर सात विकेट चटकाये तो वहीं अश्विन ने अपने 16 ओवर में 59 रन देकर तीन विकेट लिये। ऑस्ट्रेलिया की ओर से ट्रेविस हेड ने सबसे ज्यादा 43 रन बनाये लेकिन दिन के पहले ही ओवर में मार्नुस लाबुशेन (35) के साथ दूसरी विकेट के लिए 42 रन की उनकी साझेदारी टूटने के बाद भारतीय गेंदबाज हावी हो गये। ऑस्ट्रेलिया ने अपने आखिर सात विकेट 18 रन के अंदर गंवा दिये।

रविंद्र जडेजा (सात विकेट) और रविचंद्रन अश्विन (तीन विकेट) की भारतीय स्पिन जोड़ी ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट की दूसरी पारी में रविवार को मेहमान ऑस्ट्रेलिया को महज 113 रन पर ऑल आउट कर दिया। भारत को यह टेस्ट जीतकर सीरीज में 2-0 की अजय बढ़त बनाने के लिए 115 रन की दरकार है।

ऑस्ट्रेलिया ने मैच के दूसरे दिन तेज बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 12 ओवर में एक विकेट गंवाकर 61 रन जोड़ लिए थे, लेकिन तीसरे दिन उसकी एक न चली। कंगारुओं ने करीब डेढ़ घंटे के खेल में महज 52 रन जोड़कर नौ विकेट गंवाए। अश्विन ने दिन के पहले ओवर में ही खतरनाक दिख रहे ट्रैविस हेड को विकेटकीपर श्रीकर भरत के हाथों कैच आउट करवाया। हेड ने 46 गेंद पर छह चौकों और एक छक्के के साथ 43 रन बनाए, हालांकि उनके बाद कोई ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज 40 का आंकड़ा नहीं छू सका। कुछ देर बाद जडेजा ने मार्नस लाबुशेन (35) को बोल्ड किया, जबकि स्टीव स्मिथ और मैट रेंशा अश्विन की गेंद पर पगबाधा हो गए। इसके अलावा जडेजा ने पीटर हैंडस्कॉम्ब, पैट कमिंस और मैथ्यू कुहनेमान को शून्य पर आउट किया, जबकि एलेक्स कैरी सात रन का योगदान दे सके। यह टेस्ट क्रिकेट में जडेजा के करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन इंग्लैंड के खिलाफ 2016 में आया था जब उन्होंने 48 रन देकर सात विकेट लिए थे।

## सौराष्ट्र ने दूसरी बार जीता रणजी ट्रॉफी का खिताब, बंगाल को नौ विकेट से हराया




**कोलकाता।** बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट ने दूसरी पारी में 85 रन देकर छह विकेट चटकाए, जिससे सौराष्ट्र ने रविवार को यहां रणजी ट्रॉफी के फाइनल कै चौथे दिन बंगाल को नौ विकेट से शिकस्त दी। पहली पारी में 230 रन बड़ी बढ़त लेने के बाद सौराष्ट्र की टीम ने बंगाल की दूसरी पारी को 241 रन पर समेट दी। सौराष्ट्र को मैच अपने नाम करने के लिए 12 रन का लक्ष्य मिला। टीम ने 2.4 ओवर में एक विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। सौराष्ट्र की टीम दूसरी बार रणजी ट्रॉफी चैम्पियन बनी है। मैच में नौ विकेट लेने वाले सौराष्ट्र के कप्तान उनादकट मैन ऑफ द मैच चुने गये जबकि टीम के अर्पित वसावड़ा रणजी सत्र के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गये। उन्होंने इस सत्र में 907 रन बनाए। सौराष्ट्र को पिछला खिताब 2019-20 सत्र में मिला था। उस समय टीम ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर बंगाल को पछाड़ा था। सौराष्ट्र ने पिछले 10 सत्र में पांच बार रणजी ट्रॉफी फाइनल में जगह बनाकर अपनी निरंतरता साबित की। बंगाल की टीम एक बार फिर चैम्पियन बनने से चूक गयी। उसने अपना पिछला खिताब 1989-90 में इसी ईडन गार्डन्स मैदान में सितारों से सजी दिल्ली को हरा कर जीता था। टीम का पहला खिताब 1938-39 में आजादी से पहले के दौर में आया था। उनादकट ने दिन के शुरूआती सत्र में एक बार फिर अपनी गेंदबाजी का लोहा मनवाया।

## 25 हजारी बन 'किंग कोहली' ने रचा इतिहास

### विराट ऐसा करने वाले भारत के दूसरे और दुनिया के छठे बल्लेबाज बन गए





**नई दिल्ली।** भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दिल्ली टेस्ट में बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 25 हजार रन पूरे करके इतिहास रच दिया। विराट ऐसा करने वाले भारत के दूसरे और दुनिया के छठे बल्लेबाज बन गए हैं। इस मामले में विराट ने महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर का विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया।कोहली ने सबसे कम 549 पारियों में 53.7 की औसत से इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने 25000 रन पूरे किए हैं। कोहली से पहले केवल सचिन तेंदुलकर यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। सचिन के नाम इंटरनेशनल क्रिकेट में 782 पारियों में 48.5 की औसत से 34357 रन हैं।

भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन रविवार को यहां अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेजी से 25,000 रन पूरे करने वाले खिलाड़ी बने। भारतीय टीम मैच को जीतने के लिए जब 115 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही थी तब आठ रन पर बल्लेबाजी कर रहे कोहली ने पारी के 12वें ओवर में नाथन लियोन के खिलाफ चौका जड़ कर यह उपलब्धि हासिल की। कोहली के करियर का यह 492 वां अंतरराष्ट्रीय (टेस्ट, एकदिवसीय और टी20 मिला कर) मैच है। इस मुकाबले से पहले वह 25,000 रन के आंकड़े से 52 रन दूर थे। उन्होंने पहली पारी में 44 जबकि दूसरी पारी में 20 रन बनाये। कोहली के नाम अब 25,012 अंतरराष्ट्रीय रन है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने उन्हें बधाई देते हुए ट्वीट किया, एक और उपलब्धि। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 25,000 रन पूरे करने पर विराट कोहली को बधाई। यह बेहद खास है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने ट्विटर पर लिखा, विराट कोहली को सबसे तेजी से 25,000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरा करने पर हार्दिक बधाई। कोहली से पहले सचिन तेंदुलकर (664 मैचों में 34357 रन), श्रीलंका के कुमार संगकारा (594 मैचों में 28016) और महेला जयवर्धने (652 मैचों में 25957), ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग (560 मैचों में 27483) और दक्षिण अफ्रीका के जाक कैलिस (519 मैचों में 25534) ने इस मुकाम को हासिल किया है। चौतीस साल के कोहली ने 2008 में भारत के लिए पदार्पण किया था।

## बॉलीवुड न्यूज

### भोला ने अपने फैंस को दिया सुपर स्पेशल गिफ्ट




**मुंबई।** फिल्म निर्माता-सुपरस्टार अजय देवगन और उनके फैंस के बीच एक सुपर स्पेशल रिश्ता है। इस खूबसूरत रिश्ते को सिर आँखों पर रखते हुए, अजय ने अपने फैंस को एक दिलकश सरप्राइज दिया है। अजय ने फैंस को यह सरप्राइज अपनी आगामी इमोशनल टच वाली एक्शन-एडवेंचर भोला के पहले रोमांटिक ट्रैक के रिलीज होने से पहले ही दे दिया है। सॉन्ग के रिलीज होने से पहले ही अजय ने इसका एक बत्तीस सेकंड का ऑडियो क्लिप अपने फैंस को भेज दिया। बस फिर क्या था, इसने न सिर्फ फैंस को मंत्रमुग्ध कर दिया, बल्कि इसके रिलीज होने के बेसब्र इंतजार में छोड़ दिया। अजय ने यह सरप्राइज इसलिए दिया, क्योंकि वे चाहते थे कि उनके फैंस यह सॉन्ग सबसे पहले सुने। सही भी है, आखिरकार, फैंस वर्षों से उनकी फिल्मों की सफलता के अभिन्न अंग रहे हैं। यह सरप्राइज उम्मीद पर खरा उतरा। खूबसूरत ट्रैक 'नजर लग जाएगी' ने फैंस को काफी रोमांचित कर दिया है। फैंस ने भी बदले में अजय को कुछ गिफ्ट करने का फैसला किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर इस ट्रैक का उपयोग करते हुए शानदार वीडियोज बनाए हैं। सॉन्ग जल्द ही रिलीज होने वाला है, लेकिन फैंस के बीच निश्चित रूप से इस लव ट्रैक को लेकर बेसब्री बढ़ी हुई है।

# सेमीफाइनल में क्वालीफाई करने के लिए आयरलैंड पर बड़ी जीत दर्ज करने की कोशिश करेगा भारत



**गेकबेर्हा (दक्षिण अफ्रीका)।** इंग्लैंड से पिछले मैच में मिली हार से भारतीय टीम निराश होगी और महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में क्वालीफाई करने की दौड़ में बने रहने के लिए उसकी कोशिश वापसी करके सोमवार को यहां कमजोर आयरलैंड के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करने की होगी। शनिवार को भारतीय टीम को इंग्लैंड से 11 रन से हार मिली जो उसकी टूनार्मेंट में पहली हार थी। भारत तीन मैचों में चार अंक से इंग्लैंड (तीन मैचों में छह अंक) के बाद दूसरे स्थान पर है। इंग्लैंड ने सेमीफाइनल के लिये क्वालीफाई कर लिया है। हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम को अब सोमवार को अपने अंतिम ग्रुप मैच में आयरलैंड के खिलाफ सिर्फ एक जीत की नहीं बल्कि बड़ी जीत की जरूरत होगी ताकि वह ग्रुप दो से सेमीफाइनल के बचा दूसरा स्थान हासिल कर सके। भारतीय टीम का मौजूदा रन रेट + 0.205 का है, जिसमें उन्हें सुधार करना होगा। पाकिस्तान को शुरूआती मैच में भारत से हार मिली थी, उनके दो मैचों में दो अंक हैं और अगर वे अपने अंतिम दो मैचों में जीत हासिल कर सकते हैं तो उनके पास भी अंतिम चार में जगह बनाने का मौका हो सकता है। लेकिन उनके भी छह अंक होने चाहिए। पाकिस्तान रविवार की रात को वेस्टइंडीज से भिड़ेगा, उसका भारत से बेहतर रन रेट (+1.542) है, हालांकि उन्हें अभी इंग्लैंड से भिड़ना है जिसका रन रेट +1.776 का है। वहीं आयरलैंड सभी तीन मैच हारकर पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुका है। आयरलैंड के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करने के लिये भारतीय बल्लेबाजों को आक्रामक खेल दिखाना होगा विशेषकर कप्तान हरमनप्रीत कौर और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को, क्योंकि दोनों ही अभी तक कोई महत्वपूर्ण पारी नहीं खेल सकी हैं। हरमनप्रीत ने तीन मैचों में अभी तक 16, 33 और 4 रन बनाये हैं जो उनके स्तर से काफी कम है जबकि शेफाली ने 33, 28 और 8 रन की पारियां खेली हैं। युवा ऋचा घोष भारत के लिये सबसे निरंतर बल्लेबाज रही हैं जिन्होंने 31, 44 और नाबाद 47 रन बनाये हैं। वह आयरलैंड के खिलाफ इसी लय को जारी रखना चाहेंगी। चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 53 रन की मैच विजयी पारी खेलने वाली जेमिमा रोड्रिग्स ने अगले दो मैचों में एक और 13 रन बनाये और वह अन्य टीमों की तुलना में आयरलैंड के कमजोर आकमक के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगी। उप कप्तान स्मृति मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ 52 रन की अर्धशतकीय पारी खेली, ये भी भारत के लिये अच्छा है। गेंदबाजी विभाग की बात करें तो इंग्लैंड के खिलाफ करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (15 रन देकर पांच विकेट) करने वाली मध्यम गति की गेंदबाज रेणुका सिंह आयरलैंड के खिलाफ और बेहतर करना चाहेंगी जबकि अनुभवी दीप्ति शर्मा अभी तक भारत की सबसे निरंतर गेंदबाज रही हैं। राजेश्वरी गायकवाड़ अभी तक तीन मैचों में कोई विकेट नहीं ले सकी हैं, उनसे तथा पूजा वस्त्राकर और राधा यादव से भारतीय टीम अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करेगी। आयरलैंड के लिये शीर्ष क्रम की बल्लेबाज ओर्ला प्रेंडरगास्ट तीन मैचों में 109 रन बनाकर अच्छी फॉर्म में हैं जबकि गैबी लुईस ने भी तीन मैचों में 84 रन बनाये हैं।

***टीमें इस प्रकार हैं:***

भारतः हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, यास्तिका भाटिया, ऋचा घोष, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, देविका वैद्य, राधा यादव, रेणुका ठाकुर, अंजलि सरवनी, पूजा वस्त्राकर, राजेश्वरी गायकवाड़ और शिखा पांडे।

## संक्षेप

### शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन करता है एडुलिडर्स



केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय को पुस्तक भेंट करते एडुलिडर्स की टीम

**पीडीडीयू नगर।** एडुलिडर्स यूपी की जिला टीम के सदस्य शनिवार को सांसद व केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री डॉ महेन्द्रनाथ पांडेय से उनके वाराणसी स्थित आवास पर मिला। इस दौरान टीम ने उन्हें एडुलिडर्स यूपी की पत्रिका भेंट की। साथ ही संगठन की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। इन दौरान टीम के सदस्यों ने कहा कि एडुलिडर्स यूपी प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत स्वप्रेरित, ऊजार्वान, टेक्नोसेवी शिक्षकों का स्वतःस्फूर्त समूह है। जो शिक्षकों व छात्रों के लिए विभिन्न प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन करता है। कहा कि बच्चों के लर्निंग आउटकम को बढ़ाने के लिए टीम के सदस्य प्रतिदिन सामग्री तैयार कर प्रदेश के सभी जनपदों में ऑनलाइन भेजते हैं। साथ ही शिक्षकों में नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाता है। प्रत्येक वर्ष उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिले के शिक्षकों को सम्मानित भी किया जाता है। कहा कि एडुलिडर्स सिर्फ शिक्षकों ही नहीं बल्कि छात्रों के लिए भी कार्यक्रम संचालित करता है। जिससे छात्र तेजी से लाभान्वित हो रहे हैं। इस मौक पर टीम के जिला प्रभारी सचिन कुमार सिंह, प्रधानाध्यापक संजय यादव, पूजा यादव आदि मौजूद रहे।

### गरीबों का घर ढहा रहा है बुलडोजरः राकेश कुमार

**डीडीयू ।** आम आदमी पार्टी की एक आवश्यक बैठक लाल बहादुर शास्त्री पार्क में रविवार को संपन्न हुई। जिसमें संगठन पर विस्तृत चर्चा करते हुए नगर प्रभारी व नगर अध्यक्ष का चयन गया। तदोपरांत कानपुर देहात की घटना के विरोध में बुलडोजर आहुति यज्ञ किया गया तथा बुलडोजर की आहुति दी गई। इस अवसर पर जिला प्रभारी राकेश कुमार ने कहा कि बाबा का बुलडोजर गरीबों का घर ढहा रहा है। बुलडोजर संस्कृति ठीक नहीं है। जिला अध्यक्ष संतोष कुमार पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बुलडोजर प्रदेश वासियों के लिये मौत का बुलडोजर बन चुका है। कानपुर देहात में 14 जनवरी को बाबा के बुलडोजर ने एक परिवार के पक्के मकान को ढहा दिया। वहां के शिव मंदिर पर भी बाबा ने बुलडोजर चलवा दिया। पीड़ित परिवार डी एम के यहां पहुंचा उल्टे उस परिवार पर मुकदमा कर दिया। बाबा का बुलडोजर प्रदेश के लोगों के लिये काल बन चुका है। बुलडोजर आहूति यज्ञ के द्वारा हम हर गरीब को बाबा जी के इस बुलडोजर से सजग करना चाहते हैं कि । इसके पहले लाल बहादुर शास्त्री पार्क में नगर निकाय चुनाव प्रभारी के चयन के संबंध में एक बैठक की गई, जिसमें विपिन कुमार मिश्र को पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर का निकाय चुनाव प्रभारी व सुशांत भट्टाचार्य को नगर अध्यक्ष बनाया गया ।बैठक में प्रवीण चौबे, ज्ञान पांडेय,ओम प्रकाश भारती, यमुना सिंह, रामकृत मौर्य, लाल विहारी चौबे, शिव प्रकाश शर्मा, कमलेश तिवारी, राजू यादव, राजकुमार खरवार, यमुना सिंह एडवोकेट, विपिन कुमार मिश्र, राजकुमार खरवार, जितेंद्र यादव, डाक्टर जे पी यादव, सूरज यादव, राजकुमार पासवान, मोऽ फिरोज इद्रीशी, देवनाथ आदि लोग उपस्थित रहे।

## मारपीट व चेन छीनने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ केस

**सकलडीहा।** महाशिवरात्रि पर शनिवार को देर शाम शिव बारात में तेनुवट गांव के समीप दो पक्षों के बीच मारपीट हो गयी। मारपीट में महिला समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये थे। आरोप है कि मारपीट के दौरान घायल युवक की सोने की चैन छिन लिया गया है। पुलिस ने इस मामले में दो नामजद युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी के लिये टीम गठित किया है। पदुमनाथपुर गांव से शिवबारात निकलकर कॉलेश्वर महादेव मंदिर जा रही थी। इसी बीच तेनुवट गांव के समीप देवाशीष पांडेय से गांव के युवकों से कुछ बात को लेकर विवाद होगया। जिसमें 45 वर्षीय राधिका देवी, 26 वर्षीय देवाशीष पांडेय और 32 वर्षीय मनीष पांडेय घायल होगये। आरोप है कि मारपीट के दौरान युवक की सोने की चैन छिन लिया गया। घटना के बाद पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने जिला हास्पीटल के लिये रेफर कर दिया। घटना में पीड़ित युवक देवाशीष पांडेय की ओर से लालू यादव और रवि यादव के खिलाफ विभिन्न संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### शिव बारात में सपा का मिशन गीत का वीडीओ वायरल होने पर चर्चा

शिव बारात में सपा आई रे सइकिलीया आई रे गीत पर झूमते युवकों का वीडीओ वायरल होने पर चचाओं का बाजार गरम हो गया है। पुलिस वायरल वीडीओ व शिव बारात की परमिशन की जांच में जुट गयी है। सीओ राजेश कुमार राय ने बताया कि शिव बारात में किसी पार्टी की गीत का बीडीओ वायरल हुआ है। जिसकी जांच कर कार्रवाई की जायेगी। दोषियों को बख्सा नही जायेगा।

## संप्रेषण के माध्यम से होता है संपूर्ण विकास : सुरेश कुमार

**पीडीडीयू नगर।** अलीनगर स्थित सम्मान ब्रांच आफ आईआईडी में भारतीय पुनर्वास परिषद नई दिल्ली द्वारा आयोजित सतत पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम 16 से 18 फरवरी तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। जिसमें प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों ने अपने क्षेत्र में आ रही परेशानियों को विशेषज्ञ से सांझा किए और विशेषज्ञों ने समस्याओं का समाधान किए। मुख्य अतिथि समाजसेवी व शिक्षक सुरेश कुमार एवं विशिष्ट अतिथि युवा सामाजिक कार्यकर्ता लाल बहादुर रहे। इस मौके पर विषय विशेषज्ञ डॉ. रमेश मौर्या रीना सिंह एवं पुष्पा कुशवाहा ने कक्षा में संप्रेषण प्रभावित करने वाले माध्यम एवं संप्रेषण उपकरण के बारे में चर्चा की बताया कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के विकास के लिए पाठ्यक्रम में संप्रेषण योजनाबद्ध तरीके से उनके अनुसार सुनियोजित करना चाहिए ताकि समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। मुख्य अतिथि ने कहा कि सामान्य बच्चों को पढ़ाना आसान होता लेकिन विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ाना कठिन लेकिन आप सभी शिक्षक बेहतरीन कार्य कर रहे है । विशिष्ट अतिथि लाल बहादुर ने कहा कि सतत एवं पुनर्वास कार्यक्रम हमें समावेशी शिक्षा में नया हो रहे कार्यों के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाता साथ ही नई नई तकनीकी से भी हम रूबरू होते यह जानकर अपने क्षेत्र में उपयोग करते है। अंत में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया कार्यक्रम में अलग अलग विद्यालयों से आये शिक्षिक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। संचालन जवाहर यादव के द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन सपना सिंह ने किया।

## समाज को आइना दिखाने वाले पत्रकार किसी पहचान के मोहताज नहीं :तारकेश्वर

### मुसाफिर विश्वकर्मा अध्यक्ष, विनोद सिंह महामंत्री, सद्दाम खान, इबरार अली,व देवेंद्र बने तहसील उपाध्यक्ष

**शहाबगंज।** स्थानीय कस्बा स्थित मौर्या वाटिका में रविवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई चकिया की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन की मजबूती पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही तहसील इकाई का गठन सर्वसम्मति से की गई। जिसमें मुसाफिर विश्वकर्मा को चौथी बार तहसील अध्यक्ष विनोद सिंह को सातवीं बार महामंत्री चुना गया। इसके अलावा इबरार अली, सद्दाम खान, देवेंद्र नारायण सिंह को तहसील उपाध्यक्ष चुना गया। मिथिलेश को संगठन मंत्री, रत्नेश यादव को कोषाध्यक्ष, सत्येंद्र कुमार को सूचना मंत्री तथा मनोज कौशल व इरफान अंसारी को उप महामंत्री सर्वसम्मति से चुना गया। इस दौरान मुहम्मद तस्लीम व श्याम सिंह यादव को ग्रापए की सदस्यता ग्रहण करायी गयी। बैठक में बोलते हुए ग्रापए वाराणसी मंडल अध्यक्ष तारकेश्वर सिंह ने कहा कि आपसी सामंजस्य व संगठन की मजबूती से ही पत्रकारों के ऊपर हो रहे शोषण को रोका जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि अपने कलम की धार से समाज को आइना दिखाने वाले पत्रकार किसी के पहचान का मोहताज नहीं है। लेकिन पत्रकारों को हमेशा सकारात्मक सोच के साथ काम करना चाहिए। ग्रापए जिलाध्यक्ष आनंद सिंह ने कहा कि संगठन के किसी सदस्य के ऊपर अत्याचार होता है। तो ग्रापए उसकी लड़ाई स्वयं लड़ेगी। संगठन के सदस्य अपने को कमजोर न समझे किसी भी सदस्य के साथ अन्याय नहीं होने दी जाएगी। अगर कोई समस्या आती है। तो सबसे पहले हम उस लड़ाई को लड़ेंगे। बैठक में मुख्य रूप से मंडल उपाध्यक्ष मंगला सिंह,जिला उपाध्यक्ष रतीश कुमार, तनवीर अहमद,उदय प्रताप सिंह,राजन सिंह,शेषमणि सिंह, शशिशेखर,होरी लाल,महानन्द ,अंकित सैनी आदि उपस्थित थे। बैठक का संचालन तहसील महामंत्री विनोद सिंह ने किया।

# इमामबाड़े में चल रहे निर्माण को रोकने गए दो पुलिसकर्मियों पर हमला

**दबंगई**

### बड़ी संख्या में पहुँची पुलिस ने दर्जनभर महिला पुरुषों को लिया हिरासत में

**जनसंदेश न्यूज**

**नौपेड़वा।** बक्शा थाना क्षेत्र के कर्तिहा गांव में रविवार को शिकायत पर इमामबाड़े के पीछे लग रहे दरवाजे को रोकने गए दो पुलिसकर्मियों पर निर्माण करने वाले लोगों ने हमला बोल दिया। हमले में हल्के के दो सिपाहियों को चोटें आई है। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों के साथ पहुँच मौके से करीब दर्जनभर महिला पुरूष को हिरासत में लेकर थाने ले आये।

उक्त गांव निवासी शिकायतकर्ता अब्दुल खालिक ने सुबह थाने पहुँच लिखित तहरीर दिया कि विपक्षी नसीन, उरफी, सैफ, अमन व कसीम इमामबाड़ा बनवा रहें है। इमामबाड़ा बनने के बाद विपक्षी मेरे पुस्तैनी जमीन की तरफ दरवाजा लगवा रहे थे रोकने पर विवाद की स्थिति देख अब्दुल 112 नम्बर पुलिस को बुला थाने पहुँच लिखित तहरीर देते हुए निर्माण रोकने की बात कही। थाने से हल्का सिपाही चन्दन यादव व अभिषेक कुमार मौके पर पहुँच दोनों पक्षों से निर्माण रोककर थाने चलने की बात कही तो निर्माण करने वाला पक्ष वाद विवाद करने लगा। बात बढ़ने पर उक्त लोगों ने सिपाहियों पर ईंट पत्थर से हमला बोल दिया। घायल दोनों सिपाहियों ने थाने पर सूचना दी। थोड़ी ही देर में थानाध्यक्ष बड़ी संख्या में पुलिस टीम को लेकर मौके पर पहुँच करीब दर्जन भर महिला पुरुष को हिरासत में लेकर थाने पहुँचे। उधर हिरासत में लिए गए लोगों के परिजनों ने बताया कि मौके पर पहुँचे सिपाहियों द्वारा पकड़े गए दो युवकों ने हाथ छुड़ाकर भागने का प्रयास किया जिस पर सिपाहियों के ईंट पर गिरने से चोटे आई है। उधर दोनों सिपाहियों का पुलिस ने मेडिकल कराते हुए आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कर रही है।

> इमामबाड़े के दरवाजे को लेकर दो पक्षों में विवाद था। शिकायत पर पुलिस गई थी निर्माण करने वाले लोग पुलिस टीम से उलझकर हाथापाई करने लगे। चलाए गए ईंट पत्थर से दो सिपाहियों को चोटें आई है। उक्त मामले में कुल 20 नामजद व 25 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। 6 नामजद लोगों को हिरासत में लिया गया है।
>
> **त्रिवेणी सिंह थानाध्यक्ष बक्शा**

**एक माह के अंदर दूसरी बार पुलिस पर हमला**

पुलिसकर्मियों की शिथिलता कहें या बड़ी लापरवाही मात्र एक माह के अंदर दूसरी बार पुलिसकर्मियों पर हमला हुआ है। इसके पूर्व जनवरी माह में थाने के एक सिपाही की बीरभानपुर गांव में मनबढ़ युवकों द्वारा पिटाई कर दी गई थी। रविवार को पुनः कर्तिहा गांव में पुलिसकर्मियों की पिटाई की खबर पर ग्रामीण तरह-तरह की चर्चा करते देखे गए।

# खो-खो, काव्य व निबंध लेखन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**जनसंदेश न्यूज**


निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते छात्र

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में कुलपति निर्मला एस. मौर्य के निर्देशन पर दीक्षोत्सव के संदर्भ में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसके परिपेक्ष्य में खेल प्रतियोगिता काव्य लेखन, निबंध लेखन एवं अन्य प्रतियोगिताएं करायी गयी। खेल प्रतियोगिता में परंपरागत महिला खेल खो-खो में कुल 4 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें बी-फार्मा प्रथम, बी-फार्मा द्वितीय रहीं और पुरुष खो-खो में कुल 5 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें बीटेक प्रथम, बी फार्मा द्वितीय और डी फार्मा तृतीय रहे। परंपरागत खेलकूद की समन्वयक डॉ. नीरज अवस्थी एवं महिला परंपरागत खेलकूद की समन्वयक डॉ. रेखा पाल एवं डॉ. सोनम झा रहीं। काव्य लेखन में आदित्य प्रथम, आंचल सिंह द्वितीय और आकांक्षा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

काव्य लेखन के समन्वयक डॉ. रसिकेश रहे। निर्णायक मंडल के रूप में महेंद्र यादव एवं मोहन पांडे रहे। इस मौके पर डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ. विनय वर्मा, डॉ. सुशील कुमार वर्मा, डॉ. अन्नू त्यागी, हर्ष कुमार साहू, प्रियांशु प्रधान, विकास सोनी, रिशु सिंह, प्रशांत यादव एवं सौम्या राय मौजूद रहीं।

### दो पक्षों में चले लाठी-डण्डे महिला सहित पांच घायल

**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के आरा गांव में शनिवार शाम को विवादित जमीन पर घूर रखने को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के ऊपर लाठी डंडे से हमला कर दिया। इस खूनी संघर्ष में महिला सहित पांच घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया। उक्त थाना क्षेत्र के आरा गांव के अखिलेश यादव व केदार नाथ यादव में विवादित जमीन पर घूर रखने को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। आरोप है कि इसी विवादित जमीन पर शनिवार शाम को केदार यादव अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ घूर रखने लगे जिसे देखते ही अखिलेश ने मना किया। इसी बात को लेकर केदार व उनके घर के सुंदर लाल, हरेंद्र जोगिंदर आदि लाठी डंडे लेकर अखिलेश को मारने पीटने लगे। बीच बचाव करने आये लक्ष्मण, सुनील, पूनम व अंकिता को भी लाठी डंडे से पीटकर बुरी तरह घायल कर दिया। इस खूनी संघर्ष में अखिलेश यादव, सुनील कुमार, लक्ष्मण, पूनम व अंकिता को काफी चोट आई। इसी बीच मारपीट की सूचना किसी ने पुलिस को दे दिया। मौके पर थाने की फोर्स व डायल 112 पुलिस पहुंच गयी। पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया।

# एसडीएम ने तहसील परिसर की साफ-सफाई का लिया जायजा


तहसील परिसर में साफ-सफाई के लिए निर्देश देतीं एसडीएम

**जनसंदेश न्यूज**

**केराकत।** उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा ने रविवार की शाम अपने मातहतों के साथ तहसील परिसर में व्याप्त गन्दगी के मद्देनजर साफ-सफाई करने के साथ-साथ निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

तहसील के संग्रह अमीन कार्यालय, गार्डरूम, आरके दफ्तर, उपजिलाधिकारी न्यायालय परिसर व तहसील सभागार सहित आदि जगह पर साफ- सफाई कर चूने का छिड़काव कराया, वहीं मातहतों को सफाई के प्रति सजग और सचेत रहने की हिदायत दी तथा जगह जगह कूड़ा दान रखने को निर्देशित किए। इस अवसर पर नायब तहसीलदार राजस्व निरीक्षक हनुवंत तिवारी, बिहारी, लेखपाल धर्मेन्द्र कुमार, श्रीनिवास दूबे, अजित, प्रेम यादव, फतेहबहादुर यादव, श्रीनिवास दूबे सहित आदि राजस्व कर्मी उपस्थित रहे।

# घरों पर बुलडोजर चलाना कायरता : मुन्ना

**नाराजगी**

### आप ने आयोजित किया बुलडोजर आहुति यज्ञ

**जनसंदेश न्यूज**


विसर्जन घाट पर बुलडोजर आहुति यज्ञ करते आप के पदाधिकारी

**जौनपुर।** आम आदमी पार्टी द्वारा रविवार को बुलडोजर आहुति यज्ञ का कार्यक्रम विसर्जन घाट सद्भावना पुल के नीचे दोपहर लगभग 12 बजे आयोजित किया।

इस मौके पर बौद्ध प्रांत प्रभारी डॉ. अनुराग मिश्रा ने कहा कि लगातार हो रहे गरीबों और मजदूरों के ऊपर मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी का बुलडोजर अत्याचार कर रहा है और अडानी के महाघोटाले के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इसके खिलाफ आम आदमी पार्टी आवाज उठा रही है इसलिए पूरे उत्तर प्रदेश में पार्टी द्वारा बुलडोजर आहुति यज्ञ का कार्यक्रम रखा गया है। जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मुन्ना ने कानपुर में ब्राह्मण परिवार के साथ हुई घटना की निंदा करते हुए कहा कि जनपद में जहां कहीं भी अगर अलग तरीके से गरीबों के घरों पर बुलडोजर चलाया जाएगा तो आम आदमी पार्टी इसका पूरी तरह विरोध करेगी और किसी भी हाल में गलत तरीके से गरीबों की जमीनों पर कब्जा या बुलडोजर चलाने नहीं दिया जाएगा। महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अनीता मिश्रा ने कहा कि यह बहुत ही गलत बात है कि बुलडोजर सिर्फ गरीबों के घरों पर चलाया जा रहा है किसी उन भाजपा के नेता जो गलत कार्य कर रहे हैं उनके घरों पर बुलडोजर नहीं जाता है। व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव एचएन तिवारी ने कहा कि आज के बुलडोजर यज्ञ आहुति कार्यक्रम से हम यह संदेश दे रहे हैं कि गलत तरह से जो बुलडोजर चलाया जा रहा है उस पर रोक लगाई जाए। कार्यक्रम में काशी प्रांत वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामरतन विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव, जिला सचिव डॉ. अमित श्रीवास्तव, जिला कोषाध्यक्ष डॉ. दिवाकर मौर्य, जिला मीडिया प्रभारी अतुल तिवारी, जिला महासचिव महिला प्रकोष्ठ पूजा सिंह, मोहम्मद इस्लाम, अनुराधा श्रीवास्तव, इसरावती विंद इत्यादि लोग मौजूद रहे। उक्त कार्यक्रम की सूचना आम आदमी पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी अतुल कुमार तिवारी ने दिया।

### अभियुक्त के घर धारा 82 का तामिला

**नौपेड़वा।** थाना बक्सा के वांछित अभियुक्त अजीत कुमार प्रजापति पुत्र राम रतन प्रजापति ग्राम सरौली थाना तेजीबाजार के विरूद्ध माननीय न्यायालय से निर्गत धारा 82 सीआरपीसी का तामिला नियमानुसार विवेचक उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह व प्रभारी थाना बक्सा द्वारा अभियुक्त के घर पर चस्पा कराया गया एवं गाँव में डुगडुगी पिटवायी गयी।

## संक्षेप

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**जौनपुर।** रविवार को उर्मिला बाल शिक्षा मन्दिर अफलेपुर मल्हनी बाजार में श्रुति स्तुति शिक्षण एवं समाज कल्याण ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर व दवा वितरण का आयोजन किया गया। शिविर के आयोजक डा. शाहिद खान, डा. अब्बासी ने शिविर में करीब 200 मरीजों का परीक्षण करवाया। इस शिविर में जनपद के वरिष्ठ फिजीशियन डा. संजय सिंह, वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. नवीन सिंह, डा. ममता सिंह, दंत रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग एएस कौशिक एवं गठिया रोग विशेषज्ञ डा. पीके सिंह ने अपना योगदान दिया। अंत में श्रुति स्तुति शिक्षण एवं समाज कल्याण की मुख्य ट्रस्टी डॉ. ज्योति सिंह ने शिविर में आये हुए लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया। शिविर में राकेश सिंह मुरारी, संतोष सिंह, अकिंत, लालू एवं प्रवेश आदि का विशेष योगदान रहा।

### खेलकूद प्रतियोगिता कराने से बच्चों में बढ़ता है उत्साह : सुबास यादव

**केराकत।** स्थानीय क्षेत्र के छितौना गांव में शनिवार की सुबह खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम प्रधान ममता यादव की अध्यक्षता में संपन्न किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉ. एसपी यादव रहे। कार्यक्रम का आरंभ फीता काटकर किया गया। इस दौरान दो सौ, चार सौ व आठ सौ मीटर की दौड़ समेत कुश्ती, कबड्डी व कराटे कराये गये। विजेताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गाया। इस मौके पर प्रधान पति फौजी सुबास यादव ने कहा कि खेल कूद प्रतियोगिता कराने से बच्चों का उत्साह बढ़ता है। इसलिए हर वर्ष महाशिवरात्रि के पर्व पर इस वर्ष भी खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। उन्होंने कहा कि खेल को देखते हुए हमारे गांव में केडी स्पोर्ट कराटे एकेडमी की शाखा खोली गई है जहां बच्चों को खेल के गुर सिखाए जाते है। मेरा मानना है कि हर किसी को खेल प्रतियोगिता करवानी चाहिए। हमारे क्षेत्र के बच्चों ने राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में गांव व प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर अजय सिंह, आईटीवीटी के जवान अजय कुमार सिंह, कोच सोनू यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### रोजगार मेले में 60 अभ्यर्थी चयनित

**शाहगंज।** बसंती देवी आईटीआई में रोजगार मेले का शनिवार को आयोजन किया गया। धूत ट्रांसमिशन कंपनी के प्रतिनिधियों ने रोजगार मेले में करीब 100 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया जिसमें से 60 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। संस्थान के निदेशक दिवाकर मिश्रा ने बताया कि अग्रणी कंपनी धूत ट्रांसमिशन के प्रतिनिधि के तौर पर कंपनी के एचआर हेड अभिनव यादव और उनके सहयोगी कपिल की देखरेख में अभ्यर्थियों का साक्षात्कार हुआ। कंपनी के एचआर हेड अभिनव यादव ने अभ्यर्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और न चयनित होने वाले अभ्यर्थियों को प्रयास करते रहने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान संस्थान के वरिष्ठ लिपिक ईश नारायण मिश्रा, अनुदेशक विकास जायसवाल, सुनील तिवारी, नरसिंह तिवारी, राजेश यादव, सौरभ आदि मौजूद रहे।

### श्रद्धालुओं ने छका प्रसाद, देर रात तक चलता रहा भंडारा



**खेतासराय।** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर विभिन्न जगहों पर पंडाल लगाकर व अन्य तरीकों से विधि-विधान से शिवजी की पूजा अर्चना की गयी। इसके पश्चात भण्डारे का भी आयोजिन किया गया। जिसके क्रम में स्थानीय गोलाबाजार रामलीला मैदान में शिव मन्दिर में पूजा अर्चना के बाद विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने जमकर प्रसाद छका। भण्डारा देर रात तक चलता रहा। उक्त शिव मंदिर पर शिवरात्रि के दिन बाबा बफार्नी ग्रुप की तरफ से विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाता है जिसमें क्षेत्र के आस-पास इलाकों के लोग प्रसाद ग्रहण करते है। युवा भाजपा नेता व सभासद मनीष कुमार गुप्ता ने बताया कि यह भण्डारा शिव मन्दिर के निर्माण व मूर्ति स्थापित के उपलक्ष्य में नगरवासियों के सहयोग से किया जाता है। आज से लगभग 15 वर्ष पूर्व शिवरात्रि के दिन नवनिर्माण मंदिर में मूर्ति स्थापना की गई थी, तब से लगातार शिवरात्रि के दिन भण्डारे का आयोजन किया जाता है। भण्डारे में सहयोग के लिये लोग बढ़-चढ़ कर हिस्सा भी लेते है। भण्डारे में श्रद्धालुओं की इतनी भीड़ एकत्र होती है कि आने-जाने वालों की लाइन टूटने का नाम नहीं लेती है। उन्होंने बताया कि भण्डारे में भारी मात्रा में श्रद्धालुओं को को देखते हुए सुविधानुसार प्रसाद वितरण के लिए दो पंडाल लगाए गए थे। भण्डारे में स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री गिरीशचंद्र यादव भी शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया और सराहना करते हुए हौसला बढ़ाया। भण्डारा देर रात तक चलता रहा, जिसमें लगभग पांच हजार लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मुख्य रूप से मंत्री प्रतिनिधि अजय सिंह, मण्डल अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा, बृजनाथ जायसवाल, कपूर चन्द्र जायसवाल, अनिल प्रजापति, जगदम्बा प्रसाद पाण्डेय, शनि गुप्ता, अनूप गुप्ता, रविंश गुप्ता उर्फ विक्की, राकेश कुमार गुप्ता, मुकेश, गुड्डू प्रजापति, पप्पू पटवा, रवि बरनवाल समेत आदि लोग उपस्थित रहे। अंत में उक्त सभासद ने आगन्तुकों और सहयोगी लोगों का आभार प्रकट किया।

### शोकसभा आयोजित कर दी गयी श्रद्धांजलि

**गौराबादशाहपुर।** सेवईनाला स्थित मां कलावती इंटर कालेज में रविवार को एक शोकसभा प्रबंधक घनश्याम यादव की अध्यक्षता में हुई। जिसमें अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा इकाई जौनपुर के जिलाध्यक्ष एवं गौरव शिक्षा संस्थान धमार्पुर के प्रबंधक लालजी यादव की माता सोनवर्षा देवी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस मौके पर लालचंद यादव, एनके प्रजापति, राजभुवन यादव, संतोष यादव, रामभुवन यादव, प्रेमप्रकाश यादव, जगदीश गुप्त आदि उपस्थित रहे।

# शाम ढलते ही रोडवेज डिपो पर इकट्ठा हो जाते हैं सुरा प्रेमी


रोडवेज परिसर में फैली गंदगी


महिला शौचालय का टूटा दरवाजा


छत पर पड़ी बीयर की केन


बेतुकी खड़ी बाइक व बिखरी पानी की बोतलें


परिसर में ध्वस्त शौचालय

**पड़ताल**

### प्रभारी एआरएम से नहीं संभल पा रही डिपो की कमान

### चहुंओर परिसर में गंदगी का साम्राज्य, यात्रियों की हो रही फजीहत

**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** जौनपुर डिपो पर बसों के संचालन में घोर असुविधायें तो थी हीं लेकिन अब स्टेशन की व्यवस्था भी प्रभारी एआरएम/सीनियर फोरमैन से नहीं संभाली जा रही है।

वर्कशॉप से लेकर स्टेशन परिसर में गन्दगी का अम्बार लगा रहता है। शाम ढलते ही परिसर में शराब की पार्टी का दौर शुरू हो जाता है। आये दिन रोडवेज के छत की सीढ़ियों व कार्यालयों में बियर व अग्रेजी शराब की बोतलें पाई जातीं है। बताया जाता है कि अभी कुछ दिन पहले ही स्थानान्तरित हुए एआरएम राजेन्द्र सिंह यादव ने रोडवेज की व्यवस्थाओं में खासा सुधार लाते हुए डिपो के संचालन की व्यवस्था पटरी पर आती दिख रही थी लेकिन वर्कशॉप की खामियों के चलते लगातार यात्रियों को असुविधाएं ही झेलनी पड़ रही हैं।

जानकारी के अनुसार हमेशा से अपनी कार्य प्रणाली को लेकर चर्चा में रहने वाला जौनपुर डिपो एक बार फिर सुर्खियों में है। अंधेरा होते ही परिसर में गांजा, शराब, बियर आदि नशीने पदार्थों का सेवन करने वालों का जमावड़ा लगना शुरू हो जाता है जिससे रात में सफर करने वालों को भी काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार शाम को अंधेरा होते ही कुछ कर्मचारी कार्यालय परिसर में शराब का सेवन शुरू कर देते हैं। शाम होते ही जौनपुर डिपो से कुछ रूटों के लिये बसों का संचालन बन्द हो जाता है।

रोडवेज सेवाएं फिर से चरमराने लगीं हैं। जौनपुर डिपो से गोरखपुर-आजमगढ़-इलाहाबाद की गाड़ियों का संचालन शाम होते ही बन्द कर दिया जाता है। वहीं टंकी भरने के बाद पूरे स्टेशन पर पानी लगा रहता है। परिसर में शौचालय की हालत भी काफी छतिग्रस्त है तो वहीं महिला शौचालय का दरवाजा भी टूटा पड़ा है। स्टेशन की क्षमता के अनुरूप बसों की प्रतीक्षा में यात्रियों के बैठने की व्यवस्थाएं भी दुरूस्त नहीं है। बताते चले कि वर्तमान जौनपुर डिपो के एआरएम के चार्ज में फोरमैन हरिशरण शुक्ला का कार्यकाल हमेशा विवादों से घिरा रहा है। इससे पहले भी वे आजमगढ़ डिपो पर इसी पद पर कार्यरत रहते हुए वाटर ब्वाय देवमती देवी के साथ अभद्र व्यवहार कर चुके है जिसकी जाँच वर्तमान में भी जारी है, यही नहीं डिपो के समस्त कर्मचारियों को भी किसी न किसी तरह से परेशान करतें रहतें है।

### शटर चांड़कर एटीएम में घुसे चोर उठा ले गए इनवर्टर और बैट्रियां

**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय नगर के आदर्श कालोनी में स्थित बंद मकान के गेट की कुंडी काट कर 50 हजार नकदी समेत लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवरात चोरी हो जाने की घटना के तुरंत बाद ही शनिवार की रात हौसला बुलंद चोरों ने लबे रोड एटीएम का शटर चांड़कर उसमें घुसे और सीसीटीवी कैमरे को क्षतिग्रस्त कर इन्वर्टर एवं आधा दर्जन बैट्रियां उठा ले गए। सुबह आसपास के लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी। प्रयागराज मार्ग पर सार्वजनिक इण्टर कालेज के सामने स्थित आशीष कुमार उर्फ शेरू के मकान में वन इंडिया का एटीएम लगा है। शनिवार की रात में चोरों ने रूम का शटर चांड़कर अंदर घुस कर एटीएम मशीन को संचालित करने हेतु लगाए गए इन्वर्टर और आधा दर्जन बैट्री चुरा ले गए। सुबह आसपास के लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर वापस लौट गई। इस बाबत थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी का कहना है कि चोरों ने एटीएम से छेड़छाड़ नहीं की है सिर्फ बैटरी ले गये है घटना की जांच की जा रही है।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 350 मरीजों का उपचार


स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का उपचार करते चिकित्सक

**जनसंदेश न्यूज**

**खेतासराय।** रविवार को मनेछा बाजार में समाजसेवी स्व. हफीजुल्लाह की स्मृति में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 350 मरीजों का उपचार किया गया। शिविर का उदघाटन वरिष्ठ सपा नेता मोहम्मद आजम खान ने सुबह फीता काटकर किया।

शिविर में मुख्य रूप से डाक्टर हैदर अब्बास, डाक्टर इरफान, डाक्टर अबु उमर, डाक्टर अबु फैसल, डाक्टर अरीबुज जमा, डाक्टर मुहम्मद आजम, डाक्टर नाजिया बानों ने मरीजों का उपचार किया। मरीजों को जांच के बाद निःशुल्क दवा वितरित की गई। स्वास्थ्य शिविर के आयोजक मंडल में हाजी जियाउद्दीन, मो. असअद, सकलैन, अमजद, खुर्शीद, हकीमुद्दीन, अमीनुद्दीन, तैयब नेता, नौशाद आदि देखरेख में लगे रहे।

### 7 दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ

**केराकत।** क्षेत्र के बेहड़ा ग्राम स्थिति सुखमय महिला महाविद्यालय के प्रांगण में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ उमानाथ पांडे ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित करके किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना समाज को जागरूक करने का एक सफल प्रयास है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना बालिकाओं के सर्वांगीण विकास करने में मुख्य योगदान आज के परिवेश में कर रही हूँ। कार्यक्रम में बालिकाओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना गीत तथा उससे संबंधित रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए यह शपथ लिया कि मैं राष्ट्र की सेवा करने के लिए तन मन और धन से हमेशा तैयार रहूंगी। कार्यक्रम में डॉ. प्रज्ञा पांडे, डॉ. अवध बिहारी खरे, डॉ. मधुकर सिंह, डॉ. श्रवण कुमार, प्रणव कुमार चौबे तथा संस्था के सभी कर्मचारीगणों की विशेष रूप से सहभागिता रही। कार्यक्रम का संचालन रुचि पांडे, सौम्या पांडे, पूजा सिंह, आफरीन, चांदनी यादव ने किया।

# शोभायात्रा निकालकर मनाया गया श्रीश्री ठाकुर का जन्मोत्सव


श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चन्द के जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा में शामिल अनुयायी

**जौनपुर।** सत्संग विहार हुसैनाबाद के तत्वावधान में श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चन्द का 135वां महा जन्मोत्सव रविवार को धूमधाम के साथ बीआरपी इण्टर कालेज के मैदान में मनाया गया।

महोत्सव प्रातः काल से ही प्रारंभ किया गया और सायंकाल तक निर्विघ्न संचालित किया गया। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं के साथ शोभायात्रा गाजे बाजे व भजन के साथ बन्दे पुरूषोत्तम जयघोष के साथ उत्सव स्थल से चलकर टीडीपीजी कालेज के उत्तरी गेट से लाइन बाजार चौराहे से कलेक्ट्रेट होते हुए रोडवेज से वापस उत्सव स्थल पहुंची। प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चन्द यादव, कार्यवाहक अध्यक्ष लोक सेवा आयोग उप्र नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष दिनेश टण्डन सहित उत्तराखण्ड तथा उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों के बड़ी संख्या में अनुयायियों ने भागीदारी की। धर्म सभा में वक्ताओं ने कहा कि पुरूषोत्तम जीवन में बचने बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करते है। ईष्ट के प्रति समर्पित रहकर दूसरे की मंगल कामना करना ही अपने मंगल की कामना है। यजन, याजन ईष्टभृत्ति का पालन कर अपने जीवन का धन्य बना सकते है। गुरू के बताये मार्ग पर चलकर सब कुछ प्राप्त किया जा सकता है। श्रीश्री ठाकुर ने कहा कि मुझे जंगल का नहीं गृहस्थ सन्यासी जो परिवार में रहते हुए सभी के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए ईष्ट के निर्देष का पालन करे। आजमगढ़ से कृष्ण मोहन अस्थाना, प्रयागराज से डा. पंकज सिंह, भुआल विश्वकर्मा, काशी से दीपिराग वैद्य, गोरखपुर से प्रकाश चन्द झा, देहरादून से एवी आले, पीलीभीत से डा. दीपांकर, गांजीपुर से डा. श्याम नारायण सिंह ने ठाकुर जी के बहुआयामी एवं जीवनोपयोगी विचारों की चर्चा किया। निःशुल्क मेडिकल कैम्प का भी आयोजन किया गया। कैम्प का उदघाटन डा. रजनीश श्रीवास्तव व डा. स्मिता श्रीवास्तव ने किया। संचालन वरिष्ठ कर्मी काली प्रसाद सिंह एडवोकेट ने एवं धन्यवाद ज्ञापन निलेष श्रीवास्तव द्वारा किया।

# बाइक सवार बदमाशों ने महिला के गले से छीनी चेन

**छिनैती**

**छीनाझपटी में गिरी महिला गंभीर रूप से घायल**

**जनसंदेश न्यूज**

**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के धरमपुर गांव में दवा लेकर घर जा रही एक महिला का बाइक सवार बदमाशों ने सोने की चेन छीनकर चंपत हो गए।

इस छीनाझपटी में महिला बाईक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। उसके सिर में गंभीर चोट लगने पर उसे अस्पताल में दाखिल कराया गया है। बताते है कि सुजानगंज क्षेत्र के चैनपुर निवासी चिंता देवी (41) अपने भांजे आकाश (24) के साथ पवांरा थाना क्षेत्र उचौरा गांव से दवा लेकर वापस अपने घर जा रही थी।


घायल महिला

जैसे ही वह सुजानगंज मार्ग पर धरमपुर गांव के समीप पहुंची पीछे से बाइक सवार दो बदमाशों ने चिंता देवी के गले से चेन छीनने लगे। चेन छीनाझपटी में वह बाईक से भी गिर गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। जब तक वह हो हल्ला करते तब तक बाइक सवार बदमाश मौके से चंपत हो गए। घायल चिंता देवी को सुजानगंज सीएचसी में भर्ती कराया गया है। इस बाबत थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी का कहना है कि पीड़िता से मिलकर घटना की जानकारी की जा रही है।

## जलाभिषेक करने गयी एक दर्जन महिलाओं की कटी चेन

**केराकत।** स्थानीय क्षेत्र के गोमतेश्वर महादेव मंदिर व देवकली शिव मंदिर पर जलाभिषेक करने आयी लगभग एक दर्जन महिलाओं के साथ चेन स्नेचिंग की घटना हो गयी। कुछ तो रोती बिलखती घर चली गयी वहीं लगभग आधा दर्जन महिलाओं ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को चेन छिनैती की तहरीर दी। पुलिस दो संदिग्ध महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बता दे कि हुरहुरी निवासी प्रेमा सिंह, मंजू सिंह, रेखा सिंह व उदयचन्दपुर निवासी ममता मधुकर, ममता प्रजापति ग्राम सोनखरी निवासी महिला ने पुलिस? को दिए गये तहरीर में आरोप लगाया कि वह देवकली शिव मंदिर पर गयी थीं और अन्य महिलाएं गोमतेश्वर महादेव मंदिर पर गयी थीं। जब जलाभिषेक के बाद घर को जाने लगीं तो मंदिर परिसर में ही गले की सोने की चेन गायब थी जिसके बाद महिलाओ के पैरों तले से जमीन घिसक गई। तहरीर के आधार पर पुलिस दो संदिग्ध महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। देखते ही देखते चेन स्नेचिंग की घटना आग की तरह क्षेत्र में फैल गई।

## शिवमंदिर में हुआ भव्य भण्डारा का आयोजन



**बलिया।** जिला कारागार परिसर के अन्दर शिव मंदिर पर शनिवार को आस-पास के पड़ोसियों और पुलिस परिवार के महिला-पुरूषों ने जलाभिषेक किया और 24 घण्टा संकीर्तन हुआ। रविवार को महाआरती कर भव्य भण्डारा किया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं टैगोर नगर स्थित कंकणेश्वर शिव मंदिर पर भव्य भण्डारा किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कंकणेश्वर समिति के सदस्यों में आशीष कुमार गुप्ता, राजन कुमार ने श्रद्धालुओं को प्रसाद घर ले जाने के लिए भी दिया।

# जुलूस मेराजुन्नबी व मदहे सहाबा का हुआ आयोजन

**जनसंदेश न्यूज**



**जौनपुर।** जुलूस मेराजुन्नबी स.अ.व. व मदहे सहाबा का आयोजन हुआ। नगर के औलिया मस्जिद सुतहटटी बाजार में आयोजित जलसा व कौमी यकजहती की शुरूआत तिलावते कलामे रब्बानी से कारी यासीन जामिया हुसैनिया लाल दरवाजा ने किया। इसके बाद नाते नबी का नजराना हाफिज एहसान खैराबादी व कारी सुफियान ने पेश किया।

तत्पश्चात मौलाना कारी वहाब फूलपुरी ने कहा कि अल्लाह ने अपने रसूल को मेराज पर बुलाया। हजरत मोहम्मद स.अ.व. काबे शरीफ से मस्जिदे अक्सा से मेराज यानी अल्लाह के पास तशरीफ ले गये जहां नमाज का तोहफा दिया। इस मौके पर समाजसेवी निखिलेश सिंह ने कहाकि जौनपुर की आवाम अमन पसंद है। यहाँ आपस में मिल-जुलकर सभी प्रोग्राम करते हैं। इसी क्रम में सपा नेता श्रवण जायसवाल ने कहा कि गंगा-जमुनी तहजीब का शहर है जौनपुर। यहां आपसी भाईचारा कायम है जो आगे रहेगा।

संरक्षक अनवारुल हक गुड्डू ने कहा कि यह कार्यक्रम चांद की 26 रजब को मनाया जाता है। मेहमाने खुसूसी सरफराज अहमद खान ने कहा कि जौनपुर में इस तरह का कार्यक्रम हमेशा होता रहता है। यहां हिंदू-मुस्लिम की एकता देखने को मिलती है। जलसे की अध्यक्षता अनवारूल हक गुडडू एवं संचालन औलिया सीरत कमेटी के अध्यक्ष कमालुद्दीन अंसारी ने किया। इस अवसर पर डा. शकील, नेयाज ताहिर शेखू, इरशाद मंसूरी, शकील अहमद, हफीज शाह, फिरोज अहमद, शम्स तबरेज, अजीज फरीदी, आरिफ अंसारी, जावेद अजीम, मौलाना ताजुल इस्लाम, शकील मंसूरी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली व निजीकरण के विरोध में धरना प्रदर्शन कल

**पहल**

**रेलवे यूनियन, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद संयुक्त रूप से करेंगे प्रदर्शन**

**जौनपुर।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की एक बैठक डिप्लोमा इंजीनियर संघ के सभागार में आयोजित की गयी।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ. प्रदीप सिंह ने अवगत कराया कि केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर संघर्ष वर्ष 2023 में पुरानी पेंशन योजना की बहाली हेतु केंद्रीय कर्मचारी संगठन, राज्य कर्मचारी, शिक्षक एवं पेंशनर्स द्वारा संयुक्त रूप से भविष्य में विभिन्न चरणों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय हो चुकी है। प्रथम चरण में महामहिम राष्ट्रपति को ऑनलाइन पिटिशन का प्रेषण जनपद में 20 फरवरी तक चलेगा। दूसरे चरण में 21 फरवरी को जौनपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन पर केंद्रीय कर्मचारी संगठन नार्दन रेलवे मेंस यूनियन के साथ जनपद के राज्य कर्मचारी संयुक्त रूप से निजीकरण के विरोध एवं पुरानी पेंशन के समर्थन में धरना प्रदर्शन में सहभागिता करेंगे। तृतीय चरण में 21 मार्च को पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाली संयुक्त मंच के बैनर तले जनपद के समस्त केंद्र एवं राज्य के कर्मचारी, शिक्षक एवं पेंशनर्स कलेक्ट्रेट परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेंगे। जिला मंत्री देवेश कुमार यादव ने कहा कि पेंशन सेवानिवृत्त कर्मचारी की गरिमा कायम रखने हेतु एक सामाजिक कल्याणकारी कदम है।

पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सीबी सिंह ने कहा कि सरकार के पास कोई मध्य मार्ग नहीं है पुरानी पेंशन अविलंब बहाल होनी चाहिए। डिप्लोमा इंजीनियर संघ के अध्यक्ष शशिकांत यादव एवं सचिव सुनील गुप्ता ने छः राज्यों की तरह पूरे देश में पुरानी पेंशन व्यवस्था की बहाली नहीं होने पर संयुक्त मोर्चा बनाकर लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया। नलकूप खंड से वरिष्ठ उपाध्यक्ष इं. राजकुमार गुप्ता ने निजीकरण के खिलाफ संघर्ष का आह्वान किया। जल निगम से परिषद के संयुक्त मंत्री सुजीत विश्वकर्मा ने सरकारी कर्मचारियों को मिलने वाली सुविधाओं में लगातार हो रही गिरावट एवं निजी करण के बढ़ते ग्राफ का सम्यक विश्लेषण करते हुए इसे चिंताजनक बताया। सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष एवं परिषद के संप्रेक्षक अमर बहादुर यादव ने तन मन धन से संगठन के लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु अपना संकल्प व्यक्त किया।

बैठक में संरक्षक राकेश कुमार श्रीवास्तव, इं. प्रमोद कुमार, इं. शिवानंद यादव, इं. सुजीत कुमार, रामलाल पाल, होम्योपैथिक संघ के अध्यक्ष राजेश यादव, इं. अलीम अहमद, इं. अरविंद कुमार, इं. रामपाल, अजय राजभर, लालमणि पाल, बेसिक हेल्थ वर्कर संघ के गौरव कुमार श्रीवास्तव, तेज बहादुर, अखिलेश कुमार यादव, राजेश पाल आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन परिषद के जिला मंत्री देवेश कुमार यादव ने किया।

## प्राचीन शिव मंदिर चंदाइत में मेले के दूसरे दिन भी भक्त हुए नतमस्तक

नियामताबाद। चंदाइत गांव के शिव मंदिर परिसर में प्राचीन काल से ही मेला लग रहा है। शिवरात्रि के दिन से आरंभ होने वाले इस दो दिवसीय मेले में भक्तो की भीड़ से वातावरण भक्तिमय बना रहा। मंदिर कमेटी के सदस्य ख्यालचंद मौर्या व धीरज सिंह ने बताया कि शिव जी का प्राचीन मंदिर गांव में स्थित है जहां पर भक्तों का जमावड़ा लगा रहता है भजन कीर्तन के साथ रामायण का भी पाठ भक्तों द्वारा किया जाता है। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर दो दिवसीय मेले का आयोजन किया किया रहा है। वही मंदिर के पुजारी विजय कृष्ण पांडेय ने बताया कि प्राचीन शिव मंदिर में आने वाले हर श्रद्धालु की मनोकामना पूर्ण होती है।महाशिवरात्रि के अवसर पर हरि कीर्तन, रामायण व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। वहीं मेले को सकुशल संपन्न कराने में सर्वजीत मौर्य,अनिल यादव, अनिल सैनी, मनोज जायसवाल, सूरज सोनकर, मनमोहन पांडेय, ख्यालचंद मौर्या, आकाश, रोहित सहित ग्रामीणों का अहम भूमिका रही। वही सुरक्षा के मद्देनजर स्थानीय थाने की पुलिस फोर्स भी मौके पर मौजूद रही।

# अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद की समीक्षा बैठक में विचार-विमर्श

**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद की समीक्षा बैठक बड़े हनुमान जी मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विभाग अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव एवं संचालन विवेक उपाध्याय विभाग मंत्री राष्ट्रीय बजरंग दल ने किया।

बैठक की समीक्षा लेने प्रांतीय संगठन मंत्री संजय दुबे एवं प्रांतीय हिंदू एडवोकेट फोरम प्रांत उपाध्यक्ष प्रभाकर तिवारी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रांतीय संगठनमंत्री ने कहा 28 फरवरी दिन मंगलवार को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष देवेश उपाध्याय का आगमन मछलीशहर में आना सुनिश्चित हुआ है। श्री दुबे ने कहा कि जिला विभाग के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्तागण उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं इस कार्यक्रम में मछलीशहर जिले के प्रभारी और पालक अधिकारी प्रभाकर तिवारी है। उन्होंने बताया कि



विभाग में दो जिले है मछलीशहर ब सदर और विभाग मिलाकर जनपद में 6 तहसील और 21 ब्लॉक है। जिसमे पूरी समितियों का निर्माण जल्द से जल्द कर दिया जाए। श्री दुबे के उद्बोधन पश्चात हिंदू हृदय सम्राट, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर प्रवीण भाई तोगड़िया के आगमन पर हुए कार्यक्रम की समीक्षा हुई और जिला एवं विभाग के कुछ पदाधिकारियों की घोषणा भी की गई। अंत में जिला अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय हिंदू अजय पाण्डेय ने ब्लाक, तहसील, जिला व विभाग के समस्त पदाधिकारी/कार्यकर्ता सहित जनपद के सभी सनातनी हिंदू जिनके सहयोग से कार्यक्रम सफल हुआ।

बैठक में प्रमुख रूप से विभाग पदाधिकारी चंद्र प्रकाश तिवारी, रमेश वशिष्ठ, विवेक उपाध्याय व जिले से विवेक गुप्ता, अवधेश बरनवाल, पीके श्रीवास्तव, मनसिज पाण्डेय, सचिन श्रीवास्तव, जितेंद्र सिंह चौहान, रामजी सोनी, अध्यक्ष रा.ब.द. चंदन तिवारी, अध्यक्ष अ.हि.प. मछलीशहर महेंद्र यादव सहित कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# विशाल महासम्मेलन में प्रदेश के कोने कोने से प्रतिभाग करेंगे शिक्षामित्र

**तैयारी**

**शिक्षामित्रों को मिल सकता है समान कार्य समान वेतन**

**2023 में शिक्षामित्रों को मिल सकती है बहुत बड़ी सौगात**

**जनसंदेश न्यूज**

**भदोही।** 20 फरवरी को शिक्षामित्रों का विशाल महासम्मेलन रमाबाई अम्बेडकर लखनऊ में आयोजित हैं। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ प्रदेश के जिलाध्यक्ष शाहनवाज खान जिले के सैकड़ों शिक्षामित्रों के साथ सम्मेलन में प्रतिभाग करने के लिए रविवार की शाम भदोही स्टेशन से रवाना हुए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि


भदोही स्टेशन से लखनऊ के लिए रवाना होते शिक्षामित्र

शिक्षामित्र योग्य होते हुए व्यवस्था का शिकार होकर सीमित मानदेय पर काम कर रहे हैं। जबकि हमारे साथ उतने ही समय तक ही शिक्षण कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानजनक वेतन मिलता हैं। शिक्षामित्रों को जो मानदेय मिलता हैं उसमें जीवन यापन कठिन हो गया है। प्रदेश के सारे संगठनों के सामंजस्य से केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के संरक्षण में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह की मौजूदगी में रमाबाई मैदान में 20 फरवरी को एक महासम्मेलन आयोजित है। आयोजित सम्मेलन में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ अपनी पूरी जिम्मेदारी निभाते हुए तन मन धन से पूर्ण भागीदार है। उसी क्रम में प्रदेश के कोने कोने से शिक्षामित्र 20 फरवरी को प्रतिभाग करेगा। यह महा सम्मेलन सरकार से सामंजस्य का सम्मेलन है। प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार शुक्ला ने आप लोगों को अपने वक्तव्य में बताया था की 2023 सामंजस्य का साल है और अब यह कारवां रुकने वाला नहीं है। संगठन आप लोगों के सम्मान एवं अधिकार के लिए सारे तरीके से संघर्ष करने के लिए तैयार है

मौजूदा सरकार से सामंजस्य बनाकर अब शिक्षामित्रों की तस्वीर बदलनी चाहिए। साथियों अपने एवं अपने परिवार के भविष्य के लिए संघर्ष करने के लिए संगठन के साथ कदम ताल मिलाकर चलना है परिणाम और भविष्य दोनों सुखद होंगे 2023 में शिक्षामित्रों को बहुत बड़ी सौगात मिलने जारहा है।

# सरकार कर रही है सबके साथ विश्वासघातः विकास यादव

**जनसंदेश न्यूज**

**भदोही।** पूर्व जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी विकास यादव ने कहा कि योगी सरकार किसानों की आय दोगुनी करने और बेरोजगारों की नौकरियों का जुमला देकर प्रदेश में बेरोजगारी दर अब तक के शासन काल मे शिखर पर पहुंचा दिया। प्रदेश में लाखों सरकारी पद खाली है। पढ़ाई तीन गुना महंगी हो गई है। अस्पतालों से दवा गायब है। करोड़ों शिक्षित युवा मजदूरी, पकोड़े तलने और डिलीवरी बॉय बनने पर मजदूरी करने पर विवश है। देश और प्रदेश का युवा रोजगार मांग रहा है तो राज्य और केंद्र में बैठी योगी और मोदी सरकार इंतजार करा रही है।

पूर्व जिलाध्यक्ष, पूर्व ब्लाक प्रमुख ने वार्ता के दौरान आगे कहा कि नोटबंदी और जीएसटी ने छोटे उद्योगों को खत्म किया। पिछले आठ सालों में गैस सिलेंडर रुपया चार सौ से रूपया 1150


पूर्व जिलाध्यक्ष विकास यादव

तथा पेट्रोल रुपया 70 से रुपया 105 लीटर और डीजल रुपया 50 से रुपया 95 लीटर तक महंगा हुआ। खराब नीतियों की वजह से किसानों को समय से न खाद मिल रहा है न पानी। लगभग हर किसान परिवार पर कर्ज का बोझ बढ़ गया है। किसानों की इतनी बुरी हालत कभी नहीं हुई थी। श्री यादव ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में जनता समाजवादी पार्टी का साथ देगी और देश मे बनने वाली सरकार में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव बड़ी भूमिका अदा करेंगे। अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जुड़कर मजबूत करने का जोरदार आवाहन किया।

## अध्यक्ष पद पर श्रीकृष्ण कुमार भारती को किया गया नियुक्त

**बलिया।** बहुजन समाज पार्टी बलिया, आजमगढ़ मण्डल के मुख्य जोन कोआर्डिनेटर ओमकार शास्त्री के निर्देश पर बलिया नगर विधानसभा के संगठन को मजबूता व धारदार बनाने के लए नगर विधानसभा का विधानसभा अध्यक्ष पद पर श्रीकृष्ण कुमार भारती को नियुक्त किया गया। उक्त आशय की सूचना जिलाध्यक्ष बसपा बलिया ओमप्रकाश भारती ने दिया।

# नगर में धूमधाम के साथ निकली महादेव की बारात

**आयोजन**

**भूत पिशाच संघ भारी संख्या में बाराती हुए शामिल**

**पुलिस प्रशासन की रही व्यापक सुरक्षा व्यवस्था**

**गोपीगंज।** नगर का ऐतिहासिक शिव बारात शनिवार को देर शाम धूमधाम

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**

**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**

पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. 8177008889

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।


नगर गोपीगंज में बाबा बड़े शिव धाम से निकाली गई शिव बारात की झलक

के साथ निकाली गई। मां सिंह वाहिनी श्रृंगार समिति एवं शिवम क्लब के तत्वावधान में आयोजित शिव बारात महोत्सव में अनंत कोटि ब्रह्मांड नायक देवों के देव महादेव बाबा भोलेनाथ का ऐतिहासिक एवं प्रसिद्ध शिव बारात बाबा बड़े शिव धाम से निकाली गई।

शिव बारात में हाथी, घोड़े, बग्गी, रथ, भैंसा, पक्षी, शंख, घंटा, घड़ियाल, मृदंग, ढोलक, मजीरा, ताशा, बाजा आदि वाद्य यंत्रों के बीच मनमोहक झांकियां भी निकाली गई। जिसमें भगवान विष्णु, ब्रह्मा, नंदी, गणेश, सूर्य, चंद्र, वरुण के साथ भगवान शिव की बारात का मनमोहक झांकी शामिल रही।

शिव बारात खड़हट्टी मोहाल,अंजही मोहाल, बाबा कबूतर नाथ, केड़वरिया, सदर मोहाल, जीटी रोड चौराहा, थाना गोपीगंज, जोगीवीर मंदिर, पडाव बरगदा हनुमान जी, पश्चिम मोहाल, सदर मोहाल, जीटी रोड चौराहा, ज्ञानपुर रोड, जीटी रोड चौराहा, पेट्रोल पंप, मिजार्पुर तिराहा, सिनेमा रोड़ होते हुए पुन बाबा बड़े शिव धाम वापस जाकर समापन हुआ। शिव बारात में प्रमुख रूप से आयोजक रामकृष्ण खट्टू, विशाल गुप्ता, राजकुमार कौशल, विराट जायसवाल, डब्ल्यू मौर्य, प्रणव विश्वास, मनीष मौर्य, संजय गुप्ता, विजय मोदनवाल सहित भारी संख्या में लोग रहे।

# एसपी की शानदार बल्लेबाजी व डीएम ने आलराउंड प्रदर्शन कर जिताया मैच

**खेल कूद**

**भदोही प्रशासन ने निदेशक रेलवे वाराणसी कैंट एकादश को एक विकेट से हराया**

**सभी खिलाड़ियों व उपस्थित दर्शको को डीएम ने दिलाई स्वच्छता की शपथ**

**जनसंदेश न्यूज**

**भदोही।** स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को स्थानीय स्पोर्ट्स स्टेडियम भदोही में स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत भदोही प्रशासन एकादश और निदेशक रेलवे कैंट वाराणसी एकादश के मध्य क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। रोमांचक मैच में भदोही प्रशासन की टीम ने निदेशक रेलवे वाराणसी कैंट एकादश को एक विकेट से हरा दिया।इससे पूर्व डीएम गौरांग राठी ने


सभी खिलाड़ियों व उपस्थित दर्शको को स्वच्छता की शपथ दिलाते डीएम गौरांग राठी

सभी खिलाड़ियों व उंपस्थित दर्शको को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

भदोही प्रशासन के कैप्टन जिलाधिकारी गौरांग राठी ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी निदेशक वाराणसी कैंट रेलवे एकादश में निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट पर 148 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भदोही प्रशासन की शुरूआत अच्छी नही रही। टीम के सलामी बल्लेबाज इमामुद्दीन अपना खाता खोले बिना पवेलिय वापस लौट गए। लेकिन एसपी डॉ. अनिल कुमार के बेहतरीन 44 रनो की बदौलत रोमांचक भरे मैच मे अभिषेक ने अंतिम बॉल पर लगाए गए चौके की मदद से एक विकेट से मैच जीत लिया।

भदोही प्रशासन की तरफ से नोमान सिद्दीकी ने 42, गौरांग राठी जिलाधिकारी 16 रन बनाये। आज के मैच में भदोही प्रशासन की तरफ से यशवन्त सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, राकेश कुमार जिला पंचायत राज अधिकारी, आलोक कुमार खण्ड विकास अधिकारी, सतपाल प्रजापति तहसील दार भदोही, नितिन सिंह नायब तहसीलदार ने बेहतरीन क्षेत्ररक्षण का प्रदर्शन किया।

मैच में अंपायर की भूमिका सादिक व विनीत तथा कमेंट्रेटर की भूमिका सलमान के द्वारा निभाया गया।



# हमने अपना लिया 'पुस्तक दो-हेलमेट लो' का फलसफा

## दोस्त की मौत ने बदल दिया जिंदगी का मकसद



राघवेन्द्र केशरी

**खास मुलाकात**

वाराणसी। दोस्त की सड़क हादसे में मौत ने राघवेंद्र (हेलमेट मैन) की जिंदगी का मकसद बदल दिया। सात सालों से वह देश भर में हेलमेट पहनने और साक्षरता की अलख जगा रहे हैं। मिशन बन चुके इस मकसद के लिए राघवेंद्र ने आईटी सेक्टर की नौकरी छोड़ दी। पत्नी के जेवर बेच दिए। मेहनत की कमाई से बनाया घर तक बेचना पड़ा लेकिन हिम्मत नहीं हारी। उनका मूलमंत्र है मौत से बचना है तो पुस्तक दो हेलमेट लो...। कैमूर के बगाढ़ी गांव के रहने वाले राघवेंद्र की मुहिम ने उन्हें हेलमेट मैन का खिताब भी दिलाया। राघवेंद्र अब तक 56 हजार लोगों को हेलमेट और छह लाख से ज्यादा बच्चों को निशुल्क पुस्तकें बांट चुके हैं। 2014 में यमुना एक्सप्रेस वे पर जिगरी दोस्त की सड़क दुर्घटना में मौत ने राघवेंद्र कुमार को झकझोर दिया। दोस्त की मौत बिना हेलमेट के बाइक चलाते समय हुई थी। फिर इन्होंने अपने दोस्त की पुस्तकों को जरूरतमंदों को दिया। इसके बाद इन्होंने पीछे पलट कर नहीं देखा। इस मुहिम के लिए इन्होंने अपनी नौकरी छोड़ दी। यहां तक की बाद में इनको अपना घर तक बेचना पड़ा। फिर भी हिम्मत नहीं हारी और आज देश भर में इस मुहिम को आगे बढ़ाने में लगे हैं। लोगों को हेलमेट के प्रति जागरूक करने के लिए यह किताब के बदले जगह-जगह सड़कों पर फ्री हेलमेट बांटते हैं। राघवेंद्र बताते हैं कि वो अपने चार भाईयों में सबसे छोटे हैं। उन्होंने एक गरीब परिवार में जन्म लिया। पिता राधेश्याम सिंह खेती-किसानी करके घर चलाते थे। उन्होंने बनारस के आदर्श इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट किया और दिल्ली से विधि में स्नातक की पढ़ाई पूरी की।

### अब तक 1400 लाइब्रेरी की गई स्थापित

*हेलमेट मैन देश को 100 प्रतिशत साक्षर बनाने के साथ ही सड़क दुर्घटनाओं से मुक्त करना चाहते हैं। लोगों से इकट्ठा कर इन पुस्तकों को वह जरूरतमंद बच्चों को निशुल्क देते हैं। नौ सालों में देश के अलग-अलग राज्यों में जाकर इन्होंने कुल 56000 लोगों को हेलमेट और छह लाख से ज्यादा बच्चों को निशुल्क पुस्तकें बांटी हैं। बताया कि बुक बैंक की भी स्थापना कर रहे हैं। इसके लिए शहरों में बुक बैंक बाक्स लगा चुके हैं। जहां कक्षा छह से लेकर स्नातक तक की पुस्तकें निशुल्क मिलेंगी। राघवेंद्र बताते हैं कि उन्होंने अबतक देश भर में 1400 लाइब्रेरी स्थापित की है।*



### है मदद की उम्मीद

राघवेंद्र ने बताया कि पिछले नौ साल से वह अपना मिशन जारी रखे हुए हैं लेकिन आगे वो अपना मिशन कैसे जारी रखेंगे उन्हें नहीं पता। वो इसी तरह आगे बढ़ते रहना चाहते हैं। राघवेंद्र के काम के लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने उनके काम की सराहना करते हुए सम्मानित किया और बिहार के परिवहन मंत्री संतोष कुमार निराला राघवेंद्र को उनके इस काम के लिए सम्मानित भी कर चुके हैं। इसके अलावा जाने माने फिल्म अभिनेता सोनू सूद भी उनसे मिलकर काफी प्रभावित हुए।

**देश भर में स्थापित किया 1400 नि:शुल्क पुस्तकालय अब तक बांटे 56 हजार हेलमेट**

### विदेशों में भी हेलमेट मैन की डिमांड

भारत में सड़क सुरक्षा के लिए लोगों को जागरूक कर रहे राघवेंद्र कुमार (हेलमेट मैन) की अब विदेशों में भी डिमांड हो रही है। उन्हें सभाओं को संबोधित करने के लिए विदेशों से भी निमंत्रण आ रहे हैं। हाल में ही उनकों नेपाल में एशियन एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। जबकि यूनाइटेड नेशन के जेनेवा में होने वाले रोड सेफ्टी कार्यक्रम में भी उन्हें बुलाने की बात की जा रही है।

### स्कूल में हेलमेट बैंक की स्थापना

राघवेंद्र का यह मानना है कि स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को भी हेलमेट की काफी आवश्यकता है। ताकि वह अपने परिजनों के साथ स्कूल आते और आते समय उसका प्रयोग कर दुर्घटनाओं से बच सकें। इसके लिए उनके द्वारा स्कूलों में हेलमेट बैंक स्थापित करने की पहल की जा रही है। राघवेंद्र इसके लिए स्कूल संचालकों को प्रेरित कर रहे हैं।



### पुस्तक देकर ले सकते हैं हेलमेट

राघवेंद्र ने बताया कि देश के 22 राज्यों में उन्होंने अबतक कुल 56 हजार हेलमेट बांटने का रिकार्ड बनाया है। जिससे 29 लोगों की जान भी बचाई गई है। यह 29 लोग घर पर उनकी तस्वीर लगाकर उन्हें आइडल की तरह मामते हैं।

### घटना ने कराया दर्द का एहसास

कृष्ण राघवेंद्र का जिगरी दोस्त था। सड़क हादसे में कृष्ण को खोने के बाद उन्होंने उसके परिवार को टूटते हुए देखा। राघवेंद्र के मुताबिक इस घटना ने उन्हें उन लोगों के दर्द का अहसास कराया। जिन्होंने कृष्ण की तरह बाइक हादसे में अपनो को खो दिया है। राघवेंद्र ने इस घटना के बाद तय किया कि वो अपने दोस्त की तरह किसी और को मरने नहीं देंगे और एक खास तरह का सड़क सुरक्षा अभियान शुरू करेंगे।

---



# पशुचारे में लगी आग महंगाई का दानव गटक रहा दूध



रामदुलार यादव

चांदमारी। दूध ही धरती का अमृत है। बच्चों और बुजुर्गों को हर हाल में दूध चाहिए। युवाओं को संपूर्ण पोषण के लिए दूध आवश्यक है। सुबह दूध के बगैर चाय की चुस्की पूरी नहीं हो सकती। मिठाई बनाने के लिए दूध चाहिए। दूध की आवश्यकता हर किसी के लिए जरूरी है। सो, दूध और उससे बनने वाले प्रोडक्ट्स की मांग लगातार बढ़ रही है। लेकिन दुधारू पशुओं को खिलाए जाने वाला चारा और राशन महंगाई की चपेट में है। पशुओं के चारे व राशन के दाम आसमान छू रहे हैं। इस कारण दूध के रेट में भी आग लगी हुयी है। महंगाई की यह आग पशुओं के दूध को जला रही है। जिन गाय-भैंसों से प्रतिदिन आठ से दस लीटर दूध मिल रहा था वह अब मात्र 5-6 लीटर दूध दे रही हैं। इसका कारण बताया जा रहा है कि पशुओं को पर्याप्त भोजन न मिलने के कारण यह स्थिति है। फलस्वरूप पशुपालक ही खामियाजा भुगत रहे हैं। गेहूं के भूसे के रेट में चार गुना बढ़ोतरी हुयी है। पहले यह 400 रुपये प्रति कुं. उब्रक रहा था और अब 11 सौ से लेकर 12 सौ रुपये प्रति कुं. हो चुका है। इसी प्रकार बीते साल पुआल 4-5 रुपये प्रति अटिया था जो वर्तमान में आठ रुपये से लेकर 12 रुपये प्रति अटिया बिक रहा है। पर्याप्त खली चूनी न मिलने से पशुओं की सेहत प्रभावित होने से उनके दूध देने की क्षमता घट रही है।पशुओं को दाना के रूप में खिलाया जाने वाला राशन भी महंगा हो चुका है। सो, अधिकांश पशुपालक चोकर और मसूर ही खिला पाते हैं। चना की चूनी, खेसारी, तीसी आदि भोजन सब पशुपालकों के बस का नहीं रह गया है। 18 से 20 रुपये प्रति किलो बिकने वाले चोकर का दाम बढ़कर 34 रुपये प्रति किलो हो गया था जो फिलहाल 30 रुपये प्रति किलो की दर से बिक रहा है। 16 रुपये से लेकर 18 रुपये प्रति किलो बिकने वाला मसूर 28 रुपये किलो के भाव बाजार में है। सरसों की खली 25 रुपये, तीसी की खली 80 रुपये प्रति किलो बिक रहा है।

दुधारू पशुओं के राशन के दाम में 75 फीसदी तक हो गयी बढ़ोतरी, पशुपालक हलकान

चारे की कीमत में तीन गुना इजाफा, 400 से बढ़कर 1200 रुपये प्रति कुं. हो गया भूसा

चोकर 30 रुपये, मसूर 28 रुपये, चना चूनी 32 रुपये और तीसी खली 80 रुपये किलो

### महंगाई के कारण बेच दी भैंस

हरहुआ ब्लॉक के आयर ग्राम पंचायत निवासी पशुपालक रामबालक यादव ने कहा कि वर्तमान में दुधारू पशुओं को पालना कठिन कार्य हो गया है। महंगाई की वजह से पशुओं के खान-पान का बजट डांवाडोल हो चुका है। पहले चारा इतना महंगा नहीं था। इसलिए बाध्य होकर हमने एक भैंस बेच दी। वहीं, ग्रामीण कृष्ण कुमार मिश्र कहते हैं कि यदि शौक हो तो गाय-भैंस रखिए वरना उससे कोई लाभ नहीं है। सिर्फ शुद्ध दूध बच्चों को मिल जाय यही सबसे बड़ी आमदनी है। कुरौली निवासी दुर्गा चौबे ने बताया कि पशुपालन करना मेरी बाध्यता है। कारण, खेती-बाड़ी है तो पशु भी रखना आवश्यक है अन्यथा खेत से मिलने वाला भूसे का कोई खरीदार नहीं मिलेगा। खली चूनी वाले दुकानदार की उधारी चुकना मुश्किल हो रहा है।

### अनुदान की व्यवस्था करे सरकार

भारतीय पशुपालक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बहादुर यादव ने बताया कि सरकार हर क्षेत्रों में सब्सिडी दे रही है लेकिन सबसे जरूरी अमृत रूपी दूध उत्पादक पशुपालकों इस दिशा में अनुदान की व्यवस्था नहीं है। पशु बीमार हों तो वह नुकसान पशुपालक को ही उठाना पड़ता है। तमाम पशुपालक इस व्यवस्या से दूर हो रहे हैं। पशुओं की देखभाल और उनके लालन-पालन में दिनभर पूरा परिवार लगा रहता है। इस जिम्मेदारी से एक दिन भी छुट्टी नहीं मिलती। पशुपालक भले ही अस्वस्थ हो लेकिन उसे अपने पशुओं की सेवा प्रतिदिन करनी पड़ती है।

### बने ठोस योजना

इस बारे में कई पशुपालकों की राय है कि पशुपालकों का जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए सरकार को ठोस योजना बनानी चाहिए। ग्रामीण नंदा यादव कहते हैं कि पशुपालन अब मुनाफे का सौदा नहीं रह गया है।

---

# क्यों हैं चर्चा में जॉर्ज सोरोस

अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस के बयान पर हंगामा चल रहा है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी और भारत में जल्द ही एक लोकतांत्रिक बदलाव की उम्मीद जताई थी। बीजेपी और कांग्रेस दोनों ने इस बयान की निंदा की है। कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने कहा कि मैं पहले भी जॉर्ज सोरोस की ज्यादातर बातों से सहमत नहीं था और आज भी नहीं हूं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने तो सोरोस को बूढ़ा, जिद्दी, अमीर और खतरनाक बताया है।

जॉर्ज सोरोस 1930 में हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में एक यहूदी परिवार में पैदा हुए। जब वो नौ साल के थे, तभी सेकेंड वर्ल्ड वॉर शुरू हो गया। इस वक्त हंगरी में भी यहूदियों को खोज-खोज कर मारा जा रहा था। सोरोस के परिवार ने इस नरसंहार से बचने के लिए झूठी आईडी बनवा रखी थी।

जब 1945 में सेकेंड वर्ल्ड वॉर खत्म हुआ तो हंगरी में कम्युनिस्ट सरकार बनी। यही वो समय था जब सोरोस के परिवार ने देश छोड़ने का फैसला किया। 1947 में सोरोस अपने परिवार के साथ बुडापेस्ट से लंदन आ गए। वहां सोरोस के परिवार के सामने सबसे बड़ी चुनौती गुजारा करने की थी। आजीविका कमाने के लिए सोरोस ने कुली और वेटर का काम किए। इसी से वो लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में पढ़ाई का खर्च निकालते थे। पढ़ाई पूरी करने के बाद जॉर्ज सोरोस 1956 में लंदन से अमेरिका आ गए। जहां उन्होंने फाइनेंस और इन्वेस्टमेंट सेक्टर में काम करने का फैसला किया। यह फैसला उनके लिए सही साबित हुआ। 1973 में 'सोरोस फंड मैनेजमेंट' के नाम से कंपनी बनाई। इसके बाद अमेरिकी शेयर मार्केट में पैसा इन्वेस्ट करना शुरू कर दिया। अगले छह साल तक सोरोस इतने सफल बिजनेसमैन बन गए कि वह रंगभेद का सामना कर रहे ब्लैक छात्रों को स्कॉलरशिप देने लगे। इस समय तक वह दुनिया के सबसे बड़े करेंसी ट्रेडर के तौर पर मशहूर हो गए थे। 1989 से पहले जर्मनी तेजी से डेवलप हो रहा था, लेकिन बर्लिन की दीवार गिरने के साथ ही यहां की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से तबाह होने लगी। इसी वक्त यूके ने जर्मनी के साथ एक्सचेंज रेट मैकनिज्म के तहत करेंसी की वैल्यू फिक्स कर दी। जिससे जर्मनी की कमजोर हो रही करेंसी को मजबूती मिले।

जर्मनी की करेंसी मजबूत होना तो दूर, यूके के पाउंड की वैल्यू भी गिरने लगी। यूके सरकार ने इससे बचने के लिए इंट्रेस्ट रेट बढ़ाए। इसके बावजूद जर्मन करेंसी की वैल्यू घटती रही। इसी समय जॉर्ज सोरोस ने यूके की करेंसी पर शॉर्ट पोजीशन ले ली।16 सितंबर 1992 को जर्मनी के सेंट्रल बैंक ने सहयोगी देशों से अपने करेंसी के वैल्यू को नए सिरे से तय करने की मांग की। इसके बाद यूके ने जर्मनी के साथ हुए एक्सचेंज रेट मैकेनिज्म एग्रीमेंट को तोड़ दिया। इससे दोनों देशों की करेंसी धड़ाम हो गई।

बैंक ऑफ इंग्लैंड तबाह हो गया और इस सबसे सोरोस ने एक अरब डॉलर से ज्यादा कमाए। इसी तरह मलेशिया और थाईलैंड की करेंसी पर शॉर्ट पोजिशन लेकर सोरोस ने खूब पैसा कमाया।1995 में जॉर्ज सोरोस को लग गया था कि एशियन कंट्री मलेशिया और थाईलैंड के करेंसी की कीमत जरूरत से ज्यादा है। इसी वजह से उसने इन दोनों देशों की ढेर सारी करेंसी खरीद ली। 1997 में जब एशियाई देशों में मंदी आई तो मलेशिया की करेंसी में 50% और थाइलैंड की करेंसी में 45% तक गिरावट आई। इससे एक बार फिर सोरोस ने खूब पैसा कमाया। इस वक्त जॉर्ज सोरोस की नेटवर्थ 71 हजार करोड़ रुपए से भी ज्यादा है। सोरोस ने 1993 में ओपन सोसाइटी फाउंडेशन की शुरूआत की। इसके जरिए शिक्षा, स्वास्थ्य और मानवाधिकार के क्षेत्र में काम किया और करीब 100 देशों में पहुंच बनाई। उनकी वेबसाइट पर दावा किया गया है कि वह अब तक 32 अरब डॉलर दान कर चुके हैं। वो कई दूसरी इंटरनेशनल संस्थाओं को भी फंड करते हैं।

**मैन इन द मिडिल**

### अमेरिकी अरबपति की भारत में सरकार बदलने की चाहत

### 'बूढ़ा, जिद्दी और खतरनाक अमीर' जॉर्ज सोरोस पर भारत ने साधा निशाना



## जॉर्ज सोरोस की शख्सियत को बतातें हैं ये चार सूत्र

### 1. जॉर्ज बुश को हराने के लिए खर्च किए 125 करोड़ रुपए

जॉर्ज सोरोस अमेरिका की डेमोक्रेटिक पार्टी को सबसे ज्यादा चंदा देने वाले लोगों में से एक हैं। 2003 में अपने एक इंटरव्यू में जॉर्ज सोरोस ने अमेरिकी सरकार को गिराने की चुनौती दी थी। उन्होंने कहा था कि जॉर्ज डब्ल्यू बुश की सरकार को गिराना उनके जीवन का सबसे बड़ा उद्देश्य है। सोरोस ने बुश को हराने के लिए करीब 125 करोड़ रुपए खर्च करने की बात स्वीकार की थी। हालांकि जॉर्ज बुश वो चुनाव जीत गए। इसके बाद बराक ओबामा, हिलेरी क्लिंटन और जो बाइडेन को राष्ट्रपति बनाने के लिए जॉर्ज सोरोस ने खूब पैसा खर्च किया। हंगरी, टर्की, सर्बिया और म्यांमार में होने वाले सरकार विरोधी लोकतांत्रिक आंदोलनों का सोरोस ने खुलकर समर्थन किया। इन आंदोलनों के सपोर्ट के लिए सोरोस ने फंडिंग भी की।

### 2. फॉक्स न्यूज को बर्बाद करने लिए खर्चे दस लाख डॉलर

एक बार फॉक्स न्यूज से जॉर्ज सोरोस काफी ज्यादा चिढ़ गए थे। वह खुलकर इस मीडिया कंपनी से टकरा गए। इसके बाद सोरोस ने 1 मिलियन डॉलर फॉक्स न्यूज को बर्बाद करने के लिए खर्च कर दिए। ये पैसा जॉर्ज सोरोस ने मीडिया मैटर्स नाम की एक वेबसाइट को दिया था। 2004 में लॉन्च होने के बाद इस वेबसाइट ने फॉक्स न्यूज के खिलाफ एक के बाद एक कई रिपोर्ट पब्लिश की। इस वेबसाइट ने फॉक्स न्यूज को रिपब्लिकन पार्टी का मुखपत्र बताना शुरू कर दिया। मीडिया मैटर्स ने बाद में बताया था कि फॉक्स न्यूज की फेक रिपोर्ट का खुलासा करके न्यूज कंपनी को जवाबदेह बनाने के लिए ये पैसा खर्च किया गया था।

### 3. ब्रेक्जिट के खिलाफ अभियान में 4 लाख पाउंड खर्च किए

जॉर्ज सोरोस चाहते थे कि यूनाइटेड किंगडम यूरोपीय यूनियन का ही हिस्सा रहे। इसके लिए उनके कहने पर ब्रिटेन में यूरोपियन यूनियन में रहने के लिए कैंपेन चलाया गया। गार्डियन ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि इस कैंपेन पर 4 लाख पाउंड से ज्यादा खर्च हुआ। ब्रिटेन में सोरोस के पैसे पर इस कैंपेन की अध्यक्षता ब्रिटिश सरकार के पूर्व मंत्री और संयुक्त राष्ट्र के उप महासचिव लॉर्ड मैलोच-ब्राउन कर रहे थे।

### 4. सोरोस ने राष्ट्रपति ट्रंप को 'ठग' कहा था

2017 में जॉर्ज सोरोस ने अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को 'ठग' कह दिया था। सोरोस ट्रंप से इतना ज्यादा चिढ़ गए थे कि उन्होंने कहा था कि ट्रंप ट्रेड वॉर शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा था कि इससे फाइनेंशियल मार्केट और ज्यादा खराब परफॉर्म करेंगे। देश की इकोनॉमी पर इसका सीधा असर पड़ेगा। इसी तरह सोरोस चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन की भी जमकर आलोचना कर चुके हैं। सोरोस ने 1993 में ओपन सोसाइटी फाउंडेशन की शुरूआत की। इसके जरिए शिक्षा, स्वास्थ्य और मानवाधिकार के क्षेत्र में काम किया और करीब 100 देशों में पहुंच बनाई। उनकी वेबसाइट पर दावा किया गया है कि वह अब तक 32 अरब डॉलर दान कर चुके हैं। वो कई दूसरी इंटरनेशनल संस्थाओं को भी फंड करते हैं। सोरोस की संस्था ने 1999 में पहली बार भारत में एंट्री की। पहले ये भारत में रिसर्च करने वाले स्टूडेंट को स्कॉलरशिप देती थी। 2014 में ओपन सोसाइटी ने भारत में दवा, न्याय व्यवस्था को बेहतर बनाने और विकलांग लोगों को मदद करने वाली संस्थाओं को आर्थिक सहायता देना शुरू किया। 2016 में भारत सरकार ने देश में इस संस्था के जरिए होने वाली फंडिंग पर रोक लगा दी।